सच, सिर्फ सच **

# वॉयस ऑफ लखनऊ

मंगलवार,23 दिसम्बर, 2025 लखनऊ, महानगर, वर्ष 20, अंक 346, पेज 16, 3.50 रुपये

www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com




## सेंसेक्स में 638 अंकों की उछाल

शेयर बाजार में तेजी का सिलसिला दूसरे कारोबारी सत्र में जारी रहा और बीएसई सेंसेक्स 638.12 अंक चढ़कर 85,567.48 अंक पर बंद हुआ। } 14

## झीरम नक्सली हमले में शामिल थे कांग्रेस के लोग

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने कांग्रेस पर तीखा हमला करते हुए आरोप लगाया कि पार्टी के अंदरूनी लोग ही 2013 के झीरम घाटी नक्सली हमले को अंजाम देने में शामिल थे। } 16

संक्षेप

### श्री बांके बिहारी जी मंदिर ट्रस्ट समेत 10 विधेयक बने कानून

लखनऊ। उत्तर प्रदेश विधानसभा और विधान परिषद के दोनों सदनों से पारित उत्तर प्रदेश श्री बांके बिहारी जी मंदिर ट्रस्ट विधेयक, 2025 को राज्यपाल की मंजूरी मिल गई है। इसके साथ ही यह विधेयक अब विधिवत कानून बन गया है। राज्यपाल की मंजूरी के बाद श्री बांके बिहारी जी मंदिर न्यास समेत 10 विधेयक अधिनियम बन गए। विधानसभा के प्रमुख सचिव प्रदीप दुबे सोमवार को सदन को इस संबंध में औपचारिक जानकारी दी। नए कानून के तहत श्री बांके बिहारी जी मंदिर के प्रशासन के लिए एक ट्रस्ट का गठन किया जाएगा, जिसका उद्देश्य मंदिर की प्राचीन धार्मिक परंपराओं को संरक्षित रखते हुए व्यवस्थाओं को अधिक पारदर्शी और सुव्यवस्थित बनाना है। इस कानून के जरिए श्रद्धालुओं के लिए बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने, भीड़ प्रबंधन को प्रभावी बनाने और ...शेष पृष्ठ 14 पर

### मॉस्को : विस्फोट में रूसी जनरल की मौत

मॉस्को। दक्षिणी मॉस्को में सोमवार सुबह एक रूसी जनरल की कार के नीचे लगाए गए विस्फोटक उपकरण में धमाका हो गया जिससे उनकी मौत हो गयी। जांचकर्ताओं ने कहा कि इस हमले के पीछे यूक्रेन का हाथ हो सकता है। यह एक साल में किसी वरिष्ठ सैन्य अधिकारी की हत्या का ऐसा तीसरा मामला है। रूस की शीर्ष आपराधिक जांच एजेंसी इंवेस्टीगेटिव कमेटी के आधिकारिक प्रवक्ता स्वेतलाना पेत्रेंको ने बताया कि रूस के सशस्त्र बलों के जनरल स्टाफ के परिचालन प्रशिक्षण निदेशालय के प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल फानिल सरवारोव की चोटों के कारण मौत हो गई। उन्होंने कहा जांचकर्ता इस हत्या के संबंध में कई संभावित पहलुओं की जांच कर रहे हैं।

### मां के पास से बच्चे को उठा ले गया भेड़िया

बहराइच। जिले में सोमवार सुबह एक भेड़िया घर में घुसकर मां के बगल में सो रहे तीन साल के एक बच्चे को कथित तौर पर उठा ले गया। उन्होंने बताया कि बाद में तलाश करने पर एक खेत में बच्चे का क्षत-विक्षत शव बरामद किया गया। प्रभागीय वन अधिकारी राम सिंह यादव ने बताया कि सोमवार तड़के करीब साढ़े चार बजे रसूलपुर दरेटा गांव में घर के बरामदे में अपनी मां के साथ सो रहे अंश (तीन) को भेड़िया कथित तौर पर उठा ले गया। उन्होंने बताया कि बच्चे को उठाकर ले जाने की खबर मिलते ही ग्रामीणों के साथ वन विभाग की टीमों ने तलाश शुरू की। अधिकारी ने बताया कि दोपहर करीब 12 बजे बच्चे का क्षत-विक्षत शव उसके घर से करीब एक किलोमीटर दूर एक खेत में पाया गया।



आज का मौसम

अधिकतम : 24.06 डिसे.
न्यूनतम : 10.04 डिसे.

भीतर पढ़ें


- चिकित्सा शिक्षा के लिए 423.80 करोड़ की सौगात (पृष्ठ-02)
- प्रदेश में स्थापित होंगी 12 औद्योगिक इकाइयां (पृष्ठ-02)
- सोना 1.38 लाख रुपये के नए शिखर पर (पृष्ठ-14)
- रुपया तीन पैसे गिरकर 89.70 प्रति डॉलर पर (पृष्ठ-14)
- इसरो कर्मियों के लिए ट्रेड यूनियन अधिकारों की मांग (पृष्ठ-14)


# कांग्रेस और जिन्ना ने बनाया वंदे मातरम को मुद्दा

## वंदे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने पर विशेष चर्चा में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने साधा निशाना



लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विधानसभा में वंदे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने पर विशेष चर्चा की शुरूआत करते हुए कांग्रेस और मोहम्मद अली जिन्ना को सीधे तौर पर भारत के सांस्कृतिक विभाजन और अंततः देश के बंटवारे का जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने कहा कि वंदे मातरम पर किया गया समझौता किसी धार्मिक भावना का सम्मान नहीं, बल्कि कांग्रेस की तुष्टीकरण की राजनीति का पहला, सबसे बड़ा और सबसे खतरनाक प्रयोग था, जिसने अलगाववाद को जन्म दिया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जब तक मोहम्मद अली जिन्ना कांग्रेस में थे, तब तक वंदे मातरम कोई विवाद नहीं था। कांग्रेस छोड़ते ही जिन्ना ने इस राष्ट्रगीत को मुस्लिम लीग की राजनीति का औजार बनाया और जानबूझकर इसे सांप्रदायिक रंग ...शेष पृष्ठ 14 पर

### कोडिन सिरप से यूपी में एक भी मौत नहीं हुई : सीएम

विशेष संवाददाता



लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को सदन में कोडिन कफ सिरप मामले में सरकार का पक्ष रखा और समाजवादी पार्टी के नेताओं को खूब धोया। बोले कि प्रश्न क्या है और मुद्दे क्या उठाए जा रहे हैं। माननीय सदस्यों को अध्ययन करके आना चाहिए और सदन की गरिमा का ध्यान रखना चाहिए। नेता विरोधी दल ने सदन की कार्रवाई होते ही इस मुद्दे को उठाया, इसलिए मुझे खड़ा होना पड़ा। सीएम ने कहावत ह्यचोर की दाढ़ी में तिनकाह्न का जिक्र कर समाजवादी पार्टी को आईना दिखाया। सीएम ने सदन में साफ किया कि कोडिन कफ सिरप से यूपी में एक भी मौत नहीं हुई है। इस मामले में एनडीपीएस के अंतर्गत कार्रवाई होगी, उत्तर प्रदेश सरकार ने इस मामले को कोर्ट में लड़ा और जीता है। सीएम ने नेता प्रतिपक्ष की चुटकी ली। बोले कि ...शेष पृष्ठ 14 पर

### 24,496.98 करोड़ का अनुपूरक बजट पेश

विशेष संवाददाता

लखनऊ। प्रदेश सरकार ने सोमवार को विधानसभा के शीतकालीन सत्र के दौरान वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए 24,496.98 करोड़ रुपये का अनुपूरक बजट प्रस्तुत किया। वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने बजट पेश करते हुए कहा कि यह अनुपूरक बजट प्रदेश में विकास की निरंतरता बनाए रखने, आवश्यक क्षेत्रों में अतिरिक्त संसाधन उपलब्ध कराने और बदलती जरूरतों के अनुरूप योजनाओं को गति देने के ...शेष पृष्ठ

- विकास की रफ्तार बनाए रखने व प्राथमिक क्षेत्रों को मजबूती देने पर फोकस
- ऊर्जा, स्वास्थ्य व नगरीय विकास शीर्ष प्राथमिकता
- औद्योगिक विकास के लिए 4,874 करोड़, पावर सेक्टर को 4,521 करोड़
- स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण को 3,500 करोड़ की सौगात
- नगर विकास के लिए 1,758.56 करोड़, शहरों के इंफ्रास्ट्रक्चर पर जोर
- तकनीकी शिक्षा के लिए 639.96 करोड़, स्किल और इनोवेशन को बढ़ावा
- महिला एवं बाल विकास के लिए 535 करोड़ का प्रावधान

## राष्ट्र प्रेरणा स्थल के लिए बनेगी कमेटी, गोरखपुर में बनेगा औद्यानिकी विश्वविद्यालय

### शिक्षा, स्वास्थ्य, इंफ्रास्ट्रक्चर, कृषि और महिलाओं-बच्चों के कल्याण से जुड़े 25 से ज्यादा प्रस्तावों पर मुहर लगी

विशेष संवाददाता



लखनऊ। उत्तर प्रदेश कैबिनेट ने सोमवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में कई महत्वपूर्ण फैसले लिए। कैबिनेट बैठक में शिक्षा, स्वास्थ्य, इंफ्रास्ट्रक्चर, कृषि और महिलाओं-बच्चों के कल्याण से जुड़े 25 से ज्यादा प्रस्तावों को हरी झंडी दी गई। लखनऊ के बसंतकुंज स्थित राष्ट्र प्रेरणा स्थल के संचालन, सुरक्षा और रखरखाव के लिए अलग समिति बनेगी। इसके लिए कॉर्पस फंड भी बनाया जाएगा, जिससे हर साल खर्च की व्यवस्था होती रहे। कैबिनेट बैठक में वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए करीब 25 हजार करोड़ रुपये का अनुपूरक बजट भी मंजूर किया गया।

इसके अलावा शिक्षा, स्वास्थ्य, इंफ्रास्ट्रक्चर, कृषि और शहरी विकास से जुड़े दर्जनों प्रस्तावों पर मुहर लगी। कैबिनेट की बैठक में 15 हजार 189.7 करोड़ के निवेश प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। इसके तहत मिजापुर, हरदोई, बुलंदशहर, रायबरेली, गौतमबुद्धनगर, सोनभद्र, मेरठ, मुजफ्फरनगर, अलीगढ़ में मेगा एवं सुपर मेगा श्रेणी की 12 औद्योगिक इकाइयों को लेटर ऑफ कम्फर्ट (एलओसी) जारी किया जाएगा। कैबिनेट ने दो नए विश्वविद्यालय बनाने का फैसला किया है। भदोही के काशी नरेश राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय को काशी नरेश विश्वविद्यालय बनाया जाएगा। वहीं शाहजहांपुर में मुमुक्ष आश्रम ट्रस्ट के तहत स्वामी शुकदेवानंद विश्वविद्यालय की स्थापना होगी। गोरखपुर में वानिकी एवं औद्यानिकी विश्वविद्यालय बनाने का प्रस्ताव भी पास हुआ। भदोही में सीतामढ़ी-धनतुलसी-डेंगुरपुर घाट पर पीपा पुल की जगह स्थायी लंबा सेतु बनेगा। प्रयागराज में सलोरी-हेतापट्टी-झूसी को जोड़ने वाला चार लेन वाला सेगमेंटल बॉक्स गर्डर पुल बनेगा, जिसमें फुटपाथ भी होगा। शहरी विकास के लिए काशी-विंध्य क्षेत्रीय विकास प्राधिकरण बनाया जाएगा। आजमगढ़ विकास प्राधिकरण को नए शहरों के विकास के लिए अतिरिक्त धनराशि दी जाएगी। आदर्श कास्टिंग माईंड लाइन्स 2025 को भी मंजूरी मिली। बाराबंकी के मलिनपुर में 31 एकड़ और पीलीभीत के टांडा में जमीन लीज पर दी जाएगी, ताकि टिश्यू कल्चर लैब, बासमती सीड प्रोसेसिंग और ऑर्गेनिक फार्मिंग सेंटर बन सके। वाराणसी में संत कबीर टेक्सटाइल एवं अपैरल पार्क के लिए 75 एकड़ जमीन हस्तांतरित होगी।

लखनऊ, गौतमबुद्ध नगर और गाजियाबाद में 8 कामकाजी महिला हॉस्टल बनेंगे। भूमि एक रुपया सालाना लीज पर दी जाएगी। आंगनवाड़ी में बच्चों को रेसिपी आधारित पौष्टिक भोजन मिलेगा। राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन (एनआरएचएम) के तहत संचालित विभिन्न योजनाओं के बेहतर कार्यान्वयन के लिए 2,000 करोड़ रुपये की अतिरिक्त व्यवस्था की गई है। इस राशि से ग्रामीण क्षेत्रों में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों व जिला अस्पतालों की सेवाओं को और सशक्त किया ...शेष पृष्ठ 14 पर

## बुलंदशहर दुष्कर्म मामले में पांच को आजीवन कारावास

जिला संवाददाता

बुलंदशहर। उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर की एक अदालत ने जुलाई 2016 में मां-बेटी से सामूहिक दुष्कर्म और लूटपाट के एक चर्चित मामले में पांच आरोपियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई और प्रत्येक पर 1.81 लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी।

- 1.81 लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया

उन्होंने बताया कि अदालत ने शनिवार को मामले की सुनवाई के दौरान आरोपियों को दोषी करार दिया था और उन्हें सोमवार को सजा सुनाई गई। सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता वरुण कौशिक ने बताया कि 29-30 जुलाई 2016 की दरमियानी रात एक परिवार के कुछ लोग अपने एक रिश्तेदार की तेरहवीं में शामिल होने के लिए नोएडा से शाहजहांपुर जा रहे थे। उन्होंने बताया कि देर रात करीब डेढ़ बजे बुलंदशहर के कोतवाली देहात क्षेत्र के दोस्तपुर गांव के पास पहुंचने पर उन्हें कार से किसी भारी चीज के टकराने के आवाज सुनाई दी। कौशिक ने बताया कि गाड़ी रोककर नीचे उतरने पर बदमाशों ने उन्हें घेर लिया और हथियारों के बल पर डराकर उन्हें पास के एक खेत में ले गए। उन्होंने बताया कि बदमाशों ने पुरुषों को खेत में रस्सी से बांधकर परिवार की एक महिला और उसकी 14 साल की बेटी से सामूहिक दुष्कर्म किया और विरोध करने पर पुरुषों की पिटाई की। अधिवक्ता ने बताया कि इसके ...शेष पृष्ठ 14 पर

## बांग्लादेश में एक और छात्र नेता की हत्या

### पूरे देश में तनाव, जगह-जगह प्रदर्शन, हर हालात पर भारत की नजर

एजेंसी




ढाका। बांग्लादेश के दक्षिण-पश्चिमी शहर खुलना में सोमवार को अज्ञात बंदूकधारियों ने 2004 के छात्र-नेतृत्व वाले हिंसक आंदोलन के दूसरे नेता मोतालेब सिकदर को सिर में गोली मार दी। वहीं भारत ने कहा है कि हम हर हालात परा करीब से नजर बनाये हुए हैं। बांग्लादेश में हिन्दू युवक की हत्या के विरोध में भारत में कई जगह प्रदर्शन किया गया।

यह हमला प्रमुख युवा नेता शरीफ उस्मान हादी की हत्या के कुछ दिनों बाद हुआ। एनसीपी (नेशनल सिटिजन पार्टी) की संयुक्त प्रधान समन्वयक महमूदा मितु ने फेसबुक पर एक पोस्ट में कहा एनसीपी के खुलना डिवीजन के प्रमुख और पार्टी के कार्यकर्ता मोर्चे के केंद्रीय समन्वयक मोहम्मद मोतालेब सिकदर को कुछ मिनट पहले गोली मार दी गई। मितु पेशे से चिकित्सक हैं। उन्होंने बताया कि सिकदर को गंभीर हालत में खुलना मेडिकल कॉलेज अस्पताल ले जाया गया। समाचार पत्र कालेर कंठ ने अस्पताल के सूत्रों के हवाले से बताया कि सिकदर के सिर में बाईं ओर गोली मारी गई और जब उन्हें अस्पताल लाया ...शेष पृष्ठ 14 पर

## पूर्व आईपीएस अधिकारी ने खुद को मारी गोली

पटियाला। भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के पूर्व अधिकारी अमर सिंह चहल ने सोमवार को यहां कथित तौर पर खुद को गोली मार ली जिससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गए। एक अधिकारी ने इसकी जानकारी दी।

चहल ने एक पत्र में कथित रूप से कहा है कि साइबर ठगों ने खुद को धन प्रबंधन सलाहकार बताकर उनसे 8.10 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी की थी। पटियाला के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) वरुण शर्मा ने बताया कि उन्हें गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया था। चहल, फरीदकोट में 2015 में हुए बेअदबी विरोधी प्रदर्शनों से संबंधित पुलिस गोलीबारी मामलों में आरोपियों में से एक हैं। पुलिस के अनुसार, घटनास्थल से एक पत्र बरामद हुआ है, जिससे पता चलता है कि वह किसी ...शेष पृष्ठ 14 पर

## धामी ने सांसद खेल महोत्सव का किया शुभारंभ

### उत्तराखंड सरकार शीघ्र ही लागू करेगी 'स्पोर्ट्स लेगेसी प्लान' : सीएम

प्रमुख संवाददाता



अल्मोड़ा (उत्तराखंड)। उत्तराखंड सरकार शीघ्र ही एक व्यापक स्पोर्ट्स लेगेसी प्लान लागू करने जा रही है, जिसके तहत प्रदेश के आठ प्रमुख शहरों में 23 खेल अकादमियों की स्थापना की जाएगी। हल्द्वानी में उत्तराखंड का पहला खेल विश्वविद्यालय और लोहाघाट में महिला स्पोर्ट्स कॉलेज की स्थापना की जा रही है। उपरोक्त जानकारी मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अल्मोड़ा में आयोजित सांसद खेल महोत्सव के शुभारंभ समारोह को संबोधित करते हुए प्रदान की। मुख्यमंत्री ने फुटबॉल एवं बैडमिंटन प्रतियोगिताओं का उद्घाटन किया तथा अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खिलाड़ी एकता बिष्ट सहित उत्कृष्ट खेल प्रशिक्षकों को सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया।

मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि भारत की युवा शक्ति देश की सबसे बड़ी पूंजी है, जो अपने परिश्रम, प्रतिभा और संकल्प से विकसित और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में अहम भूमिका निभा रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में युवाओं को राष्ट्र-निर्माण की केंद्र बिंदु मानते हुए खेलो इंडिया और फिट इंडिया मूवमेंट जैसे अभियानों के माध्यम से खेल संस्कृति को व्यापक स्तर पर प्रोत्साहित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड अब केवल देवभूमि ही नहीं, बल्कि खेलभूमि के रूप में भी देश-विदेश में अपनी पहचान बना रहा है। विश्वस्तरीय स्पोर्ट्स इंफ्रास्ट्रक्चर के विकास के चलते राज्य आज राष्ट्रीय ही नहीं, अंतरराष्ट्रीय खेल आयोजनों की मेजबानी करने में भी सक्षम हो चुका है। उन्होंने कहा कि फिट युवा-विकसित भारत की भावना के साथ आयोजित यह सांसद खेल महोत्सव केवल एक खेल प्रतियोगिता नहीं, बल्कि ...शेष पृष्ठ 14 पर

विशेष खबर

25 दिसंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करेंगे लोकार्पण,

## राजधानी की सुंदरता में नया अध्याय है राष्ट्र प्रेरणा स्थल





विशेष संवाददाता

लखनऊ। राजधानी लखनऊ के बसंतकुंज योजना में बने कमल के आकार वाले राष्ट्र प्रेरणा स्थल की भव्यता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि प्रधानमंत्री मोदी स्वयं इसका लोकार्पण करने के लिए आ रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी के आगमन को लेकर तैयारियां पूरे जोर शोर के साथ चल रही हैं। राष्ट्र प्रेरणा स्थल राजधानी लखनऊ की सुन्दरता में एक नया अध्याय जुड़ जायेगा। इससे जहां एक तरफ लोगों को अटलजी के बताये मार्ग पर चलने की प्रेरणा मिलेगी तो वहीं दूसरी ओर राजधानी लखनऊ की सुन्दरता और भी निखर जायेगी।

राजधानी लखनऊ में सुरक्षा का पुख्ता इंतजाम किया गया है। चप्पे-चप्पे पर पुलिस का पहरा है और सीसी टीवी कैमरों से राजधानी पर नजर रखी जा रही है। राजधानी लखनऊ के बसंतकुंज योजना में बने कमल के आकार वाले राष्ट्र प्रेरणा स्थल का लोकार्पण ...शेष पृष्ठ 14 पर

## कोहरे में टकराये कई वाहन 13 लोगों की मौत

विशेष संवाददाता

लखनऊ। कोहरे के चलते कानपुर,बलिया, एटा, सुल्तानपुर औरबिजनौर जिले में हुए सड़क हादसे में 13 लोगों की मौत हो गई जबकि 13 अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। कानपुर में एक कोल्ड स्टोरेज के पास घने कोहरे के बीच दो मोटरसाइकिलें भिड़ गई जिससे दो नाबालिगों की मौत हो गई जबकि तीन अन्य लोग घायल हो गए। हादसा अरौल थाना क्षेत्र के पिहानी गांव के पास 21 व 22 दिसंबर की दरमियानी रात को हुआ। मृतकों की पहचान पिहानी गांव के रहने वाले ऋतिक चतुर्वेदी (17) और रौनक उर्फ बॉबी (16) के रूप में हुई है। बाकी तीन घायलों का इलाज जारी है। वहीं, बलिया जिले में दो अलग-अलग सड़क हादसों में एक किशोर और एक युवक की मौत हो गई तथा युवक की पत्नी व पुत्र घायल हो गए। ये हादसे जिले के हल्दी थाना क्षेत्र और रेवती थाना क्षेत्र में रविवार शाम को हुए। हल्दी थाना क्षेत्र के जवहीं बबुरानी गांव का बंटी पटेल (15) रविवार की शाम ट्रैक्टर पर सवार होकर घर आ रहा था, तभी नेम छपरा राजपुर पुलिया के समीप वह ट्रैक्टर से नीचे गिर गया। ट्रैक्टर से कुचलकर उसकी मौके पर ही मौत हो गई। रेवती थाना क्षेत्र के त्रिकालपुर गांव के समीप रविवार की शाम ...शेष पृष्ठ 14 पर

- 13 अन्य गंभीर रूप से घायल

C M Y K

# छात्रों ने गुलदाउदी एवं कोलियस पुष्प प्रदर्शनी 2025 में अत्यंत उत्साहपूर्वक सहभागिता





वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** बीबीडीयू की चांसलर श्रीमती अलका दास गुप्ता, प्रो चांसलर विराज सागर दास एवं बीबीडी एजुकेशनल ग्रुप की वाइस प्रेसिडेंट सुश्री सोनाक्षी दास की प्रेरणा एवं वाइस चांसलर प्रो. एस.के.श्रीवास्तव तथा प्रो वाइस चांसलर, प्रो.एस. सी.शर्मा के सहयोग से बाबू बनारसी दास विश्वविद्यालय, लखनऊ के कृषि विज्ञान संकाय (स्कूल ऑफ एग्रीकल्चरल साइंसेज) के बी.एससी. (ऑनर्स) कृषि के विद्यार्थियों ने 20-21 दिसंबर 2025 को सीएसआईआर राष्ट्रीय वनस्पति अनुसंधान संस्थान (एनबीआरआई), लखनऊ में आयोजित प्रतिष्ठित गुलदाउदी एवं कोलियस पुष्प प्रदर्शनी 2025 में अत्यंत उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

विद्यार्थियों के साथ मार्गदर्शन हेतु डॉ. रोहित कुमार सिंह (कार्यक्रम प्रभारी कृषि), डॉ. अजेंद्र कुमार (कार्यक्रम समन्वयक), डॉ. महेन्द्र कुमार गौतम तथा अमित कुमार शुक्ला उपस्थित रहे। इस राष्ट्रीय स्तर की पुष्प प्रदर्शनी में 97 प्रदर्शकों द्वारा कुल 671 प्रदर्शनों का प्रस्तुतीकरण किया गया, जिसने संस्थानों, शोधकताओं एवं विद्यार्थियों को सजावटी पुष्पविज्ञान के क्षेत्र में उत्कृष्टता, नवाचार एवं वैज्ञानिक दक्षता प्रदर्शित करने का एक प्रतिष्ठित मंच प्रदान किया। विश्वविद्यालय के लिए एक अत्यंत गर्व का क्षण तब आया जब बी.एससी. (ऑनर्स) कृषि (प्रथम वर्ष) की छात्रा सुश्री कीर्ति मौर्य ने अपने आकर्षक एवं सुसज्जित ब्राइडल बुके के लिए प्रथम पुरस्कार प्राप्त किया। यह पुरस्कार उन्हें सम्मान समारोह के दौरान दिनेश प्रताप सिंह, राज्य मंत्री (उद्यानिकी, कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार एवं कृषि निर्यात), उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा प्रदान किया गया।




# सरकार ने चिकित्सा शिक्षा और प्रशिक्षण को दिये 423.80 करोड़ रुपये की सौगात

## नये मेडिकल कॉलेज की स्थापना के लिए आवंटित की बड़ी रकम

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** सरकार ने अनुपूरक बजट में चिकित्सा शिक्षा और प्रशिक्षण को बड़ी प्राथमिकता दी है। प्रदेश में मेडिकल इंफ्रास्ट्रक्चर को सुदृढ़ करने, नए मेडिकल कॉलेजों की स्थापना, सुपर स्पेशियलिटी सेवाओं के विस्तार और स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता बढ़ाने के उद्देश्य से कुल 423.80 करोड़ रुपये की धनराशि का आवंटन किया गया है। यह बजट आवंटन प्रदेश के स्वास्थ्य तंत्र को मजबूती देने की दिशा में एक अहम कदम माना जा रहा है।

- **अनुपूरक बजट से सुपर स्पेशियलिटी सेवाओं को मिलेगा विस्तार**

अनुपूरक बजट में प्रदेश के प्रमुख चिकित्सा संस्थानों को वेतन अनुदान, गैर-वेतन अनुदान, व्यावसायिक एवं विशेष सेवाओं तथा विभिन्न मदों के लिए अतिरिक्त धनराशि दी गई है। सीतापुर स्थित नेहरू इंस्टिट्यूट ऑफ ऑप्थल्मोलॉजी एंड रिसर्च को वेतन अनुदान के लिए 1.74 करोड़ रुपये का अतिरिक्त बजट दिया है। वहीं कैंसर संस्थान लखनऊ को विभिन्न मदों के लिए 10 करोड़ रुपये का अतिरिक्त बजट दिया है। लखनऊ के प्रमुख चिकित्सा संस्थानों पर भी सरकार का विशेष फोकस रहा है। संजय गांधी स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान (रत्र्ढत्र्क्क) लखनऊ को विभिन्न मदों के लिए अलग-अलग प्रस्तावों के तहत 120 करोड़ रुपये की अतिरिक्त आवश्यकता को बजट में शामिल किया गया है। इसके अलावा, सेंटर ऑफ बायोमेडिकल रिसर्च, लखनऊ को वेतन अनुदान के लिए 1 करोड़ रुपये दिए गए हैं। डॉ. राम मनोहर लोहिया इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज, गोमतीनगर को भी वेतन अनुदान के लिए 20 करोड़ रुपये की अतिरिक्त राशि स्वीकृत की गई है। वहीं, किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय को वेतन अनुदान के लिए 25 करोड़ रुपये दिए गए हैं।

**मेरठ, झांसी, गोरखपुर और प्रयागराज मेडिकल कॉलेज को भी मिली धनराशि :** सरकार ने सरकार ने गंभीर और दीर्घकालिक रोगों के उपचार पर भी ध्यान दिया है। हीमोफीलिया रोग की निःशुल्क चिकित्सा सुविधा के तहत औषधि और रसायनों की खरीद के लिए 10 करोड़ रुपये की अतिरिक्त व्यवस्था की गई है, जिससे हजारों मरीजों को राहत मिलने की उम्मीद है। प्रदेश के विभिन्न जिलों में स्थित राजकीय मेडिकल कॉलेजों को भी बड़ी धनराशि आवंटित की गई है। राजकीय मेडिकल कॉलेज, आजमगढ़ को व्यावसायिक एवं विशेष सेवाओं के लिए 50 लाख रुपये, बांदा मेडिकल कॉलेज को 2.18 करोड़ रुपये, सैफई (इटावा) स्थित रूरल इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज को गैर-वेतन अनुदान के लिए 73.09 लाख रुपये दिए गए हैं। मेडिकल कॉलेज आगरा को 9.5 करोड़, गणेश शंकर विद्यार्थी स्मारक मेडिकल कॉलेज, कानपुर को 8.75 करोड़ और मेडिकल कॉलेज, प्रयागराज को 6 करोड़ रुपये की अतिरिक्त आवश्यकता के तहत बजट मिला है। इसी क्रम में मेडिकल कॉलेज, मेरठ को 10.65 करोड़, झांसी को 3.85 करोड़, गोरखपुर को 5.07 करोड़ रुपये दिए गए हैं। कानपुर स्थित गणेश शंकर विद्यार्थी स्मारक मेडिकल कॉलेज में स्थापित कार्डियोलॉजिकल इंस्टिट्यूट को व्यावसायिक एवं विशेष सेवाओं के लिए 5 लाख रुपये का अतिरिक्त प्रावधान किया गया है। डिग्री पाठ्यक्रमों के लिए स्थापित नर्सिंग कॉलेजों को भी 8.97 लाख रुपये दिए गए हैं। अन्य मेडिकल कॉलेजों में एटा को वेतन अनुदान के लिए 2 करोड़, हरदोई को गैर-वेतन अनुदान के लिए 7.5 करोड़, प्रतापगढ़ को 15 करोड़, फतेहपुर को 5.5 करोड़, सिद्धार्थनगर को 15.5 करोड़, देवरिया को 6 करोड़, गाजीपुर को 15.5 करोड़ और मीरजापुर को गैर-वेतन अनुदान के लिए 5.5 करोड़ रुपये दिए गए हैं।

**जेके इंस्टिट्यूट ऑफ रेडियोलॉजी एंड कैंसर रिसर्च में विशेष सेवाओं पर फोकस :** योगी सरकार ने नोएडा में सुपर स्पेशियलिटी बाल चिकित्सालय एवं पोस्ट ग्रेजुएट शैक्षणिक संस्थान की स्थापना के लिए वेतन अनुदान के लिए 2 करोड़ रुपये तथा ग्रेटर नोएडा में चिकित्सा विश्वविद्यालय की स्थापना के लिए 7 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। बदायूं, फिरोजाबाद, बस्ती, अयोध्या, बहराइच और शाहजहांपुर के मेडिकल कॉलेजों को भी विभिन्न मदों के लिए करोड़ों रुपये की अतिरिक्त धनराशि दी गई है। फेज-थ्री के तहत स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालयों के संचालन के लिए 45 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। इसके साथ ही जेके इंस्टिट्यूट ऑफ रेडियोलॉजी एंड कैंसर रिसर्च, कानपुर को भी विशेष सेवाओं के लिए अतिरिक्त धनराशि दी गई है। प्रदेश के कई जिलों जैसे एटा, हरदोई, प्रतापगढ़, फतेहपुर, सिद्धार्थनगर, देवरिया, गाजीपुर, मीरजापुर सहित अन्य जिलों में नए स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालयों की स्थापना के लिए प्रतीक रूप में राज्यांश की व्यवस्था की गई है।

# चिकित्सा को दिये 3500 करोड़, स्वास्थ्य सेवाओं में होगा विस्तार

## आयुष्मान भारत मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना को दिये 300 करोड़ रुपये

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** सरकार ने प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने और मेडिकल इंफ्रास्ट्रक्चर को नई मजबूती देने के उद्देश्य से अनुपूरक बजट में चिकित्सा क्षेत्र के लिए बड़ा वित्तीय प्रावधान किया है। अनुपूरक बजट में लगभग 3,500 करोड़ रुपये की व्यवस्था कर योगी सरकार ने यह संकेत दिया है कि आमजन तक बेहतर, सुलभ और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाना उनकी प्राथमिकताओं में शामिल है। अनुपूरक बजट में मेडिकल इंफ्रास्ट्रक्चर, अस्पतालों के विस्तार, आधुनिक उपकरणों की उपलब्धता और स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता सुधार के लिए धनराशि दी गई है। अनुपूरक बजट में चिकित्सा क्षेत्र को आवंटित धनराशि न केवल स्वास्थ्य योजनाओं को गति देगी, बल्कि यह प्रदेश की स्वास्थ्य व्यवस्था को लंबे समय तक मजबूत करने की दिशा में अहम कदम भी है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश में आयुष्मान भारत और राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन जैसी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। इसी क्रम में आयुष्मान भारत मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत सूचीबद्ध अस्पतालों के लंबित और भविष्य में प्राप्त होने वाले चिकित्सा दावों के भुगतान के लिए 300 करोड़ रुपये की अतिरिक्त आवश्यकता को अनुपूरक बजट में शामिल किया गया है। इससे निजी व सरकारी दोनों प्रकार के सूचीबद्ध अस्पतालों को समय पर भुगतान सुनिश्चित होगा और मरीजों को बिना किसी बाधा के उपचार मिल सकेगा। इसके अलावा, राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन (एनआरएचएम) के तहत संचालित विभिन्न योजनाओं के बेहतर कार्यान्वयन के लिए 2,000 करोड़ रुपये की अतिरिक्त व्यवस्था की गई है। इस राशि से ग्रामीण क्षेत्रों में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों व जिला अस्पतालों की सेवाओं को और सशक्त किया जाएगा। साथ ही मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य, टीकाकरण, पोषण, संक्रामक रोग नियंत्रण और स्वास्थ्य कर्मियों की सुविधाओं को भी मजबूती मिलेगी। आयुष्मान भारत नेशनल हेल्थ प्रोटेक्शन मिशन के तहत सूचीबद्ध चिकित्सालयों के लंबित एवं प्राप्त होने वाले चिकित्सा दावों के भुगतान के लिए सबसे बड़ा प्रावधान किया गया है। इस मद में 1,200 करोड़ रुपये की अतिरिक्त आवश्यकता को अनुपूरक बजट में शामिल किया गया है। यह कदम आयुष्मान भारत योजना को और प्रभावी बनाने के साथ-साथ गरीब व जरूरतमंद परिवारों को निशुल्क इलाज की सुविधा निर्बाध रूप से उपलब्ध कराने में सहायक होगा।

# आधी आबादी पर विशेष फोकस, पेंशन योजना और आंगनबाड़ी के लिए बढ़ा बजट

**लखनऊ।** निराश्रित महिलाओं को सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने के लिए योगी आदित्यनाथ सरकार ने अनुपूरक बजट में विशेष प्रावधान किया है। निराश्रित महिला पेंशन योजना के भुगतान को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से सरकार ने 535 करोड़ रुपये के अनुपूरक बजट की व्यवस्था की है। मुख्यमंत्री के एजेंडे में जनकल्याणकारी योजनाएं सर्वोच्च प्राथमिकता पर रहती हैं जो इस अनुपूरक बजट में स्पष्ट रूप से परिलक्षित हो रही हैं।

पति के मृत्यु उपरांत निराश्रित महिला पेंशन योजना के तहत चालू वित्तीय वर्ष 2025झ26 में पेंशन भुगतान को निर्बाध बनाए रखने के लिए सरकार ने अनुपूरक बजट के माध्यम से 535 करोड़ रुपये का अतिरिक्त प्रावधान किया है। योजना के अंतर्गत पात्र महिलाओं को 1,000 रुपये प्रतिमाह की दर से पेंशन दी जाती है, जिसका भुगतान प्रत्येक तिमाही में किया जाता है। चौथी तिमाही में पेंशन भुगतान के लिए लगभग 40 लाख लाभार्थियों को शामिल किया गया है। इसके लिए लगभग 1200 करोड़ की आवश्यकता आंकी गई। उपलब्ध संसाधनों के साथ पेंशन भुगतान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से सरकार ने अतिरिक्त धनराशि का प्रावधान किया है, ताकि सभी पात्र महिलाओं को समय पर पेंशन राशि उपलब्ध कराई जा सके।

वित्तीय वर्ष 2025-26 की पहली तिमाही में लगभग 35 लाख 78 हजार लाभार्थियों को पेंशन दी गई, जिस पर लगभग 1,062 करोड़ की धनराशि व्यय हुई। दूसरी तिमाही में लाभार्थियों की संख्या बढ़कर 37 लाख 35 हजार पहुंची और इस अवधि में लगभग 1,140 करोड़ खर्च किए गए। तीसरी तिमाही में 38 लाख 58 हजार महिलाओं को पेंशन दी गई, जिस पर 1,201.41 करोड़ रुपये की धनराशि व्यय हुई। आंगनबाड़ी केंद्रों के निर्माण के लिए भी अनुपूरक बजट में 7 करोड़ का प्रावधान किया गया है। बालकों को आंगनबाड़ी केंद्रों में प्ले स्कूल जैसी सुविधाएं मिले इसके लिए सरकार प्रयत्नशील है।

# पीएम सूर्य घर योजना को मिलेगी रफ्तार, राज्य सब्सिडी के लिए 500 करोड़

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में पीएम सूर्य घर योजना को सरकार और गति देने जा रही है। सोमवार को विधानसभा में पेश किए गए अनुपूरक बजट में इसके लिए 500 रुपये करोड़ की मंजूरी दी गई। इस राशि से पीएम सूर्य घर योजना की राज्य सब्सिडी दी जाएगी। इस निर्णय का उद्देश्य लाभार्थियों को राज्य सब्सिडी शीघ्र एवं सुगमता से उपलब्ध कराना है, ताकि आम नागरिकों को योजना का पूर्ण लाभ समय पर मिल सके। प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ़्त बिजली योजना के प्रभावी क्रियान्वयन में उत्तर प्रदेश, देश के अग्रणी राज्यों में शामिल है। योजना के अंतर्गत राज्य में अब तक कुल 10,09,567 आवेदन प्राप्त हुए हैं और 3,14,376 घरों में सोलर रूफटॉप सिस्टम सफलतापूर्वक स्थापित किए जा चुके हैं। इसके माध्यम से 3,17,690 परिवारों को योजना का लाभ मिला है, जिससे स्वच्छ, सस्ती और टिकाऊ ऊर्जा को बढ़ावा मिला है।

- **लाभार्थियों को शीघ्र एवं सुगमता से उपलब्ध हो सकेगी राज्य सब्सिडी**

योजना के तहत उत्तर प्रदेश में अब तक 1,083.63 मेगावाट सोलर इंस्टॉलेशन क्षमता का सृजन किया जा चुका है। इस उल्लेखनीय उपलब्धि के लिए केंद्र सरकार की ओर से 2,188.79 करोड़ की केंद्रीय सब्सिडी जारी की गई है, जबकि राज्य सरकार की ओर से लगभग 600 करोड़ रुपये की राज्य सब्सिडी भी प्रदान की जा चुकी है।

# ईको पर्यटन और धार्मिक स्थलों के विकास को मिलेगा नया आयाम

## श्री सोरों और श्री कल्कि धाम में बढेंगी पर्यटन सुविधाएं, 5 करोड़ रुपये मंजूर, छतर मंजिल, कैसरबाग, लखनऊ के रेस्टोरेशन के लिए 3 करोड़ 44 लाख

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में प्रदेश सरकार ने अनुपूरक बजट में पर्यटन, कला, संस्कृति को बढ़ावा देने और धार्मिक स्थलों का विकास करने पर विशेष ध्यान दिया है। वित्त मंत्री ने आज विधान सभा में अनुपूरक बजट पेश करते हुए यूपी ईको टूरिज्म विकास बोर्ड के लिए 1 करोड़ रुपये तथा अन्य पर्यटन सुविधाओं का विकास करने के लिए 5 करोड़ रुपये की मांग की गई है। साथ ही श्री सोरों और श्री कल्कि धाम व अन्य तीर्थ स्थलों में विकास कार्यों को गति देने के लिए 10 करोड़ रुपये के अनुदान का प्रस्ताव रखा है। लोक कलाकारों को वाद्ययंत्रों की खरीद के लिए 5 करोड़ रुपये और राज्य पुरातत्व निदेशालय छतर मंजिल, लखनऊ के रेस्टोरेशन के लिए 3 करोड़ 44 लाख रुपये का प्रस्ताव रखा गया है।



विधान सभा में आज पेश किए गए अनुपूरक बजट में ईको पर्यटन के व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए 10 लाख रुपये और प्राकृतिक स्थलों, वन क्षेत्रों और ग्रामीण पर्यटन में सुविधाओं का विकास करने के लिए, उत्तर प्रदेश ईको टूरिज्म विकास बोर्ड को 1 करोड़ रुपये की राशि प्रदान करने का प्रस्ताव रखा गया है। साथ ही विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत पर्यटन, यात्री सुविधा एवं संस्थागत विकास से जुड़े कार्यों के लिए 5 करोड़ रुपये की आवश्यकता व्यक्त की गई है। श्री सोरों तीर्थ, कासगंज और श्री कल्कि धाम, संभल क्षेत्र सहित अन्य धार्मिक स्थलों में पर्यटन संबंधी अवसंरचना सुविधाओं के विकास करने के लिए विशेष रूप से 10 करोड़ रुपये अनुदान का प्रस्ताव रखा गया है। इस राशि से तीर्थ क्षेत्रों में सड़क, प्रकाश व्यवस्था, सूचना केंद्र, शौचालय, पेयजल और अन्य बुनियादी सुविधाओं का विस्तार किया जाएगा। साथ ही जनपद, ब्लाक मुख्यालयों पर हेलीपैड की सुविधा का विकास करने के लिए 10 करोड़ रुपये का अनुदान मांगा गया है। प्रदेश में कला, संस्कृति के विकास के लिए भी अनुपूरक मांगे रखी गई हैं। इसके तहत लोक कलाकारों को सहयोग और वाद्ययंत्रों की खरीद के लिए 5 करोड़ रुपये, साथ ही सार्वजनिक रामलीला स्थलों के रख-रखाव के लिए प्रतीकात्मक रूप से 1 लाख रुपये की मांग की गई है।

वहीं प्रदेश में संग्रहालयों के संरक्षण और क्यूरेशन के लिए 1 लाख रुपये और राज्य पुरातत्व निदेशालय छतर मंजिल, लखनऊ के रेस्टोरेशन के लिए 3 करोड़ 44 लाख रुपये की मांग की गई है। साथ ही संजीवनी माध्यमिक विद्यालय की स्थापना के लिए आवास निर्माण कार्य हेतु 1 लाख रुपये की मांग की गई है।

## पंचायत चुनावों के लिए 200 करोड़ का अतिरिक्त प्रावधान

**लखनऊ।** सरकार ने अनुपूरक बजट में आगामी त्रिस्तरीय पंचायत चुनावों के सफल और सुचारु आयोजन के लिए 200 करोड़ रुपये की अतिरिक्त धनराशि का प्रस्ताव किया है। पंचायती राज विभाग से जुड़े इस प्रस्ताव का उद्देश्य चुनावी तैयारियों को समयबद्ध, पारदर्शी और प्रभावी बनाना है। सीएम योगी के निर्देश पर पंचायतों के सशक्तिकरण पर सरकार विशेष जोर दे रही है। त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव और प्रशासनिक व्यवस्थाओं के लिए अनुपूरक बजट 2025-2026 के अंतर्गत 200 करोड़ रुपये का अतिरिक्त प्रावधान किया जा रहा है। इसके साथ ही उत्तर प्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग के कार्यालय भवन निर्माण के लिए 24.50 करोड़ रुपये की अतिरिक्त राशि का प्रावधान किया गया है। प्रदेश के प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र के ग्रामीण हिस्से में पंचायत उत्सव भवन या बारात घर के निर्माण पर सरकार का विशेष ध्यान है। इसके लिए प्रतीकात्मक राशि के तहत एक लाख रुपये का प्रावधान किया जा रहा है। आवश्यक धनराशि बचत मद से वहन की जाएगी। वहीं, जिला पंचायत शाहजहांपुर में भवन निर्माण के लिए एक करोड़ रुपये का प्रस्ताव है। योगी सरकार की कोशिश है कि इन प्रावधानों से पंचायत स्तर पर प्रशासनिक क्षमता बढ़ेगी। इसके साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में सामुदायिक गतिविधियों को स्थान मिलेगा और लोकतांत्रिक प्रक्रिया अधिक सुदृढ़ होगी।

- **अनुपूरक बजट के जरिए ग्रामीण विकास को मिलेगी नई गति**

# कैबिनेट का फैसला : प्रदेश में स्थापित होंगी 12 औद्योगिक इकाइयां

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में सोमवार को कैबिनेट की बैठक में 15 हजार 189.7 करोड़ के निवेश प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। इसके तहत मिजार्पुर, हरदोई, बुलंदशहर, रायबरेली, गौतमबुद्धनगर, सोनभद्र, मेरठ, मुजफ्फरनगर, अलीगढ़ में मेगा एवं सुपर मेगा श्रेणी की 12 औद्योगिक इकाइयों को लेटर ऑफ कम्फर्ट (एलओसी) जारी किया जाएगा। औद्योगिक विकास मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी ने बताया कि उत्तर प्रदेश निवेश का प्रमुख गंतव्य बन कर उभरा है। बड़ी संख्या में निवेशक प्रदेश में निवेश के लिए स्वयं आगे आ रहे हैं। नन्दी ने कहा कि प्रत्येक निवेश प्रस्ताव को धरातल पर साकार करना हमारी सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। एक-एक एमओयू को फॉलोअप करना और उसे मेच्योर होने तक निरन्तर प्रयास करना हमारी प्रतिबद्धता है। प्रत्येक निवेशक, प्रत्येक उद्यमी उत्तर प्रदेश का मित्र है। बारह औद्योगिक इकाईयों में अर्थस्टार वेंचर्स प्राइवेट लिमिटेड को मिजार्पुर में 549.26 करोड़ की लागत से आयरन एवं स्टील प्लांट स्थापित करने के लिए, अपोलो कोटेड प्रोडक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड को सिकंदराबाद बुलन्दशहर में 350 करोड़ की लागत से कोल्ड रोलिंग मिल स्थाापित करने के लिए, हल्दीराम स्नैक्स मैन्युफैक्चरिंग प्राइवेट लिमिटेड को हरदोई में 349.27 करोड़ की लागत से स्नैक्स प्लांट लगाने के लिए, श्री भवानी पेपर मिल्स लिमिटेड को रायबरेली में 305 करोड़ की लागत से पेपर मिल स्थापित करने के लिए.लेटर ऑफ कम्फर्ट जारी होंगे।

इसी तरह ड्रीमटेक इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड को ग्रेटर नोएडा गौतमबुद्ध नगर में 414.88 करोड़ की लागत से प्रिंटेड सर्किट बोर्ड प्लांट स्थापित करने के लिए, एसीसी लिमिटेड सलाई बनवा ग्रीनफील्ड ग्राइडिंग यूनिट को सोनभद्र में 803 करोड़ की लागत से सीमेंट उत्पादन के लिए, एनएसएल रिन्यूएबल पॉवर प्राइवेट लिमिटेड को मेरठ में 4,499.51 करोड़ की लागत से सोलर इंटिग्रेटेड मैन्युफैक्चरिंग पार्क बनाने के लिए, अम्बर इंटरप्राइजेज इंडिया लिमिटेड को जनपद गौतमबुद्धनगर के यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण क्षेत्र में 3.532 करोड़ की लागत से उपभोक्ता इलेक्ट्रानिक्स प्लांट स्थापित करने के लिए, एसेंटके सर्किट को जनपद गौतमबुद्धनगर में 3.250 करोड़ की लागत से पीसीवी एवं सेमी कंडक्टर प्लांट स्थापित करने के लिए, स्वरूप स्टील इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड को जनपद मुजफ्फरनगर के जानसठ क्षेत्र में 266.70 करोड़ की लागत से टीमटी स्टील्स प्लांट स्थापित करने के लिए, अल्ट्राटेक सीमेंट लिमिटेड को जनपद अलीगढ़ के कासिमपुर में 628 करोड़ की लागत से सीमेंट उत्पादन शुरू करने के लिए एवं अम्बा शक्ति स्टील्स को मुजफ्फरनगर में 241.50 करोड़ की लागत से स्टील्स उत्पादन शुरू करने के लिए लेटर ऑफ कम्फर्ट जारी होंगे।

## एमएसएमई सेक्टर पर बड़ा भरोसा अनुपूरक बजट में ठोस आर्थिक समर्थन

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने एमएसएमई (माइक्रो, स्मॉल एंड मीडियम इंटरप्राइजेज) सेक्टर को सशक्त बनाने को लेकर अनुपूरक बजट में स्पष्ट और ठोस प्रावधान किए हैं। प्रदेश सरकार का मानना है कि एमएसएमई अर्थव्यवस्था की रीढ़ है और इसके मजबूत होने से रोजगार और निवेश का विस्तार संभव है। लघु उद्योग भारती, उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष, रविन्द्र सिंह ने कहा कि ह्लउत्तर प्रदेश सरकार की निवेश अनुकूल नीतियों और नये अनुपूरक बजट प्रावधानों से एमएसएमई को बढ़ावा और प्रोत्साहन मिलेगा। उत्तर प्रदेश को वन ट्रिलियन की अर्थव्यवस्था बनाने की दिशा में यह प्रभावी कदम है। सबसे बड़ी बात यह है कि सरकार ने उद्यमियों और उद्योगों को सुरक्षित वातावरण देने का काम किया है। एमएसएमई से जुड़े कार्यालयी तंत्र को मजबूत करने के लिए जिला उद्योग केंद्र के अधिष्ठान व्यय हेतु 1.5 करोड़ रुपये तथा उद्योग निदेशालय के अधिष्ठान व्यय के लिए भी 1.5 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। इससे जिलों में उद्यमियों को समय पर मार्गदर्शन, स्वीकृति और योजनाओं का लाभ मिलेगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का मानना है कि मजबूत ऑफिस सिस्टम से ही ईज ऑफ डूइंग बिजनेस जमीन पर दिखेगा। औद्योगिक निवेश और रोजगार को बढ़ावा देने के लिए औद्योगिक निवेश एवं रोजगार प्रोत्साहन नीति 2022 के अंतर्गत 823.43 करोड़ रुपये की अतिरिक्त धनराशि प्रस्तावित की गई है। इस राशि का बड़ा हिस्सा एमएसएमई इकाइयों को पूंजी निवेश, सब्सिडी, ब्याज अनुदान और रोजगार सृजन से जुड़े प्रोत्साहन के रूप में मिलेगा। इसके साथ ही औद्योगिक निवेश एवं रोजगार प्रोत्साहन नीति 2017 के लिए 300 करोड़ रुपये और अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास नीति 2012 के लिए 100 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है, जिससे छोटे और मध्यम उद्योगों को बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध होंगी।

# पॉलीटेक्निक कॉलेजों में 613.72 करोड़ में स्थापित होंगे एक्सीलेंस सेंटर

## अन्य पिछड़ा वर्ग की छात्रवृत्ति व शुल्क प्रतिपूर्ति के भुगतान के लिए 3616 करोड़

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने अनुपूरक बजट में शिक्षा, प्राविधिक शिक्षा, कौशल विकास और शिक्षा क्षेत्र में अतिरिक्त धनराशि का प्रस्ताव रखा है। इस प्रस्तावित व्यवस्था का उद्देश्य प्रदेश में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, आधुनिक तकनीकी प्रशिक्षण और रोजगारोन्मुखी कौशल विकास को गति देना है, जिससे युवाओं को आत्मनिर्भर बनाया जा सके। प्रदेश में शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने, तकनीकी दक्षता बढ़ाने और युवाओं को रोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध कराने की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण पहल है।

राज्य पॉलीटेक्निक कॉलेजों की स्थापना के लिए 1 करोड़ रुपये, तथा उनमें आधुनिक तकनीक से लैस एक्सीलेंस सेंटर स्थापित करने के लिए 613.72 करोड़ रुपये की अतिरिक्त राशि का प्रस्ताव किया गया है।




इसके साथ ही प्रधानमंत्री जन विकास कार्यक्रम के अंतर्गत अल्पसंख्यक बहुल क्षेत्रों में पॉलीटेक्निक भवनों के निर्माण के लिए 5 करोड़ रुपये की अतिरिक्त धनराशि की मांग की गई है। साथ ही मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, गोरखपुर में भवन निर्माण कार्य के लिए 10 करोड़ रुपये की आवश्यकता का प्रस्तावित है। इसके अलावा इंजीनियरिंग कॉलेज, झांसी के लिए 2 करोड़ रुपये और उत्तर प्रदेश राज्य प्रौद्योगिकी संस्थान, कानपुर को अनुदान सहायता प्रदान करने के लिए 2.5 करोड़ रुपये का प्रस्ताव रखा गया है। उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन के तहत 50 हजार युवाओं को अल्पकालीन प्रशिक्षण देने के लिए 150 करोड़ रुपये का प्रस्ताव रखा गया है। साथ ही दस्तकारी प्रशिक्षण योजना के लिए औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में नई इकाइयों की स्थापना एवं उपकरणों की व्यवस्था के लिए 7 करोड़ रुपये की मांग की गई है। माध्यमिक शिक्षा परिषद, प्रयागराज तथा उसके क्षेत्रीय कार्यालयों में ई-ऑफिस प्रणाली के क्रियान्वयन, यात्रा भत्ते और प्रशासनिक व्ययों के लिए 2.94 करोड़ रुपये, वहीं परिषद के क्षेत्रीय कार्यालयों के संचालन के लिए 4 करोड़ रुपये के अतिरिक्त बजट की मांग की गई है। इसके अलावा एनसीसी प्रशिक्षण से जुड़ी विभिन्न मदों के लिए 9 करोड़ रुपये की आवश्यकताओं को भी अनुपूरक बजट में शामिल किया गया है।

संक्षेप

## रंजिश को लेकर हुई मारपीट में दो पर केस

प्रतापगढ़। पुरानी रंजिश को लेकर हुई मारपीट की घटना में पुलिस ने आरोपियो के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के पूरे रामचन्द्र जसमेढ़ा गांव की विटना देवी पत्नी रामनरेश रजक ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि बीती उन्नीस दिसंबर की शाम करीब साढ़े सात बजे वह अपने दरवाजे पर बैठी थी। आरोप है कि इसी बीच पुरानी रंजिश को लेकर गांव के सुरेश व मनोज पुत्रगण बदलू रजक एकराय होकर उसके दरवाजे पर पहुंचे और गाली देने लगे। पीड़िता के विरोध करने पर आरोपियो ने उसे मारापीटा व जानलेवा धमकी दी। प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार का कहना है कि जांच के बाद आरोपियो के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

## मारपीट का केस दर्ज

प्रतापगढ़। रास्ते के विवाद को लेकर हुई मारपीट की घटना में पुलिस ने आरोपियो के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के शीतलाबक्श का पुरवा खण्डवा गांव निवासी सजन लाल पुत्र बच्चू लाल ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि बीती तीस दिसंबर की शाम करीब साढ़े पांच बजे रास्ते के विवाद को लेकर गांव के विनोद कुमार, विशाल, संगीता पत्नी कमलेश चार अज्ञात के साथ दरवाजे पर पहुंचे और गालीगलौज करने लगे। पीड़िता के विरोध करने पर आरोपियो ने पीड़िता तथा उसके पुत्र राममिलन पटेल बहू पूनम को मारापीटा व जानलेवा धमकी दी। जांच के बाद पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है।

## दहेज उत्पीड़न को लेकर पति समेत ससुरालीजनों पर केस

प्रतापगढ़। दहेज उत्पीड़न को लेकर पुलिस ने पति समेत ससुरालीजनों के खिलाफ केस दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के पूरे केवल असरही गांव की आशिया बानो पत्नी मो0 शाहरूख के अनुसार उसका विवाह सात जून 2020 को हुआ। पीड़िता का आरोप है कि दहेज की मांग को लेकर पति शाहरूख खां, देवर मो0 सलमान, सास नजीशुलनिशा, ससुर रऊफ, ननद रियाशुलनिशा, जेठानी अफसरुननिशा विवाह के कुछ समय बाद से ही प्रताड़ित करने लगे। पति दहेज की मांग पूरी न होने पर दूसरा विवाह करने की धमकी देते हैं। बीती इक्कीस दिसंबर को सुबह आरोपियों ने पीड़िता को गालीगलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी। प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार का कहना है कि जांच के बाद पति समेत चार आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

## अभियुक्त गिरफ्तार

खेसरहा बांसी सिद्धार्थनगर। जनपद के खेसरहा थानाध्यक्ष अनूप मिश्रा के नेतृत्व में थाना खेसरहा पुलिस ने 01 नफर वाँछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर भेजा न्यायालय भेजा गया। पुलिस अधीक्षक डॉ0 अभिषेक महाजन के आदेश के क्रम में प्रशान्त कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन व रोहिणी यादव क्षेत्राधिकारी बाँसी के कुशल पर्यवेक्षण में दायित्वों के प्रति क्रियाशील अनूप कुमार मिश्र थानाध्यक्ष थाना खेसरहा जनपद सिद्धार्थनगर के नेतृत्व में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत 22.12.2025 को थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 112/2025 धारा 115(2),108, 352, 85 बीएनएस से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त अरूण पुत्र पल्टन निवासी पाला थाना खेसरहा जिला सिद्धार्थनगर को लक्ष्मीगंज तिराहे से गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा गया।

### कड़ाके की सर्दी में सांसद खेल महोत्सव का शुभारंभ

# दोपहर तक भूखे रहे 1600 खिलाड़ी



जिला संवाददाता

**सिद्धार्थनगर।** जिले के खेल स्टेडियम में सोमवार (22 दिसंबर) को चार दिवसीय सांसद खेल महोत्सव का शुभारंभ हुआ। आयोजन में जिले भर से करीब 1600 बालक-बालिकाएं विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में भाग लेने पहुंचे। सुबह 11 बजे शुरू हुए कार्यक्रम में मंच पर भाषणों और औपचारिकताओं का सिलसिला चलता रहा, लेकिन मैदान में मौजूद खिलाड़ी कड़ाके की ठंड और भूख से जूझते नजर आए। दोपहर 2 बजे तक बच्चों के लिए खाने-पीने की कोई समुचित व्यवस्था नहीं की गई। सुबह से ही खिलाड़ी अपने-अपने विद्यालयों और खेल टीमों के साथ स्टेडियम पहुंच गए थे। कम तापमान और सर्द हवाओं के बावजूद बच्चों को लंबे समय तक मैदान और दर्शक दीर्घा में बैठाए रखा गया। मंच से लगातार भाषण दिए जाते रहे, लेकिन मैदान में बैठे बच्चों की परेशानियों पर किसी का ध्यान नहीं गया।कई बच्चे ठंड से बचने के लिए अपने कपड़ों में सिमटे दिखे, तो कुछ हाथ रगड़कर खुद को गर्म रखने की कोशिश करते रहे। कस्तूरबा बालिका विद्यालय, उसका बाजार की छात्रा उपमा ने बताया,हम लोग सुबह से सांसद खेल महोत्सव में हैं। बहुत ठंड लग रही है और भूख भी लगी है, लेकिन अभी तक खाने को कुछ नहीं मिला।इसी तरह कस्तूरबा बालिका विद्यालय, शोहरतगढ़ की छात्रा किरण यादव ने कहा,ठंड बहुत लग रही है और दोपहर 2 बजे तक भी कुछ खाने को नहीं मिला है। सुबह से बैठे हैं। इन बयानों से बच्चों की मूलभूत जरूरतों की अनदेखी साफ झलकती है।प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, ठंड और भूख से परेशान कुछ बच्चे मजबूरी में स्टेडियम के बाहर जाकर पैसे देकर खाने का सामान खरीदते भी देखे गए। यह दृश्य आयोजन की व्यवस्थाओं पर गंभीर सवाल खड़े करता है, क्योंकि खिलाड़ियों के लिए भोजन और गर्माहट की व्यवस्था पहले से सुनिश्चित की जानी चाहिए थी। कार्यक्रम में बस्ती मंडल के आयुक्त अखिलेश सिंह मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे, लेकिन जब उनसे इस विषय पर बाइट लेने का प्रयास किया गया तो उन्होंने इनकार कर दिया।वहीं सांसद खेल महोत्सव के सचिव अरुण प्रजापति ने कहा, खिलाड़ियों का खाने का एक समय होता है। 2:30 बजे तक उन्हें नाश्ता दे दिया जाएगा। हालांकि बच्चों और उनके अभिभावकों का कहना था कि सुबह से मौजूद खिलाड़ियों को इतनी देर तक भूखा रखना उचित नहीं है। सांसद खेल महोत्सव का उद्घाटन मंडल आयुक्त बस्ती द्वारा किया गया। कार्यक्रम में डुमरियागंज के सांसद जगदंबिका पाल, जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन, पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक महाजन, बेसिक शिक्षा अधिकारी शैलेश कुमार सहित कई वरिष्ठ अधिकारी और जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

## राज्य महिला आयोग : न्याय, सुरक्षा, संवेदनशीलता का सशक्त संदेश



श्रावस्ती। प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्या डा० अंजू प्रजापति ने जनपद में महिला उत्पीड़न की रोकथाम, पीड़ित महिलाओं को त्वरित न्याय दिलाने तथा महिला जनसुनवाई एवं समीक्षा के उद्देश्य से निरीक्षण भवन भिनगा का भ्रमण किया। इसके उपरांत पुलिस लाइन सभागार में आयोजित जनसुनवाई के दौरान उन्होंने महिलाओं एवं बालिकाओं की समस्याओं को गंभीरता से सुना। जनसुनवाई के दौरान सदस्या को कुल 16 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिनमें से 03 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। शेष मामलों में से कुछ न्यायालय से संबंधित पाए गए, जबकि अन्य शिकायतों के त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए। इस अवसर पर डा० अंजू प्रजापति ने कहा कि बिना किसी भेदभाव के प्रत्येक महिला को सामाजिक सुरक्षा उपलब्ध कराना प्रदेश सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। राज्य महिला आयोग पीड़ित महिलाओं एवं बालिकाओं को न्याय दिलाने के लिए सदैव प्रतिबद्ध है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि महिलाओं से जुड़े मामलों में संवेदनशीलता बरती जाए तथा छोटी-बड़ी सभी शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए शीघ्र कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

सदस्या ने महिलाओं से अपील की कि वे अपने जीवन में प्रेम, विश्वास एवं संवाद को बढ़ावा दें, जिससे पारिवारिक जीवन सुखमय एवं सुदृढ़ बना रहे। साथ ही अभिभावकों से आग्रह किया कि वे लड़का-लड़की में भेदभाव न करें और दोनों को समान शिक्षा दें, ताकि बेटियां आत्मनिर्भर बनकर परिवार, समाज एवं देश का नाम रोशन कर सकें।

## दुर्घटना में मृतक व्यापारी की पत्नी को बैंक ने दिया दो लाख का चेक



प्रतापगढ़। दुर्घटना में व्यवसायी की आकस्मिक मौत को लेकर सांगीपुर एसबीआई द्वारा सोमवार को मृतक की पत्नी को प्रधानमंत्री जीवन ज्योति योजना के तहत सहायता राशि का चेक प्रदान किया। सांगीपुर बाजार के व्यवसायी अशोक कुमार मोदनवाल 52 की हाल ही में दुकान में करंट की चपेट में आने से मौत हो गयी थी। मृतक व्यवसायी के दो बच्चों की पढ़ाई जारी है। बैंक शाखा प्रबंधक गौरव ओझा ने जिपंस प्रतिनिधि अशोकधर द्विवेदी के साथ शाखा मुख्यालय पर मृतक की पत्नी कलावती को दो लाख रुपए का चेक प्रदान किया। प्रधानमंत्री जीवन ज्योति योजना के तहत चेक मिलने से प्रभावित परिवार के चेहरे पर राहत देखी गयी। शाखा प्रबंधक गौरव ओझा ने बताया कि बैंक में खाताधारक को आकस्मिक स्थिति में इस योजना के तहत मिलने वाली सहायता को लेकर जागरूकता बढ़ायी जानी चाहिए। इस मौके पर फील्ड आफिसर विनय कुमार, अरविन्द कुमार, मीरा बिष्ट, राजकुमार यादव, बबन पाण्डेय, अनिल अग्रहरि, शंकर मोदनवाल, रामशरण गुप्ता आदि मौजूद रहे।

## अधिवक्ता सुरक्षा अधिनियम के संघर्ष को मजबूती पर दिया गया जोर



प्रतापगढ़। अधिवक्ता सुरक्षा अधिनियम को लेकर प्रदेशव्यापी चलाए जा रहे आंदोलन को लेकर सोमवार को लालगंज तहसील परिसर में वकीलो ने आवाज बुलन्द की। वहीं आंदोलन की अगुवाई को लेकर यूपी बार काउन्सिल के चुनाव में तहसील के अधिवक्ताओ ने अनिल कुमार तिवारी महेश के चुनावी अभियान को लेकर एकजुटता का भी प्रदर्शन किया। वकीलों ने ऑल इण्डिया रूरल बार एसोसिएसन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल तथा महासचिव एवं प्रत्याशी बार काउन्सिल अनिल कुमार तिवारी महेश के नेतृत्व में अधिवक्ता सुरक्षा अधिनियम को लेकर तहसील कैम्पस में जमकर नारेबाजी भी की। अधिवक्ताओं ने कहा कि पूरे प्रदेश में संसद से अधिवक्ता सुरक्षा अधिनियम पारित कराए जाने को लेकर जारी संघर्ष को देखते हुए सरकार फौरन यह अधिनियम पारित कराये। कार्यक्रम का संयोजन संघ के वरिष्ठ उपाध्यक्ष अम्बुज कुमार पाण्डेय व उपाध्यक्ष आशीष तिवारी ने किया। कार्यक्रम का संचालन महामंत्री हरिश्चंद्र पाण्डेय ने किया। इस मौके पर तहसील के वरिष्ठ अधिवक्ताओं के साथ युवा अधिवक्ताओं में भी जोश व उत्साह का माहौल दिखा।

## जिला कारागार का त्रिस्तरीय प्रशासनिक आकस्मिक निरीक्षण



श्रावस्ती। जिला एवं सत्र न्यायाधीश राकेश धर दूबे, जिलाधिकारी अश्विनी कुमार पाण्डेय एवं पुलिस अधीक्षक राहुल भाटी ने जिला कारागार श्रावस्ती का आकस्मिक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का गहन जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने जेल में निरुद्ध बंदियों को शासन द्वारा उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं की स्थिति की जानकारी ली तथा बंदियों से सीधे संवाद कर उनका कुशलक्षेम जाना। निरीक्षण के क्रम में अधिकारियों ने जेल अधीक्षक को निर्देशित किया कि शासन द्वारा निर्धारित सभी सुविधाएं समयबद्ध एवं पूर्ण गुणवत्ता के साथ प्रत्येक बंदी को उपलब्ध कराई जाएं, इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। त्रिस्तरीय निरीक्षण दल ने कारागार परिसर स्थित रसोईघर, खाद्यान्न भंडार, महिला बैरक, पुरुष बैरक, किशोर बैरक एवं जेल अस्पताल का भी विस्तार से निरीक्षण किया। इस दौरान स्वच्छता, भोजन की गुणवत्ता, स्वास्थ्य सेवाओं तथा सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की गई। अधिकारियों ने बंदियों से उनकी समस्याएं भी सुनीं और प्राप्त शिकायतों के शीघ्र निस्तारण हेतु जेल अधीक्षक को आवश्यक निर्देश दिए। निरीक्षण का उद्देश्य कारागार व्यवस्था को और अधिक मानवीय, पारदर्शी एवं शासन के दिशा-निदेशों के अनुरूप बनाए रखना रहा।

## जनसमस्याओं का हो गुणवत्तापूर्ण निस्तारण : डीएम

जिला संवाददाता



**श्रावस्ती।** जिलाधिकारी अश्विनी कुमार पाण्डेय ने प्रतिदिन की भांति सोमवार को कलेक्ट्रेट स्थित अपने कार्यालय कक्ष में आयोजित जनता दर्शन के दौरान आमजन की समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुना। इस अवसर पर विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 14 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनके समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए।

जिलाधिकारी ने कहा कि जनसुनवाई शासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है और इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने सभी संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्राप्त शिकायतों का एक सप्ताह के भीतर निस्तारण कर उसकी आख्या अनिवार्य रूप से प्रेषित करें। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि शिकायतों के निस्तारण में शिथिलता बरतने वाले अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाएगी। जिलाधिकारी ने समस्त जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे अपने-अपने कार्यालयों में प्रत्येक कार्य दिवस को प्रातः 10 बजे से 12 बजे तक स्वयं जनसुनवाई करें तथा फरियादियों की समस्याओं का समय सीमा के भीतर प्रभावी समाधान सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि जनसुनवाई केवल औपचारिकता न होकर आमजन के विश्वास से जुड़ा विषय है, इसलिए अधिकारी संवेदनशीलता और जिम्मेदारी के साथ कार्य करें। जनता दर्शन के दौरान जिलाधिकारी ने यह भी कहा कि प्रशासन का उद्देश्य केवल शिकायतें सुनना नहीं, बल्कि उनका स्थायी और संतोषजनक समाधान करना है, ताकि आमजन को बार-बार कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें।

## ब्लॉक स्तरीय क्विज प्रतियोगिता संपन्न



बांसी सिद्धार्थनगर।बांसी मिठवल : राष्ट्रीय अविष्कार अभियान कार्यक्रम के अंतर्गत ब्लॉक स्तरीय क्विज प्रतियोगिता का आयोजन सोमवार को ब्लॉक संसाधन केंद्र मिठवल पर आयोजित की गई। क्विज प्रतियोगिता में चयनित छात्रों को खण्ड शिक्षा अधिकारी धर्मेंद्र कुमार पाल ने प्रशस्ति पत्र व उपहार देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम मे उच्च प्राथमिक विद्यालयों के बच्चों में जिज्ञासा आधारित शिक्षा को बढ़ावा देने, वैज्ञानिक मनोवृत्ति का विकास करने, प्रयोग के अवसर उपलब्ध कराने तथा विज्ञान/गणित एवं प्रौद्योगिकी को लोकप्रिय बनाने के उद्देश्य से राष्ट्रीय आविष्कार अभियान कार्यक्रम की ब्लॉक स्तरीय क्विज प्रतियोगिता संपन्न कराई गई जिसमें पूर्व माध्यमिक विद्यालय बाजारडीह के छात्र अशरफ अली ने प्रथम स्थान प्राप्त किया जबकि हरिओम, कंपोजिट विद्यालय पतेडवा एवं प्रिया, कंपोजिट विद्यालय जीवा ने क्रमशः द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया। आयोजन का प्रारंभ खण्ड शिक्षा अधिकारी धर्मेंद्र कुमार पाल ने मां सरस्वती जी के चित्र पर माल्यार्पण कर किया खंड शिक्षा अधिकारी ने इस प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाले परीक्षार्थियों को बधाई दी एवं शीर्ष 5 स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को मेडल, प्रशस्ति पत्र, विज्ञान की प्रयोगात्मक किट देकर बच्चों को सम्मानित किया साथ साथ अन्य सभी 90 प्रतिभागियों को भी स्टेशनरी तथा प्रशस्ति पत्र देकर सभी विद्यार्थियों को निरंतर आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम के बाद बच्चों के लिए भोजन की व्यवस्था कराई गई कार्यक्रम के आयोजन में अफ्ध शिवम् पाठक, आदर्श मिश्र,जितेंद्र त्रिपाठी, तारिक मुस्तफा एवं क्वालिटी कोलकार्डिनेटर शैलेश श्रीवास्तव सहित अब्दुल्लाह एवं शिक्षक अभिनीति जायसवाल, नम्रता उपाध्याय नीलू शर्मा , अभिलाष , मनीष , अनुराग कुलश्रेष्ठ, आदित्य यादव, संदीप अवस्थी आदि की भूमिका प्रमुख रही।

## घने कोहरे में दुर्घटनाओं पर यातायात पुलिस सख़्त



**श्रावस्ती।** जनपद में घने कोहरे के कारण बढ़ रही सड़क दुर्घटनाओं की आशंका को देखते हुए यातायात पुलिस श्रावस्ती द्वारा सघन चेकिंग एवं व्यापक जागरूकता अभियान चलाया गया। यह अभियान पुलिस अधीक्षक राहुल भाटी के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक मुकेश चन्द उत्तम तथा क्षेत्राधिकारी लाइन आलोक कुमार सिंह के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी यातायात मो0 शमीम के नेतृत्व में जनपद के विभिन्न प्रमुख मार्गों पर संचालित किया गया। अभियान के दौरान ट्रैक्टर, डम्पर सहित अन्य भारी व हल्के वाहनों पर निःशुल्क रेट्रो रिफ्लेक्टिव टेप लगाए गए, जिससे घने कोहरे में वाहनों की दृश्यता बढ़ाई जा सके और दुर्घटनाओं की संभावना कम हो। साथ ही लाउड हेलर के माध्यम से आमजन को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया गया। यातायात पुलिस द्वारा शासन की राह-वीर योजना की जानकारी देते हुए दुर्घटना पीड़ितों की सहायता करने पर मिलने वाली प्रोत्साहन राशि के बारे में भी बताया गया। दोपहिया वाहन चालकों को अनिवार्य रूप से हेलमेट पहनने, चार पहिया वाहन चालकों को सीट बेल्ट लगाने, तेज गति से वाहन न चलाने तथा नशे की हालत में वाहन न चलाने हेतु प्रेरित किया गया।

इस दौरान जागरूकता पम्पलेट्स का वितरण कर लोगों को सदैव यातायात नियमों का पालन करने की शपथ दिलाई गई। जनपद के चौराहों, तिराहों एवं स्थानीय बाजारों में वाहन में लगे पीए सिस्टम के माध्यम से यातायात जागरूकता गीत प्रसारित कर जनमानस को सतर्क किया गया। सघन चेकिंग अभियान के क्रम में यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध नियमानुसार चालान की कार्रवाई करते हुए शमन शुल्क अधिरोपित किया गया। पुलिस प्रशासन ने आमजन से अपील की है कि घने कोहरे के दौरान अतिरिक्त सावधानी बरतें और सुरक्षित यात्रा सुनिश्चित करें।

## अवैध रूप से काटे गये 11 महुआ के पेड़



सिद्धार्थनगर- विकासखंड नौगढ़ के महादेवा गांव में 11 विशाल महुआ पेड़ों की अवैध कटाई ने पर्यावरण संरक्षण और वन विभाग की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। लकड़ी माफियाओं ने सुनियोजित तरीके से इन पेड़ों को काटकर मौके से हटा दिया। घटनास्थल पर आज भी महुआ के विशाल पेड़ों की जड़ें मौजूद हैं, जो बड़े पैमाने पर हुए कटान की गवाही दे रही हैं। यह दशार्ता है कि निगरानी तंत्र पूरी तरह विफल रहा। महुआ का पेड़ ग्रामीण जीवन और पर्यावरण दोनों के लिए महत्वपूर्ण माना जाता है। यह आजीविका का साधन होने के साथ-साथ जैव विविधता, पक्षियों के आवास, मिट्टी की उर्वरता और स्थानीय जलवायु संतुलन में भी अहम भूमिका निभाता है। 11 बड़े पेड़ों की एक साथ कटाई से इलाके का प्राकृतिक संतुलन बिगड़ गया है। सबसे गंभीर सवाल यह है कि बिना किसी वैध परमिट के इतने बड़े पैमाने पर कटाई कैसे हुई। नियमानुसार, एक भी पेड़ काटने के लिए वन विभाग की अनुमति आवश्यक होती है। ऐसे में 11 विशाल पेड़ों का कटान और उनका सुरक्षित ढंग से मौके से निकल जाना विभागीय जानकारी या मिलीभगत के बिना संभव नहीं लगता। मामला सामने आने और शिकायतें दर्ज होने के बाद, शोहरतगढ़ थाना क्षेत्र के सीतारामपुर ओला भगवानपुर निवासी मोहम्मद शाकिर उर्फ लंबू के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर एक लाख रुपये का जुमार्ना लगाया गया है।

## एसपी ने सुनी जन फरियाद



सिद्धार्थनगर।पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर डॉ0 अभिषेक महाजन ने जनता दर्शन में आये फरियादियों की समस्याओं/एवं शिकायतों की सुनवाई किया। पुलिस अधीक्षक ने पुलिस कार्यालय मे आए फरियादियों की समस्याओ / शिकायती प्रार्थना पत्रों की जनसुनवाई करते हुए प्रकरण से सम्बंधित वास्तविक हकीकत की जानकारी हासिल कर उक्त प्रार्थना पत्रों की सुनवाई किया गया, तथा प्रत्येक फरियादियों को त्वरित न्याय सुलभ कराए जाने के लिए सम्बंधित अधिनस्थ अधिकारियों को प्राथमिकता के आधार पर प्रार्थना पत्रों की सुनवाई कर त्वरित न्याय सुलभ कराए जाने हेतु आदेश दिया गया। जनसुनवाई मे कुल 03 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए , पुलिस अधीक्षक ने प्राप्त शिकायती प्रार्थना पत्रों का शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने हेतु संबंधित को आदेशित किया गया।

## न्याय की लड़ाई लड़ने के साथ राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका हो सार्थक : प्रमोद तिवारी

- राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता ने मनरेगा योजना को लेकर मोदी सरकार पर कार्यकर्ताओं के बीच बोला हमला

जिला संवाददाता



**प्रतापगढ़।** वर्मा नगर स्थित यमुना प्रसाद यादव उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में सोमवार को भारत की युवा शक्ति को लेकर परिसंवाद का आयोजन हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने विद्यालय के संस्थापक यमुना प्रसाद यादव के साथ मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन कर किया। छात्रा शालिनी, रोशनी, शिवानी, शालू, पलक, अनन्या, आस्था ने मनमोहक स्वागत गान तथा मां सरस्वती की वंदना प्रस्तुत किया। बतौर मुख्य अतिथि सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा कि देश की युवा शक्ति आज पूरी दुनिया में भारतीय सफलताओं का कीर्तिमान गढ़ रही है। उन्होने कहा कि युवाओं को न्याय के लिए लडाई लड़ने की कडी चुनौती को भी स्वीकार करना होगा। उन्होने कहा कि युवा शक्ति में क्षमता है कि वह व्यक्ति के मौलिक अधिकार की रक्षा के साथ राष्ट्र निर्माण के क्षेत्र में अपनी सार्थकता सिद्ध करे। सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा कि वर्तमान परिवेश में पढ़े लिखे नौजवान के सामने सबसे बडी चुनौती सरकारी क्षेत्र मे नौकरियों का रोज घटना है। उन्होने कहा कि ऐसे मे युवाओं को स्वउद्यम के क्षेत्र मे भी अभिरूचि बढ़ानी चाहिए। कार्यक्रम में सांसद प्रमोद तिवारी ने विधायक मोना की ओर से सरयू समाज कल्याण संस्थान द्वारा संचालित मेधावी प्रोत्साहन योजना के तहत छात्र छात्राओं की हौंसला आफजाई भी की। उन्होने विद्यालय के कक्षा ग्यारह के छात्र लालू प्रसाद यादव तथा छात्रा पलक गुप्ता को संस्थान की ओर से लैपटाप प्रदान कर सम्मानित किया। कार्यक्रम में ब्लाक प्रमुख इं. अमित प्रताप सिंह पंकज, चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी विशिष्ट अतिथि रहे।

अध्यक्षता संस्थापक यमुना प्रसाद यादव तथा संचालन साहित्यकार एवं शिक्षक लवलेश यदुवंशी ने किया। विद्यालय के निदेशक अभिषेक यादव ने स्वागत तथा प्रधानाचार्य पारसनाथ वर्मा ने आभार प्रदर्शन किया। इसके बाद सांसद प्रमोद तिवारी ने लालगंज कैम्प कार्यालय पर कार्यकताओं की बैठक में भी शामिल हुए। यहां उन्होने कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि मोदी सरकार ने महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारण्टी योजना को समाप्त करके गांधीवादी विचारधारा पर हमलावर हुई है।


**लखनऊ विकास प्राधिकरण**

(ISO 14001: 2004, ISO 9001: 2008 प्रमाणित संस्था)
प्राधिकरण भवन, विपिन खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, (उ0प्र0)
टोल-फ्री : 1800 1800 5000 वेबसाइट : http://www.ldalucknow.in

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्राधिकरण की आवासीय/व्यवसायिक/रेन्ट/नजूल/इम्प्रूवमेन्ट – ट्रस्ट योजनाओं के निम्नलिखित आवेदकों द्वारा उनके नाम के सामने अंकित सम्पत्ति का हस्तांतरण/नामांकरण किये जाने हेतु प्राधिकरण में प्रार्थना-पत्र प्रस्तुत किया गया है:-

| क्र. सं. | मूल आवंटी का नाम | भवन/भूखण्ड संख्या | योजना का नाम | मृत्यु दिनांक | मूल आवंटी के उत्तराधिकारी अथवा आवेदक का नाम | उत्तराधिकारी के पक्ष में अनापत्तिकर्ताओं का नाम | मूल आवंटी (मृतक) से आवेदक का संबंध |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | मूल आवंटी/मृतक श्रीमती विनोद तिवारी | भूखण्ड सं0-बी-1/9 रूचि खण्ड-2 | शारदा नगर योजना | 16.04.2025 | श्री शशांक तिवारी | – | पुत्र |
| 2 | स्व0 श्रीमती विद्यावती सिंह (मृतक) | भूखण्ड संख्या-बी-28 (क्षेत्रफल 525 वर्ग फिट) | सेक्टर-सी, अलीगंज योजना, लखनऊ | 25.07.2021 | श्री शैलेश प्रताप सिंह एवं श्री शिवेन्द्र प्रताप सिंह | – | पुत्रगण |
| 3 | स्वर्गीय प्रेम चन्द्र गुप्ता | फ्लैट संख्या- Puspayan-13 | नेहरू इन्क्लेव, गोमती नगर योजना | 13.02.2022 | श्री मितुल गुप्ता | रजिस्टर्ड वसीयत के आधार पर | पुत्र |
| 4 | श्रीमती वीना सिंह व श्री लल्लन सिंह | भूखण्ड सं0-जे-77, | सेक्टर-जे, आशियाना कानपुर रोड योजना | श्री लल्लन सिंह की मृत्यु दिनांक 10.11.2008 | श्रीमती वीना सिंह | श्रीमती नीतू सिंह, श्रीमती सृष्टि सिंह, श्रीमती रीतू भटनागर (पुत्रियां), श्री अभिषेक सिंह (पुत्र) | पत्नी |
| 5 | श्रीमती तारा केसरवानी | भवन सं0-एम0एम0आई0 जी0-248 फेज-1 | टिकैत राय योजना | 24.12.2020 | श्री श्याम सुन्दर गुप्ता, श्री देवेश कृष्ण | – | पुत्रगण |

उपर्युक्त नामान्तरण के आवेदन के सम्बन्ध में यदि किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह साक्ष्य सहित प्रकाशन तिथि से 30 दिनों के अन्दर अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्राप्त करा दें। निर्धारित तिथि तक कोई आपत्ति प्राप्त न होने पर प्राधिकरण अभिलेखों में कॉलम-6 पर लिखित व्यक्ति का नाम दर्ज कर लिया जायेगा तथा उसके बाद किसी आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा।

सचिव

# शहर ही नहीं, योगी सरकार में देहात में भी दिख रही सड़कों की श्रृंखला

- वर्तमान वित्तीय वर्ष में गोरखपुर मंडल में स्वीकृत हुए सड़क निर्माण के 808 कार्य, सभी लगभग पूर्ण
- गांव की इन सड़कों के निर्माण पर आई 116 करोड़ रुपये से अधिक की लागत
- ग्रामीण क्षेत्रों में सड़क निर्माण में गोरखपुर प्रदेश में अव्वल

घनश्याम कुमार

गोरखपुर। योगी सरकार में सड़कों की कनेक्टिविटी के क्षेत्र में शानदार कार्य हुआ है। शहर ही नहीं, देहात में भी सड़कों की नई श्रृंखला तैयार हुई है। इसमें गोरखपुर मंडल ने भी सराहनीय उपलब्धि हासिल की है। वर्तमान वित्तीय वर्ष में 1 अप्रैल से 30 नवंबर तक मंडल में ग्रामीण क्षेत्र की सड़कों के नोडल विभाग, ग्रामीण अभियंत्रण विभाग के अंतर्गत 808 कार्य स्वीकृत हुए। 116 करोड़ रुपये से अधिक के व्यय से ये सभी कार्य लगभग पूर्ण भी हो चुके हैं। खास बात यह भी कि सीएम डैश बोर्ड की नवंबर माह की रैंकिंग में सड़क निर्माण के मामले में गोरखपुर जिला पूरे प्रदेश में अव्वल पाया गया है। योगी सरकार द्वारा बुनियादी ढांचे और रोड कनेक्टिविटी को सतत प्राथमिकता दी जा रही है। इसका परिणाम आज चौड़ी सड़कों के व्यापक विस्तार के रूप में हर तरफ नजर आता है। मुख्य मार्गों को जहां फोरलन में चौड़ीकृत किया गया है, वहीं गांव-गांव भी पक्की सड़कों के निर्माण से आवागमन सुगमता में वृद्धि की गई है। फोरलन निर्माण और प्रमुख सड़कों के कार्य में लोक निर्माण विभाग के साथ ही देहात क्षेत्र या अपेक्षाकृत कम लंबाई की सड़कों के निर्माण के लिए ग्रामीण अभियंत्रण विभाग को नोडल विभाग की जिम्मेदारी दी गई है। इसकी मॉनिटरिंग सीएम डैशबोर्ड द्वारा भी की जाती है। सीएम डैश बोर्ड की नवंबर माह की रिपोर्ट के मुताबिक सड़क निर्माण के लिहाज से गोरखपुर जनपद पूरे राज्य में पहली रैंकिंग पर है। गोरखपुर ने ग्रामीण अभियंत्रण विभाग के नोडलशिप में नवंबर माह तक ग्रामीण सड़कों के निर्माण पर करीब 53 करोड़ रुपये खर्च कर 217 कार्य पूर्ण कर दिए थे। इस वित्तीय वर्ष के लिए गोरखपुर में सड़क निर्माण के लिए कुल 232 कार्य स्वीकृत हुए हैं और

ग्रामीण अभियंत्रण विभाग के तहत 1 अप्रैल 2025 से 30 नवंबर तक सड़क निर्माण की स्थिति

| जिला | पूर्ण | (व्यय-लाख रु.) |
|---|---|---|
| गोरखपुर | 217 | 5294.95 |
| देवरिया | 272 | 2751.42 |
| कुशीनगर | 244 | 2667.34 |
| महराजगंज | 60 | 954.21 |

इसके सापेक्ष 67 करोड़ रुपये से अधिक धनराशि उपलब्ध कराई जा चुकी है। सड़क निर्माण को लेकर सीएम डैश बोर्ड की नवंबर माह की रैंकिंग में पहला स्थान आने पर जिलाधिकारी दीपक मीणा का कहना है कि अन्य विकास कार्यों का भी नियमित पर्यवेक्षण कर यह प्रयास किया जाएगा कि अधिकतर मामलों में जनपद टॉप लिस्ट में शामिल हो।

## शिकायती प्रार्थना पत्र देकर जबरन जमीन कब्जा करने का लगाया आरोप, लगाई न्याय की गुहार

चौरीचौरा, गोरखपुर। चौरीचौरा तहसील क्षेत्र के ग्राम भैसहा टोला रघुनाथपुर निवासी रामनेवास पुत्र सरजू ने 22 दिसंबर 2025 को जनसुनवाई पोर्टल के माध्यम से मुख्यमंत्री को शिकायती प्रार्थना पत्र देकर गांव के ही विपक्षीगण द्वारा किए जा रहे अवैध कब्जे को रोकने की गुहार लगाते हुए तत्काल कार्रवाई की मांग किया है।

22 दिसंबर 2025 को दी गई शिकायती प्रार्थना पत्र के माध्यम से भैसहा टोला रघुनाथपुर निवासी पीड़ित रामनेवास ने बताया कि आराजी नंबर पन्द्रह सौ इक्यानबे रकबा शून्य दशमलव तीन सौ चौरानबे हेक्टेयर पर गांव के ही राजू पुत्र सुभाष व गुलाब पुत्र कल्पनाथ, आराजी हड़पने की नियति से अवैध कब्जा कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि उक्त जमीन के संबंध में सिविल जज जूनियर डिविजन गोरखपुर में रामनेवास बनाम राजू वगैरह से एक वाद विचाराधीन है। जिसमें जिसमें 16दिसंबर 25 को अस्थाई निषेधाज्ञा का आदेश पारित हो चुका है। आरोप है कि विपक्षी हल्का लेखपाल व राजस्व निरीक्षक के मिलीभगत से अस्थाई निषेधाज्ञा आदेश के बाद भी निर्माण करा रहे हैं।यह भी आरोप है कि विपक्षी फर्जी मुकदमे में फंसाने की धमकी दे रहा है।

## गायत्री और वेद मंत्रों की आहुतियों से भक्तिमय हुआ माहौल



गोरखपुर। राष्ट्रीय कन्या इण्टर कालेज के मैदान में चल रहे राष्ट्र जागरण नारी सशक्तिकरण 108 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ के दूसरे दिन एक हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने आहुति डाल कर लोक मंगल व कल्याण की कामना किया।

सोमवार को व्यास पीठ पर विराजमान शांति कुंज हरिद्वार की ब्रह्मवादिनी बहन श्यामा राठौर ने नेतृत्व में अरुंधती शाह, मंदाकिनी तिवारी, लक्ष्मी साहू, विजयलक्ष्मी यादव, संगीता चंद्राकर ने विधिवत देव आराधना के पश्चात गायत्री और वेद मंत्रों द्वारा यज्ञाग्नि में आहुति प्रदान कराई। इस अवसर पर शांतिकुंज हरिद्वार के निर्देश पर सम्भल से आए गायत्री परिवर्जकों की टीम ने यज्ञ करने वाले श्रद्धालुओं का सहयोग किया।

कार्यक्रम में संयोजक आलोक सिंह, लक्ष्मीनारायण गुप्त, सुभाष विश्वकर्मा अनिल कुमार पाण्डेय, चेयरमैन प्रतिनिधि महेश उमर, राधेश्याम कुशवाहा, विरेन्द्र नारायण गुप्ता,

राजीव दूबे, डा बांके बिहारी मिश्रा, बसंत गुप्ता, पुरुषोत्तम जायसवाल, मीडिया प्रभारी सन्तोष जायसवाल, गीता कुशवाहा, अतरवासी देवी, संध्या श्रीवास्तव, संध्या जायसवाल, मीरा जायसवाल, विजयलक्ष्मी जायसवाल, सुभाष मौर्य, धर्मेंद्र यादव, महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## मनरेगा से महात्मा गांधी का नाम हटाने को लेकर कांग्रेस ने किया विरोध प्रदर्शन



इटावा। उत्तर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय के निदेर्शानुसार जिलाध्यक्ष आशुतोष दीक्षित के नेतृत्व में कांग्रेस जनों ने कचहरी परिसर में मनरेगा योजना से महात्मा गांधी जी का नाम हटाए जाने को लेकर निरोध प्रदर्शन करते हुए जिलाधिकारी के माध्यम से राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन सौंपा। राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन में जिलाध्यक्ष आशुतोष दीक्षित ने कहा कि जनता को हर अधिकार से वंचित करने का घृणित षड्यंत्र भाजपा सरकार कर रही है। शहर अध्यक्ष मोहम्मद राशिद ने कहा मनरेगा को निरस्त करने के लिए विधेयक पेश करने का कार्यक्रम भाजपा का एक अत्यन्त सुनियोजित कदम है। जिसे गरीबों के हक में कांग्रेस पार्टी कभी पूरा नहीं होने देगी। पूर्व प्रांतीय अध्यक्ष अनिल यादव ने कहा कि यह कोई सामान्य विधायी प्रक्रिया नहीं है, यह एक ऐतिहासिक, अधिकार-आधारित जन कल्याण कारी कानून को निरस्त कर देश के गरीब मजदूरों का अधिकार छीनना है। प्रदर्शन करने वालों में पूर्व जिलाध्यक्ष मलखान सिंह यादव, पूर्व शहर अध्यक्ष पल्लव दुबे, कोमल सिंह कुशवाहा, करन सिंह राजपूत, पीसीसी सदस्य प्रशांत तिवारी, वाचस्पति द्विवेदी, सतीश नागर, संजय दोहरे, कुसुमलता उपाध्याय, विष्णुकांत मिश्रा, नरेंद्र यादव, मोहनलाल प्रजापति, कृपाराम राजपूत, सुनीता कुशवाहा, आशाराम कठेरिया, सतीश शाक्य, सरवर अली, प्रदीप द्विवेदी, दीक्षा शुक्ला, सुहेल एवं अंसार अहमद सहित तमाम कांग्रेस जन उपस्थित रहे।

## भतीजी की लगन के दिन चाचा की मौत से छाया मातम



भरथना, इटावा। भरथना कोतवाली क्षेत्र के ग्राम रमायन में भतीजी की लगुन के दिन खुशियों से भरा घर पल भर में मातम में बदल गया। क्षेत्र के भोली चैराहे के समीप गांव से बाहर सड़क किनारे पानी भरे गड्ढे में 28 वर्षीय युवक का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान रजनेश पुत्र मानसिंह दोहरे निवासी रमायन के रूप में हुई है। भतीजी स्वाति पुत्री जितेंद्र की लगुन सोमवार को होनी थी और और अगले दिन मंगलवार को औरैया से शादी होनी थी। घर में शादी की तैयारियां जोरों पर थीं। रविवार की शाम करीब 8 बजे रजनेश अपने एक दोस्त के साथ बाइक से बाजार जाने के लिए घर से निकला था, लेकिन रात भर वापस नहीं लौटा। सोमवार सुबह करीब साढ़े 9 बजे ग्रामीणों ने सड़क किनारे पानी भरे गड्ढे में उसका शव पड़ा देखा, जिससे हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे। बड़ी बहन अर्चना पत्नी चंद्रभान, छोटी बहन डॉली, बड़ा भाई जितेन्द्र, मां-बाप सहित रिश्तेदारों का रजनेश का शव देखकर रो-रोकर बुरा हाल हो गया। देखते ही देखते गांव में मातमी सन्नाटा पसर गया और खुशी का माहौल गम में तब्दील हो गया। घटना की सूचना पर भरथना पुलिस क्षेत्राधिकारी रामवदन मौर्य, थानाध्यक्ष विक्रम सिंह पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और घटना स्थल का मौका मुआयना कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मौत के कारणों को लेकर कई सवाल खड़े हो रहे हैं। पुलिस क्षेत्राधिकारी का कहना है कि सभी पहलुओं की जांच की जा रही है। एक ओर जहां घर में शादी की शहनाइयां बजने वाली थीं, वहीं अब आंसुओं का सैलाब है। पूरे गांव में इस दर्दनाक घटना को लेकर शोक व्याप्त है।

## कॉलेज में घुसकर मनबढ़ों ने छात्र पर किया हमला



-सर्वोदय इंटर कालेज में चाकूबाजी, 17 वर्षीय छात्र घायल
-गगहा पुलिस ने संदिग्धों को हिरासत में लेकर कर रही पूछताछ

गगहा, गोरखपुर। कौड़ीराम क्षेत्र के सर्वोदय किसान इंटर कॉलेज परिसर में सोमवार को उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब कुछ मनबढ़ जबरन कालेज में घुसकर एक छात्र पर चाकू से हमला कर दिया। घटना में 12वीं का छात्र विपुल गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे आनन-फानन में नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र फिर गंभीर हालत देख जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। मिली जानकारी के अनुसार, कौड़ीराम कस्बें में सर्वोदय किसान इंटर कालेज स्थित है। सोमवार की दोपहर में अचानक कुछ मनबढ युवा कालेज परिसर में जबरन दाखिल हुए, और कालेज में 12वीं में पढने वाले छात्र विपुल (17 वर्ष) पर चाकू से ताबड़तोड़ हमला कर फरार हो गए। घायल छात्र बांसगांव थाना क्षेत्र के बघराई गांव का रहने वाला है। घटना के बाद स्कूल परिसर में दहशत फैल गई और शिक्षक व छात्र सहम गए। सूचना मिलते ही गगहा पुलिस मौके पर पहुंची और घायल छात्र को तत्काल इलाज के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर भर्ती कराया। वहां से प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने घायल छात्र को जिला अस्पताल भेज दिया। इस मामले में गगहा पुलिस कुछ लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। घटना के बाद विद्यालय प्रशासन छात्रों की सुरक्षा को लेकर चिंता जताई है। और पुलिस से स्कूल परिसर के आसपास गश्त बढ़ाने की मांग की है।

## पेनाल्टी शूटिंग आउट से नेपाल की काठमांडू इलेवन ने फाइनल मुकाबला जीता

### बड़हलगंज में ऑल इंडिया फुटबॉल टूर्नामेंट फाइनल मुकाबला रहा काफी रोमांचक




गोरखपुर। बड़हलगंज में आयोजित ऑल इंडिया फुटबॉल टूनार्मेंट का फाइनल मुकाबला नेपाल की काठमांडू इलेवन ने जीत लिया है। कड़े संघर्ष के बाद नेपाल ने नेशनल स्पोर्टिंग क्लब, बड़हलगंज को पेनल्टी शूटआउट में 5-4 से हराया।

मानव शिक्षा सेवा संस्थान द्वारा संचालित नेशनल स्पोर्टिंग क्लब (ओल्ड) के तत्वावधान में आयोजित इस टूनार्मेंट का फाइनल मुकाबला नेशनल स्पोर्टिंग क्लब, बड़हलगंज और काठमांडू इलेवन, नेपाल के बीच खेला गया। पहले हाफ के 13वें मिनट में नेपाल के खिलाड़ी कृपा ने गोल कर अपनी टीम को 1-0 की बढ़त दिलाई।

मध्यांतर के बाद, बड़हलगंज के खिलाड़ी अल दावों ने 12वें मिनट में गोल दागकर मुकाबला 1-1 की बराबरी पर ला दिया। निर्धारित समय तक यही स्कोर बना रहा। निर्धारित समय में मैच का निर्णय न होने पर मुकाबला अतिरिक्त समय में गया, लेकिन दोनों टीमें कोई और गोल नहीं कर सकीं। इसके बाद मैच का फैसला पेनल्टी शूटआउट से हुआ, जिसमें नेपाल की टीम ने बड़हलगंज को 5-4 से पराजित कर ट्रॉफी अपने नाम कर ली। विजेता टीम नेपाल को 61 हजार रुपये और उपविजेता बड़हलगंज को 41 हजार रुपये की नगद पुरस्कार राशि प्रदान की गई। प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार नेपाल के खिलाड़ी कृपा को मिला, जबकि प्लेयर ऑफ द सीरीज का सम्मान बड़हलगंज के गोलकीपर साहिल को दिया गया। मैच के दौरान निर्णायक खुर्शीद आलम, इजहार आलम, अजीजुल हक और मो. शाहिद की निगरानी में खेल अनुशासित रहा। कमेंट्री बॉक्स से राज प्रकाश शाही और वीरेंद्र कुमार ने अपनी कमेंट्री से दर्शकों का उत्साह बढ़ाया। समापन समारोह में मुख्य अतिथि आलोक गुप्ता और विशिष्ट अतिथि पूनम गुप्ता एवं शिखर गुप्ता ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका उत्साहवर्धन किया। उन्होंने विजेता और उपविजेता टीमों को सम्मानित भी किया। इस अवसर पर स्टेडियम में अध्यक्ष योगेश राय, संरक्षक इम्तियाज अहमद, मोहम्मद यूसुफ, संयोजक राम नगीना यादव, कोषाध्यक्ष रामदास मद्धेशिया, सलाउद्दीन, धीरज राय, सुनील यादव, चुन्नू, तीर्थराज, अशोक, श्रवण जायसवाल, ओमप्रकाश, सकलैन, कैप्टन आर.वी. यादव और सरफराज अहमद सहित सैकड़ों दर्शक मौजूद रहे।

## आकांक्षा को सदस्य बनाये जाने पर किया सम्मानित



इटावा। आकांक्षा गुप्ता के भारतीय जनता पार्टी की प्रान्तीय परिषद में सदस्य के रूप में निर्वाचित किए जाने पर भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष दीपक गुप्ता व उनके मंडल के पदाधिकारियों ने सम्मानित किया। भारतीय उद्योग व्यापार मंडल की एक आवश्यक बैठक जिला अध्यक्ष दीपक गुप्ता की अध्यक्षता में उनके निज आवास पर संपन्न हुई जिसमें संगठन को गतिशील बनाने के लिए बल दिया गया। व्यापारियों को अधिक से अधिक संख्या में जोड़ने के लिए अभियान चलाने की का संकल्प लिया गया। बैठक में सर्वसम्मति से अवनीश कटारे को सोशल मीडिया प्रभारी नियुक्त किया गया। उमाकांत जैन व निशा पोरवाल को जिला उपाध्यक्ष, राजीव बंसल व मोहित गुप्ता को जिला मंत्री नियुक्त किया गया। करण श्रीवास्तव को शहर इटावा का उपाध्यक्ष तथा पिंकी श्रीवास्तव को जिला महिला का उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया। बैठक में सर्वसम्मति से आकांक्षा गुप्ता को सम्मानित करने का भी प्रस्ताव पारित किया गया। इसके बाद उन्हें माला पहनकर व अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। आकांक्षा गुप्ता का स्वागत करने वालों में आकाशदीप जैन जिलामहामंत्री, प्रशांत दीक्षित कोषाध्यक्ष, राजीव कुमार गुप्ता जिलामीडिया प्रभारी, मनोज गुप्ता प्रदेश उपाध्यक्ष अंतरराष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन, रजत जैन नगर अध्यक्ष, सुरेंद्र सिंह तथा अनूप शाक्य सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

## सदस्य ही संगठन की रीढ़ होते हैं : जेपी गुप्ता

चौरीचौरा, गोरखपुर। पूर्वांचल पत्रकार एसोसिएशन उप्र0 की प्रदेश स्तरीय बैठक प्रदेश अध्यक्ष चन्द्रभान तिवारी की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राष्ट्रीय संयोजक जेपी गुप्ता एडवोकेट रहे। कार्यक्रम में विभिन्न जनपदों के लोगों ने संगठन विस्तार पर वृहद रूप से चर्चा किया। निष्क्रिय साथियों पर विचार करते हुए सक्रिय साथियों को जिम्मेदारी सौंपने पर चर्चा की गई। बैठक को मुख्य अतिथि राष्ट्रीय संयोजक जेपी गुप्ता ने संबोधित करते हुए संगठन विस्तार पर वृहद रूप से चर्चा किया। उन्होंने कहा कि संगठन का बल सदस्यों की संख्या बल पर निर्भर करता है। इसके साथ ही साथ संगठन में अनुशासन के महत्व पर भी जोरदार चर्चा किया। उन्होंने सभी साथियों से संगठनहित में अनुशासित तथा संगठित रहने की अपील किया। बैठक में दूर दराज से आए तमाम लोगों ने संगठन विस्तार पर अपने अपने विचार व्यक्त किए। उक्त अवसर पर वरिष्ठ पत्रकार घनश्याम कसौधन, प्रकाश चंद पाण्डेय, उमाशंकर शुक्ला, डाक्टर टीएन गुप्ता, एस एन द्विवेदी अनुराग सिंह, सत्यप्रकाश त्रिपाठी, रिंकू मिश्रा, अवधेश दूबे, जेपी कुशवाहा, दिनेश गुप्ता, एम एम खान उर्फ फिरोज खान सुमेर नाथ पाण्डेय, राम संजीवन पाण्डेय अध्यक्ष निचलौल संजय कुमार, यशोदा नन्द सिंह, विजय मोदनवाल, सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

## पूस की सर्दी में कांपी रूह, अलाव जलाने वाले लापरवाह

जिला संवाददाता

**चकरनगर, इटावा।** तहसील क्षेत्र चकरनगर में प्रशासकों की लापरवाही से पूस माह की कड़ाके की ठंड में भी समूचे तहसील क्षेत्र में एक भी अलाव नहीं जलाए गए। सर्दी से कांपते लोग बचाव के लिए रविवार को एक कस्बा के चैराहे पर कचरे से तापते दिखाई दिए और बिल लाखों रुपये की लकड़ी खरीदने का लगाया जायेगा।

चकरनगर क्षेत्र पांच नदियों के संगम के साथ तलहटी वाला इलाका जनपद में सबसे अधिक ठंडा रहता है, लेकिन अलाव जलाने में यहां प्रशासक हमेशा लापरवाही बरतते है। यहां अलाव के लिए लकड़ी खरीदने का लाख रुपये से अधिक का बिल बाउचर लगाया जाता है, किन्तु अलाव सिर्फ सीमित समय के लिए ही जलाए जाते है और उसमें भी लकड़ी काटने वाले ठेकेदारों से सिर्फ फ्री में अन्य उपयोगी ठूंठ रख कर फोटो खींच लिए जाते है। इस बात की हकीकत का तो अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि पूस के महीने में पारा निरंतर गिरता जा रहा है और सूर्य देव दो दिन से दिखाई नहीं दे रहे है, किन्तु बावजूद इसके भी रविवार को भी प्रशासनिक अधिकारियों के द्वारा समूचे तहसील क्षेत्र में एक भी अलाव नहीं जलवाया गया। रविवार शांम को कस्बा चकरनगर के चैराहे पर ठंठ से कांपते राहगीर एक कौने पर एकत्रित कचरे के ढेर में पड़ी पॉलीथिन से तापते दिखाई दिए। जंगल वाले क्षेत्र में भी अलाव न जलाया जाना भी एक सर्मनाक बात से कम नहीं है। क्षेत्र के समाजसेवी हरी तिवारी ददरा, उदय वीर सिंह दोहरे पूर्व प्रधान राजपुर, लंकू यादव, कौशलेन्द राजावत, अरविंद तिवारी आदि ने जिलाधिकारी से अलाव जलाने के साथ उक्त मामले में जांच कर कार्रवाई की मांग की है। विष्णुदत्त मिश्र, तहसीलदार चकरनगर ने बताया कि अलाव जलाए गए होंगे, अभी जानकारी करते है और फोटो मंगाते है, फिर जनाव ने फोन नहीं उठाया।

## बैंकर्स समिति की बैठक आयोजित

इटावा। जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल की अध्यक्षता में जिला बैंकर्स समिति की बैठक कलेक्ट्रेट स्थित नवीन सभागार में आयोजित की गई। उन्होंने कहा कि सीडी रेशियो पर सरकार का विशेष फोकस है इसलिए सभी अधिकारीगण द्वारा सीडी रेशियो की ग्रोथ को बढ़ाने पर विशेष ध्यान दिया जाए। उन्होंने कहा कि शासन से हमारे जनपद के लिए 65ः का टारगेट रखा गया है, इसलिए सभी बैंक में 65 प्रतिशत सीडी रेशियो होना चाहिए एवं 65 प्रतिशत से कम सीडी रेशियो वाली बैंक्स को स्ट्रेटजी बनाकर काम करने हेतु निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनपद का विकास सीडी रेशियो पर निर्भर करता है। उन्होंने कहा कि एमएसएमई सेक्टर में अधिक से अधिक लोन स्वीकृत करके ज्यादा से ज्यादा लोगों को लोन दिया जाए। उन्होंने सभी बैंकों को अधिक से अधिक एजुकेशन लोन देने हेतु निर्देश दिए, जिससे बच्चों को पढ़ाई में मदद मिलेगी एवं रोजगार प्राप्त करने में सहायता मिलेगी। ग्रामीण बैंक को एजुकेशन लोन देने हेतु एवं इसका अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार करने हेतु निर्देश दिए। बैंक ऑफ इंडिया और इंडियन ओवरसीज बैंक का परफॉर्मेंस बहुत ही खराब पाया गया। उन्होंने बैंक ऑफ इंडिया को सैफई में कैंप लगाए जाने हेतु निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी बैंकों द्वारा हर महीने कैंप, आयुटरेज प्रोग्राम आदि कार्यक्रम किए जाएं, जिससे अधिक लाभ प्राप्त हो सके एवं सीडी रेशियो का टारगेट पूरा कर सकें।

## करंट की चपेट से किसान की मौत

जसवंतनगर, इटावा। क्षेत्र के कुरसेना गांव में सोमवार को खेत में पानी लगाने के दौरान हादसा हो गया। ट्यूबवेल पर गेहूँ की खेत में पानी लगाते समय करंट उतरने से किसान की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही परिजन आनन-फानन में किसान को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए, जहां डॉ. वीरेंद्र सिंह ने उसे मृत घोषित कर दिया।

मृतक की पहचान कुरसेना गांव निवासी 49 वर्षीय सर्वेश कुमार पुत्र कायम सिंह के रूप में हुई है। बताया गया कि सर्वेश अपने गेहूं के खेत में सिंचाई के लिए ट्यूबवेल चला रहे थे, इसी दौरान स्टार्टर में अचानक करंट आ गया और वह उसकी चपेट में आ गए। इस हादसे में उनकी मौके पर ही जान चली गई।

किसान की मौत से परिवार में कोहराम मच गया है। मृतक अपने पीछे पत्नी बबली, बेटा प्रिंस और बेटी दीप्ति को छोड़ गए हैं। सूचना पर धरवार चैकी इंचार्ज यशवीर सिंह तोमर सीएचसी पहुंचे और शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। थाना प्रभारी कमल भाटी ने बताया कि मौत के कारणों की पुष्टि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकेगी।

## कैंसर का पता शुरू में लग जाये तो इलाज संभव : कुलपति

### सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए टीकाकरण कराया




सैफई, इटावा। उत्तर प्रदेश आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय यूपीयूएमएस, सैफई में सोमवार को स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग के तत्वावधान में सर्वाइकल कैंसर स्क्रीनिंग एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ कुलपति प्रोफेसर डॉ. अजय सिंह द्वारा किया गया। इस अवसर पर 9 वर्षीय आर्या को सर्वाइकल कैंसर से बचाव हेतु एचपीवी ह्यूमन पैपिलोमा वायरस वैक्सीन का टीकाकरण भी कराया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कुलपति प्रोफेसर डॉ. अजय सिंह ने कहा कि यदि सर्वाइकल कैंसर एवं ब्रेस्ट कैंसर का पता प्रारंभिक अवस्था में लग जाए तो इनका सफल उपचार संभव है। इसके लिए नियमित स्क्रीनिंग एवं सामुदायिक जागरूकता अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग के प्रयासों की सराहना करते हुए सभी महिलाओं से अपील की कि वे ओपीडी में आकर नियमित रूप से अपनी सर्वाइकल कैंसर स्क्रीनिंग अवश्य कराएं। इस अवसर पर स्त्री एवं प्रसूति रोग विभागाध्यक्ष प्रोफेसर डॉ. कल्पना कुमारी ने बताया कि सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम हेतु महिलाओं की स्क्रीनिंग के साथ-साथ इस कार्यक्रम के माध्यम से कुलपति के निर्देशन में 300 डोज एचपीवी वैक्सीन निःशुल्क लगाए जाने का संकल्प लिया गया है। विभाग द्वारा सामुदायिक जागरूकता के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। कार्यक्रम में 9 वर्षीय आर्या का टीकाकरण किया गया। आर्या ने सभी माता-पिता से अपील करते हुए कहा कि उन्होंने आज टीकाकरण कराया है और वह बहुत खुश हैं। उन्होंने सभी अभिभावकों से अपनी बच्चियों का टीकाकरण अवश्य कराने की अपील की। कार्यक्रम में चिकित्सकगण, स्त्री एवं प्रसूति विभाग संकाय सदस्य, नर्सिंग स्टाफ, छात्र-छात्राएं एवं बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित रहीं।

## अटल प्रतिमा का अनावरण 24 को

इटावा। एक माह पूर्व से निर्धारित 24 दिसंबर को भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा एवं अटल पथ का लोकार्पण अपने समयानुसार 24 दिसंबर को दिन में 2 बजे प्रदेश सरकार में वरिष्ठ मंत्री, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह एवं प्रभारी मंत्री धर्मवीर प्रजापति के कर कमलों से होगा।

**आवश्यकता**

**आवश्यकता है**

स्नातक (बी.ए.) के प्राचीन इतिहास, भूगोल, गृहविज्ञान तथा परास्नातक (एम.ए.) के हिन्दी, शिक्षाशास्त्र, समाजशास्त्र हेतु यू.जी. सी./ विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित योग्यताधारी प्रवक्ताओं की। यू.जी. हेतु एक-एक प्रवक्ता और पी.जी. हेतु दो-दो प्रवक्ता प्रतिविषय।

इच्छुक अभ्यर्थी अर्हता सम्बन्धी अभिलेख एवं पासपोर्ट साइज फोटो सहित अपना आवेदन पत्र विज्ञापन के 15 कार्यदिवस के अन्दर उपलब्ध करायें। साक्षात्कार में बुलाये जाने हेतु किसी प्रकार का भत्ता देय नहीं होगा।

प्रबन्धक
आदर्श पी.जी. कालेज ऑफ एजूकेशन,
सलारपुर देवाशरीफ, बाराबंकी-225310

कार्यालय ग्राम पंचायत रोहनीखोजगीपुर, वि.ख.- दोस्तपुर, जनपद-सुलतानपुर
पत्रांक-मेमो/ग्रा.पं./निविदा/कोटेशन सूचना/2025-26    दिनांक-22.12.2025

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि ग्राम पंचायत रोहनीखोजगीपुर, विकासखंड-दोस्तपुर जनपद-सुलतानपुर राज्य वित्त/केन्द्रीय वित्त योजनान्तर्गत वर्ष 2025-2026 के क्रम में इच्छुक फर्म मालिक दिनांक-23.12.2025 से दिनांक 29.12.2025 तक कार्यालय ग्राम पंचायत रोहनीखोजगीपुर पर ग्राम प्रधान/सचिव को निविदा उपलब्ध करा सकते है। निविदा दिनांक- 27.12.2025 को निविदादाताओं की उपस्थिति में शाम 03:00 बजे खोली जाएगी।

| क्रम सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (रुपये में) | सामग्री विवरण |
|---|---|---|---|
| 1. | प्राथमिक विद्यालय एवं बाउंड्रीवाल की रंगाई-पुताई चित्र लेखन एवं कायाकल्प। | 2 लाख। | पेंट व अन्य सामग्री। |
| 2. | कृष्णा शर्मा के घर में पूर्व नाला तक पक्की नाली एवं पटिया कार्य। | 2 लाख। | ईंट, मोरंग, सीमेंट व अन्य सामग्री। |

नोट- समस्त नियम व शर्ते लागू होंगी। कार्यालय की किसी भी कार्य दिवस में देखी जा सकती है।

ग्राम प्रधान/सचिव
ग्रा.पं.- रोहनीखोजगीपुर, वि.ख.- दोस्तपुर
जनपद-सुलतानपुर।

**पूर्वोत्तर रेलवे**

**ई-ऑक्शन सूचना**

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक पूर्वोतर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई ऑक्शन से सम्बन्धित सूचना **एडमिन यूनिट/जोन** लखनऊ-पू0उ0रे0-मण्डल-वाणिज्य/पू0उ0रे0 **नीलामी सूची सं0/लॉट सं0:** WVM-LJND-02-25 **नीलामी सूची प्रकाशन तिथि:** 17.12.2025 समय 18:05 बजे **नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट):** 02.01.2026 समय 10:00 बजे **नीलामी बन्द करने की तिथि व समय:** 02.01.2026 समय 10:30 बजे **नीलामी का प्रकार:** Close Ended **वेबसाइट विवरण जहाँ पंजीकृत बोलीदाताओं द्वारा नीलामी का पूरा विवरण देखा जा सकता है:** E-Auction Module of www.ireps.gov.in

सहायक वाणिज्य प्रबन्धक
मुजाधि/वाणिज्य-205    लखनऊ

ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें

संक्षेप

## तेज रफ्तार स्कॉर्पियो ने फेरीवाले को कुचला, मौत

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। अलीगंज रोड स्थित भारत पेट्रोल पंप के पास सोमवार को हुए सड़क हादसे में कपड़े की फेरी लगाने वाले एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई। हादसा उस समय हुआ, जब सामने से तेज रफ्तार और लापरवाही से आ रही सफेद स्कॉर्पियो गलत साइड से आकर बाइक से टकरा गई। हादसे में मृतक की पहचान अतीक अहमद पुत्र हाजी महमूद हुसैन निवासी समरखेड़ा, थाना जहानाबाद, जिला पीलीभीत के रूप में हुई है। अतीक अहमद बाइक से गोला से अलीगंज की ओर कपड़े बेचने जा रहे थे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार टक्कर इतनी भीषण थी कि अतीक अहमद ने मौके पर ही दम तोड़ दिया, जबकि स्कॉर्पियो चालक वाहन समेत फरार हो गया। मृतक के पुत्र मोहम्मद रिजवान की तहरीर पर कोतवाली में अज्ञात चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।

## चंदन के चार पेड़ चोरी से कटे

मोहम्मदी खीरी। कस्बा में स्टेट हाईवे पर एक खेत में खड़े चार पेड़ चंदन के लकड़कट्टो द्वारा चोरी से काट लेने का आरोप लगाते हुए वन विभाग को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। कस्बा मुहल्ला बबौरी निवासी सरलू ने 20 वर्ष पहले अपने गाटा संख्या 40 में 5 पेड चंदन के रोपें थे लंबी परवरिश के बाद तैयार किया था। जिसे चोरी से लकड़कट्टो द्वारा रात्रि में चार पेड़ों को काटकर चोरी कर ले गए हैं जिनकी अनुमानित कीमत लाखों में बताई गई है। पीड़ित ने पुलिस समेत वन विभाग के अधिकारियों को घटना की शिकायत देकर कार्रवाई की गुहार लगाई है। वन दारोगा अखिलेश सिंह ने बताया जानकारी मिली है मौके का निरीक्षण किया गया जिसमें सफेद चंदन के पेड़ थे। जो परमिट क्षेत्र से बाहर होते हैं।

## हथियारों के साथ वायरल फोटो की तफ्तीश में जुटी खाकी

आजमगढ़। जिले के थाना रौनापार क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सिवान निवासी एक युवक की हथियारों के साथ फोटो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद क्षेत्र में चचाओं का माहौल बन गया है। वायरल तस्वीर में युवक के हाथों में हथियार जैसी वस्तु दिखाई दे रही है, जिसे लेकर लोग अलग-अलग कयास लगा रहे हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार सत्यम यादव पुत्र हरिकेश यादव, निवासी ग्राम सिवान की यह तस्वीर इंस्टाग्राम स्टोरी के माध्यम से सामने आई, जो देखते ही देखते सोशल मीडिया पर तेजी से फैल गई। तस्वीर के वायरल होते ही यह सवाल उठने लगे कि फोटो कब की है और उसमें दिखाई दे रही वस्तु असली हथियार है या केवल दिखावे की चीज। फिलहाल इस पूरे मामले को लेकर कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हो सकी है। फोटो की सत्यता, समय और उसमें दिखाई दे रही वस्तु के वास्तविक या नकली होने को लेकर स्थिति पुलिस जांच के बाद ही स्पष्ट हो सकेगी। इस संबंध में अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण चिराग जैन ने बताया कि मामले की जांच थानाध्यक्ष रौनापार को सौंप दी गई है। जांच में जो भी तथ्य सामने आएंगे, उसी के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# आशा संगिनियों का धरना, मानदेय व कर्मचारी दर्जे की मांग तेज



गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। लंबे समय से लंबित मांगों पर सुनवाई न होने से नाराज आशा संगिनियों ने सोमवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में धरना-प्रदर्शन किया। बड़ी संख्या में जुटी कार्यकताओं ने मानदेय वृद्धि और कर्मचारी का दर्जा देने की मांग को लेकर सरकार व प्रशासन के खिलाफ रोष जताया।

आशा संगिनियों ने बताया कि उनसे लगातार अतिरिक्त कार्य लिया जा रहा है, लेकिन उसके अनुपात में न तो मानदेय बढ़ाया जा रहा है और न ही कार्य की कोई स्पष्ट सीमा तय की गई है। इससे उन्हें आर्थिक और मानसिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। धरना दे रहीं आशा कर्मियों ने मांग पत्र सौंपते हुए आशा कार्यकताओं को सरकारी कर्मचारी का दर्जा देने, 21 हजार रुपये मासिक मानदेय निर्धारित करने तथा विभिन्न मदों में लंबे समय से लंबित बकाया भुगतान शीघ्र कराने की मांग की। इसके साथ ही ईपीएफ और ईएसआई का सदस्य बनाए जाने, सेवानिवृत्ति पर ग्रेच्युटी का भुगतान सुनिश्चित करने, भ्रमण भत्ता दिए जाने और कार्य के लिए गुणवत्ता वाला मोबाइल उपलब्ध कराने की मांग भी उठाई गई। आशा संगिनियों ने गोल्डन आयुष्मान कार्ड और आभा कार्ड के सृजन में किए गए योगदान का भुगतान बिहार राज्य की तर्ज पर प्रति कार्ड 15 रुपये की दर से किए जाने की मांग की। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि मांगों पर शीघ्र सकारात्मक कार्रवाई नहीं की गई तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

## राजस्व न्यायालयों में न्यायिक प्रक्रिया का हो रहा उल्लंघनः अरविन्द

- कालबाधित दावे, तजवीजसानी, अपील निगरानी स्वीकार नहीं किए जाने से नाराज डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन आजमगढ़ सड़क पर उतरकर अधिवक्ताओं का प्रदर्शन

आजमगढ़। जिलाधिकारी आजमगढ़ की न्यायिक कार्यशैली से नाराज होकर दी डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन आजमगढ़ के अध्यक्ष अरविन्द कुमार पाठक की अगुवाई में अधिवक्ताओं ने चक्रमण कर जमकर नारेबाजी और प्रदर्शन किया।

प्रदर्शन के पूर्व दी डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन आजमगढ़ के सभागार में साधारण सभा की बैठक हुई है। जिसमे दो बिन्दु पर प्रस्ताव पारित कर न्यायिक कार्य से विरत रहे। एसोसिएशन के अध्यक्ष अरविन्द कुमार पाठक ने कहाकि जिलाधिकारी समेत सभी राजस्व न्यायालयों में न्यायिक प्रक्रिया का पालन नहीं किया जा रहा है। स्थिति यह है कि कालबाधित दावे, तजवीजसानी, अपील निगरानी स्वीकार नहीं किये जा रहे और न ही उन्हें आन लाइन वाद दर्ज किया जा रहा है। जिससे नैसर्गिक न्याय का हनन हो रहा है। उक्त के संबंध में जिलाधिकारी से कई बार वातार्लाप हुआ लेकिन आज तक कोई सार्थक कार्यवाही नहीं की गई। जिससे क्षुब्ध होकर अधिवक्ताओं को प्रदर्शन करने को बाध्य होना पड़ा। अगर हमारी मांगे नहीं पूरी हुई तो जनपद के सभी बार संगठन एक राय होकर एक उग्र आंदोलन करने को बाध्य होंगे जिसकी पूरी जिम्मेदारी जिलाधिकारी आजमगढ़ की होगी। मंत्री रणधीर सिंह ने कहाकि राजस्व न्यायालयों द्वारा बगैर सुनवाई के ही वादों का खारिज किया जाना, माननीय सर्वोच्च न्यायालय व उच्च न्यायालय के आदेशों की अवहेलना है। जिससे वादकारियों का काफी अहित है और न्याय मिल पाना असंभव हो गया है। राजस्व न्यायालयों के मनमाने रवैये को बार बदाश्र्त नही करेगा। शीघ्र ही डीएम ने आवश्यक कदम नहीं उठाये तो हम मुखर होने को बाध्य होंगे। अधिवक्ताओं ने कलेक्ट्रेट का घेराव करते हुए जमकर नारेबाजी की। इस अवसर पर दी डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन आजमगढ़ के सभी अधिवक्ता उपस्थित रहे।

## छात्रा से छेड़छाड़ व पीछा करने का आरोप

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। कोतवाली क्षेत्र में एक नाबालिग छात्रा के साथ छेड़छाड़ और पीछा करने का गंभीर मामला सामने आया है। पीड़ित पिता ने कोतवाली में तहरीर देकर गांव के ही एक युवक पर बेटी को लगातार परेशान करने, अश्लील बातें कहने और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। पीड़ित के अनुसार उनकी पुत्री गोला स्थित कृषक समाज इंटर कॉलेज में कक्षा 11 की छात्रा है और प्रतिदिन साइकिल से गांव से स्कूल आती-जाती है। आरोप है कि गांव का ही एक युवक कई दिनों से रास्ते में उसका पीछा करता है और आपत्तिजनक टिप्पणियां कर छेड़छाड़ करता है। छात्रा द्वारा घर पर जानकारी देने के बाद जब पिता ने आरोपी के परिजनों से शिकायत की तो युवक विवाद पर उतारू हो गया और जान से मारने की धमकी देने लगा। पीड़ित का कहना है कि लगातार मिल रही धमकियों के कारण उनकी पुत्री भय के माहौल में जी रही है और स्कूल जाने से डर रही है, जिससे उसकी पढ़ाई भी प्रभावित हो रही है। मजबूर होकर पिता ने कोतवाली पहुंचकर पुलिस से बेटी की सुरक्षा सुनिश्चित कराने और आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

## ट्रांसफार्मर मरम्मत के नाम पर घंटों गुल रही बिजली

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। पहले से ही बिजली कटौती, बार-बार ट्रिपिंग और लोकल फॉल्ट की मार झेल रहे उपभोक्ताओं को सोमवार को एक और परेशानी का सामना करना पड़ा। काशीराम कॉलोनी के पास ट्रांसफार्मर रिपेयरिंग कार्य के चलते अचानक बिजली आपूर्ति बाधित कर दी गई, जिससे कई इलाकों में अंधेरा छा गया। विद्युत विभाग के अनुसार काशीराम कॉलोनी के समीप नया ट्रांसफार्मर बनाए जाने का कार्य चल रहा है, जिसके कारण बिजली सप्लाई बहाल होने में समय लग रहा है। इसी क्रम में बरकाती मस्जिद के पास ट्रांसफार्मर मरम्मत के लिए 2 नंबर फीडर का शटडाउन लिया गया, जिससे संबंधित क्षेत्रों की बिजली आपूर्ति पूरी तरह ठप हो गई। अचानक हुई कटौती से घरेलू उपभोक्ताओं के साथ-साथ व्यापारियों को भी भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। लोगों का कहना है कि बीते कई दिनों से बिजली की आंख-मिचैली, ट्रिपिंग और लोकल फॉल्ट आम बात हो गई है, जिससे जनजीवन और कारोबार दोनों प्रभावित हो रहे हैं। स्थानीय उपभोक्ताओं ने विद्युत विभाग से मांग की है कि यदि मरम्मत या रखरखाव के लिए शटडाउन लिया जाता है, तो उसकी पूर्व सूचना दी जाए और कार्य को तय समय सीमा में पूरा कर जल्द से जल्द बिजली आपूर्ति बहाल की जाए, ताकि आम जनता को अनावश्यक परेशानी न झेलनी पड़े।

## गूम चीनी में लीगल ऐड क्लीनिक का शुभारंभ

लखीमपुर खीरी। ग्रामीणों को सुलभ और त्वरित न्याय दिलाने की दिशा में बड़ा कदम उठाया गया। ग्राम पंचायत गूम चीनी में शनिवार को लीगल ऐड क्लीनिक का




उद्घाटन किया गया। यह शुभारंभ उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ एवं जनपद न्यायाधीश/ अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण लखीमपुर खीरी के निर्देशन में वीरेंद्र नाथ पांडे, अपर जिला जज/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने किया। उक्त उद्घाटन समारोह में सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने बताया कि लीगल एड क्लीनिक के माध्यम से ग्रामीण आंचल में निवास करने वाले पात्र व्यक्तियों को निशुल्क प्रभावी विधिक सहायता एवं परामर्श प्रदान किया जाएगा। कार्यक्रम में नायब तहसीलदार अश्वनी कुमार, मेडिएटर अधिवक्ता, मोहम्मद सईद खान एवं प्राधिकरण के लिपिक अजीत कुमार, ग्राम प्रधान रामदत्त वर्मा, लीगल एड क्लीनिक में नामित पंचायत सहायक, आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों, आशा बहू, स्वयं सहायता समूह, की कोमल उपस्थित रही।

## किसानों की सैकड़ों बीघा फसल डूबी



लखीमपुर खीरी। विकास खंड लखीमपुर की ग्राम पंचायत महम्दाबाद के किसानों की सैकड़ों बीघा खेत में लगी फसल पानी भरने के कारण डूब गई है, जिसको लेकर किसानों में भारी नाराजगी फैली हुई है।

फसल नुकसान होने के कारण किसानों ने जिला पंचायत अध्यक्ष को एक अनुरोध पत्र दिया। ग्राम पंचायत महम्दाबाद के किसानों ने बताया है कि सैकड़ो बीघा खेत में लगी फसल डूब जाने से भारी नुकसान पहुंचा है। उन्हें आर्थिक नुकसान पहुंचा है। किसानों का कहना है कि सीतापुर रोड पर स्थित अमृत सरोवर का निर्माण कार्य हो जाने से पानी का निकास पूरी तरह से बंद हो गया है। नहर कटने व माइनर का पानी चलने से ग्राम पंचायत महम्दाबाद के किसानों की सैकड़ो बीघा गेहूं सरसों मसूर आदि की फसल डूब गई। किसानों का भारी नुकसान हो गया है। ग्राम पंचायत महम्दाबाद के सभी पीड़ित किसानों ने मांग की है कि अमृत सरोवर के निर्माण में ऊंचा बाँध जो बनाया गया है उसको कटवाना आवश्यक है ताकि पानी को निकाला जा सके और किसानों की फसल में होने वाले नुकसान से किसानों को बचाया जा सके। दिए गए ज्ञापन में इकरार खान, रफीक, नाजिम खान, राकेश कुमार, रजनीश कुमार, बृजेश कुमार, मोनू, दिनेश कुमार, अनंतराम, मटरू, उल्ला, जुगुल, शादाब, रमाशंकर, ओमी, नीरज इत्यादि लोगों ने पानी निकास की मांग की है।

## नेपाल सुदूर पश्चिम महोत्सव में पलिया व्यापार मंडल को किया गया सम्मानित

पलिया कलां खीरी। नेपाल में सुदूरपश्चिम महोत्सव में पलिया व्यापार मंडल की समस्त टीम को उद्योग वाणिज्य संघ धनगढ़ी , नेपाल के नवनियुक्त अध्यक्ष पुस्कर ओझा एवं पूर्व अध्यक्ष पुष्पराज कुंवर एवं उनकी समस्त टीम के सदस्यों द्वारा सम्मानित



किया गया। पलिया व्यापार मंडल के अध्यक्ष अनूप मिश्र,महामंत्री संदीप बंसल, कोषाध्यक्ष अनिल वर्मा,युवा अध्यक्ष संजय गुप्ता,युवा महामंत्री रितेश अग्रवाल,राजीव गुप्ता,जिला मंत्री अमर गुप्ता,आशीष अग्निहोत्री आदि को सम्मानित किया गया।

## बस व ट्रक की भिड़ंत में बाइक सवार घायल



धौरहरा खीरी। जनपद के थाना खमरिया क्षेत्र अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग 730 पर सोमवार सुबह घने कोहरे के चलते एक बड़ा सड़क हादसा हो गया। रेहुआ गांव के पास सुबह करीब 8:20 बजे लखीमपुर से बहराइच की ओर जा रही एक यात्री बस अनियंत्रित होकर सामने चल रहे ट्रक से जा टकराई। बस की टक्कर इतनी तेज थी कि उसी दौरान सड़क से गुजर रही एक बाइक भी इसकी चपेट में आ गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार बस का पंजीकरण नंबर यूपी 65 एआर 2638 है, जबकि ट्रक का नंबर यूपी 21 एफ टी 3085 बताया गया है। हादसे में बाइक संख्या यूपी 34 बीएल 3995 पर सवार सतीश पुत्र नेकपाल, निवासी मुशियाना, थाना लहरपुर, जनपद सीतापुर गंभीर रूप से घायल हो गए। टक्कर के बाद मौके पर अफरातफरी मच गई। घायलों को पुलिस ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया है।

## मनरेगा का नाम बदले जाने पर कांग्रेस ने जताया विरोध

लखीमपुर खीरी। जिला कांग्रेस कमेटी लखीमपुर के तत्वाधान में सोमवार को केंद्र की एनडीए सरकार ने संसद में शीतकालीन सत्र में मनरेगा की



जगह बी० बी०श्री राम जी बिल को दोनों सदनों में पारित करा लिया ।सरकार ने मनरेगा पर बुलडोजर चला दिया। मनरेगा का नाम बदले जाने के विरोध में कांग्रेसी जनों ने कांग्रेस कार्यालय से होते हुए डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी को माला पहनाते हुए राज नारायण स्मारक में विरोध जताया। उसके बाद कंपनी बाग में महात्मा गांधी जी को माल अर्पण कर सभी ने रामधुन का गीत गाया। वाद में अपने-अपने विचार व्यक्त किया । केंद्र की सरकार गरीब मजदूर की विरोधी सरकार है । गरीबों का हक छीना है ।लाखों करोड़ों मजदूरो को बेरोजगार कर दिया। कांग्रेस की सरकार ने 100 दिन की रोजगार गारंटी दी थी ।100 दिन का काम दिया गया था ।आज भारतीय जनता पार्टी ने उसे रोजगार को छीन लिया। विरोध प्रदर्शन में शिव सहाय सिंह, 'रामकुमार वर्मा, 'कृष्ण कुमार मिश्रा, डा० रईस अहमद उस्मानी, प्रेम कुमार वर्मा, 'मोहन चंद्र उत्प्रेती, राम पाल शाक्य,एड० राजीव अवस्थी, 'राजेंद्र गुप्ता, 'राहुल कुमार गौतम सहित आदि कांग्रेसी मौजूद रहे।

## हिंदूत्व राष्ट्र की संचेतना है, इस पर प्रहार महाप्रलय को आमंत्रण देना हैः राहुल

सोनभद्र । सकल हिंदू समाज ने चतरा के बभनगावा मंडल अंतर्गत उमाशंकर सिंह इंटर कालेज के प्रांगण में हिन्दू सम्मेलन का किया आयोजन ।हिन्दू सम्मेलन को सम्बोधित करते हुये मुख्य वक्ता राहुल ने कहा की हिंदू समाज का संगठन इसलिए महत्वपूर्ण है की भारतीय संस्कृति की श्रेष्ठता, और राष्ट्र निर्माण में हिंदुओं की भूमिका सनातन धर्म के सिद्धांतों को निभाते हुये अत्यंत सुखद रहा है। जिसके परिणाम स्वरूप पुरातन काल से लेकर आज तक भारत विश्व गुरु कहलाता रहा है जिसमें एकता, मजबूत सुरक्षा, और देश के सर्वांगीण विकास (शिक्षा, ईमानदारी, प्रगति ) के लिए 'हिंदु' की व्यापक परिभाषा ( जो भारत में रहता है, वह सब हिंदू है ) पर अब बात होनी चाहिए। साथ ही 'कृति से सिद्धि' ( सिर्फ भाषण नहीं, कर्म ) का आह्वान संघ ने अपने सौ वर्षो में किया है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए बलराम मौर्य ने कहा कि आज यह संगठन 100 वर्षों में प्रवेश किया लेकिन इसके कार्यों का परिणाम यह है की हम समाज के लोग इस संघ द्वारा नव निर्मित भारत में पूर्ण सुरक्षात्मक स्थिति में हैं ।कार्यक्रम में सकल हिंदू समाज आयोजन समिति के जिला संयोजक/अध्यक्ष आलोक कुमार चतुर्वेदी, खण्ड सहसंयोजक द्वय रमेश चौबे व निर्भयशंकर पाण्डेय, खंड समाजिक पालक योगेंद्र बिन्द, अरुणेश, लवकुश पाठक, श्यामू मिश्रा, जय शंकर यादव, परमेश गिरी, आलोक पटेल, अजीत सिंह, संजय दुबे, स्वामी यज्ञ नारायण रामानुज महाराज, कृष्ण प्रताप सिंह, लालू प्रसाद यादव, आदि लोग उपस्थित रहे कार्यक्रम का संचालन नन्दलाल विश्वकर्मा ने किया।




## कैरियर मेला में भविष्य की संभावना पर दिया गया जोर

मीरजापुर। लालगंज के रामपुर वासित अली स्थित राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में सोमवार को करियर मेले का आयोजन किया गया। जहां विद्यार्थियों ने अपने भविष्य के लक्ष्य खुलकर सामने रखे। मेले के दौरान छात्र-छात्राओं ने चार्ट और शैक्षणिक मॉडल के माध्यम से आईएएस, आईपीएस, डॉक्टर, जज और इंजीनियर बनने की आकांक्षाएं प्रदर्शित की। कार्यक्रम में विज्ञान विशेषज्ञ राम प्रताप सिंह ने कहा कि स्कूली शिक्षा ही वह स्तर है। जहां से प्रतियोगी परीक्षाओं की वास्तविक तैयारी शुरू होती है। शिक्षक संजय कुमार सिंह ने कहा कि विद्यालयी पाठ्यक्रम विद्यार्थियों की सोच को व्यवस्थित करता है और चुनौतियों से जूझने की क्षमता विकसित करता है। गणित विषय पर तिलांव राजकीय हाईस्कूल के विशेषज्ञ शिक्षक सूबेदार निषाद ने कहा कि गणित से तार्किक सोच और निर्णय क्षमता मजबूत होती है। दुबार राजकीय हाईस्कूल के विशेष शिक्षक विमल चंद्र यादव ने कहा कि विद्यालय में पढ़ाए जाने वाले विषय विद्यार्थियों को अपनी रुचि पहचानने का अवसर देते हैं, जिससे करियर चयन की दिशा स्पष्ट होती है ।विशिष्ट अतिथि संदीप शुक्ला ने कहा कि कक्षा दर कक्षा अर्जित ज्ञान आगे की अनेक प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी का आधार बनता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्रधानाचार्य कृष्णकांत त्रिपाठी ने कहा कि विद्यालय विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास और संतुलित व्यक्तित्व निर्माण का केंद्र है। संचालन वरिष्ठ शिक्षक संदीप शर्मा ने किया। इस अवसर पर बृजेश कुमार यादव, मनीष कुमार स्वर्णकार, राकेश कुमार सहित शिक्षक व अभिभावक उपस्थित रहे।

## नगर पालिकाध्यक्ष ने किया विकास कार्यों का लोकार्पण



जौनपुर। नगर पालिका परिषद क्षेत्रान्तर्गत मो० महगूपुर में विनोद मौर्या के मकान से प्रमोद मौर्या के मकान तक मिट्टी भराई व साइडवाल का निर्माण कार्य रू0-5.97 लाख, मो० अलीखानपुर में प्रभावतीमौर्या के मकान से दीपचन्द्र मौर्या के मकान 450 एम०एम० डाया आर०सी०सी० म पाईप द्वारा जलनिकासी वइण्टरलाकिंग निर्माण कार्य रू0-9.99 लाख, वार्ड मीरपुर सूरजघाट मेंन रोड से पुलिया के आगे रामकेश यादवके मकान तक पी०वी०सी० पाईप द्वारा जलनिकासी व इण्टरलाकिंग सड़क निर्माण कार्य रू0-5.15, लाख मो०मण्डी नसीब खाँ में एजाज खों के मकान से जियालाल मौर्या के मकान तक नाला पर आर०सी०सी० स्लैब कानिर्माण कार्य रू0 5.92 लाख, मो0 ईशापुर में हनुमान जी मन्दिर से विश्वनाथ यादव के मकान तक नाली व इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य रू0 5.77 लाख तथा मो० हरखपुर में विपिन कुमार मौर्या के मकान से बन्टी तकनाली व इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य रू0 5.87 लाख का लोकापर्ण अध्यक्ष , नगर पालिका परिषद, जौनपुर ( श्रीमती मनोरमा मौर्या ) द्वारा किया गया। इस अवसर डॉ० रामंसूरत मौर्या ममता मौर्या मा० सभासद, प्रियंका यादव अवर अभियन्ता जल, अवधेश कुमार राय कार्यालय अधीक्षक, रिजवानहैदर लिपिक, उमेश मौर्य, जयविजय सोनकर, देवानन्द मौर्य, रमेश शर्मा, सोनू मौर्या, इन्द्रजीत मौर्य, मनोजकुशवाहा, शिवकुमासर सिंह, रमेश मौर्या, विनोद मौर्या, रामजी पाल, गुलजार अली, अमन, बेचन यादव, संजीव यादव, विशाल, विनोद यादव, इमरान एवं स्थानीय लोग उपस्थित थे।

## परीक्षा दिलाने का झांसा देकर युवती से दुष्कर्म का आरोप

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। हैदराबाद थाना क्षेत्र के अजान चौकी अंतर्गत एक गांव की युवती के साथ दुष्कर्म का सनसनीखेज मामला सामने आया है। पीड़िता ने गगन नामक युवक पर परीक्षा दिलाने का झांसा देकर धोखे से ले जाने और जबरन दुष्कर्म करने का आरोप लगाया है। साथ ही पुलिस पर रिपोर्ट दर्ज न करने और कार्रवाई में लापरवाही बरतने के गंभीर आरोप लगाए गए हैं।

पीड़िता के अनुसार 11 दिसंबर को वह बाहर से बीए की परीक्षा देकर अपने गांव लौट रही थी। रास्ते में गगन की बहन ने उसे यह कहकर रोका कि गगन ने उसे सुबह 10 बजे लखीमपुर बुलाया है। युवती के लखीमपुर पहुंचने पर एलआरपी चौराहे पर गगन पुत्र राजेश निवासी इमलिया थाना हैदराबाद मिला, जिसके साथ एक अन्य अज्ञात युवक भी मौजूद था। आरोप है कि गगन युवती को बाइक से भीरा की ओर ले गया। युवती के विरोध करने पर उसे धमकाया गया और रात भीरा में रुकने व अगले दिन परीक्षा दिलाने की बात कही गई। भीरा थाना क्षेत्र में स्थित कमरे पर पहुंचने के बाद आरोपी ने मारपीट कर युवती के साथ जबरन दुष्कर्म किया। पीड़िता का आरोप है कि आरोपी ने उसका मोबाइल फोन, आधार कार्ड और 6000 रुपये नकद भी छीन लिए। अगले दिन मौका पाकर युवती किसी तरह वहां से निकलकर अपने घर पहुंची और पूरी घटना अपनी मां को बताई। घटना के चार दिन बाद 15 दिसंबर को पीड़िता और उसकी मां ने 1076 नंबर पर शिकायत दर्ज कराई। इसके बाद थाना हैदराबाद, अजान चौकी, भीरा थाना और सदर थाना लखीमपुर में तहरीर दी गई, लेकिन किसी भी थाने में रिपोर्ट दर्ज नहीं की गई। परिजनों का आरोप है कि पुलिस ने केवल बयान लेकर मामले को टाल दिया, जबकि आरोपी लगातार पीड़िता को धमकियां दे रहा है। पीड़िता और उसके परिजनों ने जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र सौंपकर तत्काल रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी की गिरफ्तारी कराने की मांग की है।


### कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता 30वां (वि./याँ.) वृत्त, लो.नि.वि., लखनऊ

पत्रांक: 2953/81 सी०बी०-30/2025-26 दिनांक:16.12.2025

**अल्पकालीन ई-निविदा सूचना**

महामहिम राज्यपाल, उत्तर प्रदेश की ओर से. निम्नलिखित कार्य हेतु प्रतिशत दर पर ऑनलाईन निविदा http://etender.up-nic.in पद के माध्यम से अधीक्षण अभियन्ता 30वां (वि./यां.) वृत्त, लो.नि.वि., लखनऊ द्वारा दिनाक 26.12.2025 से 02.01.2026 तक की अपरान्ह 12:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है।

निविदा की टेक्निकल बिड दिनांक 02.01.2026 को अपरान्ह 12:30 बजे अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय कक्ष में उपस्थित फर्म के प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जायेगी। कार्यालय बन्द होने अथवा अवकाश होने की दशा में टेक्निकल बिड एवं फाइनेन्शियल बिड उसी क्रम एवं समयानुसार अगले कार्य दिवस में खोली जायेगी। कार्य का विवरण निम्नवत है:-

| क्र. सं. | कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित लागत | धरोहर धनराशि (रू. लाख में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि | निविदा प्रपत्र का मूल्य व जी.एस.टी. सहित | ठेकेदार की पंजीयन की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | उ0प्र0 सतर्कता अधिष्ठान मुख्यालय, लखनऊ में स्थापित ओ. जनरल मेक वी.आर.एफ. टाइप 214 एच.पी. के वातानुकूलन संयंत्रों की कम्प्रेहेन्सिव वार्षिक ए.एम.सी. कार्य। | 13.88 लाख (जी.एस.टी./18% सहित) | 1.39 लाख | एक वर्ष | 766.00 | ऐसे निविदादात जो वी.आर.एफ. टाइप वातानुकूलन संयंत्र के मूल निमार्ता अथवा उनके अधिकृत सेवाप्रदाता अथवा लो.नि.वि. में विद्युत कार्यो हेतु 'ए' श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदार जिन्हें समान प्रकृति के कार्य का अनुभव एवं OEM से Authorization प्राप्त हो, वे ही निविदा के पात्र होंगे। |

निविदा से सम्बंधित नियम/शर्ते तथा विवरण http://etender.up-nic.in पर उपलब्ध है।

(राकेश कुमार)
कार्य अधीक्षक
अ.वि.नि.ई.अनु.(वि.)
लो.नि.वि., लखनऊ

(अभय कुमार गुप्ता)
अधीक्षण अभियन्ता
30वां (वि0/यां0), वृत्त
लो.नि.वि., लखनऊ

UPID-242853 Date: 22.12.25 Website : www.upgov.nic.in

संक्षेप

## निः शुल्क स्वास्थ्य शिविर का शुभारंभ

मीरजापुर। रोडवेज परिसर में आयोजित चार दिवसीय निः शुल्क स्वास्थ्य शिविर कार्यक्रम अन्तर्गत सोमवार को जिला क्षय रोग अधिकारी डॉक्टर अनिल कुमार एवं एआरएम श्रीमती कल्पना श्रीवास्तव की उपस्थिति में किया गया। कार्यक्रम में शासन की मंसानुसार रोडवेज कर्मचारीयों जो ज्यादातर अपने ड्यूटी के तहत हाई रिस्क वातावरण में रहने को बाध्य हैं उनके लिए एवं बस के यात्रियों आदि के लिए भी टीबी, एचआईवी, हेपेटाइटिस बी, नेत्र परीक्षण आदि स्वास्थ्य संबंधित समस्याओं हेतु जांच इलाज सुविधा देने हेतु शिविर का आयोजित किया गया। प्रथम दिन के टीबी के 80 लोगों की स्क्रीनिंग की गई साथ ही साथ एचआईवी के 78 एवं नेत्र के 24 तथा हेपेटाइटिस बी के 78 व्यक्तियों की स्क्रीनिंग की गई। शिविर में राजेंद्र प्रसाद, दुर्गेश कुमार रावत, सतीश शंकर यादव, संध्या गुप्ता, सुमन राय, पंकज सिंह, अवध बिहारी कुशवाहा, विनोद सोनकर, ओम प्रकाश सिंह, मनभावन आदि स्वास्थ्य कर्मी मौजूद हो कर अपने-अपने दायित्वों का निर्वहन किये।

## युवक को मारी गोली, बीएचयू रेफर

जौनपुर । चंदवक थाना क्षेत्र में सोमवार दोपहर एक युवक को दिनदहाड़े गोली मार दी गई।यह घटना भीतरी रतनपुर मार्ग पर महुली ग्राम सभा के पास हुई। घायल युवक को गंभीर हालत में वाराणसी के बीएचयू ट्रामा सेंटर रेफर किया गया है। गोली लगने से घायल हुए युवक की पहचान उमरवार गांव निवासी 22 वर्षीय विशाल यादव पुत्र सिपाही यादव के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसार, गोली उसके दाहिने पैर में घुटने के नीचे लगी है। घटना की सूचना मिलते ही परिजन विशाल को लेकर डोभी सीएचसी पहुंचे। वहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने उसकी गंभीर हालत को देखते हुए उसे तत्काल वाराणसी के बीएचयू ट्रामा सेंटर भेज दिया। विशाल के बड़े पिता विजय यादव ने बताया कि बेहड़ा निवासी राज सिंह ने विशाल को गोली मारी है। परिजनों ने राज सिंह पर गोली चलाने का आरोप लगाया है।चंदवक थाना प्रभारी निरीक्षक सत्य प्रकाश सिंह ने इस घटना की पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि गोली चलने की जानकारी मिली है, लेकिन पीड़ित पक्ष की ओर से अभी तक कोई लिखित शिकायत प्राप्त नहीं हुई है। शिकायत मिलने पर नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## लड़की भगाने का मुकदमा दर्ज

जौनपुर। तेजी बाजार पुलिस ने किशोरी के अपहरण के मामले में अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी किशोरी के पिता ने रविवार को पुलिस को दिए गए प्रार्थना पत्र में आरोप लगाया कि उसकी नाबालिग बेटी बरई पार बाजार स्थित यूनियन बैंक में पासबुक अपडेट कराने सुबह 10 घर से निकली थी। लेकिन शाम तक वापस नहीं लौटी काफी खोज दिन के बाद भी उसका पता नहीं चला। ऐसे में पुलिस ने अज्ञात आरोपी के विरुद्ध दर्ज किया अपहरण संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## आठ तक के स्कूल 24 तक बन्द

जौनपुर। अत्यधिक सर्दी और शीतलहर के दृष्टिगत 23 दिसम्बर एवँ 24 दिसम्बर को कक्षा 1 से 8 तक सभी परिषदीय विद्यालय ,मान्यता प्राप्त ,सहायता प्राप्त, सीबीएसई , आईसीएसई उ0प्र0 बोर्ड के विद्यालय केवल बच्चों हेतु बंद कर दिया गया है। ज्ञात हो कि सभी विद्यालयों के शैक्षणिक और गैर-शैक्षणिक स्टाफ विद्यालय पर समय से उपस्थित होकर विभागीय कार्य/एसआईआर का कार्य एवँ अन्य सरकारी दायित्व का निर्वहन सुचारू रूप से सम्पन्न करेंगे। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी नेआदेश में कहा गया है कि सभी खण्डशिक्षाधिकारी इसका कड़ाई से अनुपालन करायें !

## युवक को मार पीटकर किया घायल

जौनपुर। बदलापुर कोतवाली पुलिस ने मार पीटकर एक युवक को घायल करने के आरोप में चार के विरुद्ध एससी एसटी का केस दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दिया है। बदलापुर प्रभारी निरीक्षक शेष कुमार शुक्ल ने बताया कि नेवादा मुखलिसपुर गांव निवासी पृथ्वीराज ने तहरीर देकर आरोप लगाया कि शाम को वह बदलापुर बाजार से सब्जी खरीदकर घर वापस लौट रहा था कि घर से कुछ पहले पुलिया के समीप गांव के ही प्रांजल सिंह, सतीश सिंह, राहुल सिंह व गुडलक सिंह ने हाकी, डंडा व सरिया से मार पीटकर घायल कर दिया। उन्होंने बताया कि चारों आरोपियों के विरुद्ध एससी एसटी दर्ज कर जांच की जा रही है।

# सड़क हादसे में 3 की मौत, सात घायल

जिला संवाददाता(vol)

आजमगढ़। घने कोहरे के बीच पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर सोमवार सुबह एक भीषण सड़क हादसा हो गया। दरपीपुर के पास सुबह करीब 8:20 बजे लखनऊ से आजमगढ़ जा रही तेज रफ्तार कार खड़े ट्रक में पीछे से जा घुसी।

टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार के परखचे उड़ गए।हादसे में कार चला रहे सिकंदर (27), शंभूलाल (55) निवासी तेवखर, सरायमीर, आजमगढ़ तथा सुरेंद्र (30) निवासी गुड़ियावा, आजमगढ़ की मौत हो गई।सिकंदर और सुरेंद्र की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि शंभूलाल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र दोस्तपुर में चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। दुर्घटना में सुरेंद्र की पत्नी खुशबू (27) पुत्री सनाया (6), शंभूलाल की पत्नी मीना देवी (35) पुत्र कोहिनूर (16) बड़ी पुत्री उजाला (24), छोटी पुत्री कुमारी रोशनी (15) और सबसे छोटा पुत्र अंश (12) गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों को पहले सीएचसी दोस्तपुर ले जाया गया, जहां से हालत गंभीर होने पर उन्हें अंबेडकरनगर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचे यूपीडा के सहायक सुरक्षा अधिकारी त्रिलोकी नाथ पांडेय ने हादसे की पुष्टि की। वहीं यूपीडा के सहायक सुरक्षा अधिकारी राम जगत तिवारी ने बताया कि प्रारंभिक जांच में कार चालक की लापरवाही को हादसे का कारण माना जा रहा है। क्षतिग्रस्त कार को क्रेन की मदद से ट्रक से अलग कर रिकवरी वैन के जरिए हटवाया गया। उधर, हादसे की जानकारी होते ही मृतक के गांव में कोहराम मचा हुआ है।

## पति ने पत्नी को पीटकर किया घायल

जफराबाद थाना क्षेत्र के नाथुपुर गांव निवासी एक महिला को उसके पति ने मारपीट कर गम्भीर रूप से घायल कर दिया। घटना की सूचना पुलिस को दी गयी है।बक्सा थाना क्षेत्र के रामपुर गांव निवासी लक्ष्मीशंकर गौड़ ने अपनी बेटी राजकुमारी गौड़ की शादी तीन दिसम्बर 2024 को क्षेत्र के नाथुपुर गांव निवासी करन गौंड पुत्र नगडु गौंड के साथ किया था।शादी के बाद से ही करन गौंड अपनी पत्नी को मारता पीटता रहता है। रविवार की शाम को वह बिना वजह राजकुमारी को मारने पीटने लगा।मारपीट में राजकुमारी के शरीर तथा चेहरे पर काफी गम्भीर चोट आयी।उसने घटना की जानकारी अपने माता पिता को दिया। जिसके बाद उसके परिवार के लोग थाने आये। उन लोगों ने करन के विरुध्द तहरीर दिया। पुलिस ने तहरीर के बाद कार्यवाही शुरू कर दिया है।

## खड़े बल्कर में पीछे से आ रहे दूसरे बल्कर ने मारी टक्कर, एक की मौत



ड्रमंडगंज, मीरजापुर। ड्रमंडगंज थाना क्षेत्र के मीरजापुर-रीवा राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित लहुरियादह गांव में रविवार की रात दस बजे के करीब सड़क किनारे खड़े बल्कर में पीछे से आ रहे अनियंत्रित बल्कर ने टक्कर मार दी।बल्कर से दबकर मोटर मैकेनिक की मौत हो गई। वहीं हादसे के बाद बल्कर चालक मौके से भाग निकला।

सूचना पर पहुंचे एसआई सुभाष यादव व एसआई रामविशाल ने घटना की जांच करते हुए मृत मोटर मैकेनिक के परिजनों को घटना की सूचना दी। बीते शनिवार को रीवा से बल्कर में सीमेंट लादकर वाराणसी जा रहा बल्कर जैसे ही लहुरियादह घाटी के पास पहुंचा तो इंजन खराब हो गया। चालक पुष्प राज ने बल्कर को नेशनल हाईवे पर दाहिने किनारे खड़ा कर दिया।इंजन की खराबी को ठीक करने के लिए मध्यप्रदेश के रीवा जिला के सीटी कोतवाली वार्ड नंबर तीन के चिकान बस्ती निवासी 35 वर्षीय मोटर मैकेनिक सोनू अंसारी को बुलाया। रविवार की रात दस बजे के करीब बल्कर के इंजन की खराबी को ठीक करने के दौरान मध्यप्रदेश की ओर से पीछे से तेज गति से आ रहा अनियंत्रित बल्कर ने खड़े बल्कर में पीछे से टकरा गया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बल्कर को ठीक कर रहे मोटर मैकेनिक सोनू अंसारी की बल्कर की चपेट में आने से घटना स्थल पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटना की जांच कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं घटना के बाद टक्कर मारने वाला बल्कर चालक मौके से फरार हो गया।इस संबंध में थानाध्यक्ष भारत सुमन ने बताया कि लहुरियादह घाटी के पास खराब पड़े बल्कर को ठीक कर रहे मोटर मैकेनिक की पीछे से आ रहे बल्कर की टक्कर से मौके पर मौत हो गई।शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। घटना की जांच की जा रही है।

## बाइक सवार की ऑटो से हुई टक्कर में घायल महिला की मौत

मीरजापुर। लालगंज थाना क्षेत्र के मड़वा नेवादा गांव निवासी एक युवक अपनी मां व पुत्री को ककरद गांव से बाइक पर बैठाकर अपने घर आ रहा था कि बीते रविवार की रात अमोई गांव के पास ऑटो की टक्कर से तीनों लोग घायल हो गए। ग्रामीणों ने तीनों घायलों को उपचार के लिए एम्बुलेंस से पटेहरा भेजा जहां पर मौजूद चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार कर गंभीर स्थिति में ट्रामा सेंटर मिजार्पुर रेफर कर दिया। जहां पर इलाज के दौरान सोमवार को एक 70 वषीर्या महिला की मौत हो गई। वहीं तीन वर्षीय बालिका व युवक का उपचार चल रहा है। लालगंज थाना क्षेत्र के लहंगपुर चौकी अंतर्गत मड़वा नेवादा गांव निवासी मनीराम आदिवासी का 30 वर्षीय पुत्र अनिल कुमार आदिवासी अपनी मां 70 वषीर्या केसरी देवी व 3वषीर्या पुत्री ज्योति को एक बाइक पर बैठाकर ककरद गांव से अपने घर लालगंज थाना क्षेत्र के मड़वा नेवादा गांव आ रहा था कि अमोई गांव के पास ऑटो के टक्कर से तीनों लोग घायल हो गए। ग्रामीणों को जानकारी होने पर तीनों घायलों को एंबुलेंस सेवा से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पटेहरा भेजा जहां पर मौजूद चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार कर गंभीर स्थिति में ट्रामा सेंटर मिजार्पुर रेफर कर दिया। जहां पर उपचार के दौरान केसरी देवी की मौत हो गई। वहीं अनिल कुमार व पुत्री ज्योति का उपचार चल रहा है। महिला के मौत की जानकारी मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया।

## कपलिंग टूटने से दो घण्टे फरक्का एक्सप्रेस खड़ी रही



जौनपुर। जफराबाद रेलवे स्टेशन के पर सोमवार की दोपहर को कपलिंग टूटने से फरक्का एक्सप्रेस ट्रेन लगभग दो घण्टे खड़ी रही। यात्रियों को काफी परेशानी हुई।दो घण्टे बाद ट्रेन रवाना हुई।वाराणसी से लखनऊ की तरफ जा रही थी।ट्रेन स्टेशन के प्लेटफार्म नम्बर एक पर दो बजकर 10 मिनट पर आकर रुकी। ट्रेन जब स्टेशन से अयोध्या की तरफ रवाना हुई ही थी कि इंजन के बाद एक बोगी छोड़कर दोनो बोगियों के बीच की कपलिंग टूट गयी।कपलिंग टूटते ही पायलट सदानंद को जानकारी हो गयी उन्होंने तत्काल गाड़ी को वहीं रोक दिया।उन्होंने स्टेशन अधीक्षक सुनील कुमार को जानकारी दिया।उन्होंने सीएलडब्लू को जानकारी दिया।वहां से सीनियर टेक्नीशियन प्रांजल यादव मय टीम स्टेशन पर पहुंच गए।लगभग दो घण्टे के प्रयास के बाद कपलिंग बनी।उसके बाद चार बजकर पांच मिनट पर ट्रेन गंतव्य के लिए रवाना हुई।स्टेशन अधीक्षक सुनील कुमार ने बताया कि फरक्का एक्सप्रेस के बिगड़ने से कोई ट्रेन प्रभावित नही हुई।सभी ट्रेनों को दूसरे लाइन से निकाल दिया गया।

## विहिप गोरक्षा ने फूंका बांग्लादेश सरकार और आतंकवाद का पुतला



आजमगढ़। बांग्लादेश में हिन्दू युवक दीपू चंद्र दास की हत्या के विरोध में विश्व हिन्दू परिषद गोरक्षा विभाग आर्यमगढ़ के कार्यकताओं द्वारा बांग्लादेश सरकार और आतंकवाद का कलेक्ट्रेट चौराहे पर पुतला दहन कर जमकर नारेबाजी की गई। इसके बाद राष्ट्रपति को सम्बोधित छह सूत्रीय ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा गया।

इस अवसर पर प्रान्त अध्यक्ष राणा प्रताप राय सोनू ने कहा कि बांग्लादेश में दीपू दास की हत्या की घटना अत्यंत घृणित है और इस पर भारत सरकार को कूटनीतिक दबाव बनाकर इस हत्या कि निष्पक्ष पारदर्शी एवं समयबद्ध जांच करवाते हुए आरोपियों को फांसी कि सजा दिलवाई जाये। गोरक्षा प्रान्त संयोजक गौरव रघुवंशी ने कहा कि केंद्र सरकार इस मुद्दे को अन्तरराष्ट्रीय मंचों पर उठाया जाए और बांग्लादेश सरकार पर दबाव बनाकर ऐसी घटनायें रोकी जाए और हिन्दुओं की सुरक्षा सुनिश्चित कि जाए। जिलाध्यक्ष चंदन सिंह ने मांग किया कि पीड़ित दीपू दास के परिवार को आर्थिक मदद उपलब्ध करवाया जाये और उनको सुरक्षा प्रदान कि जाए। इस अवसर पर संतोष गुप्ता, भाजपा नगर अध्यक्ष मृगांक शेखर सिन्हा, राघवेंद्र मिश्रा लड्डू, उत्कर्ष सिंह, किशन मोदनवाल, अंकुर गुप्ता, राजन गुप्ता, मुंशी निषाद, हरेंद्र मौर्या, राजेश अरोड़ा, अभिषेक गुप्ता, शंकर यादव, आशीष यादव, अवधराज, अवधेश, सलिल चौहान इत्यादि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## ग्राम पंचायतों में कार्यो का निरीक्षण व चौपाल की तिथि की गयी निर्धारित

सोनभद्र। ज्वाइंट मजिस्ट्रेट/उप जिलाधिकारी, रावर्टसगंज उत्कर्ष द्विवेदी ने अवगत कराया है की शीतकालीन भ्रमण कार्यक्रम के अन्तर्गत माह दिसम्बर 2025 एवं जनवरी 2026 में तहसील रावर्टसगंज के ग्राम पंचायतों में कराये गये विकास कार्यो एवं राजस्व विभाग से सम्बन्धित कार्यो का निरीक्षण व न्यायालय में विचाराधीन वादों के त्वरित निस्तारण तथा चैपाल लगाकर ग्रामीणों की समस्याओं को अपरान्ह 12 बजे से 03. बजे तक सुनी जायेगी। उन्होंने बताया की विकास खण्ड नगवा के ग्राम पंचायत पनिकपकला में 26 दिसम्बर,2025 को, खलियारी में 02 जनवरी,2026 को तथा मड़कुड़ी में 09 जनवरी,2026 निरीक्षण की निर्धारित तिथि निर्धारित है। इसी प्रकार से विकास खण्ड चतरा के ग्राम पंचायत कसारी में 16 जनवरी, 2026 को, सिलथम में 23 जनवरी, 2026 को तथा बरईल में 30 जनवरी, 2026 को निरीक्षण की तिथि निर्धारित की गयी है।

## सम्पूर्ण शारीरिक समस्याओं का समाधान है योग : योगी ज्वाला

मीरजापुर। पतंजलि युवा भारत एवं विंध्य सेवा धाम के संयुक्त तत्वाधान में नगर के पांडेपुर स्थित संस्कार स्कूल में तीन दिवसीय बाल योग संस्कारशाला शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण के साथ और दीप प्रज्वलन के साथ हुआ।

इस अवसर पर योग गुरु राष्ट्रीय योगासन जज योगी ज्वाला सिंह ने बाल योगियों को योग का अभ्यास कराते हुए खड़े होकर करने वाले आसनों में ताड़ासन ऊर्ध्वताड़ासन कोणासन त्रिकोणासन वृक्षासन ध्रुवासन पादहस्तासन के साथ प्राणायाम में भस्त्रिका कपालभाति अनुलोम विलोम भ्रामरी आदि प्राणायाम का अभ्यास कराते हुए उसके लाभ के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी साथ ही उन्होंने इस बात से बच्चों को परिचित कराया कि आपको लंबाई बढ़ाने के लिए और शरीर को स्वस्थ सुंदर व लचीला बनाएं रखने के लिए प्रत्येक आसनों को रोज तीन से पांच बार अभ्यास करना होगा तथा मन व आत्मा की शुद्धि के लिए प्राणायाम श्रेष्ठ अभ्यास है।इसके निरंतर अभ्यास से आपका स्वास्थ हमेशा उत्तम बना रहेगा और आप सदैव स्वस्थ खुश और निरोग रहे। इस अवसर पर प्रधानाचार्या रितु भंडारी ने कहा कि आज के दूषित वातावरण के साथ हम सबके खान-पान भी दूषित हो चुके हैं, जो कि स्वास्थ्य की समस्याओं का बहुत बड़ा कारण है, अगर इस असंतुलित परिवेश में शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ रहना है तो योग ही एक मात्र साधन है, दूसरा कोई उपाय नहीं है। अतः अगर हम अपने छोटे छोटे बच्चों बचपन से ही योग आसन और प्राणायाम की शिक्षा से जोड़ दे तो वास्तव में उनका जीवन हमेशा पूर्ण रूप से स्वस्थ और निरोग रहेगा। कार्यक्रम की समस्त सुन्दर प्रबंधन तृप्ति श्रीवास्तव ने किया। इस अवसर पर शिक्षकों में वीना श्रीवास्तव, रुचिका शर्मा, रूपाली श्रीवास्तव संगीता विश्वकर्मा साक्षी कसेरा व बाल योगियों में गौरी भंडारी, अद्विक, आनिका, शाश्वी, राधा, शाश्वत, सत्यम, तनिष्का मिश्रा, अनामिका पांडेय बच्चों ने योग सत्र में हिस्सा लिया।

## दायित्वों के प्रति पत्रकार को सचेत रहना चाहिए

जौनपुर। उत्तर प्रदेश जर्नलिस्ट एसोसिएशन मछलीशहर ईकाई की एक बैठक सोमवार को मछलीशहर के मोहल्ला कटरा स्थित तहसील कार्यालय पर



अध्यक्ष डा0 विभव सिन्हा की अध्यक्षता में हुई। बैठक में संगठन को और मजबूत करने के साथ सदस्यता अभियान में जल्द ही गति देने के लिए प्रयास करने का संकल्प लिया गया। बैठक में जिला मुख्यालय से पधारे एसोसिएशन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रो0 डा0 आशाराम ने सर्व सम्मति सें संरक्षक पद पर वरिष्ठ पत्रकार हरी मोहन सिन्हा को मनोनीत किया । जिसका सभी सदस्यों ने स्वागत किया और उनका माल्यार्पण कर अभिनन्दन किया गया। उन्होने पत्रकारों को अपने दायित्वों के प्रति सचेत करने की जरूरत पर बल दिया। बैठक को सम्बोधित करते हुए जिलाध्यक्ष शशि राज सिन्हा ने कहा कि पत्रकारिता समाज की कुरीतियों, अनियमितताओं के विरूद्ध आवाज उठाने का काम करता है तथा पीड़ित लोगों को न्याय दिलाने में पत्रकारों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। उन्होने कहा कि तहसील और थाने पर व्याप्त भ्रष्टाचार के शिकार लोग आये दिन जिला मुख्यालय पर जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक के कार्यालय पर गुहार लगाने पहुंचे रहे है जिससे अन्दाजा लगाया जा सकता है कि तहसील और थाने स्तर से वे सन्तुष्ट नहीं नहीं और दर दर भटक रहें है ऐसे में पत्रकारों को अपने दायित्वों को निर्वहन करते हुए उनकी समस्याओं को लेखनी के माध्यम से उठाने की जरूरत है। वक्ताओं ने कहा कि आज बिना सुविधा शुल्क के फाइले आगे नहीं बढ़ रही है गरीबों के पास कर्मचारियों को चढ़ावा देने के लिए धन नहीं है और उनकी समस्याओं का निराकरण नहीं हो पा रहा है। बैठक में डॉ. एसपी यादव, डॉ.कमलेश यादव, विजय मोहन सिन्हा, राकेश श्रीवास्तव,डॉ0. जीएस यादव, रजनीश शुक्ला, डॉ. सुरेश यादव, गुलाब हसन आदि मौजूद रहे।

## तहसील कैम्पस बना गाड़ी स्टैंड पैदल चलना भी मुश्किल



दुद्धी, सोनभद्र। दुद्धी तहसील परिसर इन दिनों गाड़ियों का स्टैंड बन गया हैं जिससे फरियादियों को पैदल भी तहसील में आना -जाना मुश्किल हो जा रहा हैं। सोमवार को पूरा तहसील कैम्पस गाड़ियों से खचाखच भरा हुआ नजर आया और गाड़ियां भी इस तरह तीतर -बितर खडी गई थी कि आम लोगों को तहसील में पैदल पहुंचना भी मुश्किल हो रहा था तो वहीं कई अधिकारियों को भी तहसील से गाड़ी निकालने में परेशानियों का सामना करना पड़ा। बताया जाता हैं कि दुकानदारों सहित बाजार आने वाले एवं अन्य बाहरी व्यक्तियों द्वारा घंटो तहसील कैम्पस में गाड़ियां खडी कर दी जाती हैं, जिससे तहसील के अधिकारियों कर्मचारियों सहित अधिवक्ताओं को अपनी अपनी गाड़ियां निकालने में भी परेशानियों का सामना करना पड़ता हैं। लोगों ने इस समस्या की ओर एसडीएम का ध्यान आकृष्ट कराया हैं और कार्यवाही की अपेक्षा की हैं।

## मनरेगा का नाम बदलकर गरीबों का अधिकार छीन रही बीजेपी सरकार



मीरजापुर। उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष पूर्व मंत्री अजय राय के निर्देश पर जिला कांग्रेस कमेटी एवं शहर कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में केंद्र की बीजेपी सरकार के खिलाफ जिला मुख्यालय पर धरना प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन का अध्यक्षता करते हुए जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डॉ शिवकुमार सिंह पटेल ने कहा कि मोदी सरकार के द्वारा महात्मा गांधी का नाम मिटाने से मिटने वाले नहीं है। कहा कि मनरेगा यूपीए की सरकार में ऐतिहासिक क्रांतिकारी कदम था, जिसका फायदा करोड़ों ग्रामीण व गरीब परिवारों को मिल रहा था। मोदी सरकार ने मनरेगा पर बुलडोजर चला दिया है। मोदी सरकार ने यह साबित कर दिया है भाजपा की गरीब विरोधी सरकार है। नरेंद्र मोदी ने गुजरात में देश का ही नहीं विश्व के सबसे बड़े स्टेडियम सरदार वल्लभ भाई पटेल का नाम हटाकर अपने नाम नरेंद्र मोदी स्टेडियम बनाने का काम किया, इसे ये साबित होता है कि नरेंद्र मोदी महात्मा गांधी जवाहर लाल नेहरू सरदार वल्लभ भाई पटेल जैसे देश की आजादी के नायकों को पसंद नहीं करते हैं। इनके नाम से इनको तकलीफ है इसे साफ साबित होता है।

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी अनुसूचित जाति के राष्ट्रीय कोऑर्डिनेटर पूर्व विधायक भगवती प्रसाद चौधरी ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि मोदी सरकार के द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के मनरेगा रोजगार का जो नाम बदला जा रहा है इसकी हम कड़ी निंदा करते हैं। इस कानून से देश के करोड़ों मजदूर, किसानों, श्रमिकों और गरीबों के हितों पर हमला किया है। कहा जब केंद्र में कांग्रेस पार्टी के नेतृत्व में यूपीए की सरकार बनी थी तभी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना जो राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के नाम से बनाया गया था। इस योजना से गरीब जनता कोलाभ मिल रहा था। कार्यक्रम में पूर्व चेयरमैन दीपचंद जैन, कांग्रेस नेता सुधाकर, रमेश प्रजापति, पप्पू राजधर दुबे, फैज अहमद, जनार्दन पांडेय, अमरनाथ पांडे, इश्तियाक अंसारी, यदुनाथ बिंद दुर्गेश पांडे इत्यादि कांग्रेस जन उपस्थित रहे।

## सम्भव दिवस में शिकायतों का हुआ निस्तारण

सोनभद्र। उ0प्र0 शासन द्वारा जन शिकायतों की सुनवाई तथा उनका गुणवत्तापूर्ण ढ़ंग से निस्तारण के लिए प्रत्येक सोमवार को नगरीय निकायों में समाधान दिवस सम्भव का आयोजन हेतु दिये गये आदेश के क्रम में सोमवार कोरूबी प्रसाद अध्यक्ष नगर पालिका परिषद सोनभद्र मुकेश कुमार अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद सोनभद्र, की अध्यक्षता में जनसुनवाई (सम्भव) दिवस का अयोजन किया गया। तत्क्रम में जनसुनवाई



(सम्भव) दिवस में प्राप्त शिकायतें क्रमशः नगर पालिका परिषद सोनभद्र में 3, नगर पंचायत घोरावल में 2, नगर पंचायत चुर्क घुर्मा में 2, नगर पंचायत चोपन में 3, नगर पंचायत ओबर में 3, नगर पंचायत रेनुकूट में 3, नगर पंचायत पिपरी में 2, नगर पंचायत दुद्धी में 3, नगर पंचायत डाला बजार में 1, नगर पंचायत अनपरा में 3, समस्त निकायों में कुल 25 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें मुख्य रूप से साफ-सफाई, पेयजल व मार्ग प्रकाश, इत्यादि से सम्बन्धित सभी शिकायतों का तत्काल निस्तारण कराया गया। मुकेश कुमार अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद सोनभद्र, द्वारा बताया गया कि जनता की समस्याओं से रूबरू होने व उसका समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण निस्तारण शासन की शीर्ष प्राथमिकता पर है इस पर तत्परतापूर्वक कार्यवाही की जा रही है उक्त अवसर पर सदस्यगण एवं नगर पालिका कर्मचारी आदि उपस्थित रहें।

# यात्री शेड के स्थल चयन पर उठे सवाल, ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन



दुद्धी, सोनभद्र।दुद्धी ब्लॉक क्षेत्र के बघाडू गाँव में प्रस्तावित यात्री शेड के निर्माण स्थल को लेकर विवाद गहराता जा रहा है। स्थल चयन पर सवाल उठाते हुए सोमवार को बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने निर्माण स्थल पर पहुंचकर विरोध प्रदर्शन किया। ग्रामीणों का कहना है कि जिस स्थान पर यात्री शेड बनाया जा रहा है, वह न तो यात्रियों के लिए सुविधाजनक है और न ही वहां बसों का ठहराव होता है और न ही गाँव का कोई मुख्य मार्ग है। जब यात्री ही नही तो कौन ठहरेगा वहाँ ? यह एक बड़ा सवाल ग्रामीणों ने खडी कर दी।

प्रदर्शन कर रहे ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि बिना ग्राम सभा की सहमति और स्थानीय लोगों से चर्चा किए ही मनमाने ढंग से स्थल का चयन कर लिया गया। इससे यात्रियों को लाभ मिलने के बजाय असुविधा बढ़ेगी। पूर्व प्रधान ललित सिंह तथा रमाशंकर गुप्ता, देवमुरत गौड़ ने मांग किया कि यात्री शेड का निर्माण मुख्य मार्ग अथवा बस स्टॉप के समीप किया जाए, जहां यात्रियों को छांव और बैठने की वास्तविक सुविधा मिल सके।

विरोध के दौरान ग्रामीण गोविन्द बीडीसी, राजेन्द्र सिंह, राम सागर, धान सिंह, अशर्फी लाल, चंद्रशेखर, मुन्ना प्रजापति, प्रभु गुप्ता, राम केवल, रामनारायण ने जमकर नारेबाजी भी की।ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि यदि यात्री सैड स्थल परिवर्तन नहीं किया गया तो आंदोलन और तेज किया जाएगा।

## रक्तदान कर गुरु गोविंद सिंह को दिया श्रद्धांजलि




जौनपुर ।ठाकुरबाड़ी महिला विकास कल्याण समिति सिंगरामऊ द्वारा जिला चिकित्सालय के ब्लड बैंक पर एक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। संस्था प्रमुख डॉ अंजू सिंह ने बताया कि गुरु गोविंद सिंह के पूरे परिवार की शहादत को नमन करते हुए श्रद्धांजलि स्वरूप इस रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया है। साथ ही उन्होंने बताया कि संस्था को समाज सेवा से जुड़कर कार्य करते हुए 24 वर्ष पूरे हो चुके हैं, और 25वाँ सिल्वर जुबली वर्ष चल रहा है स शिविर का शुभारंभ डॉ. लक्ष्मी सिंह मुख्य चिकित्सा अधिकारी कीर्ति चक्र से सम्मानित लेफ्टिनेंट कर्नल पुष्पेंद्र सिंह एवं सीएमएस के.के राय द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर किया गया इस अवसर पर लेफ्टिनेंट कर्नल पुष्पेंद्र सिंह ने कहा कि गुरु गोविंद सिंह जी के पूरे परिवार ने धर्म और देश की रक्षा के लिए अपनी जान की बाजी लगा दी थी और अब हमारी जिम्मेदारी है कि हम उनके इस बलिदान को याद रखें और समाज के लिए कुछ अच्छा करने का प्रयास करें। सीएमओ डॉक्टर लक्ष्मी सिंह ने रक्तदान के महत्व को बताते हुए इसे महादान बताया शिविर में 35 लोगों ने रजिस्ट्रेशन कराया जिसमें से 20 लोगों ने रक्तदान किया रक्तदान करने वालों में मुख्य रूप से चंदन तिवारी, प्रवीण कुमार सिंह, सोनम सिंह, आकांक्षा सिंह, मंजू यादव, अखण्ड प्रताप सिंह, सत्यम, निलेश यादव, गौरव पांडे, सूरज कुमार आदि रहे इस अवसर पर ब्लड बैंक के डॉ. प्रतीक सिंह, एच.के कुशवाहा, शालिनी मौर्य, नेहा सिंह, सद्दाम, तौकीर, मंजू, सौम्या सिंह, सत्यजीत आदि उपस्थित रहे ं सभी रक्तदानियों को मोमेंटो एवं प्रमाण पत्र वितरित किया गया।

## जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक 24 को

सोनभद्र। सचिव/अधिशासी अभियन्ता प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0 सोनभद्र ने अवगत कराया है कि जिला सड़क सुरक्षा समिति सोनभद्र की बैठक 24 दिसम्बर,2025 को अपरान्ह 12. बजे से जिलाधिकारी बी0एन0 सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में आहूत की गयी है। उन्होंने बताया कि जिला सड़क सुरक्षा से सम्बन्धित महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर चर्चा किया जायेगा। उन्होंने सड़क सुरक्षा से जुड़े सम्बन्धित अधिकारी की उपस्थिति के लिए अपील की है।

संक्षेप

## आशीष पाठक के गीतों पर झूमें श्रोता

जौनपुर। कई प्रदेशों में अपनी आवाज के दम पर अपने गीतों से दूरदर्शन , आस्था ,महुआ चैनल व टी सीरीज फेम मेरे राम की नगरिया गीत से प्रसिद्धि पाने वाले पूर्वांचल के भजन गायक आशीष पाठक अमृत खेतासराय. के आदर्श संस्कृत महाविद्यालय के प्रांगण.में जब अपने भजनों की प्रस्तुति किया तो वहां पर खासकर मात्र शक्तियों झूमती दिखे गायक आशीष पाठक अमित ने एक से बढ़कर एक गीत ना किसी की नजर लगे मेरे राम की नगरिया कान-कान में राम हे जग जननी अवधपुरी से जनकपुरी में बारात आई जब सुनाया तो वहां की श्रोता झूमती नजर दिखाई । श्री पाठक के साथ मंच पर कथावाचक अखिलेश मिश्रा ने चुनरी पहनाकर स्वागत किया..। प्रबंधक अनिल कुमार उपाध्याय..शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष रमाशंकर पाठक , सुनीता मिश्रा सत्यम उपाध्याय फौजी।, अभिलाष यादव ,रमाशंकर सिंह आदि उपस्थित रहे।

# आवारा पशुओं से रबी की फसल को भारी नुकसान , किसान परेशान

देवरिया ।जिले में आवारा पशुओं की बढ़ती संख्या से रबी की फसल पर नया संकट पैदा हो गया है ।गेहूं ,सरसों ,चना सब्जी आदि फसले को आवारा पशुओं के चलने भारी नुकसान हो रहा है । रात हो या दिन छुट्टे बछड़ों ,नीलगाय के झुंड के झुंड खेतों में बढ़ती फसल को नष्ट कर रहे हैं । कपकपाती ठंड व कोहरे में बीच सिकुड़ते किसान आवारा पशुओं के झुंड को हांकने, भागने में लगे हैं । भगाए गए पशु घूमफिरकर रात में पहुंचकर फसल नष्ट कर रहे हैं ।बताया जा रहा है कि परेशान किसान इन पशुओं को एक दूसरे के गांव में हांक रहे लेकिन दूसरे दिन फिर पशुओं का झुंड खेतों में देखकर किसान अपना माता-पीट रहे हैं ।

दिन में तो किसान इन्हें भगा दे रहे है लेकिन रात आकर पशुओ का झुंड फसल को नष्ट कर जा रहे है । आवारा पशुओं के चलते खेती पर पैदा हुए इस बढ़ते संकट का कोई हल निकलते नहीं देख ग्रामीण परेशान है । सक्षम किसान जहां भले ही अपने खेतों में रस्सी,तार बाड़ लगा रहे हैं वहीं छोटे व गरीब किसान कोई उपाय नहीं कर पा रहे हैं । आवारा पशुओं से सबसे अधिक सब्जी की खेती को नुकसान हो रहा है ।रात में नील गायों का झुंड फसल को कर रहे हैं। कई किसानों द्वारा रात में झोपड़ी डाल कर रखवाली करने के बावजूद नीलगाय दबे पांव आकर फसल नष्ट कर निकल जा रहे हैं । नीलगायो( घडरोज ) आवारा छुट्टे बछड़ों से परेशान तमाम सब्जी की खेती करने वाले किसान हार मानकर इसकी खेती ही छोड़ रहे हैं ।



बताया गया कि शहरी, नगरपालिका क्षेत्रों,गांवो के पशुपालक अपने बछड़ों को रात में दूसरे गांव छोड़ जाते हैं । नदी के किनारे ,बाग बगीचों में दिन में रहने वाला नीलगाय , बछड़ों का झुण्ड रात में निकल कर फसल को नष्ट कर रहे हैं । इस समस्या को लेकर किसानों द्वारा की गई शिकायतों पर शासन वन विभाग नगर पंचायत द्वारा ध्यान न दिए जाने से समस्या बढ़ती ही जा रही है। खेती की लगातार बढ़ती लागत के साथ ही इस नई समस्या को लेकर किसान सोच में है और परेशान है । पूरे जिले के अधिकांश गांवों के किसान इस समस्या से जूझ रहे है ।गांव के किसानों ने सरकार से आवारा पशुओं से फसल को बचाने के गुहार लगाई है लेकिन कोई ठोस कदम ना उठाये जाने से समस्या बढ़ती जा रही है ।

जिला मुख्यालय से सटे बैतालपुर नगर पंचायत में आने वाले बरारी गांव सहित अगल-बगल के दर्जनों गांव में सैकड़ो की संख्या में बछड़े फसल को नुकसान कर रहे हैं ।किसान दिन फसल की रखवाली कर रहा है लेकिन रात में पशुओ का झुंड फसल चर जा रहा है ।इस समस्या की शिकायत किसानों द्वारा नगर पंचायत से की गई लेकिन कोई संज्ञान नही लिया जा रहा है । किसानों ने प्रशासन से गौशालाओं की व्यवस्था करने , आवारा पशुओं के पकड़ने , नीलगायों को पड़कर जंगल में छोड़ने सहित स्थाई समाधान की मांग की है । किसानों का आरोप है कि पूर्व में की गई शिकायतों के बावजूद प्रशासन कोई कार्रवाई नहीं कर रहा है जिससे किसान अपनी पूंजी व मेहनत को बर्बाद होते देखने को मजबूर है ।

बैतालपुर नगर पंचायत के अंतर्गत आने वाले दर्जनों गांवों के किसान समस्या से जूझ रहे हैं । बैतालपुर नगर पंचायत आने वाले बरारी ,बाँसपार,रूच्चापार, गोविंदपुर बिशनपुरा के जगरूक किसान विश्वनाथ मणि ,धनन्जय मनी ,,कपिल मणि, दूधनाथ मणि, वेदव्यस मणि , अजय मणि ,विशंभर पांडेय , इंद्रदेव यादव , भगवान मणि आदि ने बताया कि बंद पड़ी चीनी मिल के ग्राउंड में दूसरे गांव के लोंगो द्वारा आवारा पशुओं को रात में वाहनों से छोड़ दिया जा रहा है रजो अगल-बगल के गांवों में फसल को भारी नुकसान पहुंचा रहे हैं ।इसकी शिकायत भी की गई है लेकिन विभाग संज्ञान नहीं ले रहा है ।जिले के रुद्रपुर बरहज भटनी भाटपार आदि विकासखंडों में आवारा पशुओं द्वारा एबी की फसल खासकर गेहूं की फसल को चरने से किसानों का भारी नुकसान हो रहा है और वह इसका कोई हल भी नहीं निकल पा रहे हैं । खुखुंदू, बैकुंठपुर, पुरनाछापर ,अहिरौली, सल्लहपुर ,महुराव,खोरीबारी ,जिगिना घंटी भरहेचौरा ,छपरा बाँस घाँटी आदि गांवों से आवारा पशुओं से फसल को हो रहे नुकसान की सूचनाओं प्राप्त हो रही है ।महंगे खाद बीज जोताई ,सिंचाई, दवाई के कारण खेती की बढ़ती लागत और पैदा हुई नई समस्या से किसानों को भारी नुकसान हो रहा है अपनी जमा पूंजी खेती में लगाकर किसान आवारा पशुओं से अपनी फसल बचाने के लिए जाडे,पाले में रात दिन रखवाली कर रहे हैं लेकिन यह आवारा पशु घूम घूम कर किसी न किसी किसान के फसल को नुकसान पहुंचा रहे हैं ।

# ऑन सोर्स रेवेन्यू विषय पर प्रशिक्षण का आयोजन

भटनी( देवरिया ) । राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान योजना के तहत विकास खण्ड भटनी के सभागार में ऑन सोर्स रेवेन्यू ( ओएसआर ) विषय पर प्रशिक्षण आयोजित किया गया । इसमें समस्त ग्राम पंचायतों के पंचायत सहायकों ने भाग लिया । प्रशिक्षण के दौरान, प्रशिक्षकों ने ग्राम पंचायतों के लिए ओएसआर के महत्व पर प्रकाश डाला । प्रशिक्षण का शुभारम्भ खण्ड विकास अधिकारी संतोष कुमार ने दीप प्रज्वलित कर किया। उन्होंने बताया कि ओएसआर केवल आर्थिक संसाधनों का साधन नहीं है, बल्कि यह स्थानीय स्वशासन, उत्तरदायित्व और सहभागिता विकास की आधारशिला भी है । प्रशिक्षक वीरेन्द्र पाण्डेय ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकारों पर पूरी तरह निर्भर रहने के बजाय, पंचायतें अपनी योजनाओं को वित्तीय रूप से स्वयं भी समर्थन दे सकती हैं । कम्प्यूटर आपरेटर अजय दूबे ने ओएसआर पोर्टल की कार्यप्रणाली, ऑनलाइन पंजीकरण, शुल्क निर्धारण, राजस्व संग्रह, डिजिटल रिकॉर्ड रखरखाव और रिपोर्ट बनाने की व्यावहारिक जानकारी साझा की। सत्र में बताया गया कि ओएसआर पोर्टल पंचायतों को अपनी परिसंपत्तियों, सेवाओं, बाजार शुल्क, लाइसेंस फीस और अन्य स्थानीय संसाधनों से प्राप्त आय को पारदर्शी व सुगम तरीके से बढ़ाने में मदद करेगा । यह ऑनलाइन प्रणाली वित्तीय अनियमितताओं को रोकने और जवाबदेही सुनिश्चित करने में भी सहायक होगी । प्रशिक्षक शम्भू नाथ दूबे ने कहा कि पंचायत विभाग द्वारा विकसित यह पोर्टल ग्राम पंचायतों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है । इस दौरान निधि तिवारी, रौशनी राय, संगीता भरद्वाज, नेहा पटेल, शैलेश गिरी, हरीशरण यादव, दीपक, रहमत अंसारी, सत्येंद्र शाह, प्रहलाद, किरण, धनंजय, ज्योति, सोनी आदि मौजूद रहे।

## मकान निर्माण में काम करने वाले श्रमिक करायें अपना पंजीकरण नवीनीकरण

कुशीनगर। श्रम प्रवर्तन अधिकारी अलंकृता उपाध्याय ने बताया कि श्रम विभाग द्वारा लेबर चौक बलुचहा चौक पडरौना, गाधी चौक कसया, रामजानकी मन्दिर चौक हाटा में उपस्थित होकर एकत्रित श्रमिकों को अवगत कराया गया कि भवन निर्माण में काम करने वाले 18 से 60 वर्ष आयु के श्रमिकों के लिए उत्तर प्रदेश भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड द्वारा विभिन्न योजनाएं जिसमें पंजीकृत होने वाले श्रमिक को मातृत्व शिशु बालिका मदद योजना के अंतर्गत पुत्र के जन्म पर 20000/ पुत्री के जन्म पर 25000, संत रविदास शिक्षा प्रोत्साहन योजना की अंतर्गत कक्षा एक से परास्नातक तक कक्षावार 2000 से लेकर 24000 तक, अटल आवासीय विद्यालय के अंतर्गत कक्षा 06 से 12 तक निश्शुल्क पढ़ाई व श्रमिक की मृत्यु पर 225000 ( समान्य मृत्यु ) / 525000 ( दुर्घटना में मृत्यु पर ) आश्रितों को सहायता दी जाती है । उन्होंने मकान निर्माण और मिट्टी का कार्य करने वाले श्रमिकों से अपील की है नजदीकी जनसेवा केंद्र, पब्लिक पोर्टल या श्रम कार्यालय रामकोला रोड शनि मन्दिर के सामने पडरौना कुशीनगर में आधार कार्ड, बैंक पासबुक व आधार लिंक मोबाइल नंबर सहित तत्काल संपर्क कर पंजीयन कर लें । इसी प्रकार जिन श्रमिकों ने वर्ष 2021 तक अपना पंजीयन कराया है किंतु अब तक नवीनीकरण नहीं करा पाए हैं 31 दिसंबर 2025 से पूर्व अपना नवीनीकरण अवश्य कराने अन्यथा उनका पंजीयन निष्क्रिय हो जाएगा वह इन कल्याणकारी योजनाओं के लाभ से वंचित हो सकते हैं। कल्याणकारी योजनाओं के प्रचार प्रसार व पंजीयन कैम्प में शशि शेखर मिश्र, संदीप मल्ल, संदीप सिंह, राजेश आदि उपस्थित रहें।

## भारत मे बढ़ रही है खेल प्रतिभाएं: गिरीश

देवरिया । सांसद खेल स्पर्धा के अंतर्गत फुटबाल, कुश्ती और बैडमिन्टन के सभी वर्गों की प्रतियोगिताएं स्वर्गीय रविन्द्र किशोर शाही स्टेडियम में सम्पन्न हुई।



कार्यक्रम का शुभारम्भ वंदे मातरम से हुआ। मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष गिरीश चन्द्र तिवारी ने उपस्थित खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा सरकार गांव स्तर के प्रतिभाओं के प्रोत्साहन के लिए निरंतर कार्य कर रही है। विशिष्ट अतिथि पूर्व सांसद रविन्द्र कुशवाहा ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में खेलो इंडिया कार्यक्रम के तहत भारत में खेल संस्कृति को पुनर्जीवित कर युवाओ को खेल के प्रति सशक्त बनाया जा रहा है। सांसद खेल स्पर्धा संयोजक/किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष पवन कुमार मिश्र ने कहा कि 23 दिसम्बर को सांसद खेल स्पर्धा के अंतर्गत जिला स्टेडियम देवरिया में एथेलेटिक्स और श्रीनेत ग्लोबल स्कूल कंहौली में तीरंदाजी की प्रतियोगिता सभी वर्गों में आयोजित की जाएगी। प्रतियोगिताओं का पुरस्कार वितरण और सांसद खेल स्पर्धा का समापन समारोह का आयोजन 25 दिसम्बर को दिन में 10 बजे से स्टेडियम में किया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष गिरीश चन्द्र तिवारी जी और विशिष्ट अतिथि पूर्व सांसद सलेमपुर रविन्द्र कुशवाहा ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया।

## जेडीयू विधायक का कुशीनगर में स्वागत

कुशीनगर। बिहार प्रांत के गोपालगंज जिले के कूचाय कोट से लगातार छठवीं बार विधायक व जनता दल यूनाइटेड के वरिष्ठ नेता बाहुबली विधायक अमरेंद्र पाण्डेय उर्फ पप्पू पाण्डेय का कुशीनगर आगमन पर जोरदार स्वागत



किया गया ।रविवार की देर शाम विधायक श्री पांडेय कसया गांधी चौक पहुंचे जहां नगरपालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि राकेश कुमार जायसवाल व पूर्व ब्लाक प्रमुख डॉ. प्रियेश त्रिपाठी सहित युवाओं ने अल्पसंख्यक मोर्चा भाजपा समर्थक दल के प्रदेश उपाध्यक्ष गुफरान बख्शी के नेतृत्व में माल्यार्पण किया गया। श्रीराधा - कृष्ण का चित्र व बुके देकर स्वागत किया। साथ ही अल्पसंख्यक मोर्चा भाजपा सहित विभिन्न दलों के सैकड़ों समर्थक व कार्यकर्ताओ ने भी लोकप्रिय विधायक का स्वागत किया। स्वागत से अभिभूत विधायक श्री पांडेय ने सभी के प्रति धन्यवाद व शुभकामनायें व्यक्त की। विधायक श्री पाण्डेय रविवार को दिल्ली से विमान द्वारा गोरखपुर एयरपोर्ट पर आए और सड़क मार्ग से कुशीनगर पहुंचे। उनका कुशीनगर स्थित होटल पथिक निवास, गाँधी चौक आदि जगहों पर स्वागत किया गया। ' स्वागत के दौरान एड. विपिन तिवारी, सभासद टिंकू मिश्रा, दिनेश तिवारी भोजपुरिया, बलराम सिंह, धन्नू पाण्डेय, अरमान खान, अमरुद्दीन अंसारी, बलराम सिंह, अनूप तिवारी, राहुल सिंह, राणा शाह, मणिकेश तिवारी, सरफराज सिक्की,सरफराज अंसारी सभासद प्रतिनिधि, सलीम अंसारी, अमन खान, सोनू जायसवाल, इरफान बख्शी, युसूफ अंसारी मौजूद रहें।

## गुंडा नियंत्रण अधिनियम के अंतर्गत 7 अभियुक्त को किया जिला बदर

कुशीनगर। अपर जिला मजिस्ट्रेट ( न्यायिक ), प्रेम कुमार राय द्वारा गुंडा नियंत्रण अधिनियम की धारा 3/4 के अंतर्गत लोक शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से कड़ा कदम उठाया गया है। संबंधित प्रकरणों में अभियुक्तों के विरुद्ध जमानती वारंट जारी होने के बावजूद न्यायालय में उपस्थित न होने तथा गंभीर अपराधों में संलिप्त पाए जाने के कारण उन्हें 06 माह की अवधि के लिए जनपद की सीमा से निष्कासित ( जिला बदर ) किया गया है। जिला बदर किए गए अभियुक्तों में मनोज निषाद पुत्र हीरा निषाद, निवासी तुर्कवलिया, थाना सेवरहीझको जनपद देवरिया के लिए। राम एकबाल यादव उर्फ रामइकबाल पुत्र स्व. तिला यादव, निवासी कोईदहा, थाना तरयासुजानझको जनपद देवरिया, अभिषेक यादव उर्फ राकेश पुत्र लल्लन, निवासी दनियाडी, थाना तरयासुजान को जनपद देवरिया, इमामुल उर्फ इमामुद्दीन उर्फ बिहारी पुत्र मजीद उर्फ अदालत, निवासी परसौनी खुर्द, थाना रामकोला को जनपद महाराजगंज, फिरदौस उर्फ पप्पू पुत्र साबिर अली, निवासी सरिसवा, थाना तुर्कपट्टी को जनपद देवरिया, अब्दुल हसन पुत्र मुस्ताक, निवासी हरिहरपट्टी, थाना रामकोला को जनपद महाराजगंज, अन्सार पुत्र इब्राहीम, निवासी बसहिया उर्फ बनवीरपुर, थाना कोतवाली पडरौना को जनपद महाराजगंज के लिए जिला बदर किया गया है।

## सही देखभाल से हाथीपांव में मिलेगा आराम

देवरिया। फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के तहत भलुअनी ब्लॉक के आयुष्मान आरोग्य मंदिर खुखुन्दु में सोमवार को सीएचओ के नेतृत्व में गठित पीएसपी ( पेशेंट स्टेक होल्डर प्लेटफार्म ) के सदस्य सहयोग से फाइलेरिया मरीजों को एमएमडीपी प्रशिक्षण दिया गया। मरीजों को रुग्णता प्रबंधन और दिव्यांगता निवारण किट का वितरण किया गया, जिससे वह घर पर ही अपने घावों और पैरों की बेहतर देखभाल कर सकें। इसके साथ ही व्यायाम करने के टिप्स दिए गए। इस दौरान 12 फाइलेरिया (हाथीपांव) के मरीजों को एमएमडीपी किट का वितरण किया गया। सीएचओ ने डेमो देकर प्रभावित अंग की साफ सफाई की जानकारी दी। पीएसपी सदस्य संगिनी, आशा, फाइलेरिया मरीज ने व्यायाम करके दिखाया और मौजूद लोंगो को व्यायाम का तरीका बताया। कार्यक्रम में मौजूद डब्ल्यूएचओ के जोनल कोआडीर्नेटर डॉ नित्यानंद ने पीएसपी सदस्यों फाइलेरिया मरीजों की जानकारी लिया। उन्होंने कहा कि फाइलेरिया प्रभावित अंग की सही देखभाल, साफ सफाई और व्यायाम से हाथीपांव को आराम मिलता है। उन्होंने बीमारी की गंभीरता के बारे में जागरूक करते हुए कहा कि फाइलेरिया बीमारी क्यूलेक्स मच्छर फाइलेरिया संक्रमित व्यक्ति को काटने के बाद किसी स्वस्थ व्यक्ति को काटता है तो उसे भी संक्रमित कर देता, लेकिन संक्रमण के लक्षण पांच से 15 वर्ष में उभरकर सामने आते हैं। इससे व्यक्ति के हाथ-पैर में सूजन की शिकायत होती है या फिर अंडकोष में सूजन आ जाती है ।महिलाओं को स्तन के आकार में परिवर्तन हो सकता है। शुरूआत में रोग की पहचान होने पर इसे रोका जा सकता है। इस बीमारी से साल में एक बार लगातार पांच साल दवा के सेवन से बचा जा सकता है। पीएसपी सदस्य सीएचओ गुंजन ने फाइलेरिया मरीजों को हाथी पांव की नियमित सफाई, सूजन कम करने के उपाय, और संक्रमण से बचाव की जानकारी दी। बताया कि समय पर देखभाल से इस बीमारी के प्रभाव को काफी हद तक कम किया जा सकता है। फाइलेरिया एक गंभीर लेकिन रोकथाम योग्य बीमारी है। मरीजों को लगातार साफ-सफाई और उपचार की आवश्यकता होती है। एमएमडीपी किट उनके लिए बहुत सहायक साबित होगी। सीएचओ ने किट में मौजूद सामग्री जैसे साबुन, टावेल, एंटीसेप्टिक व अन्य उपकरणों के उपयोग की विधि करके दिखाया व मरीजों को समझाया ।कार्यक्रम में सहयोगी संस्था सीफार, पाथ के जिला प्रतिनिधि सहित, एमआई सीपी सिंह, पीएसपी सदस्य ग्राम प्रधान जयराम, एएनएम रिंकी, संगिनी राधिका,आशा, आंगनबाडी, फाइलेरिया मरीज, वालेंटियर सहित ग्रामीण मौजूद रहे।

## किसान सम्मान दिवस आज

कुशीनगर। उप कृषि निदेशक अर्तीन्द्र सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि भूतपूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय चौधरी चरण सिंह के जन्मदिवस के अवसर पर दिनांक 23 दिसम्बर 2025 को जनपद कुशीनगर में किसान सम्मान दिवस का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर जिला पंचायत सभागार, रविन्द्रनगर, कुशीनगर में सबमिशन ऑन एग्रीकल्चर एक्सटेंशन योजनान्तर्गत जनपद स्तरीय किसान मेला/गोष्ठी का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम के दौरान कृषि एवं सम्बद्ध विभागों—जैसे उद्यान, पशुपालन, मत्स्य, रेशम एवं गन्ना विभाग—के अंतर्गत जनपद में उत्कृष्ट उत्पादन करने वाले कृषकों को सम्मानित किया जाएगा। साथ ही कृषि एवं सम्बद्ध विभागों द्वारा विभिन्न प्रदर्शनी स्टॉल भी लगाए जाएंगे, जिनके माध्यम से कृषकों को नवीन कृषि तकनीकों, योजनाओं एवं सुविधाओं की जानकारी दी जाएगी। उप कृषि निदेशक ने जनपद के समस्त कृषक बन्धुओं से अपील की है कि वे किसान सम्मान दिवस में प्रतिभाग कर कृषि विशेषज्ञों एवं वैज्ञानिकों द्वारा दी जाने वाली उपयोगी जानकारियों का लाभ उठाएं ।

# प्रतियोगिताएं बच्चों में ऊर्जा का संचार करती हैं: अजय लल्लू

कसया, कुशीनगर। तहसील क्षेत्र के टेकुआटार सरस्वती पब्लिक स्कूल में डॉ. सी बी रमन सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता पुरस्कार वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

- प्रतियोगिता से बच्चों के व्यक्तित्व में निखार आता है: राधे
- सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता पुरस्कार वितरण कार्यक्रम का हुआ आयोजन



प्रतियोगिता प्रथम पुरस्कार साइकिल अंशिका मद्धेशिया, संस्कृति पब्लिक स्कूल द्वितीय पुरस्कार सीलिंग फैन,जीएस एजुकेशनल एकेडमी साखोपार तथा तृतीय पुरस्कार सरस्वती ज्ञान मंदिर साखोपार को दिया गया। इसके साथ ही अन्य प्रतियोगी प्रतिभागियों को विभिन्न पुरस्कार दिया गया। कार्यक्रम में कुल 221बच्चो को पुरस्कृत किया गया। प्रतियोगिता में लगभग दो दर्जन विद्यालयों के बच्चों की सहभागिता रही। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उड़ीसा राज्य के कांग्रेस प्रभारी पूर्व विधायक विधायक अजय कुमार लल्लू ने सम्बोधित करते हुए कहा कि बच्चो में शिक्षा के प्रति जागरूकता को बनाए रखने के लिए इस प्रकार के प्रतियोगिताओं का होना बच्चो में ऊर्जा का संचार करता है। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि राधे विश्वकर्मा जिला अध्यक्ष कांग्रेस कुशीनगर ने कहा कि प्रतियोगिता से बच्चों के व्यक्तित्व में निखार आता है।

महिला जिलाध्यक्ष वृंदा प्रजापति ने नारी शिक्षा को बढावा देने पर जोर दिया ।कार्यक्रम का संचालन धीरज राव ने किया। आयोजक बृजेश जायसवाल ने स्वागत गीत के माध्यम से सभी के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर पूर्व जिला अध्यक्ष कांग्रेस मनोज सिंह, ब्लॉक अध्यक्ष कसया भानु प्रताप सिंह,सीमा भारती, प्रबंधक मनीष सिंह, प्रिंसिपल राजन गुप्ता, राजा, अजीत सिंह, अवधेश राय, सह आयोजक रोहित गोंड, अनीश, भोला, आकाश कुमार गोंड सहित शिक्षक, अभिभावक तथा विभिन्न विद्यालयों के छात्र/छात्राएं उपस्थित रहे।

# 19 वीं पुण्यतिथि पर याद किये गये लोकतंत्र रक्षक सेनानी पं. वंश बहादुर तिवारी

जिला संवाददाता(vol)

कसया, कुशीनगर। नगर स्थित गांधी घर परिसर में प्रसिद्ध समाजसेवी, लोकतंत्र रक्षक सेनानी, पत्रकार स्व. पं. वंश बहादुर तिवारी की 19 वीं पुण्यतिथि शिद्दत के साथ मनाई गई। इस अवसर पर स्व. पं. तिवारी के चित्र पर गणमान्य जनों ने पुष्प अर्पित कर उनके विचारों को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया।



सोमवार को आयोजित श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि पूर्व सांसद राजेश पाण्डेय उर्फ गुड्डू पांडेय ने श्रद्धांजलि सभा आयोजन को लेकर उनके परिजनों को धन्यवाद देते हुए कहा कि स्व. तिवारी की स्मृति मेरे परिवार से जुड़ी है। वह सामाजिक परिवर्तन और सुधार के लिए चिंतित रहते थे। उनके बताए मार्ग पर चलना सच्ची श्रद्धांजलि होगी। विशिष्ट अतिथि पूर्व विधायक रजनीकांत मणि त्रिपाठी ने कहा कि समाज में उपेक्षित कष्टमय जीवन जी रहे बुजुर्गों के चेहरे पर मुस्कान कैसे आए उसपर चिंतन करना होगा और उनकी समस्याओं का समाधान करना होगा।उपजिलाधिकारी डॉ संतराज सिंह बघेल ने स्व. तिवारी के विचारों को आत्मसात करने का आह्वान किया। यही स्व. तिवारी जी की सच्ची श्रद्धांजलि होगी। नपा अध्यक्ष प्रतिनिधि राकेश कुमार जायसवाल ने स्व. तिवारी के साथ बीते पल की स्मृतियों की साझा करते हुए बताया कि उनके विचारों को आगे बढ़ाना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। लोकतंत्र रक्षक सेनानी दीनानाथ यादव, नन्द किशोर मिश्र, बंका सिंह ने स्व. तिवारी के साथ आपातकाल के संघर्ष के दौरान की स्मृतियों को सुनाया। इसी क्रम में पूर्व विधायक नन्द किशोर मिश्र, पं. वीरेंद्र तिवारी, एड. बद्री नारायण दूबे, बार संघ अध्यक्ष ओंकार नाथ पांडेय, अधिवक्ता फूल बदन यादव, केदार नाथ सिंह, शैलेन्द्र दत्त शुक्ला आदि ने संबोधित किया। इस मौके पर भजन कीर्तन और कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। स्व. तिवारी की पत्नी और परिजनों ने जनता इंटर कालेज धुरिया में उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्य अतिथि श्री पांडेय सहित अतिथियों ने लोकतंत्र सेनानियों का माल्यार्पण कर और अंगवस्त्र ओढ़ाकर सम्मानित किया।

अतिथियों का स्वागत रामायणी देवी, सुपुत्र दिनेश कुमार तिवारी भोजपुरिया ने किया जबकि संचालन सुपुत्र एड. कृष्ण कुमार तिवारी ने किया। इस दौरान रजनीश तिवारी, तहसीलदार धर्मराज सिंह, एड. उपेंद्र तिवारी, एड, केदार राय, अमरचंद जायसवाल, सुरेश गुप्ता, राजू मद्धेशिया, पुण्य प्रकाश तिवारी, धीरज राव, अमिय गुप्ता, डॉ संजय सिंह, संतोष सिंह, कुश मद्धेशिया, संतोष पाठक, सचिन पाठक, किरन सिंह, डॉ. सीमा गुप्ता, नीतीश यादव, राजेश मद्धेशिया, आदित्य तिवारी सहित ब्रह्म कुमारी बहनें और गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# मनरेगा का नाम बदलने पर कांग्रेसियों ने किया प्रदर्शन

देवरिया । महात्मा गांधी नेशनल ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) योजना का नाम बदलकर विकसित भारत गारंटी रोजगार एवं आजीविका मिशन (वीबी-जी राम जी) विधेयक के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया ।भाजपा सरकार के फैसले के विरोध में जिला कांग्रेस ने टाउन हॉल स्थित पार्टी कार्यालय से सुभाष चौक, सिविल लाइंस,कलेक्टरी कचहरी, शिव मंदिर होते हुए पुनः वापस सुभाष चौक पर विरोध प्रदर्शन का समापन किया। जिसमें कांग्रेसी नेताओं, पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं सहित बड़ी संख्या आमजन लोग भी शामिल हुए। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष विजय शेखर मल्ल 'रोशन' ने बताया कि कांग्रेस इस निर्णय को गरीबों, मजदूरों और ग्रामीण जनता के अधिकारों पर सीधा हमला मानती है। पार्टी का कहना है कि मनरेगा जैसी जनकल्याणकारी योजना देश के करोड़ों गरीब परिवारों के लिए जीवनरेखा है और इसके नाम से छेड़छाड़ करना जनता की भावनाओं के साथ खिलवाड़ है ।नया कानून गरीबों के हित के विरुद्ध है। जिलाध्यक्ष ने आगे कहा कि भाजपा सरकार -



आरएसएस की गांधी जी के प्रति दीर्घकालिक दुर्भावना को दिखाता है। महात्मा गांधी जी श्रम की गरिमा, सामाजिक न्याय और गरीबों के अधिकारों के प्रतिक रहें है। उनका नाम हटाना सिर्फ नाम परिवर्तन नही, बल्कि एक जन केंद्रित कानून से राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी के जुड़ाव को तोड़ने का प्रयास है।

कांग्रेस नेताओं का कहना है कि यदि सरकार ने मनरेगा को लेकर अपना फैसला वापस नहीं लिया, तो पार्टी आगे भी आंदोलन तेज करेगी। प्रदर्शन के दौरान कांग्रेसीयों ने हाथों में महात्मा गांधी जी की फोटो लिए हुए केंद्र की भाजपा सरकार की नीतियों के खिलाफ जमकर नारेबाजी सड़कों पे की। इस विरोध प्रदर्शन को लेकर जिले में राजनीतिक हलचल तेज हो गई है। विरोध प्रदर्शन में मुख्य रूप से पूर्व जिलाध्यक्ष सुयश मणि त्रिपाठी, बिस्मिल्लाह लारी, राधवेंद्र सिंह 'राकेश', धर्मेंद्र सिंह, मुकुंद भास्कर मणि त्रिपाठी, पुरुषोत्तम सिंह, नागेंद्र शुक्ला, अरविन्द शाही, वरुण राय, भरत मणि त्रिपाठी, जयप्रकाश धनगर, अब्दुल जब्बार, जुलेखा खातून, धर्मेंद्र पाण्डेय,शिव शंकर सिंह, रत्नेश मल्ल पिंटू, राजेश प्रताप सिंह, मनोज मणि, रामप्रवेश सिंह, मार्कण्डेय मिश्रा,सच्चिदानंद मिश्रा, विजय शंकर मिश्रा, शहनाज जफर, वशिष्ठ मोदनवाल,रीता देवी, चंद्रिका निषाद, शाकिर हुसैन, निर्मला वर्मा, विनोद दुबे, पन्नालाल पाठक, मुजफ्फर हुसैन मंसूरी, गोविंद मिश्रा, रमेश कुशवाहा, अभय प्रताप शुक्ला, कमलेश मिश्रा, रोहित सिंह सहित सैकड़ों कांग्रेसीयों शामिल रहे।

## 24 रोल चाइनीज मांझा के साथ एक गिरफ्तार

जौनपुर। थाना सरायख्वाजा क्षेत्र में प्रतिबंधित चाइनीज मांझा की बिक्री का मामला सामने आया है। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक दुकानदार को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से भारी मात्रा में प्रतिबंधित चाइनीज मांझा बरामद किया है। बरामद सामग्री मानव जीवन व पर्यावरण के लिए अत्यंत घातक बताई जा रही है। प्रभारी निरीक्षक अमरेन्द्र कुमार पाण्डेय के नेतृत्व में थाना सरायख्वाजा पुलिस टीम शिकारपुर बाजार क्षेत्र में गश्त पर थी। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि चम्बल तारा इलाके में एक व्यक्ति अपनी पतंग की दुकान से प्रतिबंधित चाइनीज मांझा बेच रहा है। सूचना पर विश्वास कर पुलिस टीम मौके पर पहुंची ।पुलिस को देखते ही दुकानदार भागने का प्रयास करने लगा, लेकिन पुलिस टीम ने तत्परता दिखाते हुए उसे पकड़ लिया। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम अमित निवासी ग्राम हरदीपुर, थाना सरायख्वाजा, के दुकान की तलाशी लेने पर एक गत्ते के डिब्बे से 24 रोल चाइनीज मांझा एवं 14 अदद चाइनीज परेता बरामद हुए।

## खाद्य प्रसंस्करण उद्योग नीति-2023 से निवेशकों को मिलेगा बड़ा लाभ

कुशीनगर। उपायुक्त उद्योग अभय कुमार सुमन ने बताया कि जनपद में खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा लागू उत्तर प्रदेश खाद्य प्रसंस्करण उद्योग नीति-2023 निवेशकों व उद्यमियों के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध हो रही है ।जिलाधिकारी द्वारा दिये गए निर्देश के क्रम में उन्होंने बताया कि जिला उद्योग एवं उद्यम प्रोत्साहन केन्द्र द्वारा नीति के प्रावधानों की जानकारी आमजन तक पहुँचाई जा रही है ।उपायुक्त उद्योग ने बताया कि इस नीति का उद्देश्य प्रदेश में खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों का विस्तार कर कृषि आधारित अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाना, स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर सृजित करना तथा किसानों की आय में वृद्धि करना है। नीति के अंतर्गत नई खाद्य प्रसंस्करण इकाइयों की स्थापना पर आकर्षक अनुदान एवं कर में छूट की व्यवस्था की गई है। नीति के तहत संयंत्र एवं मशीनरी पर 35 प्रतिशत तक पूंजी सब्सिडी ( अधिकतम पांच करोड़ रुपये ), बैंक ऋण पर 100 प्रतिशत ब्याज सब्सिडी, विद्युत शुल्क में 50 पैसे प्रति यूनिट तक की छूट, परिवहन लागत पर 25 प्रतिशत अनुदान तथा भूमि खरीद पर स्टाम्प शुल्क में 50 प्रतिशत तक की छूट का प्रावधान है। इसके अलावा ग्रामीण क्षेत्रों में महिला उद्यमियों को 90 प्रतिशत तक विशेष सब्सिडी दी जाएगी। कोल्ड चेन, वेयरहाउसिंग एवं भंडारण परियोजनाओं पर 35 प्रतिशत तक अनुदान ( अधिकतम 10 करोड़ रुपये ) तथा खाद्य प्रसंस्करण क्लस्टर व मेगा फूड पार्क की स्थापना के लिए भी विशेष प्रोत्साहन दिए जाएंगे। उन्होंने इच्छुक उद्यमी से अपील किया है कि निवेश मित्र पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए जिला उद्योग एवं उद्यम प्रोत्साहन केन्द्र, कुशीनगर से संपर्क किया जा सकता है।

## कृषकों के सोलरपम्प की बुकिंग कन्फर्म

जौनपुर। प्रदेश सरकार द्वारा किसानों के हित में संचालित प्रधानमंत्री किसान उर्जा सुरक्षा एवं उत्थान महा अभियान (पी०एम० कुसुम) सोलरपम्प योजना में अनुदान पर सोलरपम्प के स्थापित किये जाने हेतु जिन कृषको के द्वारा बुकिंग की गयी थी। इस मध्यावधि में जिन कृषको ने सोलरपम्प हेतु बुकिंग किये थे, उनकी बुकिंग कन्फर्म हो चुकी है। सम्बन्धित किसान भाई पोर्टल से अपना चालान जनरेट करवाकर इण्डियन बैंक के किसी भी शाखा में 31 दिसम्बर से पूर्व तक अपना अवशेष कृषक अंश जमा कर सोरपम्प प्राप्त करें। विभागीय चालान जनरेट करने हेतु वेबसाईट-पर जाकर अपना पंजीकरण संख्या डालते हुये चालान जनरेट किया जायेगा। अवशेष कृषक अंश की निर्धारित धनराशि कृषक को इसी चालान के माध्यम से इण्डियान बैंक की किसी भी शाखा में निर्धारित तिथि के अन्दर जमा करनी होगी। अन्यथा कृषक का चयन स्वतः निरस्त हो जायेगा और टोकन की धनराशि जब्त हो जायेगी। कृषक जल्द से जल्द अवशेष कृषक अंश जमा करते हुये आवश्यक अभिलेख चालान की एक विभागीय प्रति सहित कृषि विभाग में जमा कर दें।

संक्षेप

## मुखबिर की सूचना पर वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

हिलौली, उन्नाव। पुलिस ने चोरी/नकबजनी के वांछित अभियुक्त मनीराम कुशवाहा को गिरफ्तार किया है। यह गिरफ्तारी मौरावां थाना क्षेत्र के ग्राम बैसनखेड़ा तिराहा से 21 दिसंबर की देर शाम मुखबिर की सूचना पर की गई। अभियुक्त के पास से एक बोरी सरसों और एक जोड़ी पायल बरामद हुई हैं। जनपद में चोरी और नकबजनी के वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है। मनीराम कुशवाहा पुत्र विश्राम, निवासी स्वयंबरखेड़ा मजरा सन्दाना, थाना मौरावां, 09 अगस्त 2025 को धारा 305 और 317(2) से संबंधित मामले में वांछित था। गिरफ्तारी के बाद अभियुक्त के विरुद्ध आवश्यक विधिक कार्यवाही पूरी कर उसे न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है। बरामद माल में एक प्लास्टिक की बोरी में पीली सरसों और सफेद धातु की एक जोड़ी पायल शामिल हैं। अभियुक्त को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उपनिरीक्षक अमरेश सिंह सोढ़ी, उपनिरीक्षक सुरेश सिंह, हेड कांस्टेबल रविन्द्र सिंह, कांस्टेबल नीरज कुमार और कांस्टेबल मुकेश चन्द्र शामिल थे।

## ग्रामीण बैंक सेवा निवृत्त कर्मचारी की आम सभा का आयोजन

सीतापुर। स्थानीय सौभाग्य गेस्ट हाउस, सीतापुर में उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक सेवा निवत्त कर्मचारी वेलफेयर सोसाइटी सीतापुर की आमसभा का आयोजन किया गया। जिसका संचालन महबूब रजा महामंत्री द्वारा किया गया स्वागत संबोधन में जेपी बाजपेई अध्यक्ष ने कहा प्रतिकूल मौसम के बावजूद बहुत अच्छी संख्या में सदस्यों, पदाधिकारियों, संरक्षक मण्डल, कार्य कारिणी सदस्यों ने भाग लिया। जिसमें महिलाओं की भी सहभागिता हुईं। सभा में सुदूर क्षेत्रों जैसे गोरखपुर, महमूदाबाद, लखीमपुर, लखनऊ आदि के और स्थानीय सदस्यों ने सर्द मौसम की परवाह किये बिना हमारे अनुरोध को स्वीकार कर हमें अनुग्रहीत किया। जिसके लिये हम उनको हार्दिक धन्यवाद ज्ञापित करते है। सभा में महामंत्री द्वारा वार्षिक रिपोर्ट, कोषाध्यक्ष द्वारा आय ब्यय रिपोर्ट सदन के समक्ष प्रस्तुत कर उसका अनुमोदन प्राप्त किया गया। समिति के पंजीकरण के नवीनीकरण, वर्तमान पदाधिकारियों की स्थिति एवं नये पदाधिकारी के मनोनयन की पुष्टि भी सदन द्वारा की गई। सभा में उपस्थित कुछ सदस्यों ने कविता पाठ, अपने अपने संस्मरण बताये। सभा में समिति के सदस्यों में 75 उम्र के दो सदस्यों डीएन सिंह, शारदा प्रसाद गुप्ता को एक-एक शाल और एक-एक प्रतीक चिन्ह देकर और समिति के भिन्न कार्यक्रमों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले सदस्यों मनमोहन और शारदा नंद वर्मा को एक-एक प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। सभा में सदस्यों से उनकी समस्याओं को अवगत कराने को कहा गया। सभा में मुख्य रूप से बीडी वर्मा, केपी मिश्रा, बीएन सिंह, पुस्कर सिंह, केके शुक्ला, राधेश्याम वर्मा, शुभम मेहरोत्रा, अनिल श्रीवास्तव, ओपी अवस्थी, धीरेंद्र मिश्रा, एसके बाजपेई आदि उपस्थित रहे।

## ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार की मौत, बेटा घायल

सकरन/सीतापुर। थाना क्षेत्र में सोमवार को हुए एक दर्दनाक सड़क हादसे में मोटरसाइकिल सवार 50 वर्षीय व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि उसका बेटा गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसा कुतुबापुर गांव के पास उस समय हुआ, जब एक अनियंत्रित ट्रैक्टर ने बाइक को टक्कर मार दी जानकारी के अनुसार गढ़वा डीह निवासी अवधेश पुत्र रामपाल अपने बेटे रिंकू के साथ साप्ताहिक बाजार सेमरा खुर्द जा रहे थे। जैसे ही वे प्राथमिक विद्यालय कुतुबापुर के पास पहुंचे, सांडा की ओर से आ रहे ट्रैक्टर ने उनकी मोटरसाइकिल में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। परिजनों द्वारा उन्हें तत्काल सीएचसी सांडा ले जाया गया, जहां चिकित्सक डॉ. सुनील यादव ने अवधेश को मृत घोषित कर दिया। घायल रिंकू का इलाज जारी है। रिंकू का आरोप है कि ट्रैक्टर चालक नशे की हालत में था। पुलिस ने चालक को हिरासत में लेकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने किया विद्या भवन का लोकार्पण

जिला संवाददाता(vol)



फतेहपुर। प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने आज वीआईपी रोड स्थित सरस्वती बालिका विद्या मंदिर के भव्य नवीन भवन का वैदिक रीति-रिवाजों और मंत्रोचारण के साथ पूजा-अर्चना कर शिलापट्ट का अनावरण एवं लोकार्पण किया। इसके पश्चात सप्तशक्ति संगम कार्यक्रम का शुभारंभ शंखध्वनि, मां सरस्वती एवं भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण तथा दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। यह आयोजन बालिकाओं की शिक्षा, सशक्तिकरण और समग्र विकास को समर्पित था, जिसमें सैकड़ों बच्चों, अभिभावकों, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं जनप्रतिनिधियों ने भाग लिया।

विद्यालय प्रबंधक एवं लोक सेवा आयोग सदस्य हरेश प्रताप सिंह ने राज्यपाल को विद्यालय की गौरवपूर्ण यात्रा, पूर्व में आए विशिष्ट अतिथियों तथा यहां दी जा रही गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, खेलकूद एवं अन्य क्रियाकलापों की विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम की शुरूआत आंगनबाड़ी एवं प्राथमिक कक्षाओं के छोटे-छोटे बच्चों द्वारा प्रस्तुत मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रमों से हुई, जिन्होंने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने 'विकसित भारत-2047' के संकल्प को अपने भावपूर्ण विचारों से व्यक्त किया, जिसकी राज्यपाल महोदया ने भूरी-भूरी प्रशंसा की और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की ।सरकारी योजनाओं का विस्तृत वितरणराज्यपाल द्वारा केन्द्र एवं राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों को प्रमाण-पत्र, स्वीकृति पत्र, किट एवं डमी चेक वितरित किए गए। प्रमुख वितरण इस प्रकार रहेः10 आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को प्रशस्ति पत्र, पोषण अभियान के तहत 10 पोषण पोटली एवं सीएसआर अंतर्गत 2 उद्यमियों को किट ।स्वयं सहायता समूह की संतोषी देवी को ई-रिक्शा की चाबी ।10 आयुष्मान कार्ड, स्वामित्व योजना के 5 घरौनी, 5 मुख्यमंत्री आवास योजना के स्वीकृति पत्र, जीरो पावर्टी योजना के 1 लाभार्थी को आवास चाबी।

प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना के 4 लाभार्थियों को ऋण डमी चेक ।10 किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि प्रमाण-पत्र, 10 पीएम सूर्यघर योजना लाभार्थियों को डमी चेक ।अंत्योदय अन्न योजना के 5 कार्ड, प्रधानमंत्री उज्ज्वला 3.0 के निःशुल्क गैस कनेक्शन, श्रम विभाग की 8 योजनाओं के स्वीकृति पत्र ।सीएम युवा उद्यमी योजना के 4 डमी चेक एवं 2 सिलाई मशीन ।10 छात्राओं को टैबलेट। राज्यपाल के प्रेरक संदेशसम्बोधन में राज्यपाल ने कहा कि सरस्वती बालिका इंटर कॉलेज का यह विद्या भवन बालिकाओं के हित में समर्पित होगा, जो सराहनीय है। समय के साथ बदलाव आवश्यक है। नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति से विद्यार्थियों को आधुनिक ज्ञान-तकनीक उपलब्ध होगी। आंगनबाड़ी केंद्रों में भोजन सुविधा से बच्चे सुपोषित होंगे। स्वामित्व योजना से भूमि विवाद समाप्त होंगे जिलाधिकारी को अभियान चलाने के निर्देश दिए ।दहेज प्रथा को समाप्त करने हेतु शिक्षा, संस्कार एवं व्यवहार पर जोर दिया। 9-15 वर्ष की बेटियों को एचपीवी वैक्सीन लगवाने, कस्तूरबा गांधी विद्यालय से शुरूआत एवं पुलिस कर्मियों की बेटियों के लिए सूची बनाने को कहा। बालिकाओं को 21 वर्ष से पहले शादी न करने की सलाह दी। जनप्रतिनिधियों को योजनाओं का घर-घर प्रचार करने को कहा। जिलाधिकारी रविंद्र सिंह ने राज्यपाल का स्वागत कर आभार जताया। उन्होंने 300 आंगनबाड़ी केंद्रों में प्री-स्कूल किट वितरण, लाइट हाउस मॉडल आंगनबाड़ी, एआई आधारित टीकाकरण जैसी पहलों का उल्लेख किया। प्रतीक चिन्ह, एसएचजी उत्पाद एवं पुस्तक भेंट की। कार्यक्रम का समापन विद्यालय प्रबंध समिति उपाध्यक्ष राकेश वर्मा के धन्यवाद से हुआ।

## पुष्प फाउण्डेशन ने जरुरतमंद परिवारों को कंबल दिए

पाटन, उन्नाव। पुष्प फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष पुष्पेंद्र प्रताप सिंह ने सोमवार को ग्राम पंचायत इंदेमऊ स्थित आदर्श पूर्व माध्यमिक विद्यालय परिसर में क्षेत्र के हजारों जरूरतमंद परिवारों को कंबल वितरित किए। कड़ाके की ठंड में आयोजित इस सेवा कार्यक्रम में गरीब, असहाय और वंचित वर्ग के लोगों को राहत सामग्री प्रदान की गई।



कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पुष्पेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि मानव सेवा ही सबसे बड़ा धर्म है और समाज को जाति-धर्म की संकीर्णता से ऊपर उठकर एक-दूसरे की मदद करनी चाहिए। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि जातिवाद समाज की प्रगति में सबसे बड़ी बाधा है, इसे समाप्त किए बिना समरस और मजबूत समाज की कल्पना नहीं की जा सकती। उन्होंने लोगों से आह्वान किया कि विशेष जाति या वर्ग के भेदभाव को छोड़कर सभी समान रूप से एक-दूसरे के सुख-दुख में सहभागी बनें। उन्होंने यह भी कहा कि पुष्प फाउंडेशन की पूरी संपत्ति समाज की सेवा के लिए समर्पित है। राजनीति में आने को लेकर उन्होंने कहा कि यह सब बजरंगबली की इच्छा पर निर्भर है, जो उनका आदेश होगा वही किया जाएगा। इस अवसर पर राजाराम पाल, राघवेंद्र सिंह, नरेंद्र विक्रम सिंह, तेज बहादुर सिंह, प्रधान संघ अध्यक्ष मनोज सिंह, रिंकू सिंह, उमा शंकर सिंह, शत्रुघ्न सिंह, सगुन सिंह, गुड्डू सिंह, गोविन्दशंकर, गोलू सिंह, पंकज सिंह, दीपिका सिंह राना, प्रखर सिंह, उपेन्द्र सिंह रोहित काका, संदीप यादव, रामजी कश्यप, प्रियंका, विजेता दीक्षित, शकुंतला, उमाशंकर सिंह, रामराज शर्मा, हरिश्चन्द्र प्रधान, श्री पाल फौजी प्रधान, संतकिशोर, अनुज कुमार पटेल प्रधान सहित की संख्या में ग्रामीण, सामाजिक कार्यकर्ता और लाभार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में लोगों ने सेवा भावना और सामाजिक समरसता के संदेश की सराहना की।

## 1350वें शहीदी दिवस पर भव्य शुक्राना यात्रा का शानदार स्वागत

जिला संवाददाता(vol)

फतेहपुर, । नवम पातशाह गुरु तेग बहादुर साहिब के 350वें शहीदी दिवस के पावन अवसर पर असम के गुरुद्वारा साहिब धुबड़ी से प्रारंभ हुई शुक्राना यात्रा का भव्य स्वागत किया गया। यह यात्रा सिख इतिहास की महान घटना को याद करने और गुरु साहिब के बलिदान की स्मृति को जीवंत करने का प्रतीक बनी।

गुरुद्वारा साहिब धुबड़ी से चलकर सैकड़ों श्रद्धालुओं के साथ यह पावन यात्रा फतेहपुर पहुँची, जहाँ नगरवासियों ने इसे फूलों की वर्षा और उत्साहपूर्ण नारों से सम्मानित किया। यात्रा नगर कीर्तन के रूप में वर्मा चौराहा से प्रारंभ हुई। संगत ने गुरबानी कीर्तन गाते हुए विभिन्न मार्गों से होते हुए गुरुद्वारा गुरु सिंह सभा तक पहुँचाई। मार्ग अवरोध स्थानों पर नगर के अनेक व्यापारियों, निवासियों और संगत ने पुष्प वर्षा कर यात्रा का हार्दिक स्वागत किया। वर्मा चौराहा पर दीपक रस्तोगी द्वारा चाय-नाश्ते की उत्तम व्यवस्था की गई, जिससे थके-मांदे यात्रियों को ताजगी मिली। वहीं, मनोज घयाल द्वारा भव्य आतिशबाजी का आयोजन किया गया, जिसने पूरे वातावरण को उत्सवमय बना दिया। इस दौरान पाँच प्यारों को दूध पिलाकर सम्मानित किया गया तथा सत्य भगवान द्वारा मोतियों की माला पहनाकर सत्कार किया गया।

किशन मल्होत्रा ने विशेष रूप से यात्रा का स्वागत करते हुए गुरु साहिब के बलिदान पर प्रकाश डाला ।गुरुद्वारा परिसर में यात्रा में सम्मिलित श्रद्धालुओं एवं संगत के लिए लंगर की शानदार व्यवस्था की गई। बड़ी संख्या में संगत ने प्रसाद ग्रहण कर गुरु की कृपा का आशीर्वाद लिया। समस्त कार्यक्रम श्रद्धा, अनुशासन एवं गुरु मर्यादा के पूर्ण अनुरूप शांतिपूर्वक सम्पन्न हुआ। नगर की संगत में इस पावन अवसर को लेकर विशेष उत्साह एवं श्रद्धा का भावपूर्ण वातावरण छाया रहा।

गुरु तेग बहादुर साहिब का बलिदान धर्म की रक्षा और मानवता के लिए प्रेरणा स्रोत बना रहा। इस ऐतिहासिक आयोजन को सफल बनाने में गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी फतेहपुर के सह-अध्यक्ष नरिंदर सिंह रिक्की, ज्ञानी कुलदीप सिंह, परमजीत सिंह, सोनी सिंह, सुरिंदर सिंह, नरेंद्र सिंह रिंकू, जसबीर सिंह, गोविंद सिंह, चरणजीत सिंह, गुरमीत सिंह उमंग, परविंदर सिंह सोनी, पम्मी, ग्रेटी, नामी, हरमंगल सिंह, वीर सिंह, कुलवीर सिंह आदि ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। महिला संगत में ईश्वर कौर, रनदीप कौर, मनजीत कौर, खुशी, सुमीत कौर, सतनाम कौर, अमरजीत कौर, परमजीत कौर, हरविंदर कौर, सतबीर कौर, शिम्पी, नवतेज कौर, कंवलजीत कौर आदि का विशेष योगदान रहा। संगत ने संकल्प लिया कि गुरु साहिब के आदर्शों पर चलते हुए समाज सेवा में योगदान देंगे।

## यूनिसेफ के सहयोग से लर्निंग बाय डूइंग प्रोजेक्ट की हुयी सूटिंग



उन्नाव (वीओएल)। यूनिसेफ के सहयोग से संचालित लर्निंग बाय डूइंग कार्यक्रम के अंतर्गत विकासखंड औरास के उच्च प्राथमिक विद्यालय रामपुर गढ़ौवा में सोमवार को शैक्षिक प्रोजेक्ट की वीडियो शूटिंग कराई गई। इस दौरान बच्चों ने ह्लसोख्ता गड्ढा (रेन वाटर एवं वेस्ट वाटर रिचार्ज पिट)ह्व विषय पर आधारित गतिविधि को स्वयं करके दिखाया। प्रोजेक्ट शूट में विद्यालय के पाँच छात्र-छात्राएं खुशी, उपासना, कोमल, समीर एवं शुभम शामिल रहे। बच्चों ने स्क्रिप्ट के अनुसार स्थान चयन से लेकर गड्ढा निर्माण, परतों की व्यवस्था, जल प्रवाह की समझ तथा आवश्यक सावधानियों को व्यवहारिक रूप से प्रस्तुत किया। पूरी गतिविधि बच्चों की सक्रिय सहभागिता के साथ संपन्न हुई। विद्यालय में संचालित लर्निंग बाय डूइंग लैब के माध्यम से विद्यार्थियों को प्रयोग आधारित शिक्षा का लाभ मिल रहा है। इससे बच्चों में विषय को समझने की क्षमता, आत्मविश्वास और पर्यावरण के प्रति जागरूकता में निरंतर वृद्धि हो रही है। विद्यालय में प्रोजेक्ट शूट होने पर खंड शिक्षा अधिकारी औरास संजय शुक्ल ने विद्यालय परिवार को बधाई दी और इसे बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए उपयोगी बताया। शिक्षक प्रदीप कुमार वर्मा ने बताया कि शुक्रवार को विद्यालय में सोलर सेल एवं सोलर से संचालित उपकरणों पर आधारित अगली शैक्षिक गतिविधि की शूटिंग प्रस्तावित है। विद्यालय में हो रहे नवाचारों से क्षेत्र में विद्यालय की शैक्षिक पहचान सुदृढ़ हो रही है।

## कर बकायेदारों की नामपट्टी बनी सिधौली में चर्चा का विषय

सीतापुर। सिधौली नगर पंचायत कार्यालय में गृहकर व जलकर के बड़े बकायेदारों के नाम सार्वजनिक कर दिए गए हैं। नगर पंचायत कार्यालय की दीवारों पर 20-20 नाम वाले दो बड़े बैनर चस्पा किए गए हैं। जो पूरे नगर में चर्चा का विषय बने हुए हैं। हैरानी की बात यह है कि इन बकायेदारों में निजी व्यक्तियों के साथ-साथ कई सरकारी कार्यालय और प्रतिष्ठित संस्थान भी शामिल हैं। सूची में सबसे बड़ा बकायेदार ताराचंद अजय कुमार ब्रिक फील्ड है। जिस पर 6,15,252 का भारी-भरकम बकाया दर्ज है। इसके बाद तहसीलदार कार्यालय सिधौली पर 1,72,800, कोतवाली सिधौली पर 1,45,200 और 33/11 केवी विद्युत पावर हाउस पर 1,38,240 का बकाया बताया गया है। इसके अलावा श्री गांधी विद्यालय इंटर कॉलेज छात्रावास पर 29,120,




उपजिलाधिकारी व क्षेत्राधिकारी कार्यालय पर 57,600, गोपिचंद विजय कुमार जैन कन्या इंटर कॉलेज, दीना नाथ इंटर कॉलेज, जिला पंचायत अध्यक्ष डाक बंगला, रविदास मंदिर, सरस्वती शिशु मंदिर, जनता भट्ठा, लेखपाल कार्यालय, रामलीला कमेटी, स्वामी दयाल, राजेंद्र सिंह, लीलावती सहित कुल 40 नाम बैनरों में दर्ज हैं। इस कार्रवाई को लेकर नगर में तरह-तरह की चचाएं हो रही हैं। लोग सवाल उठा रहे हैं कि जब सरकारी कार्यालय ही कर नहीं जमा कर रहे, तो आम जनता से सख्ती क्यों? इस संबंध में नगर पंचायत की अर्थ एवं कर निर्धारण अधिकारी रेणुका यादव ने बताया कि यह कार्रवाई जिलाधिकारी के निर्देश पर की गई है। सभी बकायेदारों को नोटिस भेजे जा चुके हैं। यदि तय समय में गृहकर व जलकर जमा नहीं किया गया, तो नियमानुसार आरसी काटकर वसूली की जाएगी। नगर पंचायत की यह सख्त पहल अब पूरे सिधौली में चर्चा का केंद्र बन गई है।

## जनपद के सभी खण्डों में बनाये जायेंगे ओपेन जिमः डीएम

सीतापुर। जिलाधिकारी डा0 राजागणपति आर0 की पहल पर जनपद के समस्त विकास खण्डों में कुल लगभग 200 ओपेन जिम बनाये जायेंगे। इसमें सिधौली विकासखण्ड में 10, महमूदाबाद विकास खण्ड 10, विकास खण्ड ऐलिया में 10, विकास खण्ड बेहटा में 10, विकास खण्ड बिसवां में 10, विकास खण्ड गोंदलामऊ में 10, विकास खण्ड हरगांव में 10, विकास खण्ड कमसण्डा में 10, विकास खण्ड खैराबाद में 10, विकास खण्ड लहरपुर में 10, विकास खण्ड मछरेहटा में 10, विकास खण्ड महोली में 10, विकास खण्ड मिश्रिख में 10, विकास खण्ड पहला में 10, विकास खण्ड परसेण्डी में 10, विकास खण्ड पिसावां में 10, विकास खण्ड रामपुरमथुरा में 10, विकास खण्ड रेउसा में 10, विकास खण्ड सकरन में 10 ओपेन जिम बनाया जाना प्रस्तावित है। जिलाधिकारी ने कहा कि इससे ग्रामीण क्षेत्रों के युवाओं को स्वस्थ जीवन शैली का अवसर प्राप्त होगा। व्यायाम करने से लोगों को तनाव चिन्ता और अवसाद से मुक्ति मिल सकेगी तथा बिना किसी आर्थिक बोझ के व्यायाम करने का अवसर मिल सकेगा। प्राकृतिक वातावरण और ताजी हवा स्वास्थ्य के लिये अत्यन्त लाभकारी साबित होगी। एक दूसरे से मिलनें के अवसर भी अधिक होंगे, जिससे सामाजिक सम्पर्क बढ़ेगा। ओपेन जिम के माध्यम से सभी उम्र के लोग अपनी क्षमता, इच्छा एवं समय की उपलब्धता के अनुसार व्यायाम कर सकेंगे।

## बच्चों को मिला खेल व रचनात्मकता का उपहार



सीतापुर। खैराबाद स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय रहिमाबाद में बच्चों के सर्वांगीण विकास को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से एक प्रेरणादायक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में प्रमुख समाजसेवी एवं भाजपा नेता सागर गुप्ता ने विद्यालय परिसर में बच्चों के मनोरंजन और शारीरिक विकास के लिए झूला लगवाया तथा रचनात्मक क्षमता को बढ़ावा देने के लिए ड्राइंग बुक, स्केच पेन, कॉपियां और कलर बॉक्स का वितरण किया। इस अवसर पर लगभग 160 बच्चों को शैक्षिक एवं रचनात्मक सामग्री प्रदान की गई, जिससे बच्चों में विशेष उत्साह और खुशी देखने को मिली। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सागर गुप्ता ने कहा कि बच्चों का सर्वांगीण विकास केवल किताबी शिक्षा से संभव नहीं है, बल्कि खेल और कला भी शिक्षा का अहम हिस्सा हैं। उन्होंने समाज के सक्षम लोगों से विद्यालयों में ऐसे प्रयासों के लिए आगे आने का आह्वान किया। कार्यक्रम में राजकुमार दीक्षित, नवल किशोर मिश्रा, ग्राम प्रधान मो. लईक खां, प्रधानाचार्य सीमा बाजपेई, मो. फैजुल खां सहित जसविंदर कौर, अमृता शर्मा, नुजहत फातिमा, आरती अवस्थी, पवन सिंह, अनूप सिंह एवं उर्मिला सहा सहित विद्यालय के सभी शिक्षक उपस्थित रहे। विद्यालय परिवार ने इस सराहनीय पहल के लिए सागर गुप्ता का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे प्रयास बच्चों के उज्ज्वल भविष्य को संवारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

## जनपद की नहरों में पानी का सुचारू संचालन शुरू

सीतापुर। अधिशासी अभियंता, सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग सीतापुर ने बताया कि जनपद में फसलों की सिंचाई हेतु नहरों में किए जा रहे पानी के संचालन को लेकर जिला प्रशासन और सिंचाई विभाग पूरी तरह सतर्क है। जिलाधिकारी



के निर्देशों के क्रम में जनपद की सभी मुख्य नहरों और रजवाहों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। जनपद की नहरों में पानी के प्रवाह को देखते हुए विभागीय टीम द्वारा रात्रि में पेट्रोलिंग की जा रही है। रात के समय किसी भी अप्रिय स्थिति या रिसाव की पहचान के लिए कर्मचारियों को विशेष रूप से तैनात किया गया है। निरीक्षण के दौरान जनपद के जिन क्षेत्रों में नहर के किनारे कमजोर या संवेदनशील पाए जा रहे हैं, वहाँ पर सुदृढ़ीकरण का कार्य किया जा रहा है। आवश्यकतानुसार जेसीबी से मिट्टी के भराव और सैंड-बैग्स लगाकर बैंक को मजबूत किया जा रहा है। सिंचाई विभाग ने जनपद के किसानों से अनुरोध किया है कि वे नहरों के किनारों पर किसी भी प्रकार का अवैध कटान न करें और नहरों के रेगुलेटर एवम् बैंक से छेड़छाड़ ना करे यह दंडनीय अपराध है। यदि कहीं भी जलभराव या कटाव की स्थिति दिखे तो तत्काल नजदीकी विभागीय कार्यालय को सूचना दें।

# चोर गिरफ्तार, जेवरात व सामान बरामद



जिला संवाददाता

उन्नाव। जिले में बढ़ रही चोरी की घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाने के उद्देश्य से चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत थाना माखी पुलिस, स्वाट व सर्विलांस टीम को बड़ी सफलता हाथ लगी है।

पुलिस ने चोरी की विभिन्न घटनाओं का सफल अनावरण करते हुए चार शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है, जिनके पास से शत-प्रतिशत चोरी किए गए जेवरात, मोबाइल फोन सहित करीब 20 लाख रुपये से अधिक का माल तथा एक चोरी की मोटरसाइकिल बरामद की गई है। पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश तथा पुलिस अधीक्षक के कुशल नेतृत्व में, अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी एवं क्षेत्राधिकारी सफीपुर के पर्यवेक्षण में यह कार्रवाई की गई। सोमवार को थाना माखी पुलिस टीम ने स्वाट व सर्विलांस टीम के सहयोग से गंगाएक्सप्रेस-वे के अंडरपास, ग्राम चैधरीखेड़ा से चारों अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान शांति बाबू, निखिल मौर्या, कुलदीप राठौर एवं पुनीत मौर्या के रूप में हुई है। पूछताछ के दौरान अभियुक्तों ने थाना माखी में पंजीकृत दो चोरी के मामलों के साथ-साथ थाना बेहटा मुजावर, कोतवाली सदर व थाना आसीवन में दर्ज कई चोरी की घटनाओं को स्वीकार किया। अभियुक्तों के कब्जे से बड़ी मात्रा में सोने-चांदी के जेवरात जैसे पायल, विछिया, झुमकी, अंगूठी, हार, मंगलसूत्र, चूड़ियां, मांग टीका, टप्स आदि बरामद किए गए हैं। इसके अतिरिक्त अभियुक्त पुनीत मौर्या के पास से थाना आसीवन में पंजीकृत एक चोरी की स्प्लेंडर प्लस मोटरसाइकिल भी बरामद की गई। पुलिस का कहना है कि बरामदगी के आधार पर चोरी के सभी मामलों का सफल अनावरण हो गया है और पीड़ितों को उनका माल वापस कराया जाएगा। चारों अभियुक्तों को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही करते हुए न्यायालय में पेश किया गया है। इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर पुलिस अधीक्षक उन्नाव द्वारा थाना माखी पुलिस टीम तथा स्वाट/सर्विलांस टीम को 20,000 रुपए नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया है।

## विवेक भाई शास्त्री बने महाकाली महाकाल मंशा देवी मंदिर के महंत



नैमिषारण्य/सीतापुर। नैमिषारण्य स्थित महाकाली महाकाल मंशा देवी मंदिर परिसर में सोमवार को सनातन परंपराओं के अनुसार महंत पद पर अभिषेक का आयोजन किया गया। ब्रह्मलीन महंत बिहारी लाल के स्थान पर प्रसिद्ध कथाव्यास विवेक भाई शास्त्री को वैदिक मंत्रोच्चार एवं संत-महंतों की उपस्थिति में विधिवत रूप से मंदिर का महंत नियुक्त किया गया।

समारोह की अध्यक्षता चैरासी कोस परिक्रमा अध्यक्ष एवं पहला आश्रम महंत नारायण दास ने की। इस दौरान महंत संतोष दास खाकी, महंत बजरंग दास, महंत राजनारायण पांडेय, काली पीठाधीश गोपाल शास्त्री, ब्रह्मऋषि स्वामी विमलानंद सरस्वती सहित अनेक संत-महंत उपस्थित रहे। परंपरा के अनुसार विवेक भाई शास्त्री को साफा पहनाया गया, तिलक लगाया गया और शाल ओढ़ाकर महंत घोषित किया गया ।नव-नियुक्त महंत विवेक भाई शास्त्री ने सभी संतों का आभार जताते हुए सनातन धर्म की सेवा का संकल्प लिया। कार्यक्रम के अंत में संतों को भोजन, अंगवस्त्र व दक्षिणा भेंट की गई। बड़ी संख्या में श्रद्धालु भी मौजूद रहे।

## पुलिसकर्मी का नशा करते वीडियो वायरल, विभाग में मचा हड़कंप

सकरन/सीतापुर। थाना सकरन क्षेत्र में तैनात एक पुलिसकर्मी का गांजा पीने और शराब की दावत का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने से पुलिस महकमे



में हड़कंप मच गया है। वायरल वीडियो में डायल 112 पीआरवी 6617 पर तैनात आरक्षी धर्मेन्द्र कुमार दुबे को सकरन के उमरा कला स्थित एक आश्रम पर गांजा पीते हुए दिखाया जा रहा है। बताया जा रहा है कि वह वहां अक्सर आते थे, इसी दौरान किसी ने उनका वीडियो बना लिया। इसके अलावा एक अन्य वीडियो में आरक्षी रात के समय एक दावत में वर्दी पहनकर शराब पीते नजर आ रहे हैं। नशे की हालत में खाकी वर्दी में मांस-मदिरा का सेवन करते वीडियो के सामने आने से पुलिस विभाग की छवि धूमिल हुई है। सोमवार को वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होते ही चचाओं का दौर शुरू हो गया। इस संबंध में थानाध्यक्ष प्रदीप कुमार सिंह ने बताया कि वायरल वीडियो की जानकारी मिली है। मामले की जांच कराई जा रही है और जांच के बाद उच्चाधिकारियों के निर्देश पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# बढ़ेगी व्यापारिक साझेदारी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की हालिया तीन देशों की यात्रा से भारत और खाड़ी देशों के बीच रिश्तों को मजबूत बनाने में तो मदद मिलेगी लेकिन साथ ही ओमान के साथ जो मुक्त व्यापार समझौता हुआ है, उसका लाभ भी देश की अर्थव्यवस्था विशेषकर श्रम गहन क्षेत्र को मिलना तय है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जॉर्डन, इथियोपिया और ओमान की यात्रा पश्चिम एशिया और अफ्रीका के साथ भारत के ऐतिहासिक व्यापारिक और सुरक्षा संबंधों को और मजबूती देने की दिशा में एक छोटा मगर महत्त्वपूर्ण कदम है। प्रधानमंत्री की यह यात्रा ऐसे समय में हुई है जब अमेरिका के कदमों से उत्पन्न भू-राजनीतिक अनिश्चितताएं इस क्षेत्र और वैश्विक व्यापार दोनों के लिए चिंता का सबब हैं। इन तीन देशों की यात्रा का जितना महत्त्व ऊपरी तौर पर दिख रहा है (जैसे इथियोपिया के प्रधानमंत्री और जॉर्डन के युवराज द्वारा प्रधानमंत्री के प्रति व्यक्त सम्मान) उतना ही उन समझौतों का भी है जिन पर हस्ताक्षर हुए। इनमें ओमान और भारत के बीच हुआ मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) एक महत्वपूर्ण कदम है। यह समझौता ऐसे मौके पर हुआ है जब दोनों देश राजनयिक संबंध स्थापित होने के 70 वर्ष पूरे होने का जश्न मना रहे हैं। यह व्यापक आर्थिक भागीदारी समझौता (सीईपीए) भारत और किसी पश्चिम एशियाई देश के बीच हुआ दूसरा एफटीए है। पहला वर्ष 2022 में संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के साथ हुआ था। मगर ओमान के साथ यह सीईपीए वहां के बाजार में भारत को लगभग पूर्ण रूप से शुल्क-मुक्त पहुंच देता है और इसका दायरा एफटीए से कहीं अधिक



है क्योंकि तत्काल 97.96 फीसदी शुल्क समाप्त हो जाएंगे। इस बीच, भारत ने भी मूल्य के लिहाज से ओमान से लगभग 95 फीसदी आयात उदार बनाकर अपनी तरफ से भी सकारात्मक पहल की है। हालांकि, ओमान इस क्षेत्र में भारत के सबसे बड़े व्यापार साझेदारों में से एक नहीं है (यूएई के 100 अरब डॉलर और सऊदी अरब के 42 अरब की तुलना में कम है) मगर सीईपीए आर्थिक जुड़ाव और विस्तार के लिए बड़ी क्षमता की गुंजाइश तैयार करता है। प्रमुख सेवा क्षेत्रों में भारतीय कंपनियों द्वारा 100 फीसदी प्रत्यक्ष विदेशी निवेश का प्रावधान पश्चिम एशिया और अफ्रीका के सेवा क्षेत्र में भारत की पारंपरिक उपस्थिति को और धार देगा। भारतीय पेशेवरों के आने-जाने के लिए एक उदार गतिशीलता ढांचा भी अहम है। ओमान ने भारत से कच्चे संगमरमर के निर्यात पर प्रतिबंध हटाने पर भी सहमति जताई है। भारत के लिहाज से यह भी एक अहम प्रगति है क्योंकि इससे उसे तुर्किये पर अपनी निर्भरता कम करने में मदद मिलेगी। भारत इसे भी एक अहम भू-रणनीतिक लाभ के रूप में देख सकता है। तुर्किये द्वारा पाकिस्तान को समर्थन और जम्मू-कश्मीर पर भारतीय नीति की आलोचना के बाद भारत के साथ उसके संबंध खराब हो गये हैं। प्रधानमंत्री अपनी तीन देशों की यात्रा के पहले चरण में जॉर्डन पहुंचे जो प्रधानमंत्री की पहली पूर्ण द्विपक्षीय यात्रा थी। जॉर्डन के साथ कई सहयोग समझौते हुए जिनसे आपसी आर्थिक हितों में निहित पुरानी मित्रता को मजबूती मिली है। भारत, जॉर्डन का तीसरा सबसे बड़ा व्यापार साझेदार है और लंबे समय से उर्वरक आपूर्तिकर्ता के रूप में एक अहम भूमिका निभाता रहा है। इथियोपिया में पारस्परिक रूप से मजबूत द्विपक्षीय संबंधों के जरिये रणनीतिक लिहाज से अहम समझे जाने वाले अफ्रीका के इस देश में निवेश बढ़ाने के अवसर पर जोर दिया गया। इथियोपिया में लगभग 675 भारतीय कंपनियां पंजीकृत हैं और उन्होंने मुख्य रूप से कपड़ा और दवा क्षेत्रों में 6.5 अरब डॉलर का निवेश किया है। मगर चीन की तुलना में भारत काफी पीछे चल रहा है। भारत, इथियोपिया में एफडीआई का तीसरा सबसे बड़ा स्रोत है। मगर चीन और तुर्किये के इथियोपिया के साथ कहीं अधिक व्यापक व्यापार, सुरक्षा और सैन्य संबंध हैं। इसे देखते हुए भारत को सहयोग के दायरे और इसकी गहराई पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है।

# रुपये के लगातार अवमूल्यन से बढ़ती चुनौती



मनोज बाजपेयी

विमर्श

रुपये में लगातार गिरावट, देश की आर्थिक सेहत के लिए चिंताजनक परिस्थितियों उत्पन्न कर सकता है। ट्रंप की टैरिफ नीति के कारण रुपये पर लगातार दबाव बना हुआ है। हालांकि इससे भारत के निर्यात को कुछ सहारा मिला है लेकिन टैरिफ के कारण विदेशी निवेशकों लगातार निकासी के कारण डॉलर की मांग बढ़ी है और इस कारण रुपया लगातार कमजोर हो रहा है। भारतीय रुपये में गिरावट चर्चा का विषय बना हुआ है। रुपया हाल के दिनों में डॉलर के मुकाबले लगातार कमजोर हो रहा है। 11 दिसंबर 2025 को यह 90.51 के स्तर पर पहुंच गया, जो एक साल पहले के 84.85 के स्तर से करीब 7 फीसदी की गिरावट दर्शाता है। यह गिरावट केवल आंकड़ों की बात नहीं है, बल्कि आम आदमी की जेब पर सीधा असर डाल रही है। अमेरिकी टैरिफ, विदेशी निवेश में कमी और वैश्विक आर्थिक अनिश्चितताओं के कारण रुपया दबाव में है। रुपये की गिरावट का एक काला अतीत भी है। भारतीय रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 90.63 के अपने अब तक के सबसे निचले स्तर पर पहुंच चुका है। इसी बीच भारत के आर्थिक इतिहास के एक और भी बुरे दौर की यादें ताजा हो गई हैं। ऐसा पहली बार नहीं है जो भारत को करेंसी शॉक का सामना करना पड़ रहा है।

भारत को सबसे बड़ा झटका 1991 में लगा था, जब देश दिवालिया होने की कगार पर था। उस साल रुपये का संकट इतना गहरा था कि भारत को बचने के लिए अपना सोना गिरवी रखना पड़ा था। 1991 में भारत ने अपने अब तक के सबसे बुरे बैलेंस ऑफ पेमेंट्स संकट का सामना किया। विदेशी मुद्रा भंडार खतरनाक रूप से कम हो गया था। यह तेल और भोजन जैसे जरूरी आयात के लिए भी मुश्किल से दो या तीन हफ्तों के लिए ही बचा था। अंतरराष्ट्रीय कर्जदाताओं का भरोसा खत्म हो चुका था। क्रेडिट रेटिंग्स गिर चुकी थी और भारत अपने बाहरी कर्ज की देनदारी पर डिफॉल्ट करने के करीब था। इस संकट की जड़ें सालों से गलत तरीके से आर्थिक प्रबंधन करने के साथ-साथ वैश्विक झटकों में थी। भारत जीडीपी के 8 फीसदी से ज्यादा का भारी राजकोषीय घाटा चला रहा था। उसी समय विदेशी मुद्रा भंडार तेजी से घट





रहा था। 1990-91 के खाड़ी युद्ध ने कच्चे तेल की कीमतों को तेजी से बढ़ा दिया था, जिस वजह से भारत का आयात बिल बढ़ गया। इसी के साथ मध्य पूर्व में काम करने वाले भारतीयों से आने वाला पैसा भी कम हो गया। 1989 और 1991 के बीच राजनीतिक अस्थिरता ने विदेशी निवेशकों को और भी ज्यादा डरा दिया, जिस वजह से पूंजी पलायन हुआ। जब कोई रास्ता नहीं बचा तो सरकार ने एक बड़ा फैसला लिया। मई और जुलाई 1991 में भारतीय रिजर्व बैंक ने बैंक ऑफ इंग्लैंड और बैंक ऑफ जापान के पास लगभग 67 टन सोना गिरवी रखा। इस कदम से भारत को आपातकालीन फंड के रूप में लगभग $600 मिलियन जुटाने में मदद मिली। उस समय सोने को कड़ी सुरक्षा के बीच देश से बाहर ले जाया गया था। सरकार के इस कदम ने भारत को पूरी तरह से डिफॉल्ट होने से रोक दिया था। सोना गिरवी रखने के साथ-साथ भारत ने वित्तीय सहायता के लिए अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष से संपर्क किया। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष बेलआउट पैकेज देने पर सहमत हो गया, लेकिन उसने कड़ी शर्तें लगाई। इनमें संरचनात्मक सुधार, राजकोषीय अनुशासन, व्यापार उदारीकरण और मुद्रा का डीवैल्युएशन शामिल था। प्रधानमंत्री पीवी नरसिम्हा राव और वित्त मंत्री डा. मनमोहन सिंह की लीडरशिप में ऐतिहासिक सुधार हुए। भारत ने लाइसेंस राज को खत्म किया, आयात शुल्क कम किए, विदेशी प्रत्यक्ष निवेश के लिए दरवाजे खोले और साथ ही खुद को वैश्विक अर्थव्यवस्था के साथ मिलाया।

आइये रुपए की इस गिरावट के चक्रव्यूह को समझने की कोशिश करें। रुपया और डॉलर का रेट तय होने का भी एक बाजार है, जिसे फॉरेक्स मार्केट कहते हैं। यहां बैंक, बड़ी कंपनियां और निवेशक डॉलर खरीदते-बेचते हैं। जब डॉलर की मांग ज्यादा होती है और बाजार में डॉलर कम मिलते हैं, तो डॉलर महंगा और रुपया सस्ता हो जाता है। भारत ज्यादा आयात करे और निर्यात कम हो, तो हमें डॉलर में ज्यादा भुगतान करना पड़ता है, मांग बढ़ती है और रुपया टूटता है।

अगर अमेरिका में ब्याज दरें ऊंची हों, तो विदेशी निवेशक वहां पैसा लगा देते हैं, भारत से डॉलर निकलते हैं और रुपया कमजोर होता है। कच्चे तेल की कीमतें बढ़े तो भी भारत को ज्यादा डॉलर देने पड़ते हैं, इससे भी रुपया दबाव में आता है। निर्यात, विदेशी निवेश, एनआरआई की रेमिटेंस वगैरह के जरिये अगर भारत में ज्यादा डॉलर आते हैं तो रुपया मजबूत होता है। इसकी उलट स्थिति यानी ज्यादा आयात, विदेशी निवेशकों का भारतीय कंपनियों से निवेश वापस खींचने जैसी स्थितियों में रुपया कमजोर होता है। भारत पेट्रोल-डीजल और रसोई के तेल से लेकर मोबाइल, टीवी, मशीनरी जैसे सामानों और बहुत कुछ का आयात करता है। रुपया कमजोर होते ही इन्हें खरीदने के लिए ज्यादा रुपए देने पड़ते हैं। इसलिए पेट्रोल-डीजल, गैस, हवाई टिकट, इलेक्ट्रॉनिक्स, इंपोर्टेड दवाएं और गाड़ियां महंगी होने लगती हैं। जब ईंधन महंगा होता है तो जाहिर है कि ट्रक-ट्रांसपोर्ट का किराया बढ़ता है और फिर उसका असर सब्जी, अनाज, दूध, पैकेज्ड फूड जैसी रोजमर्रा की जरूरत वाली चीजों की कीमत पर भी पड़ता है, यानी महंगाई बढ़ती है। इसके अलावा विदेश में पढ़ाई, इलाज या घूमने के लिए विदेश जाने वालों पर असर और साफ दिखता है। ट्यूशन फीस, हॉस्टल, टिकट सब डॉलर में तय होते हैं, इसलिए रुपया गिरने पर सेम कोर्स की फीस, भारतीय परिवारों को लाखों रुपये ज्यादा लगती है। विदेश से ऑनलाइन शॉपिंग, ऐप सब्सक्रिप्शन जैसी सेवाएं भी धीरे-धीरे महंगी लगने लगती हैं। रुपया गिरने से सभी को नुकसान ही नहीं होता, कुछ निर्यातकों को फायदे भी होते हैं। जो कंपनी या एक्सपोर्टर विदेश में सामान बेचते हैं, उन्हें अगर डॉलर में पेमेंट मिलता है, तो वे रुपया गिरने की स्थिति में भी फायदे में होते हैं। विदेशों से पेमेंट में मिले डॉलर को जब वे रुपए में बदलते हैं तो उन्हें पहले से ज्यादा रुपये मिलते हैं। टेक्सटाइल, आईटी सर्विस, फूड प्रोसेसिंग जैसे सेक्टर को इसमें थोड़ी बढ़त मिलती है। भारतीय रुपये में मौजूदा गिरावट के पीछे कई बड़े कारण जिम्मेदार हैं, जिनमें वैश्विक आर्थिक स्थितियां और घरेलू कारक शामिल हैं। रुपये की गिरावट के कारणों, भारतीय अर्थव्यवस्था पर इसके प्रभावों और क्या यह चिंता का विषय होना चाहिए, इस बार भारतीय रिजर्व बैंक का हस्तक्षेप भी काफी कम रहा है, जिससे गिरावट और तेज हुई है।

डॉलर की तुलना में किसी भी अन्य करेंसी की वैल्यू घटने को मुद्रा का गिरना, टूटना या कमजोर होना कहते हैं। इसे अंग्रेजी में करेंसी डेप्रिसिएशन कहा जाता है। लंबी अवधि में विदेशी निवेशकों के लिए रुपये का गिरना फायदेमंद हो सकता है क्योंकि इससे उनकी रिटर्न रुपये में बदलने पर बढ़ जाती है। लेकिन निकट अवधि में दबाव बना रह सकता है। वैश्विक वित्तीय हालात, महंगा आयात और व्यापार से जुड़ी चुनौतियां रुपये को कमजोर बनाये रख सकती हैं। हकीकत यह है कि महंगाई के आंकड़े कुछ भी कहें वास्तविक जीवन में महंगाई आंकड़ों से ज्यादा महसूस होती है। हर देश के पास फॉरेन करेंसी रिजर्व होता है, जिसका उपयोग वह अंतरराष्ट्रीय लेन-देन के लिए करता है। इस रिजर्व के घटने या बढ़ने का असर करेंसी की कीमत पर दिखता है।

**(लेखक कार्यकारी संपादक हैं)**

> निर्यात, विदेशी निवेश, एनआरआई की रेमिटेंस वगैरह के जरिये अगर भारत में ज्यादा डॉलर आते हैं तो रुपया मजबूत होता है। इसकी उलट स्थिति यानी ज्यादा आयात, विदेशी निवेशकों का भारतीय कंपनियों से निवेश वापस खींचने जैसी स्थितियों में रुपया कमजोर होता है।

## सोशल मीडिया

हम संकल्प लें कि वंदे मातरम केवल अतीत की स्मृति न रहे, बल्कि हम सबके लिए भविष्य का भी संकल्प बने.. जो संकल्प नये भारत का, आत्मनिर्भर भारत का है। सीएम योगी.



'पीडीए पंचायत' के महापंचायत चौपाल को न होने देकर भाजपाई शासन-प्रशासन ने ये दिखा दिया है कि पी डी ए की बढ़ती हुई शक्ति से ये सब कितना डरे हुए हैं। अखिलेश यादव.



इस माह मन की बात के होने वाले प्रसारण हेतु आ. प्रधानमंत्री मोदी जी द्वारा संबोधित किये जाने वाले विषयों पर अपने अमूल्य विचार व सुझाव अवश्य साझा करें। केशव प्रसाद मौर्य.



## विचार

जैसे फूल में गंध, तिल में तेल, काष्ठ में घी और ईख में गुड़ निराकार रूप में रहता है उसी प्रकार सगुण शरीर में आत्मा विद्यमान रहती है।

–योगवशिष्ठ.

ब्रह्मचर्य की साधना करने से अनेक गुण स्वयं अधीन हो जाते हैं। जो शुद्ध भावना से ब्रह्मचर्य पालन करता है, वास्तव में वही भिक्षु है। तपों में सर्वोत्तम तप ब्रह्मचर्य है।

–महावीर.

बुद्धिमान कभी अपनी हानि पर शोक नहीं करते, बल्कि अपनी क्षति को पूरा करने का उपाय करते हैं।

–शेक्सपियर.

यदि आपका हृदय ईमान से भरा है तो एक शत्रु क्या, सारा संसार आपके सम्मुख हथियार डाल देगा।

–स्वामी रामतीर्थ.

ईर्ष्या मनुष्य को ठीक उसी प्रकार खा जाती है जिस प्रकार कपड़े को कीड़ा खा जाता है।

–श्रीराम शर्मा आचार्य.

# शाश्वत आनन्द

अंतर्दृष्टि

हमें अपने जीवन में चुनौतियों से निपटने के लिए सबसे पहले उसे स्वीकार करना सीखना होगा। जो समस्या है, जो चिंता या परेशानी है, उसे गंभीरता से स्वीकार करना होगा। अकेलापन अनुभव होने पर क्या करें? अकेलापन महसूस करना कैसे बंद करें? यहाँ अच्छी बात यह है कि अकेलेपन से बाहर आने के लिए कुछ सरल, व्यावहारिक उपाय हैं। स्वीकार करना : कुछ लोग अपने दुख को भूलने के लिए, दूसरी क्रियाओं में जैसे सिनेमा देखना, खाना खाने इत्यादि में खुद को मग्न कर देते हैं। हालाँकि, ये केवल थोड़ी देर का विकर्षण है जो व्यक्ति को व्यस्त महसूस कराते हैं, अकेलेपन से एक लाक्षणिक राहत देते हैं। हालाँकि, जब कोई देखना या खाना बंद कर देता है, तो अकेलेपन की वही अनुभूति फिर से सामने आती है। इसका अर्थ यह है कि हम इस अनुभूति को स्वीकार नहीं कर रहे हैं बल्कि इससे दूर भाग रहे हैं। इस प्रकार, मैं अकेला महसूस कर रहा हूँ को स्वीकार करना इसे दूर करने का पहला कदम है। तभी हमें इससे बाहर निकलने का उपाय मिल सकता है। नेगेटिव विचारों का सामना करनाः नेगेटिव विचार हमे तभी तक वश में करते है जब तक हम उन्हें अपने भीतर रहने देते हैं। उनकी बात नहीं सुनना और तुरंत उन्हें पॉजिटिव विचारों में परिवर्तित करने से हमारे निश्चिय और आत्मविश्वास को बेहतर बनाने में मदद करता है। सही समझ और पॉज़िटिविटी यहाँ प्रतिकार का काम करती है। यदि हम इनका उपयोग नहीं करेंगे तो हम इस नेगेटिविटी से कभी बाहर नहीं आ पाएँगे। जीवन के समान अवस्था से गुजरने वाले महान लोगों की जीवन की प्रसंगो को प्रकाशित करने वाली आत्मकथाओं और पुस्तकों को पढ़कर, हम सही समझ और सकारात्मकता दोनों प्राप्त कर सकते हैं। तो अब, यदि आप अकेलापन अनुभव करते हैं, तो इससे निपटने के मार्ग के साथ-साथ इन स्त्रोतों से भी प्रेरणा लें।

खुद के बारे में गलतफहमी के साथ-साथ खुद की अज्ञानता से छुटकारा पाने की यह मुख्य चाबी है। जब हमें आत्मज्ञानी पुरुष से पता चलता है कि हम कौन हैं (हमारी वास्तविक पहचान), तब गहरा अँधेरा आंतरिक शान्ति में परिवर्तित हो जाता है। इस प्रकार, आत्म-साक्षात्कार अकेलेपन को रोकने का सबसे प्रभावशाली तरीका है। भीतर से आंतरिक आनंद की अनुभूति होती है और आत्म-साक्षात्कार के बाद गलत या नकारात्मक भावनाओं से लड़ने की शक्ति दोगुनी हो जाती है। यह प्रत्यक्ष ज्ञानीपुरुष की कृपा के माध्यम से ही होता है। हजारों लोगों ने आत्म-साक्षात्कार के माध्यम से इस शाश्वत आनंद का अनुभव किया है। आप भी, जल्द से जल्द इसके लिए नामांकन कर सकते हैं!

# वायदों की फसल...

व्यंग्यलोक

चारों ओर विकास की सुगंधयुक्त बयार बह रही है। लगता ही नहीं, यह हमारा पुराना भारत है। खुदरा में एफडीआई आने के बाद से तो लगने लगा है हम अमेरिका में बैठे हैं। भ्रष्टाचार की बयार थमती नजर आ रही है। बल्कि इसे रोकने के लिए लोकपाल को अंतिम रूप दिया जा रहा है। राइट टू इन्फोरमेशन के बाद राइट टू रिकॉल की कवायद तेज हो गई है। न अब अन्ना या केजरीवाल की जरूरत और न ऐसी किसी मुहिम की बल्कि लगने लगा है तमाम पुराने पापी नेताओं की आत्मा निर्मल हो गई है। देश को ऊपर उठाने के वचन दिये जा रहे हैं। इतना ऊपर की कोई छू भी नहीं पाये। वादे और आश्वासनों का लंबा सिलसिला चल रहा है। उपलब्धियां गिन-गिन कर बताई जा रही हैं। अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता ऐसी की कोई कुछ भी बोले, कोई पाबन्दी नहीं। मानवाधिकारों की पैरवी बड़े जोरों से हो रही है। हो सकता है इसके चलते किसी को फांसी भी न दी जाये आगे से। फांसी न्यायालय ने दे भी तो उसे माफ करने की पहल होगी। मैं तो खुद असमंजस में हूँ कि यकायक यह परिवर्तन हुआ क्यों जा रहा है। सीबीआई पर कोई राजनीतिक दबाव से इंकार किया जा रहा है। वह अपने आप में स्वतंत्र इकाई है। बाहर या भीतर से समर्थन नहीं मांगा जा रहा, लेकिन अपने आप समर्थन दिया जा रहा है। यह सरकार है या अलादीन का चिराग। नकद सब्सिडी सीधे बैंक खाते में ट्रांसफर कर रही है।



राम विलास जॉगिड़

वायदों की फसल लहलहा रही है। लोकतंत्र है या रामराज्य, मैं भेद नहीं कर पा रहा हूँ। इतना और एक साथ - ढेर सारा विकास बिना मांगे परोसा जा रहा है। वोटर को सुविधाओं की झड़ी लगी हुई है। सारे राजनीतिक दल अपने-अपने चुनावी घोषणा पत्रों को झाड़-पोंछ रहे हैं। आखिर यह सब क्यूं ओर किसलिए? शायद चुनाव आ रहे हैं। नहीं, हमारे नेता ऐसे अवसरवादी तो नहीं? मन में फिर वही सवाल आखिर क्यूं? मन का ही जवाब-चुनाव तो होंगे ही। यह सत्य है। इसमें छलावा कैसा? चलो चुनाव के बहाने ही सही विकास हो तो रहा है और हमें चाहिए भी क्या? महंगाई का रोना पिछड़े जमाने की बात है। वह अभी नहीं- फिर कभी, अभी केवल विकास की गंगा बहानी है और तब तक बहानी है जब तक कुछ भी बचा रहेगा। आखिर जनता विकास की गंगा चाहती है, सो मोहल्ले में स्वच्छ जल पहुंचाने के बजाय सीधे विकास की गंगा बहा देनी है ताकि पानी की जरूरत ही न रह जाये।

# पूरी दुनिया में बढ़ रही हैं 'ब्रेन स्ट्रोक' की घटनाएं



स्वास्थ्य

डॉ.माजिद अलीम

ब्रेन स्ट्रोक को आमतौर पर सिर्फ स्ट्रोक भी कहा जाता है। किसी इंसान को स्ट्रोक तब पड़ता है जब मस्तिष्क को रक्त की जरूरी आपूर्ति अवरूद्ध हो जाती है। इस प्रक्रिया को सेरेब्रो वॉस्कुलर दुर्घटना (सीवीए) भी कहा जाता है। वास्तव में जब मस्तिष्क की रक्त आपूर्ति बाधित हो जाती है तो उसे पर्याप्त ऑक्सीजन या पोषक तत्व नहीं मिलते हैं, इससे झटका या स्ट्रोक आ जाता है। स्ट्रोक की अलग अलग प्रकृति होती है। यह कुछ मिनटों से लेकर कई दिनों तक रह सकता है। स्ट्रोक होने के बाद, लोग अलग-अलग समय सीमा के भीतर ठीक हो जाते हैं, जिसमें स्ट्रोक की गंभीरता के आधार पर महीनों या साल भी लग सकते हैं। साथ ही कुछ के लक्षण 24 घंटे में भी गायब हो जाते हैं। दरअसल नसों में ब्लड क्लॉट जमने से मिनी स्ट्रोक पड़ता है। जिससे खून पूरी आजादी के साथ घूम नहीं पाता है। लेकिन ये ब्लड क्लॉट छोटे और अस्थाई होते हैं और कुछ ही देर में वापस घुल जाते हैं। लेकिन इस स्थिति को नजरअंदाज नहीं करना चाहिए और डॉक्टर को दिखाना चाहिए। 1990 में ग्लोबल बर्डन ऑफ डिजीज के एक अध्ययन के मुताबिक ब्रेन स्ट्रोक या स्ट्रोक दुनियाभर में मौत का दूसरा सबसे बड़ा कारण था। 2010 में यह अध्ययन दोबारा से हुआ और तब पता चला कि दुनिया में हर साल 58.70 लाख लोगों की मौत स्ट्रोक के कारण हो जाती है। जबकि 1990 में जब पहली बार इस पर अध्ययन हुआ था, तब इससे हर साल 46.60 लाख लोगों की मौत हो रही थीं। कहने का मतलब यह कि 1990 से 2010 के बाद यानी दो दशकों में स्ट्रोक से होने वाली मौतों में 26 फीसदी का इजाफा हुआ। इसके बाद से भी लगातार स्ट्रोक की घटनाओं में वृद्धि हो रही है।

जहां तक स्ट्रोक की अपने देश में वृद्धि का सवाल है तो पिछले तीन दशकों में भारत में 100 फीसदी तक स्ट्रोक की घटनाएं बढ़ी हैं। लेकिन अगर इन्हें प्रारंभिक स्तर तक ही देखा जाए तो यह बढ़ोत्तरी और ज्यादा है। क्योंकि पहले जहां 1 लाख लोगों में से 105 से 152 तक लोग स्ट्रोक से पीड़ित होते थे, जबकि पिछले कुछ सालों में यह संख्या बढ़कर 569 तक हो गई है। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि कैसे स्ट्रोक की घटनाओं में बढ़ोत्तरी हो रही है। हैरानी की बात यह है कि दुनिया के स्तर पर भी यह स्वास्थ्य परेशानी निम्न और निम्न मध्यम आय वाले देशों में सबसे ज्यादा है। 2001 में जीबीडी के एक अध्ययन के मुताबिक 85 फीसदी स्ट्रोक गरीब और मध्य आयवर्ग वाले देश में आते हैं और उसमें से भी भारत की स्थिति सबसे ज्यादा खराब है। साल 2019 में हिंदुस्तान में 13 लाख लोगों को स्ट्रोक की समस्या हुई थी, जो कि विश्व स्वास्थ्य संगठन के मुताबिक दक्षिण पूर्व एशिया में सबसे ज्यादा है। द लासेंट कमीशन ने भी इस तथ्य की पुष्टि की है। साल 2020 में अपने यहां 1.50 लाख लोगों की मौत स्ट्रोक के कारण हुई थी।

दुनिया के स्वास्थ्य में इतनी बड़ी भूमिका निभाने के कारण हर साल 29 अक्टूबर को विश्व स्ट्रोक दिवस मनाया जाता है ताकि इसकी गंभीरता और इससे होने वाली मौतों के बारे में न सिर्फ लोगों को जागरूक किया जा सके बल्कि इसके उपचार के संबंध में भी बेहतर तैयारी और शोध हो सकें। हाल के सालों में भारत में 100 फीसदी तक स्ट्रोक की घटनाओं में होने वाली वृद्धि ने इसे एक बेहद डरावनी स्वास्थ्य समस्या बना दिया है। आज की तारीख में भारत में स्ट्रोक एक बहुत बड़ी स्वास्थ्य चिंता है। विश्व स्ट्रोक दिवस मनाये जाने के पीछे मकसद यह है कि ज्यादा से ज्यादा लोग इसकी भयावहता को समझें और इसके संकेतों, लक्षणों आदि से जागरूक हों, ताकि असमय मृत्यु से बचने की कोशिश कर सकें। विश्व स्ट्रोक संगठन या डब्ल्यूएसओ पूरी दुनिया में स्ट्रोक संबंधी समस्याओं पर नजर रखता है, इसके लिए जरूरी इलाज सुनिश्चित करता है और सक्रिय रूप से टास्क फोर्स बनाकर दुनियाभर के अस्पतालों में कार्डियोलॉजी और स्ट्रोक सेवाओं के बीच सहयोग बढ़ाने में पुल की भूमिका निभाता है। इसलिए हर साल विश्व स्ट्रोक डे पर लोगों को स्ट्रोक से संबंधित सभी बातों से अवगत कराया जाता है। हाल के सालों में भारत सहित दुनिया के ज्यादातर देशों में स्ट्रोक की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं तो इसका सबसे बड़ा कारण खराब लाइफस्टाइल के कारण नींद की कमी, खानपान और एक्सर साइज में संतुलित तालमेल का न होना, मोटापा, ब्लडप्रेशर और प्रदूषण जैसी समस्याओं के कारण स्ट्रोक की समस्या बेलगाम हो गई है।

## आप की बात

### महिलाओं के लिए वरदान

उज्ज्वला योजना महिलाओं के लिए किसी वरदान से कम नहीं है। अगर हम पीएम उज्ज्वला योजना की बात करें, तो इसकी भी खूब आलोचना हुई है। गैस देकर गरीबों को लूटने, उज्ज्वला गैस की रिफिलिंग कम होने, जैसी आलोचनाएं की गयीं, लेकिन इन बातों से हटकर अगर हम आजाद भारत में ऐसी योजनाओं की चर्चा करें जिसने देश के सामाजिक-आर्थिक ढांचे, स्वच्छता और महिला स्वास्थ्य की दिशा में ऐतिहासिक परिवर्तन का काम किया है, तो उसमें उज्ज्वला योजना भी है। हालांकि पीएम जनधन, राष्ट्रीय स्वच्छता मिशन जैसी योजनाएं भी सामाजिक-आर्थिक बदलाव और महिलाओं के सशक्तीकरण का वाहक बनी हैं। हम महिला सशक्तीकरण के गीत दशकों से गाते रहे हैं, लेकिन एक दशक पहले राष्ट्रीय स्तर पर ऐसी कौन सी बड़ी योजना थी जो महिलाओं के जीवन में आमूलचूल परिवर्तन का वाहक बनी। लेकिन आज कई योजनाएं हैं और उसमें उज्ज्वला गैस योजना ने महिलाओं के जीवन में क्रांतिकारी बदलाव किया है और सफल भी रही है। 1 मई 2016 से शुरू की गयी इस योजना ने अब तक 9.60 करोड़ घरों को स्वच्छ ईंधन से आच्छादित किया है। अगर एक परिवार से चार-पांच सदस्य ही लाभान्वित हों, तो सीधे-सीधे करीब 50 करोड़ लोगों को इससे लाभ हुआ है। 9.60 करोड़ घरों में उन महिलाओं की ताकत उज्ज्वला गैस बनी है जो लकड़ी, उपले या मिट्टी के तेल से खाना बनाती थीं। इससे उनको खाना बनने में अधिक समय लगता था, धुएं से स्वास्थ्य प्रभावित होता था और ऐसे समय जब वर्षा आदि के कारण जलावन में नमी आ जाती थी, तो चूल्हा जलाने में महिलाओं को इतनी फूंक मारनी पड़ती थी कि उनके सीने और मुंह में दर्द होने लगता था। अगर हम यह मान भी लें कि बहुत से घरों में उज्ज्वला गैस एक-दो बार ही भरायी जाती है, तो भी इससे बहुत मदद मिली। जलावन भीगने पर, वर्षा के दिनों में या सूखा जलावन न होने पर ही अगर गैस का प्रयोग हुआ, तो इससे भी महिलाओं को खाना बनाने में मदद मिली। बच्चों को जल्दी स्कूल भेजने में मदद मिली, स्वच्छ गैस से स्वास्थ्य बचाने में मदद मिली। उज्ज्वला गैस महिलाओं का संभल बनी है। इसीलिए केन्द्र सरकार ने 75 लाख और लाभार्थियों को जोड़ने का फैसला किया है।

**विकास श्रीवास्तव, लखनऊ.**

### सड़कों में बढ़ते गड्ढे

हर बरसात के बाद सड़कों की हालत बदतर हो जाती है और महीनों या कई बार सालों तक उसको दुरुस्त नहीं किया जाता है जिसके कारण गड्ढे लगातार बढ़ते जाते हैं। इससे सड़क दुर्घटनाएं तो बढ़ती ही हैं लेकिन लोगों का चलना भी दूभर हो जाता है। शहरों में तो सड़कों की सुध-खैर भी ली जाती है, लेकिन अधिकांश ग्रामीण सड़कें दुर्दशा की शिकार हैं। उनका कोई पुरसाहाल नहीं है। वर्षों तक गड्ढों की भराई नहीं होती है। शहरों में तो बात-बात पर सड़कें काट देने या उनको खोद डालने की परम्परा सी बन गयी है। एक तरफ सड़क बनकर तैयार होती है और दूसरी तरफ उसे खोदने वाले पहुंच जाते हैं। ऐसा लगता है कि जैसे इंतजार करते हैं कि जल्दी से सड़कें बनें ताकि उनकी खोदाई व तहस-नहस करने का शुरू हो सके। यह दरअसल विकास में नियोजन की कमी का परिणाम है। अगर पहले से यह अनुमान लगा लिया जाये ताकि जो सड़क बनायी जायेगी वहां उसके नीचे से सीवर भी बनना है, अंडरग्राउण्ड बिजली की लाइन जाने है, कम्युनिकेशन केबल बिछाना है, जैसी चीजों का पहले से ही अनुमान लगाकर नियोजन कर लिया जाये तो एक तरफ सड़कें बनने के बद ही दूसरी तरफ उसकी खोदाई न हो। सिर्फ विकास के लिए सड़कों सड़कों को नहीं खोदा जाता है बल्कि कई बार स्वागत द्वार बनाने, टेंट लगाने, होर्डिंग के लिए भी खोदाई होती है। इसतरह की खुदाई पर रोक लगाने के साथ ही सड़कों निर्माण में मैटेरियल का सही उपयोग होना चाहिए।

**मनोज कुमार सिंह, बाराबंकी.**

संक्षेप

### अज्ञात कारणों से छप्परनुमा मकान में लगी आग

**रामसनेहीघाट,बाराबंकी।** तहसील क्षेत्र के ग्राम न्यामतपुर मजरे जलालपुर तराई में देर रात छप्परनुमा मकानों में अज्ञात कारणों से आग लग जाने से दो घर जलकर राख हो गए। जबकि दो मवेशी झुलस गए और आधा दर्जन नवजात कुत्ते के बच्चों की भी जलकर मौत हो गई। घटना नदी उस पार न्यामतपुर मजरे जलालपुर तराई में रविवार रात करीब 12 बजे देवबक्स के छप्परनुमा मकान व पड़ोस में लहरी के छप्परनुमा मकान को आग ने अपनी चपेट में ले लिया। दोनों परिवारों का गृहस्थी का सारा सामान, घर में रखी 18 हजार रुपये की नकदी और जेवरात जलकर नष्ट हो गए। सोमवार को सूचना मिलने पर राजस्व कर्मी कौशलेंद्र कुमार और अमित कुमार ने मौके पर पहुंच क्षति का आकलन कर रिपोर्ट उच्च अधिकारियों को भेज दी है।

### पूर्व ब्लॉक प्रमुख ने किया नवनिर्मित प्रतिष्ठान का उद् घाटन

जैदपुर, बाराबंकी। जैदपुर बाईपास रोड स्थित नूर रेलिंग शटर का मुख्य अतिथि पूर्व ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि मुख्तार अहमद शाह फीता काटकर उद्घाटन किया। इसके उपरान्त मुख्य अतिथि श्री शाह ने दुकान प्रबन्धक शाह आलम को बधाई दी। इस मौके पर हसीब चैधरी, अजमत उल्ला, बाबा मुनीम, हसीन अंसारी, इकराम अली, आशिफ राईन, अभिषेक वर्मा, जुनेद खान, नूर आलम आदि मौजूद रहे।

### राजस्व गांव 159 अलाव स्थल 11 फिर भी नहीं जल पाये अलाव

सोहावल-अयोध्या। शासन की महिमा निराली है। दो विकास खण्ड से जुड़ी तहसील में कुल 159 राजस्व गांव पंजीकृत है। इनमें अलाव जलाने के लिए कुल 11 स्थान चिन्हित किए गए जिनमें तीन स्थल नगर पंचायत खिरौनी में आते हैं। जहां नगर पंचायत की ओर से अलाव जलाया जा रहा है। तहसील क्षेत्र में बचे आठ स्थलो में भी हर स्थल पर अब तक अलाव नहीं जल पाये। अलबत्ता जलाने की व्यवस्था में लगे राजस्व विभाग के जिम्मेदार कर्मियों ने अलाव जलाने को लेकर कागजों का पेट भर दिया। सोहावल में तहसील परिसर, खिरौनी शारदा सहायक नहर पुल, साल्हेपुर निमैचा, सोहावल चैराहा, ग्रामीण बैंक रौनाही के सामने, अरकुना चैराहा, मुबारकगंज चैराहा, बड़ागांव रेलवे क्रासिंग के बगल, मसौधा में शुगर मिल के पास, सरियावां चैराहा, महावा, भदरसा तिराहा भरत कुंड, को अलाव जलाने का स्थल बनाया गया। इसके अतिरिक्त प्रशासन को किसी अन्य सार्वजनिक स्थान पर अलाव जलाने की आवश्यकता महसूस नहीं हुई। सोमवार को अलाव और कंबल वितरण कि जब पड़ताल की गई तो केवल चार स्थानों पर अलाव जलाया जाना सामने आया। जबकि सरकारी कागज पर हर स्थल पर अलाव जलाए जा चुके हैं। इस सम्बन्ध में तहसीलदार प्रदीप कुमार सिंह ने बताया कि पहले चरण में 300 कंबल आए थे जो लेखपालों के माध्यम से बाँटे जा चुके हैं। दूसरी खेप 900 कम्बल की आई है। जिसे वितरण कराया जा रहा है। चयनित स्थलों में छूटे हुए स्थलों पर आज शाम तक अलाव हर कीमत पर जल जायेंगे।

## भारत-दक्षिण कोरिया के सांस्कृतिक रिश्तों की गवाही देगा क्वीन हो मेमोरियल पार्क

# रानी की 10 फीट प्रतिमा का कल होगा अनावरण

जिला संवाददाता





अयोध्या। रामनगरी अयोध्या में सरयू नदी के किनारे निर्मित क्वीन हो मेमोरियल पार्क में 24 दिसंबर को ऐतिहासिक क्षण साकार होने जा रहा है। इस दिन दक्षिण कोरिया की रानी हो की 10 फीट ऊंची प्रतिमा का विधिवत अनावरण किया जाएगा। करीब 21 करोड़ रुपये की लागत से तैयार यह अंतरराष्ट्रीय स्मारक भारत और दक्षिण कोरिया के सदियों पुराने सांस्कृतिक एवं ऐतिहासिक संबंधों को नई पहचान देने वाला है। अयोध्या और दक्षिण कोरिया के ऐतिहासिक रिश्तों को वैश्विक मंच पर स्थापित करने के उद्देश्य से इस परियोजना को आकार दिया गया है। सरयू तट पर करीब दो हजार वर्गमीटर क्षेत्र में फैला यह स्मारक अब पूरी तरह तैयार हैं। 24 दिसंबर को होने वाले प्रतिमा अनावरण कार्यक्रम में दक्षिण कोरिया की राज्य महिषी सहित कई शीर्ष प्रतिनिधियों के शामिल होने की संभावना जताई जा रही है। 24 दिसंबर को होने वाले कार्यक्रम के दौरान इंडो-कोरियन फेस्ट का भी आयोजन प्रस्तावित है, जिसके माध्यम से दोनों देशों की सांस्कृतिक विरासत को अंतरराष्ट्रीय मंच पर प्रस्तुत किया जाएगा। कोरिया सरकार की ओर से भेजी गई रानी हो की 10 फीट ऊंची प्रतिमा को पार्क में स्थापित कर उसी दिन अनावरण किया जाएगा। पार्क परिसर में विकसित कोरियन विलेज में कोरिया और अवध के पारंपरिक व्यंजनों पर आधारित रेस्टोरेंट, आधुनिक किचन एरिया, डुप्लेक्स कॉटेज, गेम जोन, रिसेप्शन और कैफेटेरिया जैसी सुविधाएं भी तैयार की गई हैं। सरयू नदी के तट पर विकसित इस पार्क में प्रदर्शनी कक्ष के माध्यम से रानी हो की यात्रा और जीवन गाथा को जीवंत रूप में प्रस्तुत किया गया है। विशाल सरोवर और उस पर बना आकर्षक सेतु, मेडिटेशन हॉल, किंग और क्वीन पवेलियन, फाउंटेन, ओपन एयर थिएटर, व्यापक लैंडस्केपिंग और पर्याप्त पार्किंग जैसी सुविधाएं पार्क को विशेष बनाती हैं। ग्रेनाइट से निर्मित गोल्डन एग का प्रतीक रानी हो की समुद्री यात्रा को दशार्ता है।

नवंबर 2018 में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और दक्षिण कोरिया की प्रथम महिला किम जोंग सुक ने संयुक्त रूप से क्वीन हो मेमोरियल पार्क का शिलान्यास किया था। भारत और दक्षिण कोरिया के सहयोग से विकसित यह परियोजना अब अपने पूर्ण स्वरूप में सामने आ चुकी है। पार्क में राजा सूरो का किंग पवेलियन और अयोध्या का प्रतिनिधित्व करता रानी हो का क्वीन पवेलियन दोनों संस्कृतियों के संगम को दशार्ते हैं। राजकुमारी श्रीरत्ना की कोरिया यात्रा की प्रतीक नाव और शिलालेख पर्यटकों को इतिहास से जोड़ने का कार्य करेंगे। राम मंदिर के निर्माण के बाद अयोध्या पहले ही वैश्विक पर्यटन मानचित्र पर स्थापित हो चुकी है। क्वीन हो मेमोरियल पार्क में रानी हो की प्रतिमा के अनावरण के बाद दक्षिण कोरिया से आने वाले पर्यटकों की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि होने की संभावना है। जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुण्डे ने कहा कि क्वीन हो मेमोरियल पार्क अयोध्या के लिए एक महत्वपूर्ण अंतरराष्ट्रीय धरोहर है। यह स्मारक भारत और दक्षिण कोरिया के ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक संबंधों को वैश्विक स्तर पर नई पहचान देगा और अयोध्या की अंतरराष्ट्रीय छवि को और सशक्त बनाएगा।

### रेलवे ट्रैक पर मिले शव की नहीं हो सकी शिनाख्त

गोसाईंगंज-अयोध्या। गोसाईंगंज कोतवाली इलाके में शनिवार की सुबह टंडौली रेलवे क्रासिंग के पास ट्रैक पर मिली युवक के शव की शिनाख्त अभी हो नही पायी थी कि सोमवार की सुबह एक और अधेड़ की ट्रेन से कटकर मौत हो गई। उसकी शिनाख्त हो नही पायी। सोमवार को वाराणसी से वंदे भारत ट्रेन दिल्ली जा रही थी। सुबह लगभग 11 बजे टन्डौली क्रासिंग के निकट ही एक 55 वर्षीय व्यक्ति ट्रेन से कट गया। ट्रेन चालक ने जब ट्रेन रोकी तो लोंगो को पता चला। सूचना पर पहुंची गोसाईगंज पुलिस ने मृतक की शिनाख्त में जुट गई परन्तु कोई सफलता नही मिली। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम हाउस भेज दिया।

## महेश योगी का अयोध्या हनुमानगढ़ी से कोई संबंध नहीं

### हनुमानगढ़ी के चारों पट्टी के नागा संतों ने महेश योगी को दी कड़ी चेतावनी



अयोध्या। सिद्धपीठ अयोध्या हनुमानगढ़ी के चारों पट्टी के नागा संतों ने महेश योगी को कड़ी चेतावनी देते हुए कहा है कि वह बसंतिया पट्टी के महंत रामचरण दास महाराज के विरुद्ध अनर्गल आरोप लगाने से बाज आएं। ऐसा न करने पर हनुमानगढ़ी अखाड़ा उनके विरुद्ध सख्त कार्रवाई करेगा। यह चेतावनी धर्मसम्राट महंत ज्ञान दास महाराज के उत्तराधिकारी एवं संकटमोचन सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष महंत संजय दास ने सोमवार को हनुमानगढ़ी परिसर स्थित अपने आश्रम में आयोजित प्रेसवार्ता में दी। उन्होंने कहा कि स्वयं को महामंडलेश्वर महंत महेश दास उर्फ स्वामी महेश योगी बताने वाले व्यक्ति का सिद्धपीठ हनुमानगढ़ी से कोई संबंध नहीं है। न ही वह हनुमानगढ़ी की बसंतिया पट्टी से जुड़ा है। वह केवल किरायेदार के रूप में यहां रह रहा है। महंत संजय दास ने कहा कि महेश योगी द्वारा सोशल मीडिया पर हनुमानगढ़ी अखाड़ा और बसंतिया पट्टी के श्रीमहंत रामचरण दास महाराज पर लगाए जा रहे आरोप पूरी तरह निराधार और निंदनीय हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि भविष्य में इस तरह का कोई भी अनर्गल बयान दिया गया तो महेश योगी को हनुमानगढ़ी से बाहर कर दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि कुछ दिन पूर्व महेश योगी के कमरे में आग लगने की घटना हुई थी, जिसका आरोप वह बसंतिया पट्टी के श्रीमहंत एवं संतों पर लगा रहा है, जबकि यह पूरी तरह गलत है। इस मामले की पुलिस जांच चल रही है और जांच के बाद सच्चाई सामने आ जाएगी। बसंतिया पट्टी के महंत रामचरण दास महाराज ने कहा कि महेश योगी का हनुमानगढ़ी या बसंतिया पट्टी से कोई लेना-देना नहीं है। वह स्वयं को गलत तरीके से हनुमानगढ़ी बसंतिया पट्टी का संत बताता फिर रहा है। ऐसे व्यक्ति के विरुद्ध हनुमानगढ़ी अखाड़ा कड़ी कार्रवाई करेगा।

## पहाड़ापुर रामजानकी मंदिर की करोड़ों की मूर्ति चोरी

### 48 घंटे बाद भी पुलिस के हाथ खाली

जिला संवाददाता

बहराइच। सीसीटीवी खंगालने तक सीमित रही कार्रवाई, न चोर पकड़े गए न मूर्तियांप्राचीन रामजानकी मंदिर से श्रीराम की संगमरमर एवं सीता की सैकड़ों वर्ष पुरानी अष्टधातु की मूर्तियों की चोरी को अड़तालीस घंटे से अधिक बीत चुके हैं, लेकिन पुलिस अब तक न तो चोरों तक पहुंच सकी है और न ही चोरी गई मूर्तियों की कोई बरामदगी कर पाई है। इस सनसनीखेज वारदात ने न सिर्फ इलाके में हड़कंप मचा दिया है, बल्कि पुलिस की गश्त, निगरानी और सुरक्षा व्यवस्था पर भी गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

घटना के बाद पुलिस ने मंदिर एवं आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालने का दावा किया, लेकिन कोई ठोस सुराग हाथ नहीं लग सका। पुलिस अब अन्य मार्गों और दुकानों पर लगे कैमरों की जांच की बात कह रही है, जबकि प्रत्यक्षदर्शियों के बयान घटना के तुरंत बाद ही चोरों की पहचान और दिशा की ओर इशारा कर चुके हैं। दिनदहाड़े वारदात, ग्रामीणों ने किया पीछा फिर भी फरार हुए चोर मंदिर के सेवादार हरिशंकर पांडेय ने बताया कि घटना के समय उनके भाई उमाशंकर परिवार के अन्य सदस्यों के साथ घर के बाहर अलाव ताप रहे थे। तभी दो युवक बाइक से आए। एक युवक मंदिर के अंदर गया और कुछ ही पलों में श्रीराम की संगमरमर व माता सीता की अष्टधातु की मूर्ति को बगल में दबाकर बाहर निकल आया। शक होते ही ग्रामीणों ने शोर मचाया और बदमाशों का पीछा भी किया, लेकिन बाइक सवार चोर कुछ दूरी पर फरार होने में सफल रहे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार बदमाशों की उम्र करीब 30 से 32 वर्ष के बीच बताई जा रही है और वे पूरी तैयारी के साथ आए थे। इससे यह साफ होता है कि यह कोई आकस्मिक चोरी नहीं, बल्कि सुनियोजित अपराध है। पुरानी घटनाओं से सबक लेने में नाकाम पुलिस गौरतलब है कि इसी जिले में बीते 16 जुलाई को परसपुर रियासत के प्राचीन राज मंदिर से रामझलक्ष्मण और लड्डू गोपाल की अष्टधातु की मूर्तियों तथा सिंहासन की चोरी हुई थी। हैरानी की बात यह है कि उस मामले को भी पांच महीने बीत चुके हैं, लेकिन आज तक न तो चोर पकड़े गए और न ही मूर्तियों का कोई सुराग मिला। अब पहाड़ापुर की घटना ने यह सवाल और गहरा कर दिया है कि आखिर मंदिरों की सुरक्षा को लेकर पुलिस कितनी गंभीर है?

ग्रामीणों के अनुसार चोरी गई मूर्तियों की कीमत करोड़ों रुपये आंकी जा रही है। गांव निवासी उमाशंकर ने बताया कि उनके बाबा पंडित उत्तरीदीन ने वर्ष 1909 में मंदिर का निर्माण कराया था और 23 मार्च 1909 को राम, जानकी, लक्ष्मण, राधा और कृष्ण की अष्टधातु की मूर्तियों की स्थापना कराई थी। कुछ माह पूर्व रामजी की पुरानी अष्टधातु की मूर्ति खंडित हो जाने पर संगमरमर की नई प्रतिमा की प्राण-प्रतिष्ठा कराई गई थी, जिसे चोर उठा ले गए। प्रभारी निरीक्षक राजेश सिंह का कहना है कि एसओजी और सर्विलांस समेत कई टीमें जांच में लगी हैं और जल्द ही घटना का खुलासा किया जाएगा। हालांकि, बीते 48 घंटों में कोई ठोस सफलता न मिलना पुलिस के इन दावों को खोखला साबित कर रहा है। सवाल जो अब भी अनुत्तरित हैं- जब गांव में दिनदहाड़े वारदात हुई तो पुलिस गश्त कहां थी? कीमती और ऐतिहासिक मूर्तियों की सुरक्षा के क्या ठोस इंतजाम थे? लगातार हो रही मंदिर चोरी की घटनाओं के बावजूद जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई क्यों नहीं? क्या आस्था के स्थलों की सुरक्षा केवल फाइलों तक ही सीमित है? घटना के बाद गांव में पुलिस बल तैनात कर दिया गया है, लेकिन मूर्तियों की बरामदगी और चोरों की गिरफ्तारी के बिना यह कार्रवाई केवल खानापूर्ति मानी जा रही है। ग्रामीणों में भय के साथ-साथ पुलिस के प्रति गहरा आक्रोश और अविश्वास साफ नजर आ रहा।

### 2100 जरूरतमंदों को वितरित किया गया कम्बल

अयोध्या। गोसाईगंज विधानसभा के ग्राम सभा अरवत के संत नगदाई नाथ कुटी बैंक ऑफ बड़ौदा के परिसर मे स्वर्गीय राम मनोहर की 7वीं पुण्यतिथि पर विशाल कम्बल वितरण व खिचड़ी भोज का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गोसाईगंज विधायक अभय सिंह के पिता व वरिष्ठ भाजपा नेता भगवान बक्स सिंह रहे। उन्होंने स्वर्गीय राम मनोहर के सामाजिक योगदान व सेवा कार्यों की सराहना की। आयोजन कर्ता अशोक पाल पूर्व प्रधान एवं प्रधान संघ अध्यक्ष मया ब्लॉक ने आए हुए अतिथि का अंग वस्त्र पहनकर स्वागत किया, कार्यक्रम के माध्यम से लगभग 2100 जरूरतमंदों को कम्बल का वितरण किया गया। इस मौके पर जनप्रतिनिधि व बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे कार्यक्रम सेवा श्रद्धा और सामाजिक संस्था का प्रतीक बना रहा। कार्यक्रम का आयोजन अशोक पाल पूर्व प्रधान संघ अध्यक्ष मया, अरुण पाल रनर जिला पंचायत सदस्य मया ब्लॉक, एवं रजनीश पाल ने किया।

## नाबालिग से दुष्कर्म के अभियुक्त को 10 वर्ष का कारावास

बहराइच। माननीय न्यायालय पीठासीन अधिकारी श्री अरविन्द कुमार गौतम जनपद बहराइच द्वारा घटना कारित करने वाले अभियुक्त को दण्डित किया गया। घटना का संक्षिप्त विवरण- वादिनी मुकदमा द्वारा थाना स्थानीय को सूचना दी गयी कि वादिनी की लड़की (पीड़िता) उम्र करीब 13 वर्ष दिनांक 16.10.2016 समय करीब रात्रि 11-12 बजे जब शौच के लिए गयी थी तो विपक्षी उचित राम उर्फ पंजाबी पुत्र साधूराम पाल अपने अन्य साथियों के साथ पीड़िता को बहला-फुसलाकर भगा ले गये। वादिनी व अन्य परिवारीजन द्वारा तलाश किया गया परन्तु पता नहीं चला। जिसके सम्बन्ध में थाना हरदी में वादिनी द्वारा दिये गये लिखित प्रार्थना पत्र के आधार पर दिनांक 26.10.2016 को मु0अ0सं0 1257/2016 धारा-363, 366 भा०दं०सं० व 3/4 पॉक्सो एक्ट बनाम उचित राम उर्फ पंजाबी व 03 अन्य के विरुद्ध पंजीकृत किया गया। तत्कालीन विवेचक उ0नि0 जितेन्द्र कुमार व उ0नि0 सुरेश कुमार सिंह द्वारा साक्ष्य संकलन, गवाहों की गवाही व विवेचनात्मक कार्यवाही के उपरान्त अभियुक्त उचित राम उपरोक्त के विरुद्ध आरोप-पत्र दिनाँक 04.02.2017 को अन्तर्गत धारा- 363, 366, 376 भा०द०सं० व 3/4 पॉक्सो एक्ट प्रेषित किया गया तथा माननीय न्यायालय द्वारा आरोप दिनांक 30.03.2017 को विरचित किया गया। दोषसिद्धि का विवरण- श्रीमान्-पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 लखनऊ के आदेश के क्रम एवं पुलिस अधीक्षक बहराइच महोदय के निर्देशन में ₹ऑपरेशन कन्विक्शन" के अन्तर्गत चिन्हित अपराधों में दोषी अभियुक्तों के विरुद्ध माननीय न्यायालय द्वारा अधिकतम/त्वरित दण्डात्मक कार्यवाही हेतु जनपदीय पुलिस द्वारा विशेष अभियान चलाया जा रहा है जिसके क्रम मे उक्त अभियोग मे माननीय न्यायालय/पीठासीन अधिकारी श्री अरविन्द कुमार गौतम (अरख/ढडउरड अउळ) द्वारा प्रभारी थाना हरदी, मॉनीटरिंग सेल पुलिस कार्यालय बहराइच, सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता श्री सन्त प्रताप सिंह व श्री सन्तोष सिंह तथा कोर्ट मोहर्रिर का0 बृजेश कुमार साहनी व हे0का0 राहुल यादव तथा थाना पैरोकार का0 रतन वर्मा की प्रभावी पैरवी के फलस्वरुप दिनांक- 22.12.2025 को दोषी अभियुक्त उचित राम उर्फ पंजाबी को दण्डित किया गया।

## 3 अन्तर्जनपदीय चोर गिरफ्तार

### गैस कटर, सिलेंडर, सब्बल, मोबाइल, कार, तमंचा सहित अन्य औजार बरामद



जिला संवाददाता

**बाराबंकी।** थाना जैदपुर पुलिस टीम ने गैस कटर से एटीएम में चोरी करने वाले 3 अन्तर्जनपदीय चोरों को गैस कटर, गैस सिलेण्डर, सब्बल, 2 अदद मोबाइल, घटना में प्रयुक्त क्रेटा कार, 1 अदद तमंचा व अन्य औजार बरामद करते हुये गिरफ्तार किया है। पुलिस लाइन सभागार मे प्रेस वार्ता कर रहे अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी रितेश कुमार सिंह ने बताया कि पुलिस टीम ने आज 22 दिसम्बर को 3 शातिर अभियुक्तों राहुल गौड पुत्र गयाप्रसाद गौड व राज कनौजिया पुत्र रामजनम निवासीगण ग्राम खानपुर मसौधा थाना पूराकलंदर, अयोध्या, मोहित चैधरी पुत्र रामकुमार चौधरी निवासी ग्राम खानपुर मसौधा दर्शननगर कुशमहा थाना पूराकलंदर, अयोध्या को अहमदपुर गौशाला तिराहे के पास से ग्राम अहमदपुर से 1 अदद छोटा एलपीजी गैस सिलेण्डर, 1 अदद बड़ा आक्सीजन सिलेण्डर मय गैस कटर मशीन, 1 अदद लोहे सब्बल, 1 अदद बडा पेचकस, 1 अदद प्लास, 1 अदद लोहे की रिंच, 1 अदद छोटा पाना, एक अदद लोहे की राड, 3 अदद एटीएम कार्ड, 2 अदद मोबाईल, दो अदद पुराना गमछा, एक अदद ऊनी चादर के टुकड़े, 1 अदद तमंचा 12 बोर, 1 अदद जिन्दा कारतूस 12 बोर, घटना में प्रयुक्त फर्जी कूटरचित नम्बर प्लेट लगी हुई क्रेटा कार को बरामद करते हुये गिरफ्तार किया। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम मे प्रभारी निरीक्षक जैदपुर संतोष कुमार, उ0नि0 विनय कुमार, उ0नि0 आलोक सिंह, हे0का0 गुफरान, मिंटू सिंह, अनुज कुमार सिंह, का0 सुजीत कुमार, तरूण कुमार मौजूद रहे।

### आज होगी किसान महापंचायत

सोहावल-अयोध्या। किसानों की समस्याओं के समाधान तथा किसान मसीहा भारत के पूर्व प्रधानमंत्री, भारत रत्न, चैधरी चरण सिंह की जयंती समारोह मनाने हेतु 23 दिसम्बर को सोहावल तहसील परिसर में किसान महापंचायत करके चैधरी चरण सिंह की जयंती मनाया जायेगा। उक्त जानकारी देते हुए भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय महासचिव घनश्याम वर्मा ने बताया कि सोहावल तहसील के किसानों की काफी समस्याएं हैं। जो कई महीनो से लंबित हैं तहसील प्रशासन द्वारा समाधान की दिशा में कोई कार्यवाही नहीं की जा रही है। उन समस्याओं के समाधान हेतु तथा किसानों के मसीहा, भारत के पूर्व प्रधानमंत्री, भारत रत्न चैधरी चरण सिंह की जयंती किसान दिवस के रूप में मनाने हेतु किसान महापंचायत की जाएगी। किसान महापंचायत में चैधरी चरण सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण/ पुष्पांजलि कार्यक्रम के बाद किसानों की समस्याओं के समाधान हेतु विभागीय सक्षम अधिकारियों से बिन्दुवार वार्ता की जाएगी।

### पूर्व सांसद भाजपा उपेन्द्र सिंह रावत को मानद डॉक्टरेट की उपाधि



बाराबंकी। इंडियन लॉ इंस्टीट्यूट नई दिल्ली में भारत यूनिवर्सिटी फॉर पीस एंड एजुकेशन द्वारा आयोजित दीक्षांत समारोह में निवर्तमान भाजपा सांसद उपेन्द्र सिंह रावत को 30 वर्षों में सामाजिक सेवा क्षेत्र में किये गये उत्कृष्ट कार्यों हेतु मानद डॉक्टरेट की उपाधि से सम्मानित किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि श्री श्री 1008 जगद्गुरु स्वामी विकास दास व यूनिवर्सिटी डीन टी0एन स्वामी ने पूर्व भाजपा सांसद श्री रावत को मानद डॉक्टरेट की उपाधि से सम्मानित किया। इस अवसर पर डायरेक्टर दीपक गुप्ता, डा0 आदित्य शुक्ला आदि मौजूद रहे।

### कांग्रेसियों ने किया प्रदर्शन, सौंपा ज्ञापन



बाराबंकी। वर्तमान सरकार मनरेगा जैसे अधिनियम का कमजोर करने एवं राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की विरासत को मिटाने पर लगी हुई है। सरकार द्वारा राष्ट्रपिता का नाम हटाने का निर्णय उनकी विचारधारा और श्रम के गरिमा के प्रति देशपूर्ण मानसिकता को दशार्ता है। उक्त उद्गार मनरेगा अधिनियम को कमजोर करने एंव राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की विरासत पर प्रहार करने के विरोध मे महामहिम राष्ट्रपति को सम्बोधित ज्ञापन जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी को सौपने के पश्चात पूर्व सांसद डा0 पी0एल पुनिया ने व्यक्त किये। पूर्व सांसद डा0 पुनिया ने आगे कहा कि केन्द्र सरकार मजदूरी के वित्तपोषण की अपनी प्राथमिक जिम्मेदारी से हटकर आर्थिक बोझ राज्यों पर डाल रही है। जिससे इस मांग आधारित कार्यक्रम की बुनियादी संरचना कमजोर हो सके। तथा सरकार जनकेन्द्रित कल्याणकारी अधिकरों को समाप्त कर गरीबों को केन्द्र की दया दान वाली व्यवस्था पर निर्भर बनाना चाहती है। जो श्रमिकों के संवैधानिक अधिकारों का हनन है। इस अवसर पर काग्रेस जिलाध्यक्ष मो0 मोहसिन, अमरनाथ मिश्रा, शिव शंकर शुक्ला, के0सी0 श्रीवास्तव, नगर अध्यक्ष राजेन्द्र वर्मा, इरफान कुरैशी, एड0 वीरेन्द्र यादव, एड0 रमन द्विवेदी, रमेश कश्यप, विजयपाल गौतम आदि मौजूद रहे।

### एएसपी ने किया थाना हुजूरपुर का अर्धवार्षिक निरीक्षण किया गया



बहराइच। अपर पुलिस अधीक्षक नगर श्री अशोक कुमार सिंह द्वारा थाना हुजूरपुर का अर्धवार्षिक निरीक्षण किया गया। इस दौरान द्वारा थाना परिसर में सलामी ली गयी तथा इसके उपरांत थाना परिसर का भ्रमण किया गया। निरीक्षण के दौरान थाना भवन, आरक्षी/महिला आरक्षी बैरक एवं आवास की स्थिति का अवलोकन किया गया तथा साफ-सफाई एवं आवश्यक मरम्मत कार्य कराए जाने हेतु निर्देशित किया गया। महोदय द्वारा थाना कार्यालय, विभिन्न अभिलेखों/रजिस्टरों, विवेचना कक्ष, महिला हेल्प डेस्क, मालखाना, हवालात, मेस एवं सीसीटीएनएस शाखा आदि का निरीक्षण किया गया। महिला हेल्प डेस्क पर प्राप्त प्रार्थना पत्रों को रजिस्टर में विधिवत अंकित कर नियमानुसार कार्यवाही सुनिश्चित करने तथा पीड़ितों से फीडबैक प्राप्त करने हेतु प्रभारी निरीक्षक को निर्देशित किया गया। साथ ही महिला आगंतुकों के लिए पेयजल एवं शौचालय की समुचित व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए गए। मालखाना निरीक्षण के दौरान शस्त्र-अस्त्र, एम्यूनिशन एवं अन्य सरकारी माल का गहन अवलोकन किया गया। एक्सपायरी एम्यूनिशन को नियमानुसार बदलने, शस्त्रों की हिस्ट्री शीट अद्यतन रखने तथा मालखाना अभिलेखों को सुव्यवस्थित रखने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। थाने पर जब्त खड़े वाहनों का भी निरीक्षण किया गया तथा उनके संबंध में आवश्यक वैधानिक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। साथ ही लंबित विवेचनाओं की समीक्षा की गई तथा सभी उपनिरीक्षकों एवं प्रभारी निरीक्षक को विवेचनाओं का समयबद्ध, निष्पक्ष एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया गया। गंभीर अपराधों में प्रगति लाने एवं लंबित मामलों को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित करने पर विशेष बल दिया गया। थाना परिसर की समग्र साफ-सफाई, अनुशासन, सुरक्षा व्यवस्था एवं प्रशासनिक कार्यप्रणाली को और अधिक सुदृढ़ करने हेतु आवश्यक निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान पाई गई कमियों को शीघ्र दूर करने के लिए संबंधित अधिकारियों/कर्मचारियों को निर्देशित किया गया।

### विदेश में रह रहे व्यक्ति की जमीन का फर्जी बैनामा कराने वाला गिरोह बेनकाब

गोसाईगंज-अयोध्या। गोसाईगंज कोतवाली इलाके में विदेश में रह रहे व्यक्ति की जमीन को फर्जी तरीके से बेचने के गंभीर मामले में न्यायालय के सख्त आदेश पर पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। इस प्रकरण में सुनियोजित षड्यंत्र के तहत कूटरचित दस्तावेज तैयार कर बैनामा कराने, धोखाधड़ी और जान से मारने की धमकी देने के आरोप में कई लोगों के खिलाफ केस दर्ज की गई है। यह कार्रवाई न्यायिक मजिस्ट्रेट तृतीय अयोध्या श्रीमती सोनल उपाध्याय के आदेश पर दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 156(3) के अंतर्गत की गई है। पीड़ित मो0 अनीस पुत्र मो0 रमजान निवासी ग्राम समदा थाना गोसाईगंज ने न्यायालय में प्रार्थना पत्र देकर पूरे प्रकरण से अवगत कराया था। पीड़ित के अनुसार उनके चचेरे भाई मो0 इब्राहिम पुत्र मो0 कासिम पिछले कई वर्षों से विदेश पंगूर (रंगून) वर्मा में रहकर व्यापार कर रहे हैं और इस दौरान भारत नहीं आए। इसी मौके का लाभ उठाकर आरोपियों ने मो0 इब्राहिम के नाम का एक फर्जी व्यक्ति खड़ा कर उपनिबंधक कार्यालय सदर अयोध्या में गाटा संख्या 436 और 1474 की जमीन का कूटरचित बैनामा और इकरारनामा करा लिया। आरोप है कि बैनामा दस्तावेजों पर मो0 इब्राहिम के नाम से फर्जी अंगूठा निशान लगाया गया। मामले की जानकारी होने पर पीड़ित ने बैनामा निरस्त कराने की बात कही तो आरोपियों ने गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित ने बताया कि उन्होंने पहले कोतवाली गोसाईगंज में प्रार्थना पत्र दिया, इसके बाद वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अयोध्या को भी शिकायत भेजी, लेकिन कहीं सुनवाई नहीं हुई। अंततः उन्हें न्यायालय की शरण लेनी पड़ी। मामले को गंभीर मानते हुए न्यायालय ने कोतवाली गोसाईगंज को केस दर्ज कर विवेचना करने का आदेश दिया, जिसके अनुपालन में जितेंद्र कुमार पुत्र रामधनी यादव निवासी ग्राम बेरा कोतवाली गोसाईगंज अयोध्या, अजीत कुमार पुत्र ओकारनाथ निवासी ग्राम सया थाना भीटी जनपद अंबेडकरनगर, राजेश यादव पुत्र राम अवध यादव निवासी ग्राम छतरा थाना महराजगंज अयोध्या, घलेश्वर सिंह पुत्र जितेंद्र बहादुर सिंह निवासी ग्राम पौसरा कोतवाली गोसाईगंज अयोध्या, वीरेंद्र सिंह पुत्र कामता प्रसाद निवासी ग्राम जजवट थाना महराजगंज अयोध्या, रामचंद्र यादव पुत्र राम नारायण यादव निवासी ग्राम मोहम्मदपुर कस्बा अदमापुर कोतवाली गोसाईगंज, रामनेवल यादव पुत्र राजा राम यादव निवासी इस्माइलपुर बेलदवा थाना कोतवाली टांडा जनपद अंबेडकरनगर के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 420 धोखाधड़ी, धारा 467 मूल्यवान दस्तावेज की कूटरचना, धारा 468 धोखाधड़ी के उद्देश्य से जालसाजी की।

# डीएम ने 141 दिव्यांग बच्चों को वितरित किये उपकरण



रायबरेली। समग्र शिक्षा अभियान के समेकित शिक्षा के अन्तर्गत विशेष आवश्यकता वाले विद्यार्थियों हेतु बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा एलिम्को कानपुर के सहयोग से ब्लॉक संसाधन केन्द्र ऊँचाहार में दिव्यांग बच्चों को उपकरण वितरण समारोह का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारम्भ जिलाधिकारी हर्षिता माथुर द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। समारोह में बीआरसी ऊँचाहार में 141 दिव्यांग बच्चों को उनकी आवश्यकतानुसार सहायक उपकरण वितरित किये गये, जिसमें 11 व्हील चेयर छोटी, 13 व्हील चेयर बड़ी, 14 सी0पी0 चेयर, 35

- डीएम ने एनटीपीसी के सहयोग से 150 कम्बल जनसामान्य को किये वितरित

टीएलएम किट, 04 ब्रेल किट, 07 सुगम्य केन, 07 बच्चों को टीएलएम किट, 05 टीएलएम किट प्राथमिक, 40 छोटी क्रंच एल्बो, 16 बड़ी क्रंच एल्बो, 02 क्रंच स्माल, 23 ट्राई साइकल, दाहिने हाथ 06 बड़ी, रोलेटर 10 बड़े और 06 छोटे, वाकर 01 फोल्डेबल, 36 कान की मशीन और 02 बैसाखी इत्यादि शामिल है। समारोह में जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद में दिव्यांग बच्चों को चिन्हित करके सूची तैयार कराकर उपकरण का वितरण कराया जा रहा है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य दिव्यांग बच्चों को शिक्षा और जीवन में आगे बढ़ने में सहायता प्रदान करना है।

इस अवसर पर एनटीपीसी ऊँचाहार के सहयोग से जिलाधिकारी द्वारा 150 कम्बल जनसामान्य को वितरित किये गये। इस मौके पर उप जिलाधिकारी ऊँचाहार राजेश श्रीवास्तव, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी राहुल सिंह, खण्ड विकास अधिकारी ऊँचाहार सुनील कुमार सिंह, खण्ड शिक्षा अधिकारी ऊँचाहार ऋचा सिंह सहित अन्य संबंधित अधिकारीगण व कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## संक्षेप

### रोजगार मेला 29 को

अमेठी। जिला सेवायोजन अधिकारी अनुपमा रानी ने बताया कि जिला सेवायोजन कार्यालय, अमेठी एवं श्री निषादराज अखण्डानंद स्नातकोत्तर महाविद्यालय, किटियावा शाहगढ़, अमेठी के संयुक्त तत्वावधान में 29 दिसंबर 2025 को एक दिवसीय निःशुल्क रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। रोजगार मेला पूर्वान्ह 10:30 बजे से महाविद्यालय परिसर में आयोजित होगा।

इस रोजगार मेले में निजी क्षेत्र की लगभग 15 प्रतिष्ठित कंपनियां प्रतिभाग करेंगी, जिनके माध्यम से विभिन्न पदों पर चयन किया जाएगा। मेले में 12वीं, स्नातक, आईटीआई उत्तीर्ण एवं अन्य तकनीकी योग्यताधारक अभ्यर्थी रोजगार के अवसर प्राप्त कर सकेंगे। जिला सेवायोजन अधिकारी ने बताया कि इच्छुक अभ्यर्थी पोर्टल पर पंजीकरण कर अपनी योग्यता के अनुरूप संबंधित कंपनियों में आवेदन कर सकते हैं। रोजगार मेले में भाग लेने हेतु अभ्यर्थियों को फोटो एवं बायोडाटा के साथ उपस्थित होना होगा। उन्होंने बताया कि रोजगार मेले में शामिल होने के लिए कोई भी मार्ग व्यय देय नहीं होगा तथा यह आयोजन पूर्णतः निःशुल्क है। जनपद के अधिक से अधिक योग्य युवाओं से रोजगार मेले में सहभागिता करने की अपील की गई है।

### श्रीनिवास रामानुजन की मनी जयंती

रायबरेली। न्यू स्टैंडर्ड बालिका विद्या मंदिर में श्री निवास रामानुजम की जयंती को राष्ट्रीय गणित दिवस के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय प्रधानाचार्य तारकेश्वर सिंह ने सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं बच्चों सहित रामानुजन के चित्र पर पुष्पाजंलि अर्पित कर उनको नमन किया। जयंती के मौके पर विद्यालय शिक्षक रत्नेश मिश्रा जी ने बच्चों को महान गणितज्ञ के जीवन से जुड़े अनेक रोचक तथ्यों से अवगत कराया।

### सेंट्रल बार एसोसिएशन का चुनाव घोषित

अमेठी। सोमवार को जिला मुख्यालय गौरीगंज में सेंट्रल बार एसोसिएशन अमेठी की एल्डर्स कमेटी ने आगामी सत्र 2026 के लिए कार्यकारिणी के चुनाव कार्यक्रम की घोषणा कर दिया है। एल्डर्स कमेटी के अध्यक्ष जग नारायण त्रिपाठी की अध्यक्षता में सदस्यगण श्रीराम सरोज, पवन कुमार सिंह, रमेश चंद्र द्विवेदी व गिरीश यादव की बैठक सम्पन्न हुई और चुनाव कार्यक्रम घोषित कर दिया गया। सेंट्रल बार एसोसिएशन के मीडिया प्रभारी शीतला प्रसाद मिश्र ने बताया कि फाइनल मतदाता सूची का प्रकाशन 25 दिसंबर को अपरान्ह दो बजे, नामांकन 26 दिसम्बर को 10 बजे से 2 बजे तक, नामांकन पत्रों की जांच व उम्मीदवारों की सूची का प्रकाशन 27 दिसम्बर को 12 बजे तक, उसी दिन 2 बजे तक नामांकन वापसी और आवश्यकतानुसार 29 दिसम्बर को सुबह 10 बजे से 2 बजे तक मतदान और 3 बजे गणना के बाद परिणाम की घोषणा होगी। 30 दिसम्बर को अपरान्ह 1 बजे निर्वाचित पदाधिकारियों को प्रमाण पत्र वितरित किया जाएगा।

## विधायक अदिति सिंह ने स्वामी गोविन्द महाराज व्यास से लिया आशीर्वाद

**रायबरेली**। रायबरेली विधानसभा क्षेत्र की विधायक अदिति सिंह ने स्थानीय रिफॉर्म क्लब में आयोजित सुनिये कथा रघुनाथ की पावन रामकथा कार्यक्रम में भाग लिया। यह कार्यक्रम जनमानस के कल्याण और आध्यात्मिक उन्नति के लिए आयोजित किया गया।



कार्यक्रम के दौरान विधायक अदिति सिंह ने कथा वाचक स्वामी गोविन्दजी महाराज से आशीर्वाद प्राप्त किया। उन्होंने विधिवत पूजा-अर्चना कर भगवान श्री राम से क्षेत्रवासियों की सुख-समृद्धि, शांति और खुशहाली की कामना की। इस शुभ अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे, जिन्होंने कथा का रसपान किया और भक्ति भाव में डूबकर प्रभु का गुणगान किया। विधायक अदिति सिंह ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजन न केवल आध्यात्मिक ज्ञान प्रदान करते हैं, बल्कि समाज में सद्भाव और एकता को भी मजबूत बनाते हैं। उन्होंने आयोजन समिति को धन्यवाद देते हुए कहा कि रायबरेली जैसे क्षेत्र में रामकथा का आयोजन क्षेत्रवासियों के लिए बड़ा सौभाग्य है। उन्होंने प्रभु श्री राम से सभी के जीवन में सुख, शांति और समृद्धि की प्रार्थना की। यह कार्यक्रम रिफॉर्म क्लब अस्पताल चौराहा पर आयोजित किया गया है जिसमें शहर के विभिन्न हिस्सों से श्रद्धालु शामिल हुए। सदर विधायक अदिति सिंह क्षेत्र के विकास और धार्मिक-सांस्कृतिक आयोजनों में सक्रिय रूप से भाग लेती रही हैं, जिससे क्षेत्रवासियों में उनकी लोकप्रियता लगातार बढ़ रही है।

## मुसाफिरखाना रेलवे स्टेशन पर यात्रियों में मारपीट

अमेठी। जिले के मुसाफिरखाना रेलवे स्टेशन पर सद्भावना एक्सप्रेस ट्रेन में बैठने को लेकर यात्रियों के बीच जमकर विवाद हो गया। देखते ही देखते मामूली कहासुनी मारपीट में बदल गई, जिसका वीडियो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, ट्रेन के प्लेटफॉर्म पर



पहुंचते ही यात्रियों के बीच सीट और चढ़ने को लेकर धक्का-मुक्की शुरू हो गई। इसी दौरान कुछ यात्रियों के बीच हाथापाई हो गई, जिससे स्टेशन पर कुछ देर के लिए अफरा-तफरी मच गई। घटना की जानकारी मिलते ही रेलवे पुलिस और स्टेशन स्टाफ मौके पर पहुंचे और स्थिति को नियंत्रित किया। फिलहाल किसी गंभीर चोट की पुष्टि नहीं हुई है। वायरल वीडियो के आधार पर रेलवे प्रशासन द्वारा मामले की जांच की जा रही है। रेलवे अधिकारियों का कहना है कि जांच के बाद दोषी पाए जाने वालों के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## प्रदेश अध्यक्ष को दी बधाई

अमेठी। भारतीय जनता पार्टी के यशस्वी एवं लोकप्रिय प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी से भाजपा नेता अमरेंद्र सिंह 'पिन्टू' ने शिष्टाचार मुलाकात कर उन्हें नवीन जिम्मेदारी हेतु बधाई और शुभकामनाएं प्रेषित किया। भाजपा नेता अमरेंद्र सिंह ने



कहा कि नए प्रदेश के नेतृत्व में भाजपा और तेजी से आगे बढ़ेगी उन्होंने कहा कि भाजपा अपने मिशन में कामयाब है जो भाजपा ने कहा उसको करके दिखाया आगे भी विकास के कार्य होते रहेंगे। आपके ऊर्जावान नेतृत्व में संगठन और अधिक सशक्त होगा तथा कार्यकताओं में नई ऊर्जा उत्साह और उमंग का संचार होगा, उत्तर प्रदेश आपके नेतृत्व में सांगठनिक एवं राजनैतिक क्षेत्र में नए आयाम गढ़ेगा।

## समाज रत्न गौरव सम्मान से सम्मानित हुए अमेठी के घनश्याम शर्मा



अमेठी। जनपद के ब्लॉक संग्रामपुर के ग्राम पंचायत करनाई पुर के रानीपुर निवासी घनश्याम शर्मा को समाज सेवा में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए मुंबई में समाज रत्न गौरव सम्मान से नवाजा गया। श्री संत सेना महाराज सभागार, दादर पश्चिम (प्लेटफार्म नंबर-1 के निकट) में आयोजित 'सामाजिक उत्थान एवं एकता महासम्मेलन तथा समाज रत्न गौरव सम्मान समारोह' ने नंदवंशी समाज के हृदय को छू लिया। इस भावपूर्ण आयोजन का श्रेय जाता है 'नयी उम्मीद फाउंडेशन ट्रस्ट' के कुशल अध्यक्ष चंद्रभूषण शर्मा, नंदवंशी सेल्फ केयर ट्रस्ट के मुंबई-महाराष्ट्र प्रभारी घनश्याम शर्मा, तथा महापद्मनंद वेलफेयर ऑर्गनाइजेशन (एम.डब्ल्यू.ओ) समर्पित कार्यकताओं अनिल मुन्ना लाल शर्मा और आशीष मुन्ना लाल शर्मा को एवं सर्व सहयोग ट्रस्ट के संयुक्त प्रयासों से यह कार्यक्रम न केवल सुव्यवस्थित रहा, बल्कि समाज के हर कोने से आईं भावनाओं का जीवंत आईना भी बन गया। कार्यक्रम में महापद्मनंद वेलफेयर ऑर्गनाइजेशन (एम.डब्ल्यू.ओ) के उत्तर प्रदेश प्रांत अध्यक्ष घनश्याम शर्मा–समाज के सिरमौर, संवेदनशील हृदय के धनी–उनके साथ सचिव उदयराज शर्मा, महासचिव शिवदयाल शर्मा तथा ब्लॉक संरक्षक मुन्ना लाल शर्मा (लम्भुआ, जनपद सुलतानपुर) ने मंच को गरिमामय बनाया। इसी कड़ी में भारतीय नाई कल्याण विकास सेवा समिति, जौनपुर के संस्था अध्यक्ष दिनेश चंद्र शर्मा और महासचिव शैलेंद्र कुमार शर्मा ने अपनी निष्ठा व ओजस्वी भाषण से सुर्खियों में बने रहे।

# अटल बिहारी बाजपेयी ने राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखाः डॉ डी. के त्रिपाठी




सुलतानपुर (वीओएल)। राणा प्रताप स्नातकोत्तर महाविद्यालय में भारत रत्न, पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी की जन्म शताब्दी के उपलक्ष्य में उच्च शिक्षा विभाग, उत्तर प्रदेश द्वारा प्रायोजित जनपद स्तरीय भाषण एवं एकल काव्य प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में जनपद के विभिन्न महाविद्यालयों से आए विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग कर अपनी बौद्धिक एवं साहित्यिक प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. डी. के. त्रिपाठी ने कहा कि अटल बिहारी बाजपेयी भारतीय राजनीति के ऐसे युगपुरुष थे, जिन्होंने राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखते हुए लोकतांत्रिक मूल्यों को सुदृढ़ किया। उनका व्यक्तित्व विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्रोत है।

वहीं उप-प्राचार्य प्रो. निशा सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि अटल जी एक संवेदनशील कवि, ओजस्वी वक्ता और दूरदर्शी राजनेता थे। इस प्रकार की प्रतियोगिताएँ विद्यार्थियों में विचारशीलता, अभिव्यक्ति कौशल और राष्ट्रबोध को विकसित करती हैं। भाषण प्रतियोगिता में राणा प्रताप पी.जी. कॉलेज की एम.ए. प्रथम सेमेस्टर की छात्रा प्रियंशी दुबे ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। द्वितीय स्थान बी.ए. तृतीय सेमेस्टर के अतुल तिवारी को तथा तृतीय स्थान संजय गांधी पी.जी. कॉलेज की बी.ए. की छात्रा श्रेया तिवारी को मिला। एकल काव्य प्रतियोगिता में संजय गांधी पी.जी. कॉलेज के बी.ए. तृतीय सेमेस्टर के छात्र विभव प्रताप सिंह ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। द्वितीय स्थान राणा प्रताप पी.जी. कॉलेज की शशि जायसवाल को तथा तृतीय स्थान काजल कुमारी को मिला। प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में डॉ. आलोक कुमार, डॉ. संतोष सिंह अंश एवं डॉ. प्रीति प्रकाश शामिल रहे, जिन्होंने निष्पक्ष एवं सराहनीय निर्णय दिया। इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रमाधिकारी डॉ. प्रभात श्रीवास्तव, वीरेंद्र कुमार गुप्ता सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थी एवं शिक्षकगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन राष्ट्र निर्माण में अटल जी के योगदान को स्मरण करते हुए प्रेरक वातावरण में सम्पन्न हुआ।

## कृषि विशेषज्ञ ज्ञानचन्द्र तिवारी ने किया स्वैच्छिक रक्तदान

सुलतानपुर (वीओएल)। कादीपुर के अखण्ड नगर विकास खण्ड के जय ज्ञान नगर उनुरखा निवासी कृषि विशेषज्ञ ज्ञानचन्द्र तिवारी ने बिजेथुआ नाथ श्री हनुमान जी महाराज की प्रेरणा से सोमवार को अपने जीवन का 16वां स्वैच्छिक रक्तदान करते हुए समाज को रक्तदान के प्रति जागरूक किया। उन्होंने कहा कि रक्तदान से बढ़कर कोई दान नहीं है, रक्तदान करने से भावनात्मक और शारीरिक दोनों स्वास्थ्य को लाभ होता है। नियमित



रक्तदान से नकारात्मक भावनाओं से भी छुटकारा मिलती है। कृषि विशेषज्ञ ने कहा कि अगर आप स्वस्थ हैं तो आपको भी रक्तदान करना चाहिए, क्योंकि आपके द्वारा किए गए। रक्तदान से किसी भी जरूरतमंद की मदद हो सकती है। उन्होंने कहा कि 15वां रक्तदान मई 2025 को किया था और 15 वां रक्तदान पीड़ित जरूरत मंद को दिया उन्होंने कहा कि आगे भी हम समय समय पर जरूरत मंद की मदद के लिए यह पुण्य कार्य करते रहेगें। उन्होंने युवाओं से आग्रह किया है कि वे इस पुण्य कार्य में आगे आएं और बिना सोचे जरूरत मंद के लिए अपना स्वैच्छिक रक्तदान जरूर करें रक्तदान से बड़ा कोई दान नहीं। उन्होंने कहा कि मौका दीजिए अपने खून को किसी के रगों में बहने का ये लाजवाब तरीका है कई जिस्मों में जिंदा रहने का रक्तदान महादान इससे बड़ा कोई दान नहीं।

# साढ़ापुर पंचायत भवन बना शो पीस सोशल ऑडिट पूरी तरह फेल



चांदा, सुलतानपुर (वीओएल)। विकास खण्ड प्रतापपुर कमैचा की ग्राम सभा साढ़ापुर में मनरेगा कार्यों की सोशल ऑडिट व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त नजर आई। सोमवार को निर्धारित सोशल ऑडिट की खुली बैठक के बावजूद सुबह 11:37 बजे तक पंचायत भवन पर सन्नाटा पसरा रहा। न सोशल ऑडिट टीम पहुँची, न रोजगार सेवक और न ही सचिव गणेश मौर्य मौके पर दिखे।

सबसे गंभीर बात यह रही कि ग्राम प्रधान से पक्ष जानने के लिए जब मीडिया कर्मियों ने संपर्क करना चाहा तो प्रधान लालमणि निषाद का मोबाइल फोन बंद मिला। सवाल यह उठता है कि जनता के प्रति जवाबदेह जनप्रतिनिधि सोशल ऑडिट जैसे गंभीर विषय पर न सिर्फ मौके से गायब हैं, बल्कि मीडिया के सवालों से भी बचते नजर आए। शासन के निर्देशों के अनुसार मनरेगा के तहत कराए गए कार्यों की वर्ष भर की समीक्षा ग्राम सभा की खुली बैठक में ग्रामीणों के सामने की जानी चाहिए, ताकि पारदर्शिता बनी रहे। लेकिन साढ़ापुर में सोशल ऑडिट को महज औपचारिकता बनाकर नियमों की खुली अनदेखी की जा रही है। ग्रामीणों का आरोप है कि सोशल ऑडिट टीम, पंचायत प्रतिनिधियों और कर्मचारियों की कथित मिलीभगत से वर्षों से कागजी खानापूर्ति हो रही है। न तो कार्यों का वास्तविक ब्यौरा सार्वजनिक किया जाता है और न ही ग्रामीणों को सवाल पूछने का अवसर दिया जाता है, जिससे मनरेगा में भारी अनियमितताओं और सरकारी धन के दुरुपयोग की आशंका और गहरी हो गई है। पंचायत भवन पर घंटों तक किसी जिम्मेदार के न पहुँचने और प्रधान का फोन बंद रहने में भारी आक्रोश है।

## प्राथमिक स्तरीय विद्यालयों के राष्ट्रीय आविष्कार क्विज प्रतियोगिता का आयोजन

रायबरेली। राही विकासक्षेत्र के बच्चों की विज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन बीआरसी परिसर में प्राथमिक स्तरीय विद्यालयों के राष्ट्रीय आविष्कार क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें राही के उच्च प्राथमिक विद्यालयों के उत्कृष्ट तीन-तीन छात्र-छात्राओं के द्वारा प्रतिभाग किया गया। जिसमें से उप्रावि खागीपुर सड़वा के युवराज सतीश सिंह ने अंकिता सिंह, उ0प्रा0वि0 चकबल्लीहार के अंश पटेल, रिया पटेल, उ0प्रा0वि0 बेला टेकई की ज्योती, उप्रावि पूरे गोड़ियन के अर्पित मौर्य कंपो0वि0 कलंदरपुर के अनुपम पाल व अंशिका उप्रावि बकवारा के रजनीश कुमार, कंपो0भूएमऊ के हर्षित यादव टॉप टेन रहे। विजेता छात्रों क्रमशः युवराज सतीश सिंह, अंकिता सिंह, उ0प्रा0वि0 खागीपुर सड़वा व अंश पटेल, उ0प्रा0वि0 चकबल्लीहार ने जनपद स्तरीय प्रतियोगिता क्वालीफाई किया। विजेता छात्रों को बीईओ राही बृजलाल ने पुरूस्कार स्वरूप मोमेंटो, ज्योमेट्री बॉक्स, साइंस किट, कलर किट आदि देकर सम्मानित किया। प्रतियोगिता में सम्मिलत सभी छात्र-छात्राओं को प्रमाणपत्र व ज्योमेट्री बॉक्स दिया गया। उक्त प्रतियोगिता बृजलाल, खण्ड शिक्षा अधिकारी, एआरपी स्वदेश रमण त्रिपाठी, अशोक कुमार मिश्रा, अपराजिता अवस्थी, रविकांत शुक्ला व शुभ्रा यादव की उपस्थिति में नियमानुसार व शुचितापूर्ण ढंग से सम्पन्न करायी गई। प्रतियोगिता के सफल व भव्य आयोजन में राजेश श्रीवास्तव मनोज श्रीवास्तव अशोक शर्मा, राम समुझ, आशीष कुमार साहू, अभिषेक अग्रहरि, अभिषेक अग्रहरि, दीपक कुमार दूबे, अभिषेक, पवन कुमार, चन्द्र मोहन व ब्रजेश कुमार ने सहयोग किया गया।

## जूनियर बालक और सब जूनियर बालिका हॉकी ट्रायल आज

सुलतानपुर (वीओएल)। जिले के पंत स्पोर्ट्स स्टेडियम जिला स्तरीय हॉकी ट्रायल का आयोजन आज होगा। खेल निदेशालय के तत्वावधान में आयोजित राज्य स्तरीय समन्वय हॉकी का आयोजन जूनियर बालक एवं सब जूनियर बालिका वर्ग में होगा स बालक संवर्ग में मण्डल ट्रायल 24 दिसंबर को आयोजित होगा। वहीं बालिका वर्ग का ट्रायल एक जनवरी को ड़ाभा सेमर अयोध्या में होगा। क्रीड़ा अधिकारी राजेश सोनकर ने बताया कि बालक की राज्य स्तरीय प्रतियोगिता 26 से 31 दिसंबर के मध्य लखनऊ ने आयोजित होगी वहीं, बालिका संवर्ग की राज्य स्तरीय प्रतियोगिता 7 से 12 जनवरी मेरठ मे आयोजित होगी खिलाडियों को अपने साथ आधार कार्ड एवं दो पासपोर्ट आकार की फोटो ले जाना अनिवार्य होगा।

## तीन दिवसीय समावेशी शिक्षा प्रशिक्षण शुरू

नसीराबाद रायबरेली। सोमवार को ब्लॉक संसाधन केंद्र छतोह में खण्ड शिक्षा अधिकारी विजय प्रकाश के नेतृत्व में आंगन बाड़ी कार्यकत्रियों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण प्रारंभ हुआ। समावेशी शिक्षा के अंतर्गत कोलेटेड आंगनबाड़ियों को प्रथम दिवस विशिष्ट आवश्यकता वाले बच्चों की शीघ्र पहचान एवं हस्तक्षेप में आंगनबाड़ी कार्यकताओं की भूमिका, जागरूकता पैदा करना एवं स्क्रीनिंग कर उनको पहचान करना जिससे दिव्यांग बच्चों का मानसिक, समाजिक व शारीरिक भावनात्मक का विकास हो सके। इस बारे में बताया गया तथा सभी प्री टेस्ट भी लिया गया। प्रशिक्षण स्पेशल एजुकेटर्स चंद प्रकाश और, महेश कुमार मोदनवाल द्वारा दिया जा रहा है। प्रशिक्षण में शोभा वर्मा, सुनीता, विद्या, पुष्पा, सुमन सिंह पुष्प लता, अमर जीत, कंचन सहित 34 आंगन बाड़ी कार्यकत्री उपस्थित रहीं।

# एसपी के रियलिटी चेक में भदोखर थाना अव्वल



रायबरेली। उत्तर प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी योजना ह्यमिशन शक्ति फेस-5ह्य के तहत महिलाओं की सुरक्षा और त्वरित न्याय सुनिश्चित करने के लिए जिले के विभिन्न थानों में स्थापित मिशन शक्ति केंद्रों पर आवंटित सीयूजी नंबरों की सक्रियता की जांच की जा रही है। इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक डॉ. यशवीर सिंह ने जिले के 20 थानों के इन नंबरों का रियलिटी चेक किया। इस जांच में भदोखर थाना सफल रहा और पास हो गया।

पुलिस अधीक्षक डॉ. यशवीर सिंह को शिकायत मिली थी कि पुलिस मुख्यालय से सितंबर माह में मिशन शक्ति फेस-5 के तहत थानों में स्थापित मिशन शक्ति केंद्रों पर दिए गए सीयूजी नंबर अभी तक सक्रिय नहीं किए गए हैं। इस शिकायत की गंभीरता को देखते हुए एसपी ने स्वयं भदोखर थाने के मिशन शक्ति केंद्र के सीयूजी नंबर पर कॉल किया। कॉल रिसीव हुई और केंद्र पर तैनात पुलिस कर्मी ने फोन उठाकर एसपी से बात की, जिससे नंबर की सक्रियता साबित हुई। मिशन शक्ति फेस-5 उत्तर प्रदेश सरकार का एक महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट है, जिसका मुख्य उद्देश्य महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन सुनिश्चित करना है। इस फेज के तहत प्रदेश के सभी थानों में मिशन शक्ति केंद्र स्थापित किए गए हैं, ताकि महिलाओं को थाने पर त्वरित न्याय मिल सके। इन केंद्रों पर तैनात पुलिस कर्मी महिलाओं से जुड़े अपराधों की शिकायतें सुनेंगे, एफआईआर दर्ज करेंगे और मामलों की विवेचना करेंगे, ठीक वैसे ही जैसे सामान्य थाने में होता है। इसके अलावा ये केंद्र वन स्टॉप सेंटर और लोक अदालत से सीधे जुड़े रहेंगे, जिससे महिलाओं को तेजी से न्याय मिल सके। विशेष रूप से, महिलाओं से संबंधित अपराधों के साथ-साथ उन मामलों में भी जहां शिकायतकर्ता महिला हो, एफआईआर दर्ज कर त्वरित कार्रवाई की जाएगी। सीयूजी नंबरों का सक्रिय होना इस व्यवस्था की प्रभावशीलता के लिए जरूरी है, ताकि कोई भी महिला आसानी से संपर्क कर सके।

## किसान सम्मान दिवस का आयोजन आज

रायबरेली। उप कृषि निदेशक विनोद कुमार ने बताया है कि पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में किसान सम्मान दिवस व किसान मेला का आयोजन 23 दिसम्बर को कृषि भवन, बस्तेपुर रोड, गोरा बाजार रायबरेली में किया जा रहा है, जिसमें चौधरी चरण सिंह के जीवन पर प्रकाश डालने के साथ ही जनपद में उत्कृष्ट उत्पादन प्राप्त करने वाले कृषकों को पुरस्कृत किया जायेगा।

## सड़क हादसे में अधेड़ महिला घायल

परशदेपुर रायबरेली। चौकी क्षेत्र परशदेपुर में सोमवार दोपहर को सड़क पार कर रही एक अधेड़ महिला को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी जिससे वह गम्भीर रूप से घायल हो गयी। घटना चौकी क्षेत्र के रामबाग की है जहां स्थानीय निवासी 55 वर्षीय साबिरा बानो पत्नी मो वाजिद सड़क पार कर रही थी तभी सामने से आ रहे तेज रफ़्तार अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। वाहन की टक्कर इतनी तेज थी की टक्कर लगने के बाद पीछे से आ रही स्कूटी से महिला जा टकराई जिसमे वह गम्भीर रूप से घायल हो गयी। सूचना पर पहुची 108 एम्बुलेंस की मदद से महिला को नजदीकी अस्पताल भिजवाया गया जहां महिला की हालत गम्भीर होने पर चिकित्सक ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

# बबुरिहा धाम में 75वां वार्षिक भंडारा में हजारों संत महात्माओं ने ग्रहण किया प्रसाद

महराजगंज रायबरेली। क्षेत्र के बावन बुजुर्ग बल्ला स्थित बबुरिहा धाम की पावन धरा पर श्री श्री 1008 स्वामी हरिदास जी महाराज के शिष्य महंत बाबा अवसान दास जी महाराज का 75वां वार्षिक भंडारा रविवार को महंत लक्ष्मण दास जी महाराज (लल्लू दास) के नेतृत्व में संपन्न हुआ। आयोजित भंडारे में स्थानीय भक्तों शिष्यों समेत दूर-दूर से संत महात्माओं ने पहुंचकर भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया, जिन्हें कुटी के मौजूदा महंत लक्ष्मण दास जी महाराज ने दक्षिणा एवं अंग वस्त्र स्वरूप साल भेंट कर सम्मानित किया। इस भंडारे में लगभग 15 हजार संत महात्माओं और भक्तों ने प्रसादी ग्रहण किया।



बावन बुजुर्ग बाला स्थित बबुरिहा धाम की सिद्ध तपोस्थली के मौजूदा महंत लक्ष्मण दास जी महाराज ने बताया कि गद्दी के द्वितीय महंत बाबा अवसान दास जी महाराज विलक्षण संत थे। जिनका रविवार को 75वां वार्षिक भंडारा संपन्न हुआ। इस भंडारे में दूर-दूर से संत महात्माओं ने पहुंचकर भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया और दर्शन के लिए कृपा करी। इसके अलावा आयोजित भंडारा में कुटी के शिष्यों भक्तगणों तथा साधु संतों के साथ-साथ क्षेत्र वासियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। उन्होंने बताया कि इस दौरान संतों का समागम, संतों का गुणानुवाद, दक्षिणा, अंग वस्त्र के रूप में साल भेंट किया गया। आयोजित 75वें भंडारे का संपूर्ण खर्च उनके शिष्य रायबरेली के रहने वाले धीरू सिंह भदौरिया के द्वारा उठाया गया। लक्ष्मण दास जी महाराज ने बबुरिहा धाम की पावन धरा पर स्थित श्री श्री 1008 स्वामी हरिदास जी महाराज कुटी के दूसरे महंत बाबा अवसान दास जी महाराज की विलक्षणता के बारे में बताते हुए कहा कि जब अयोध्या धाम में संत महात्माओं से सवाल पूछे जाते थे और जिस सवाल का अयोध्या में स्थित संत महात्मा जवाब नहीं दे पाते थे, तो यहां से बाबा अवसान दास जी महाराज को बुलाया जाता था और वह वहां जाकर उस प्रश्न का उत्तर देते थे, जिसे कोई संत महात्मा नहीं बात पता था। बाबा अवसान दास जी महाराज अपने मुखारविंद से जो कह देते थे, वह हो जाता था, इसलिए उन्हें विलक्षण संत कहा गया है। आज यह इतना बड़ा आयोजन उन्हीं की कृपा से सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस मौके पर आरएसएस व भाजपा नेता दिनेश सिंह राठौर, पूर्व प्रमुख सत्येंद्र प्रताप सिंह, भाजपा जिला उपाध्यक्ष जन्मेजय सिंह, कन्हैया त्रिपाठी, सर्वेश अवस्थी एडवोकेट, बृजकिशोर सिंह, रामसेवक अग्रवाल, प्रदीप सिंह, कपिल सिंह राठौर, रुद्र प्रताप सिंह, रामजस सिंह, जय सिंह, मोहित सिंह चैहान, शेर बहादुर सिंह समेत बड़ी तादात में भक्तगण, शिष्य गण, क्षेत्रवासी एवं साधु महात्मा मौजूद रहे।

संक्षेप

## दशमोत्तर छात्रवृत्ति योजना में लापरवाही बर्दाश्त नहीं: डीएम

मथुरा। जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने दशमोत्तर छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति योजना के प्रभावी अनुश्रवण हेतु गठित समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की। बैठक में जिला समाज कल्याण अधिकारी नगेंद्र पाल सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक रविन्द्र सिंह, जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी प्रशांत कुमार सिंह तथा जिला अल्पसंख्यक अधिकारी नीलमा सिंह उपस्थित रहे। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि जिन कॉलेजों एवं विद्यालयों के प्रबंधकों द्वारा अभी तक लॉगिन लॉक नहीं किया गया है, उनकी तत्काल जांच कराई जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी कॉलेज अथवा विद्यालय की लापरवाही के कारण कोई भी छात्र अथवा छात्रा परेशान नहीं होनी चाहिए, इसका विशेष ध्यान रखा जाए। जिलाधिकारी ने विवाह / शादी अनुदान योजना की प्रगति की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि इस योजना में तेजी लाई जाए तथा पात्र लाभार्थियों को चिन्हित कर अधिक से अधिक जोड़ों को योजना का लाभ दिलाना सुनिश्चित किया जाए। इसके अतिरिक्त जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को हिदायत देते हुए कहा कि उनके-अपने विभागों द्वारा संचालित सभी योजनाओं का लाभ शत-प्रतिशत पात्र लाभार्थियों तक पहुँचाया जाए।

# कान्हा की नगरी बनी पर्यटकों की पहली पसंद

## योगी सरकार की नीतियों से पर्यटकों की संख्या में आई रिकॉर्ड उछाल



**मथुरा(मधुसूदन शर्मा)।** योगी सरकार की प्रभावी पर्यटन नीतियों और बुनियादी ढांचे के विकास का परिणाम अब धरातल पर दिखने लगा है। कान्हा की नगरी मथुरा- वृंदावन सहित पूरा ब्रज क्षेत्र आज पर्यटकों के लिए आकर्षण का मुख्य केंद्र बन गया है। सरकार द्वारा आध्यात्मिक विरासत को सहेजने और आधुनिक सुविधाओं के विस्तार से ब्रज का खोया हुआ गौरव वापस लौट रहा है।

आवागमन हुआ सुलभ, बुनियादी ढांचे में सुधार

ब्रज क्षेत्र को विश्वस्तरीय सुविधाओं से जोड़ने के लिए योगी सरकार ने कनेक्टिविटी पर विशेष ध्यान दिया है। बेहतर सड़कें, हाईवे और यमुना एक्सप्रेस-वे के साथ- साथ रेल मार्ग के सुदृढ़ीकरण से श्रद्धालुओं का आवागमन अत्यंत सुलभ हुआ है। अब दिल्ली, आगरा और लखनऊ जैसे शहरों से मथुरा पहुँचना पहले से कहीं अधिक आसान और सुखद हो गया है।

पर्यटकों की संख्या में रिकॉर्ड वृद्धि

योगी सरकार द्वारा ब्रज के विकास पर केंद्रित नीतियों का सीधा असर आंकड़ों में साफ नजर आता है। पर्यटन विभाग के आंकड़ों के अनुसार, ब्रज क्षेत्र में पर्यटकों की संख्या में जबरदस्त वृद्धि देखी गई है। वर्ष 2023 में मथुरा पहुँचने वाले कुल पर्यटकों की संख्या लगभग 7,79,272,99 थी। वर्ष 2024 में यह संख्या बढ़कर 9,00,817,88 से अधिक हो गई है। वहीं वर्ष 2025 (जनवरी-2025 से सितंबर- 2025 तक) में पर्यटकों की संख्या 7,20,000,00 से अधिक दर्ज की गई। यह आंकड़े दर्शाते है कि सरकार द्वारा दी जा रही सुविधाओं और सुरक्षा के प्रति पर्यटकों का विश्वास बढ़ा है।

ब्रज बनेगा दुनिया का सबसे बड़ा आध्यात्मिक पर्यटन केंद्र

पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व में हमारा लक्ष्य ब्रज की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक पहचान को वैश्विक स्तर पर स्थापित करना है। ब्रज क्षेत्र में सुविधाओं का विस्तार, उत्सवों का भव्य आयोजन और आध्यात्मिक विरासत का संरक्षण हमारी प्राथमिकता है। पर्यटकों की बढ़ती संख्या स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूती दे रही है और रोजगार के नए अवसर सृजित कर रही है। आने वाले समय में ब्रज दुनिया का सबसे बड़ा आध्यात्मिक पर्यटन केंद्र बनेगा।

हर श्रद्धालु को सुविधा, हमारी प्राथमिकता

प्रमुख सचिव पर्यटन एवं संस्कृति अमृत अभिजात ने जानकारी दी कि पर्यटकों की सुविधा के लिए हेल्प डेस्क, गाइड सेवाओं तथा डिजिटल सूचना केंद्रों की संख्या में वृद्धि की गई है। साथ ही ब्रज क्षेत्र के पर्यटन विकास को अयोध्या-प्रयागराज-काशी की तर्ज पर विस्तारित करने की योजना तैयार की गई है। ब्रज क्षेत्र में एक्सपीरियंसल टूरिज्म को बढ़ावा देने के उद्देश्य से ग्रामीण क्षेत्रों को पर्यटन से जोड़ा जा रहा है तथा महिला स्वयं सहायता समूहों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जा रही है। इसके साथ ही स्थानीय कारीगरों एवं पारंपरिक शिल्पकारों को जोड़ते हुए एग्री-रूरल टूरिज्म की संभावनाओं को मजबूत करने की योजना पर कार्य किया जा रहा है। इस पहल का मुख्य उद्देश्य यह है कि जो पर्यटक वर्तमान में एक दिन के लिए मथुरा-वृंदावन आते हैं, उनके ठहराव की अवधि को एक हफ्ते तक बढ़ाया जा सके और उन्हें ब्रज क्षेत्र की संस्कृति, ग्रामीण जीवन और स्थानीय अनुभवों से जोड़ा जा सके।

आर्थिक सशक्तिकरण की नई राह

पर्यटकों की संख्या बढ़ने से स्थानीय स्तर पर रोजगार के नए अवसर सृजित हुए हैं। होटल व्यवसाय, हस्तशिल्प और स्थानीय परिवहन से जुड़े हजारों परिवारों की आय में वृद्धि हुई है, जिससे ब्रज क्षेत्र की अर्थव्यवस्था को नई मजबूती मिली है।

## करोड़ों रुपये के गबन में वांछित 10 हजार का इनामी गिरफ्तार



फिरोजाबाद। इंडियन बैंक थाना जसराना में करोड़ों रुपए का गबन करने वाले 10 हजार रुपए के वाँछित इनामियाँ अभियुक्त को थाना जसराना पुलिस टीम व एसओजी सर्विलांस टीम ने गिरफ्तार किया है। तरुण कुमार पुत्र स्व. ओमेन्द्र सिंह नियुक्ति अंचल प्रमुख इंडियन बैंक अंचल कार्यालय आगरा द्वारा थाना जसराना पर तहरीर दी गयी कि पूर्व शाखा प्रबन्धक राघवेन्द्र सिंह व क्लर्क जयप्रकाश सिंह द्वारा इंडियन बैंक शाखा जसराना में अपने पद पर रहते हुए जसराना शाखा से विभिन्न ग्राहकों के खातों से धोखाधडी करते हुए अनुमानित 01 करोड 85 लाख 97 हजार 09 सौ रुपये से अधिक का गबन अपने पद का दुरुपयोग करके किया गया है। प्राप्त तहरीर के आधार पर अभियुक्त राघवेन्द्र सिंह व जय प्रकाश सिंह के विरुद्ध दिनांक 27-03-2025 को पंजीकृत किया गया जिसकी विवेचना व0उनि0 मुनेश कुमार के द्वारा की गयी विवेचना के दौरान बयान वादी निरीक्षण घटना स्थल व स्टेटमेन्ट के अवलोकन आदि से नामित अभियुक्तगण के अतिरिक्त 08 अन्य अभियुक्तगण आकाश, वीरबहादुर, प्रवीन कुमार, कुवंरपाल, रवीश, सोमिल, सुखदेव, नीलेश के नाम प्रकाश मे आये, जिसमे दिनाँक 31.03.2025 को अभियुक्तगण जय प्रकाश सिंह, आकाश, वीरबहादुर, प्रवीन व कुंवरपाल को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा मे भेजा गया। सोमवार को थाना जसराना पुलिस व सर्विलांस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर थाना जसराना उक्त मुकदमे में वाँछित 10 हजार के इनामियाँ अभियुक्त सोमिल पुत्र अजब सिंह निवासी तिलकापुर थाना तालग्राम जनपद कन्नौज को औछा रोड बड़ा गाँव पुल के पास थाना क्षेत्र जसराना जनपद फिरोजाबाद से मय बुलट मोटरसाइकिल के गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी के आधार पर विधिक कार्यवाही की गई है।

## एफपीओ की जिला स्तरीय अनुसरण समिति की बैठक आयोजित




फिरोजाबाद। जिलाधिकारी रमेश रंजन की अध्यक्षता में एफपीओ की जिला स्तरीय अनुसरण समिति की एक बैठक कलेक्ट सभागार में आयोजित की गई। जिसमें जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद के समस्त एफपीओ किसानों की आय बढ़ाने के लिए बेहतर रणनीति तैयार करें तथा बेहतर इनपुट एवं उत्पादन प्रबंधन के साथ कृषि उत्पादों की प्रोसेसिंग के माध्यम से किसानों की आई बढ़ाने में आगे आए। उन्होंने एल डी एम को निर्देशित किया एफ पी ओ को आसान ऋण उपलब्ध कराया जाय। उन्होंने बताया कि जनपद में सात नए एफ पी ओ का गठन किया जाना है। भारत सरकार द्वारा चयनित संस्था फेयर ट्रेड बास्केट इंडिया लिमिटेड द्वारा फिरोजाबाद, शिकोहाबाद, नारखी एका अराव, जसराना मदनपुर में ये एफ पी ओ गठित किए जाएंगे। जिलाधिकारी ने संस्था के प्रतिनिधि को निर्देशित किया कि अब तक किए गए कार्यों का ब्यौरा तैयार कर एक सप्ताह में प्रस्तुत करें। पूरी पारदर्शिता के साथ एफ पी ओ का गठन किया जाए। उप कृषि निदेशक सत्येंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि समस्त एफ पी ओ यूपी शक्ति पोर्टल पर अपना डाटा अपडेट करा दें जिससे उनकी ग्रेडिंग हो सके। जिला उद्यान अधिकारी अनीता सिंह ने फूड प्रोसेसिंग की योजनाओं की जानकारी दी। जिला कृषि अधिकारी सुमित चौहान ने बताया कि एफ पी ओ किसानों को संतुलित उर्वरक प्रयोग के लिए प्रेरित करें। इस अवसर पर लीड बैंक मैनेजर, प्रभारी मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी सहित समस्त एफ पी ओ निदेशक उपस्थित रहे।

# वृंदावन में 25 दिसम्बर से 5 जनवरी तक बाहरी वाहनों के प्रवेश पर रोक



मथुरा। नववर्ष से पहले देशभर से श्रद्धालुओं का वृंदावन आना शुरू हो गया है। नगर में जाम से निजात दिलाने के लिए पुलिस प्रशासन ने यातायात प्लान तैयार किया है। इसमें 25 दिसंबर से पांच जनवरी तक बाहरी वाहनों के नगर में प्रवेश पर पूरी तरह से रोक रहेगी। वहीं श्रद्धालुओं की भीड़ के देखते हुए 25 दिसंबर एवं एक जनवरी को नगर में ई-रिक्शा का संचालन प्रतिबंधित रहेगा। वाहनों पर नियंत्रण के लिए सभी प्रवेश मांगों पर बैरियर लगाकर पुलिस बल तैनात किया जाएगा। पुलिस प्रशासन द्वारा तैयार यातायात प्लान के तहत 25 दिसंबर से पांच जनवरी तक बाहरी वाहनों के प्रवेश पर पूरी तरह से रोक रहेगी। छटीकरा से आने वाले वाहनों को रुक्मिणी विहार पार्किंग पर रोका जाएगा। श्रद्धालु यहां स्थाई और अस्थाई तौर पर बनीं पार्किंग में अपने वाहन खड़े कर ई रिक्शा और गोल्फ कार्ट से मंदिर तक पहुंच सकेंगे। इसी प्रकार मथुरा की ओर से आने वाले वाहनों को पागल बाबा मंदिर के समीप पार्किंग में, यमुना एक्सप्रेस वे की ओर से आने वाले वाहनों को पानीगांव पार्किंग, दारुक पार्किंग पर खड़ा कराया जाएगा। आगरा-दिल्ली हाईवे से सुनरख मार्ग होकर आने वाले वाहनों को छह शिखर मंदिर स्थित पार्किंग पर रोका जाएगा। इन सभी प्रवेश मार्गों पर पुलिस द्वारा बैरियर लगाए जाएंगे। यहां पुलिस बल के साथ पीएसी के जवान भी तैनात किए जाएंगे। वहीं 25 दिसंबर से पांच जनवरी तक पुलिसकर्मियों की छुट्टी रद कर दी है। भीड़ को देखते हुए नगर में जिन ई रिक्शाओं का रजिस्ट्रेशन हो चुके हैं, उन्ही का संचालन किया जाएगा। 25 दिसंबर और एक जनवरी को सभी ई रिक्शा के नगर में संचालन पर प्रतिबंध रहेगा। सीओ सदर संदीप सिंह ने बताया कि नगर में 25 से पांच जनवरी तक बाहरी वाहनों का प्रवेश बंद रहेगा। भीड़ को देखते हुए ई रिक्शा पर भी विशेष दिनों में संचालन पर रोक रहेगी।

# संस्कृति विवि में दो दिवसीय मिक्स-कॉन 2025 आयोजित

**मथुरा।** संस्कृति विश्वविद्यालय के संतोष मैमोरियल आडिटोरियम में संस्कृति आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज और हॉस्पिटल द्वारा कुलाधिपति डॉ. सचिन गुप्ता और सीईओ डॉ. मीनाक्षी शर्मा के मार्गदर्शन में एनो-रेक्टल बीमारियों के लिए मिनिमल इनवेसिव टेकनीक पर दो दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार मिक्स-कॉन 2025 का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। राष्ट्रीय संगोष्ठी में विद्वानों ने आयुर्वेद के विद्यार्थियों के क्लीनिकल ज्ञान की वृद्धि और प्रैक्टिशनर्स को आयुर्वेद में नई थेराप्यूटिक, पैरा सर्जिकल तकनिकियों से अवगत कराया। उद्घाटन सत्र की शुरूआत सरस्वती वंदना और धन्वंतरि वंदना और गणमान्य व्यक्तियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलन कर हुई। मुख्य अतिथि डॉ. एम बी चेट्टी ने समकालीन समाज में आयुर्वेदिक डॉक्टरों के कर्तव्यों, जिम्मेदारियों और नैतिक भूमिका पर विस्तार से प्रकाश डाला। स्वागत भाषण डॉ. शुभम गुप्ता ने दिया। वाइस प्रिंसिपल डॉ. एकता कपूर ने सभी विद्यार्थियों से दो दिवसीय संगोष्ठी में दिए गए ज्ञान का कुशलता से उपयोग करने की सलाह दी। संस्कृति आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज और हॉस्पिटल के प्रिंसिपल डॉ. मोहनन एम ने आयुर्वेद में क्लिनिकल स्किल्स, रिसर्च ओरिएंटेशन और इनोवेशन को मजबूत करने में एकेडमिक कॉन्फ्रेंस के महत्व पर प्रकाश डाला। शल्य तंत्र विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. शुभम गुप्ता द्वारा सफल केस स्टडीज की प्रस्तुतियों के साथ एनोरेक्टल विकारों को कवर किया गया। प्रो. पी. हेमंता कुमार, प्रो-वाइस चांसलर और विभागाध्यक्ष एनआईए ने आयुर्वेद में सर्जिकल तरीकों पर विशेषज्ञ वक्तव्य दिए और मौजूदा क्लिनिकल स्थिति पर चर्चा की। मिनिमली इनवेसिव क्षारसूत्र थेरेपी पर एक सेशन में हाल के इनोवेशन और नतीजों पर प्रकाश डाला गया। सेमिनार के समापन पर डा. विनोद कुमार ने संगोष्ठी पर समीक्षा प्रस्तुत की। कार्यक्रम का संचालन डॉ. साइमीरा और डॉ. आकांक्षा ने किया। मंच की व्यवस्था में डॉ. सुरभि का विशेष योगदान रहा।




## चोरी के आभूषणों सहित 2 शातिर चोर गिरफ्तार



टूंडला। थाना पचोखरा पुलिस ने दो शातिर चोरों को गिरफ्तार कर कब्जे से चोरी किए आभूषण बरामद किए है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा जनपद में चोर लुटेरों के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना पचोखरा पुलिस ने पचोखरा में मकान के अन्दर से हुई चोरी का 24 घण्टे के अन्दर चोरी का माल बरामद कर सफल अनावरण करते हुए गढी दया से नगला गंगाराम जाने वाले तिराहे से 02 अभियुक्तगण सौरभ पुत्र महेन्द्र सिंह निवासी चिरगवां थाना जलेसर जनपद एटा व अरविन्द कुमार पुत्र अजीत कुमार निवासी ग्राम चिरगवां थाना जलेसर जनपद एटा को गिरफ्तार किया जिनसे चोरी किए गए आभूषण दो कर्धनी सफेद धातू, दो अगूंठी पीली धातू एख नाक की बेसर पीली धातु व एक पैंडल सफेद धातु बरामद किए गए। थाना पुलिस ने गिरफ्तारी एवं बरामदगी के आधार पर विधिक कार्यवाही की है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में अमित कुमार तोमर थानाध्यक्ष थाना पचोखरा, उ0नि0 प्रेमचन्द्र यादव. हमराह है0का0 सतेन्द्र कुमार, है0का0 अमित कुमार गौतम, का0 देवेन्द्र सिंह शामिल रहे।

# प्रॉपर्टी डीलर के इकलौते बेटे ने गोली मारकर की आत्महत्या

मथुरा। सदर बाजार थाना क्षेत्र की नैनापुरम कॉलोनी में रविवार को एक प्रॉपर्टी डीलर के इकलौते बेटे ने तमंचे से गोली मारकर आत्महत्या कर ली। मृतक की पहचान 22 वर्षीय रोहित के रूप में हुई है, जिसकी शादी करीब एक माह पहले ही हुई थी। गोली चलने की आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। उन्होंने देखा कि रोहित ने अंदर से कमरे का दरवाजा बंद कर लिया था। कोई प्रतिक्रिया न मिलने पर पड़ोसियों ने खिड़की से झांक कर देखा तो रोहित लहूलुहान हालत में जमीन पर पड़ा था। इसके बाद लोगों ने दरवाजा तोड़कर उसे बाहर निकाला और तुरंत एक निजी अस्पताल ले गए। हालांकि, अस्पताल पहुंचने से पहले ही उसकी मौत हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। फोरेंसिक टीम ने घटनास्थल से तमंचा सहित अन्य महत्वपूर्ण साक्ष्य बरामद किए हैं। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, नैनापुरम कॉलोनी निवासी मुकेश कुमार प्रॉपर्टी डीलर हैं और बिल्डिंग मटेरियल का भी कारोबार करते हैं। रोहित उनका इकलौता बेटा था। घटना के समय मुकेश कुमार शहर से बाहर थे, जबकि रोहित की पत्नी अपने मायके गई हुई थी। रोहित उस दिन घर पर अकेला था। सदर थाना प्रभारी अश्वनी कुमार ने बताया कि प्रथम दृष्टया यह मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है। हालांकि, आत्महत्या के कारणों का अभी तक स्पष्ट पता नहीं चल पाया है। पुलिस सभी पहलुओं से मामले की जांच कर रही है। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट और जांच में सामने आने वाले तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। देर रात मृतक के पिता मुकेश कुमार और पत्नी भी घर पहुंच गए।

## 31 दिसम्बर तक वाहनों को मानक के अनुरूप करा लें फिटनेस: एआरटीओ

मथुरा। मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश द्वारा प्रदेश में सड़क दुर्घटनाओं में हो रही वृद्धि तथा घने कोहरे के दृष्टिगत परिवहन, पुलिस तथा लोक निमार्ण विभाग को आवश्यक कार्यवाही करने हेतु दिशा निर्देश दिये गये। जिसमें तत्काल प्रभाव से व्यवसायिक वाहनों को मानक के अनुरूप फिटनेस कराकर फिट करने, टैक्टर ट्रोली पर रेडियम पट्टी लगाने तथा समस्त स्कूली वाहनों की 31 दिसम्बर 2025 तक फिटनेस कराने हेतु आदेशित किया गया है। इसी क्रम में राजेश राजपूत, सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन), मथुरा द्वारा जनपद के समस्त विद्यालयों के प्रबंधकों / प्रधानाचार्यो के साथ-साथ अन्य व्यवसायिक वाहन स्वामियों को निर्देशित किया कि अपने-अपने फिटनेस समाप्त वहानों को इस माह के अंत तक मानक के अनुरूप (हेड लाइट, बैक लाइट, क्लच सिस्टम, ब्रैक सिस्टम, वाइपर, रेडियम पट्टी, खिडकी-दरवाजे, आपातकालीन द्वार अदि) करा कर फिटनेस अवश्य करा लें।

# किसानों का अनोखा प्रदर्शन, सड़क पर सुंदरकांड पाठ किया. प्रशासन के सामने सात मांगें रखीं



आगरा। सात सूत्रीय मांगों को लेकर किसान ग्वालियर हाईवे पर बैठे हुए हैं। किसानों ने सुंदरकांड पाठ किया। इस दौरान पुलिस अधिकारी भी मौके पर पहुंच गए। आगरा में ग्वालियर हाइवे के रोहता चौराहे पर सोमवार को भारतीय किसान यूनियन (अराजनैतिक) की तरफ से अनोखा प्रदर्शन देखने को मिला है। किसानों की समस्याओं को लेकर सड़क किनारे बैठकर सुंदरकांड के पाठ का आयोजन किया। सात सूत्रीय मांगों को लेकर किसान प्रदर्शन कर रहे थे।

इस दौरान एसीपी सदर इमरान अहमद, नायब तहसीलदार सदर रजनीश रंधावा मौके पर पहुंच गए। किसानों से बातचीत करते हुए नजर आए। किसानों की समस्या को लेकर अधिकारियों ने उनसे चर्चा की। किसानों को बिजली छूट योजना में लाभ दिया जाए। वहीं इनर रिंग रोड निर्माण के दौरान टूटी हुई सड़कों को दुरुस्त कराया जाए। 12 फरवरी 2025 को पावर ग्रिड से प्रभावित किसानों को सोलर प्लांट लगाकर फ्री बिजली देने की मांग की गई। ये वो मांगे हैं, जिनका आश्वासन तो मिला, लेकिन सुविधाएं आज तक नहीं मिली। इस दौरान किसानों ने गेहूं आलू सरसों मुख्य फसलों में निराश्रित गोवंश का तांडव उसको लेकर भी अपनी मांग रखी है। यूरिया की समस्या को लेकर भी किसानों ने प्रशासन से किसानों को भरपूर यूरिया मोरिया करने की मांग की है। इस दौरान जिला अध्यक्ष दीपक तोमर कन्हैया शर्मा, जसपाल सिंह प्रज्वल कुलश्रेष्ठ, हर्षित, प्रधान शिव सिंह तोमर, बृजमोहन प्रधान अविनाश आदि लोग मौजूद रहे।

# ठंड और ठिठुरन से जनजीवन पर दिखाई दिया असर

मथुरा। पिछले कई दिनों से पड़ रहे घने कोहरे से कुछ राहत जरूर मिली है, लेकिन सोमवार को हल्का कोहरा छाए रहने के बावजूद ठंड और ठिठुरन लगातार बढ़ती जा रही है। सर्द हवाओं के चलते हाड़ कंपाने वाली ठंड महसूस की जा रही है। तापमान में गिरावट आने से जनजीवन पर इसका साफ असर दिखाई दे रहा है।

हल्के कोहरे के बावजूद सुबह और देर शाम सड़कों पर सन्नाटा पसरा रहा। आवागमन में कमी देखी गई और इक्का-दुक्का वाहन ही सड़कों पर नजर आए। ठंड के कारण बाजारों की रौनक भी फीकी पड़ गई है। लोग केवल जरूरी कामों के लिए ही घरों से बाहर निकल रहे हैं, जबकि अधिकांश लोग घरों में ही रहने को मजबूर हैं। शहर से लेकर ग्रामीण इलाकों तक ठंड का असर साफ तौर पर देखा जा रहा है। ठंड से बचाव के लिए लोग जगह-जगह अलाव जला रहे हैं। घरों में हीटर और गर्म कपड़ों का सहारा लिया जा रहा है। सुबह के समय सर्द हवाओं के कारण हाथ-पैरों में गलन और शरीर में सिहरन महसूस हो रही है, जिससे विशेषकर बुजुर्गों और बच्चों को ज्यादा परेशानी हो रही है। ग्रामीण क्षेत्रों में खेतों, संपर्क मार्गों और कच्ची सड़कों पर हल्का कोहरा बना रहा, जिससे ठिठुरन और बढ़ गई। कामकाज के लिए निकलने वाले लोगों को कड़ाके की ठंड का सामना करना पड़ रहा है। लगातार बढ़ती सर्दी के चलते जनजीवन की रफ्तार धीमी पड़ गई है। मौसम विशेषज्ञों के अनुसार, आने वाले दिनों में तापमान में और गिरावट आने की संभावना है। हालांकि घना कोहरा फिलहाल कम हुआ है, लेकिन ठंड का प्रकोप जारी रहने के आसार हैं। जिला प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि कड़ाके की ठंड को देखते हुए अनावश्यक रूप से घरों से बाहर न निकलें, गर्म कपड़े पहनें और ठंड से बचाव के सभी उपाय अपनाएं।

# आगरा के गेस्ट हाउस में लगी आग, छत के रास्ते बचायी जान



आगरा। ईदगाह रेलवे स्टेशन के पास स्थित गेस्ट हाउस में तड़के आग लग गई। जिस समय हादसा हुआ उस समय लोग गहरी नींद में सो रहे थे। शोर सुनकर लोग जाग गए। गेस्ट हाउस की छत के रास्ते उन्हें सुरक्षित निकाला गया।

ईदगाह रेलवे स्टेशन रोड स्थित एस्सार गेस्ट हाउस में बुधवार तड़के किचन में लगी आग काउंटर की ओर पहुंचने से अफरा-तफरी मच गई। आग लगते ही गेस्ट हाउस के भूतल से ऊपरी मंजिल तक घना धुआं फैल गया। घटना के समय कई मुसाफिर गहरी सो रहे थे। धुएं की गंध और शोर होने पर लोगों की नींद खुली तो चीख-पुकार मच गई। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची। मुख्य अग्निशमन अधिकारी देवेंद्र कुमार के नेतृत्व में फायरकर्मियों ने तत्परता दिखाते हुए गेस्ट हाउस में फंसे सभी लोगों को छत के रास्ते सुरक्षित बाहर निकाल लिया। घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। प्रारंभिक जांच में किचिन में आग लगना बताया जा रहा है। घटना के बाद कुछ समय के लिए यातायात प्रभावित रहा। पुलिस और अग्निशमन विभाग द्वारा मामले की जांच की जा रही है।

# नाराज अधिवताओं ने की हड़ताल, जमकर की नारेबाजी

शिकोहाबाद। सरकारी कागजों में शिकोहाबाद तहसील के 70 ग्राम सभाओं के बैनामाओं की रजिस्ट्री का कार्य जसराना में होने के विरोध में चल रहे आन्दोलन अब तेज होता जा रहा है। अधिवक्ताओं ने शनिवार को जिलाधिकारी को ज्ञापन देकर 70 गांवों को शिकोहाबाद तहसील में शामिल करने की मांग की थी। अधिवक्ताओं के ज्ञापन पर जिलाधिकारी ने कोई ठोस आश्वासन न मिलने से आक्रोशित अधिवक्ताओं ने सोमवार को रजिस्ट्री कार्यकाल के सामने धरना प्रारम्भ कर दिया। इस अवसर पर अधिवक्ताओं ने कहा कि शिकोहाबाद तहसील के जिन गांव के बैनामा जसराना में हो रहे हैं वे नियमों के विरूद्ध हैं। जिला प्रशासन 70 ग्रामों के आमजन की समस्या पर ध्यान नही दे रहा है। वार एसोसिएशन के अध्यक्ष हरिओम यादव ने जनपद की सभी तहसील बार एसोशिएशन से आन्दोलन में सहयोग की अपील की। उन्होंने कहा कि जब तक 70 गांवों को शिकोहाबाद तहसील में स्थानांतरण नहीं किया जाएगा तब तक कलमबंद हड़ताल जारी रहेगी। क्योंकि इन गांवों के लोगों को खसरा खतौनी के लिए शिकोहाबाद आना पड़ता उसके बाद वह जसराना जाने के लिए मजबूर होना पड़ता है। ऐसे में किसानों की समस्या का समाधान होना चाहिए। अधिवक्ताओं के हड़ताल पर जाने से बैनामा आदि नहीं हो सके। जिससे सरकार को लाखों के राजस्व का नुकसान उठाने के साथ ही लोगों को बिना काम के घर लौटना पड़ा। धरना प्रदर्शन के दौरान उम्मेदबाबू सुभाष चन्द्र कपिल श्रीवास्तव विनय यादव, देवेन्द्र उर्फ नीरु अनुज अनुराग प्रभाकर, नृपेन्द्र पवन ब्रजेश चन्द्र, महेश कुलश्रेष्ठ, राजेन्द्र सिंह अश्विनी यादव ब्रजेश चन्द्र, रवीन्द्र राजपूत कृष्ण औतार यादव अनिल शर्मा आलोक श्रीवास्तव ब्रजेश चन्द्र, धर्मवीर यादव, पंकज बघेल सहित कई अधिवक्ता मौजूद रहें।



संक्षेप

## पावर अप मनी ने सीरीज-ए राउंड में 12 मिलियन डॉलर जुटाये

बेंगलुरु। म्यूचुअल फंड सलाह देने वाली वेल्थटेक प्लेटफॉर्म पावरअप मनी ने आज घोषणा की कि उसने सीरीज-ए फंडिंग राउंड में 12 मिलियन डॉलर जुटाए हैं। इस राउंड का नेतृत्व पीक एक्सवी ने किया, जबकि मौजूदा निवेशकों एक्सेल, ब्लूम वेंचर्स और केएई कैपिटल ने अपने पहले के निवेश पर भरोसा जताते हुए दोबारा निवेश किया। इसके अलावा 8आई वेंचर्स और डेवसी का समर्थन भी इस राउंड में जारी रहा। यह फंडिंग कंपनी द्वारा 7 ।2 मिलियन डॉलर की सीड फंडिंग जुटाने के महज छह महीने बाद आई है। उच्च गुणवत्ता और निष्पक्ष म्यूचुअल फंड सलाह किसी खास वर्ग तक सीमित नहीं होनी चाहिए। जैसे-जैसे ज्यादा भारतीय म्यूचुअल फंड में निवेश कर रहे हैं, असली कमी भरोसेमंद और शोध-आधारित सलाह तक पहुंच की है, जो निवेशकों को अनुशासित और दीर्घकालिक फैसले लेने में मदद करे। यह फंडिंग हमें अपनी सलाहकार और रिसर्च क्षमताओं को मजबूत करने, पावरअप एलिट को विस्तार देने और पावरअप इनफिनिट लॉन्च करने में सक्षम बनाएगी।

## मीडियाटेक ने एआई और कैमरा सक्षम नवप्रवर्तन प्रदर्शित किया

नई दिल्ली। प्रति वर्ष करीब एक अरब कनेक्टेड डिवाइसेज को ताकत प्रदान कर रही विश्व की अग्रणी फैबलेस सेमीकंडक्टर कंपनी मीडियाटेक ने प्रत्येक चिप में नवप्रवर्तन, संभावनाएं और परिकल्पना थीम पर बेंगलूरु में अपने टेक डे 2025 आयोजित किया जिसमें मीडियाटेक के सभी प्रीमियम एवं अग्रणी डायमेन्सिटी पोर्टफोलियो में नवीनतम टेक्नोलॉजीज पर जोर रहा। मीडिया, टेक्नोलॉजी विश्लेषक और ओप्पो एवं वीवो के प्रमुख रिटेलर भी टेक्नोलॉजी के अगले मोर्चे पर अंतर्दृष्टिपूर्ण चर्चा के लिए उपस्थित रहे। मीडियाटेक में हमारा मानना है कि सही मायने में ब्रिलियंट टेक्नोलॉजी, महज उत्पादों को तैयार करने से कहीं अधिक बड़ी चीज है। यह अद्भुत अनुभव देने के बारे में है जो लोगों के जीवन पर सकारात्मक प्रभाव डाले। हमारा मिशन संभावना की सीमाओं को आगे बढ़ाना और हमारे आसपास की दुनिया को बदलना है। हम भारत में निरंतर अपनी आरएंडडी क्षमताएं बढ़ा रहे हैं और लोगों का जीवन आसान बनाने के लिए अनूठी प्रगति ला रहे हैं।

## लिव अप सक्सेस की नयी ब्रांड फिलॉसफी पेश

बंगलुरु।फिलॉसफी टेस्ट द सक्सेस से लिव अप सक्सेस में बदल गई है। साहसी और नई फिलॉसफी लिव अप सक्सेस जेन जी और मिलेनियल्स के बदलते दृष्टिकोण के अनुरूप नई पोजिशनिंग है। आज सफलता का मतलब हर किसी के लिए अलग है, जो व्यक्तिगत है, अस्त-व्यस्त है, और लगातार आगे बढ़ता हुआ है। रॉयल ग्रीन व्हिस्की की लाईव अप सक्सेस के साथ हम न केवल बड़ी उपलब्धियों, बल्कि कोशिश करते रहने के साहस, लगातार आगे बढ़ते रहने की लगन और कुछ उपयोगी कर दिखाने की खुशी का जश्न भी मना रहे हैं।

## फैशन टूर हमेशा से नयी दिशा देने में अग्रणी रहा

बंगलुरु। पारंपरिक फैशन शिल्प की सीमाओं को तोड़ दिया। प्रतिष्ठित हावड़ा ब्रिज की भव्य पृष्ठभूमि में, और शहर की ऐतिहासिक हुगली नदी को एक शानदार रनवे में बदलते हुए, फिनाले एडिशन में डिजाइनर अनामिका खन्ना का प्रयोगधर्मी कलेक्शन प्रस्तुत किया गया। शोस्टॉपर के रूप में करिश्माई ईशान खट्टर की मौजूदगी ने इस प्रस्तुति को और खास बना दिया, जिसने परंपरा से आगे बढ़ते हुए फैशन को नए युग में प्रवेश कराया। ब्लेंडर्स प्राइड फैशन टूर ने इस साल के संस्करण का समापन किया। इस संस्करण के अंतिम अध्याय के रूप में कोलकाता ने वही सार पेश किया, जो फैशन को सचमुच परिवर्तनकारी बनाता है।

## कच्चे तेल में रही तेजी

नयी दिल्ली। मजबूत हाजिर मांग के बाद कारोबारियों द्वारा अपने सौदों का आकार बढ़ाने से वायदा कारोबार में सोमवार को कच्चा तेल की कीमत 59 रुपये की तेजी के साथ 5,164 रुपये प्रति बैरल हो गयी। कच्चे तेल का जनवरी, 2026 माह में डिलिवरी होने वाला अनुबंध 59 रुपये या 1.16 प्रतिशत की तेजी के साथ 5,164 रुपये प्रति बैरल हो गया। इसमें 21,550 लॉट के लिए कारोबार हुआ। कारोबारियों द्वारा अपने सौदों का आकार बढ़ाने से कच्चातेल वायदा कीमतों में तेजी आई।

# सेंसेक्स में 638 अंकों की उछाल



मुंबई। स्थानीय शेयर बाजार में तेजी का सिलसिला सोमवार को दूसरे कारोबारी सत्र में जारी रहा और बीएसई सेंसेक्स 638 अंक चढ़ा, जबकि एनएसई निफ्टी 26,000 अंक के ऊपर बंद हुआ। विदेशी संस्थागत निवेशकों के पूंजी निवेश तथा अमेरिकी फेडरल रिजर्व के नीतिगत दर में और कटौती की उम्मीद से निवेशकों की धारणा सकारात्मक रहने से बाजार बढ़त में रहा। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 638.12 अंक यानी 0.75 प्रतिशत चढ़कर 85,567.48 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 671.97 अंक तक चढ़ गया था।

पचास शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 206 अंक यानी 0.79 प्रतिशत चढ़कर 26,000 अंक के पार 26,172.40 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में से ट्रेंट में सर्वाधिक 3.56 प्रतिशत की तेजी रही। इसके अलावा इन्फोसिस, टेक महिंद्रा, एचसीएल टेक, टीसीएस, भारती एयरटेल, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, टाटा मोटर्स, रिलायंस और मारुति प्रमुख रूप से लाभ में रहीं। दूसरी तरफ, भारतीय स्टेट बैंक सर्वाधिक 0.6 प्रतिशत नुकसान में रहा। इसके अलावा, कोटक महिंद्रा बैंक, लार्सन एंड टुब्रो और टाइटन भी नुकसान में रहे। मजबूत नकदी और वैश्विक संकेतों के समर्थन से भारतीय बाजार ने साल के अंत की तेजी को बरकरार रखा है। इसका कारण 2026 में फेडरल रिजर्व द्वारा नीतिगत दर में और कटौती की उम्मीद है। विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने शुद्ध लिवाली की, जिससे सकारात्मक माहौल और मजबूत हुआ। इसमें आईटी और धातु क्षेत्र में सबसे अधिक लाभ हुआ। छोटी कंपनियों से जुड़ा बीएसई स्मॉलकैप सूचकांक 1.12 प्रतिशत चढ़ा, जबकि मझोली कंपनियों का मिडकैप 0.86 प्रतिशत मजबूत हुआ। बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों में 2,796 के शेयर लाभ में, जबकि ।,514 शेयर नुकसान में रहे। 191 शेयर के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ। अमेरिकी डॉलर-रुपया विनिमय दर में स्थिरता और पिछले कुछ सत्रों में विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों की घरेलू शेयरों की शुद्ध लिवाली के साथ चौतरफा खरीदारी देखने को मिली है। इसके साथ वायदा एवं विकल्प खंड में सौदों को पूरा करने के लिए व्यापक लिवाली देखने को मिल रही है। अमेरिकी फेडरल रिजर्व द्वारा मौद्रिक नीति में और ढील की उम्मीद से वैश्विक जोखिम लेने की प्रवृत्ति भी मजबूत बनी रही। इससे वैश्विक बाजारों में जोखिम लेने की प्रवृत्ति को बनाए रखने में मदद मिली। यूरोप के प्रमुख बाजारों में मिला-जुला रुख देखने को मिला। अमेरिकी बाजार शुक्रवार को बढ़त के साथ बंद हुए थे।

## सोना 1.38 लाख रुपये के नये शिखर और चांदी 214500 के नये रिकॉर्ड पर

नयी दिल्ली। वैश्विक बाजारों में कीमती धातुओं के रिकॉर्ड उंचाई पर पहुंचने के बाद राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में सोमवार को सोने की कीमतें ।,685 रुपये की बढ़त के साथ ।,38,200 रुपये प्रति 10 ग्राम के नए उच्चतम स्तर पर पहुंच गईं। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने यह जानकारी दी है।

राजधानी में चांदी की कीमतें भी 10,400 रुपये प्रति किलोग्राम बढ़कर 2,14,500 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) के सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंच गईं। सोने और चांदी के सोमवार को एक और नई रिकॉर्ड उंचाई पर पहुंचने से सर्राफा में तेजी का दौर जारी रहा। अंतरराष्ट्रीय बाजारों में सोना हाजिर 80.85 डॉलर यानी 1.86 प्रतिशत बढ़कर 4,420.35 डॉलर प्रति औंस के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया। गांधी ने कहा कि चांदी और सोने में



निवेशकों की रुचि काफी बढ़ गई है क्योंकि अमेरिका में ब्याज दरें कम हो रही हैं, राजकोषीय चिंताएं बढ़ रही हैं और अमेरिकी अर्थव्यवस्था अधिक अनिश्चित होती जा रही है। उन्होंने कहा कि इससे सुरक्षित-संपत्ति की ओर बदलाव आया है। इसके अलावा, बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव के कारण सुरक्षित निवेश विकल्प की मांग भी बढ़ गई है। विदेशी बाजारों में हाजिर चांदी 2.31 डॉलर या 3.44 प्रतिशत बढ़कर 69.45 डॉलर प्रति औंस के उच्चतम स्तर पर पहुंच गई। चांदी की कीमतें रिकॉर्ड उंचाई पर पहुंच गई हैं, जो बढ़ती निवेश मांग के साथ-साथ मजबूत औद्योगिक मांग को दर्शाती है।

## एटक ने इसरो कर्मचारियों के लिए ट्रेड यूनियन अधिकारों की मांग की

एजेंसी

नयी दिल्ली। मजदूर संगठन एआईटीयूसी (एटक) ने सोमवार को इसरो के कर्मचारियों के लिए ट्रेड यूनियन अधिकारों की मांग की।

अंतरिक्ष विभागाइसरो के तहत विभिन्न प्रतिष्ठान मूल रूप से उद्योग हैं, जैसा कि 21 फरवरी, 1978 को बेंगलूरु जल आपूर्ति और सीवरेज बोर्ड से संबंधित मामले में उच्चतम न्यायालय के फैसले में कहा गया है। इसमें कहा गया है कि भारत सरकार ने इसरो के तहत संगठन को उद्योग की परिभाषा से बाहर रखा और उन्हें ट्रेड यूनियन अधिकारों से वंचित कर दिया गया। इसके बजाय, उनसे सर्विस एसोसिएशन बनाने और सीसीएस (आरएसए) नियम 1993 के तहत मान्यता प्राप्त करने के लिए कहा गया। एटक भारत सरकार से आग्रह करता है कि वह अंतरिक्ष विभाग द्वारा जारी उन आदेशों को वापस ले, जो इसरो के कर्मचारियों को एसोसिएशन या यूनियन बनाने के अधिकार से वंचित करते हैं। एटक ने औद्योगिक संबंध संहिता 2020 को भी वापस लेने की मांग की। बयान में कहा गया कि एटक रक्षा अनुसंधान, परमाणु ऊर्जा और अंतरिक्ष के कर्मचारियों के साथ उनके संवैधानिक अधिकार की लड़ाई में पूरी तरह से खड़ा है।

## रुपया तीन पैसे गिरकर 89.70 प्रति डॉलर पर

मुंबई। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में सोमवार को रुपया शुरुआती बढ़त गंवाकर दिन के अंत में तीन पैसे टूटकर 89.70 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर बंद हुआ। घरेलू शेयर बाजार में तेजी का लाभ कच्चे तेल की कीमतों में सुधार से जाता रहा।

बाजार सूत्रों ने कहा कि अमेरिका-भारत व्यापार वार्ता में प्रगति की कमी का असर कारोबारी धारणा पर पड़ा, जबकि अमेरिकी डॉलर इंडेक्स में कमजोरी ने घरेलू मुद्रा को निचले स्तर पर सहारा दिया। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में, रुपया अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले 89.53 पर खुला, फिर दिन के कारोबार में 89.45 के उच्च स्तर पर पहुंचा, जो पिछले बंद भाव से 22 पैसे की बढ़त है। कारोबार के अंत में रुपया



89.70 (अस्थायी) पर था, जो पिछले बंद भाव से तीन पैसे की गिरावट है। शुक्रवार को, रुपया, अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले 53 पैसे बढ़कर 89.67 पर बंद हुआ था। हमें उम्मीद है कि कमजोर अमेरिकी डॉलर और घरेलू बाजारों में मजबूती के कारण रुपया सकारात्मक रुख के साथ कारोबार करेगा। नए साल की छुट्टियों से पहले हमें बहुत ज़्यादा नए विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) की निकासी नहीं देखने को मिल सकती हैं। हालांकि, भारत और अमेरिका के बीच व्यापार समझौते में देरी से ऊंचे स्तर पर रुपये पर दबाव बना रह सकता है। निवेशक अमेरिकी जीडीपी आंकड़ों पर नज़र रख सकते हैं। डॉलर-रुपया हाजिर कीमत 89.20 से 89.80 के दायरे में कारोबार करने की उम्मीद है इस बीच, दुनिया की छह प्रमुख प्रतिस्पर्धी मुद्राओं की तुलना में डॉलर की मजबूती को मापने वाला, डॉलर इंडेक्स 0.08 प्रतिशत गिरकर 98.52 पर कारोबार कर रहा था। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड, वायदा कारोबार में 0.86 प्रतिशत बढ़कर 61 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा था।

## एनएसईएल निवेशकों का वित्त मंत्रालय से एकमुश्त निपटान में तेजी लाने का अनुरोध

नयी दिल्ली। नेशनल स्पॉट एक्सचेंज लिमिटेड (एनएसईएल) के निवेशकों के हितों का प्रतिनिधित्व करने वाले मंच एनआईएफ ने एकमुश्त निपटान योजना (ओटीएस) को तेजी से और सुचारू ढंग से लागू करने के लिए वित्त मंत्रालय से संपर्क करने का फैसला किया है।

राष्ट्रीय कंपनी विधि न्यायाधिकरण (एनसीएलटी) ने हाल ही में इस ओटीएस को मंजूरी दी है। एनएसईएल निवेश मंच (एनआईएफ) के चेयरमैन शरद सराफ ने कहा कि एनएसईएल, उसकी मूल कंपनी 63 मून्स टेक्नोलॉजीज और निवेशकों के बीच हुआ यह ऐतिहासिक समाधान समझौता कई साल से चली आ रही कानूनी अनिश्चितता के बाद ठोस और न्यायसंगत समाधान प्रस्तुत करता है। उन्होंने कहा कि हम वित्त मंत्रालय से आग्रह करेंगे कि वह एकमुश्त समाधान योजना के जल्द से जल्द क्रियान्वयन में सहयोग करे, ताकि निवेशकों को भुगतान शीघ्र हो सके। एनआईएफ ने कहा कि वह ओटीएस के पारदर्शी, सहज और समयबद्ध क्रियान्वयन के लिए प्रतिबद्ध है और हर चरण में सरकार के सहयोग की अपेक्षा करता है। समाधान और निवेशकों को अंतिम भुगतान की प्रक्रिया को तेज करने के मकसद से वित्त मंत्रालय से संपर्क किया जा रहा है।

# जीडीपी के आधार वर्ष में अगले साल होगा बदलाव

नयी दिल्ली। सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय ने सोमवार को कहा कि वह खुदरा मुद्रास्फीति, राष्ट्रीय लेखा और औद्योगिक उत्पादन से जुड़े प्रमुख व्यापक आर्थिक आंकड़ों की नई शृंखला अगले वर्ष जारी करेगा, जिसमें आधार वर्ष बदला गया होगा।

मंत्रालय ने बयान में कहा कि वह उपभोक्ता मूल्य सूचकांक पर आधारित खुदरा मुद्रास्फीति और राष्ट्रीय लेखा से संबंधित नई शृंखला को फरवरी, 2026 में जारी करेगा जबकि औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) की नई शृंखला मई, 2026 में जारी की जाएगी। आधिकारिक बयान के मुताबिक, सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी), उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) और औद्योगिक उत्पादन





सूचकांक (आईआईपी) के आधार वर्ष में बदलाव को लेकर मंगलवार को एक परामर्श कार्यशाला आयोजित की जाएगी। इसके पहले मुंबई में 26 नवंबर को पहली कार्यशाला आयोजित की गई थी। मंत्रालय ने बताया कि खुदरा मुद्रास्फीति की नई शृंखला का आधार वर्ष 2024 होगा और इसे 12 फरवरी, 2026 को जारी किया जाएगा। वहीं, राष्ट्रीय लेखा से जुड़े आंकड़े वित्त वर्ष 2022-23 को आधार वर्ष मानते हुए 27 फरवरी, 2026 को जारी किए जाएंगे। इसके अलावा, आईआईपी की नई शृंखला का आधार वर्ष भी 2022-23 होगा जिसे 28 मई, 2026 को जारी किया जाएगा। मंत्रालय ने कहा कि आधार वर्ष में बदलाव पर होने वाली परामर्श कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य जीडीपी, सीपीआई और आईआईपी के आधार वर्ष संशोधन के तहत प्रस्तावित पद्धतिगत और संरचनात्मक बदलावों को साझा करना और प्रतिभागियों से सुझाव एवं टिप्पणियां प्राप्त करना है। इससे उपयोगकर्ताओं को संशोधित शृंखला में होने वाले बदलावों को समझने में मदद मिलेगी। कार्यशाला में प्रतिष्ठित अर्थशास्त्रियों, वित्तीय संस्थानों और बैंकिंग क्षेत्र के विशेषज्ञों, मामले के जानकार, प्रमुख सांख्यिकीय आंकड़ों के उपयोगकर्ताओं और केंद्र एवं राज्य सरकारों के वरिष्ठ अधिकारियों की भागीदारी होगी। इस कार्यशाला में नीति आयोग के उपाध्यक्ष सुमन के. बेरी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। इसके अलावा मुख्य आर्थिक सलाहकार वी. अनंत नागेश्वरन, मंत्रालय के सचिव सौरभ गर्ग और केंद्रीय सांख्यिकी महानिदेशक एन. के. संतोषी भी उपस्थित रहेंगे।

## भारत-न्यूजीलैंड की एफटीए पर वार्ता संपन्न, शुल्क मुक्त पहुंच, 20 अरब डॉलर का एफडीआई होगा उपलब्ध

नयी दिल्ली। भारत और न्यूजीलैंड ने मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) के लिए बातचीत पूरी होने की सोमवार को घोषणा की। यह समझौता श्रम-गहन क्षेत्रों से आने वाले विभिन्न घरेलू उत्पादों को शुल्क-मुक्त पहुंच देगा। साथ ही इससे अगले 15 वर्ष में 20 अरब डॉलर का प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) उपलब्ध होगा।

इस समझौते से अगले पांच वर्ष में वस्तुओं व सेवाओं के द्विपक्षीय व्यापार को दोगुना करके पांच अरब अमेरिकी डॉलर तक पहुंचाने में मदद मिलने की उम्मीद है। दूसरी ओर, न्यूजीलैंड को भेड़ के मांस, ऊन, कोयला और वनों एवं लकड़ी से बनी 95 प्रतिशत से अधिक वस्तुओं पर शुल्क-मुक्त पहुंच मिलेगी। समझौते के तहत न्यूजीलैंड को कीवी फल, शराब, कुछ समुद्री खाद्य पदार्थ, चेरी, एवोकाडो, पर्सिमन, शिशु फॉर्मूला , मनुका शहद और दूध एल्ब्यूमिन जैसी कई अन्य वस्तुओं पर शुल्क छूट भी मिलेगी। घरेलू किसानों और सूक्ष्म लघु एवं मझोले उद्यमों (एमएसएमई) के हितों की सुरक्षा के लिए भारत राजनीतिक रूप से संवेदनशील दुग्ध क्षेत्र जैसे दूध, क्रीम, व्हे, दही तथा पनीर में कोई शुल्क छूट नहीं देगा। इस समझौते के अंतर्गत शामिल न होने वाले अन्य उत्पाद वनस्पति उत्पाद (प्याज, चना, मटर, मक्का, बादाम), चीनी, कृत्रिम शहद, पशु, वनस्पति या सूक्ष्मजीवों से प्राप्त वसा और तेल, हथियार व गोला-बारूद, रत्न एवं आभूषण, तांबा तथा उसके उत्पाद और एल्युमीनियम तथा उससे संबंधित वस्तुएं हैं। इसने कुशल व्यवसायों में कार्यरत भारतीय पेशेवरों के लिए एक नए अस्थायी रोजगार प्रवेश वीजा मार्ग के माध्यम से कुशल रोजगार के रास्ते भी खोले हैं। इसमें किसी भी समय 5,000 वीजा का कोटा शामिल होता है और अधिकतम तीन साल तक का प्रवास संभव होता है। इसमें आयुष चिकित्सकों, योग प्रशिक्षकों, भारतीय रसोइयों और संगीत शिक्षकों जैसे भारतीय व्यवसायों के साथ-साथ आईटी, इंजीनियरिंग, स्वास्थ्य सेवा, शिक्षा एवं निर्माण जैसे उच्च मांग वाले क्षेत्रों को भी शामिल किया गया है जिससे कार्यबल की आवाजाही एवं सेवा व्यापार को मजबूती मिलेगी।

पेज एक का शेष

### श्री बांके बिहारी

मंदिर से जुड़े प्रशासनिक कार्यों में पारदर्शिता सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया गया है। सरकार का कहना है कि इससे न केवल भक्तों को सुविधा मिलेगी, बल्कि मंदिर की परंपराओं और धार्मिक मयार्दाओं का भी पूरा सम्मान बना रहेगा।

सोमवार को प्रमुख सचिव विधानसभा प्रदीप कुमार दुबे ने इसकी सूचना दी। बता दें कि श्री बांके बिहारी जी मंदिर न्यास विधेयक बीते अगस्त माह में दोनों सदनों में पारित हुआ था, जिसके बाद राज्यपाल की मंजूरी के लिए भेजा गया था। राज्यपाल ने बीती 21 अगस्त को इसकी अनुमति प्रदान कर दी थी। इसके अलावा जो विधेयक मंजूरी के बाद अधिनियम (कानून) बन गए हैं, उनमें उप्र निरसन विधेयक 2025, उप्र राजय लोक सेवा आयोग (प्रक्रिया का विनियमन) (संशोधन) 2025, उप्र निजी विश्वविद्यालय (संशोधन) विधेयक 2025, उप्र माल एवं सेवा कर (संशोधन) विधेयक 2025, उप्र निजी विश्वविद्यालय (द्वितीय संशोधन) विधेयक 2025, उप्र मोटर यान कराधान (संशोधन) विधेयक 2025, उप्र लोक अभिलेख विधेयक 2025, उप्र राजकोषीय उत्तरदायित्व और बजट प्रबंधक (संशोधन) विधेयक 2025, उप्र राज्य विधानमंडल सदस्य तथा मंत्री सुख-सुविधा विधि (संशोधन) विधेयक 2025 और कारखाना (उत्तर प्रदेश संशोधन) विधेयक 2024 शामिल हैं।

ये अध्यादेश पटल पर रखे गए

उप्र पेंशन की हकदारी तथा विधिमान्यकरण अध्यादेश 2025

उप्र निजी विश्वविद्यालय (तृतीय संशोधन) अध्यादेश 2025

उप्र नगर निगम (संशोधन) अध्यादेश 2025

उप्र निजी विश्वविद्यालय (चतुर्थ संशोधन) अध्यादेश 2025

-उप्र निजी विश्वविद्यालय (पंचम संशोधन) अध्यादेश 2025

उप्र सुगम्य व्यापार (प्रावधानों का संशोधन) अध्यादेश 2025

उप्र शिक्षा सेवा चयन आयोग (संशोधन) अध्यादेश 2025

उप्र दुकान एवं वाणिज्य अधिष्ठान (संशोधन) अध्यादेश 2025

### कांग्रेस और

देने की कोशिश की। गीत वही रहा, लेकिन एजेंडा बदल गया। सीएम योगी ने कहा कि 15 अक्टूबर 1937 को लखनऊ से जिन्ना ने वंदे मातरम के विरुद्ध नारा बुलंद किया, जबकि उस समय कांग्रेस अध्यक्ष पंडित जवाहरलाल नेहरू थे। इसके तुरंत बाद 20 अक्टूबर 1937 को नेहरू द्वारा सुभाष चंद्र बोस को लिखा गया पत्र, जिसमें कहा गया कि यह मुद्दा मुसलमानों को आशंकित कर रहा है, कांग्रेस के तुष्टीकरण की स्पष्ट स्वीकारोक्ति है। उन्होंने कहा कि 26 अक्टूबर 1937 को कांग्रेस ने वंदे मातरम के कुछ अंश हटाने का निर्णय लिया, जिसे उस समय ह्लसद्भावह्व कहा गया, लेकिन वास्तव में यह राष्ट्र चेतना की बलि थी। देशभक्तों ने इसका विरोध किया, प्रभात फेरियां निकाली गईं, लेकिन कांग्रेस नेतृत्व राष्ट्र के साथ खड़ा होने की बजाय वोटबैंक के साथ खड़ा हो गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि 17 मार्च 1938 को जिन्ना ने मांग की कि वंदे मातरम पूरा बदला जाए, लेकिन कांग्रेस ने प्रतिकार नहीं किया। परिणामस्वरूप मुस्लिम लीग का साहस बढ़ता गया, अलगाववाद की धार तेज हुई और सांस्कृतिक प्रतीकों पर पहला समझौता हुआ, जिसने अंततः भारत के दुर्भाग्यपूर्ण विभाजन की नींव रखी। सीएम योगी ने स्पष्ट कहा कि वंदे मातरम का विरोध न तो धार्मिक था और न ही आस्था से जुड़ा, बल्कि यह पूरी तरह राजनीतिक था। उन्होंने याद दिलाया कि 1896 से 1922 तक कांग्रेस के हर अधिवेशन में वंदे मातरम गाया जाता रहा। न कोई फतवा था, न कोई धार्मिक विवाद। खिलाफत आंदोलन तक भी यह गीत हर मंच से गूंजता था। मौलाना अबुल कलाम आजाद जैसे नेता इसके समर्थक थे। समस्या मजहब को नहीं, बल्कि कुछ लोगों की राजनीति को थी। मुख्यम्रंत्री ने बताया कि 1923 में कांग्रेस अधिवेशन में मोहम्मद अली जौहर ने पहली बार वंदे मातरम का विरोध किया। यह विरोध धार्मिक नहीं, बल्कि खिलाफत की राजनीति से प्रेरित था। जब विष्णु दिगंबर पलुस्कर ने पूरा गीत गाया तो जौहर मंच छोड़कर चले गए।

### कोडिन सिरप

इस उम्र में व्यक्ति सच बोलने का आदी होता है, लेकिन समाजवादी इस उम्र में भी उनसे झूठ बोलवा देते हैं। समाजवादियों को ऐसा नहीं करना चाहिए और उन्हें भी सच बोलने का आदी होना चाहिए। उन्होंने लंबे समय तक स्पीकर के रूप में सदन को आगे बढ़ाया है। सीएम योगी ने सदन में कहा कि उत्तर प्रदेश में यूपी के सबसे बड़े होलसेलर को एसटीएफ ने पकड़ा था। 2016 में समाजवादी पार्टी ने उसे लाइसेंस जारी किया था। सीएम ने कहा कि देश में दो नमूने हैं। एक दिल्ली व दूसरा लखनऊ में बैठता है। जब देश में कोई चर्चा होती है तो वह देश छोड़कर भाग जाते हैं। यही आपके बबुआ के साथ भी हो रहा है। आप चिल्लाते रहेंगे और बबुआ सैरसपाटे के लिए इंग्लैंड चले जाएंगे। सीएम ने फिर स्पष्ट किया कि कोडिन कफ सिरप (नकली दवा) के कारण मौत की कोई भी बात शासन के संज्ञान में नहीं आयी है। समय-समय पर एफएसडीए विभाग लगातार छापेमारी व कार्रवाई करती है। कंपनियों में भी इस प्रकार की कार्रवाई होती है। यूपी में कोडिन कफ सिरप के केवल स्टाकिस्ट व होलसेलर हैं। इसका यहां प्रोडक्शन नहीं होता। इसका प्रोडक्शन मध्य प्रदेश, हिमाचल व अन्य राज्यों में होता है। मौत के जो प्रकरण आए हैं, वह भी अन्य राज्यों के हैं। ऐसे प्रकरण तमिलनाडु में बने सिरप के कारण आए हैं। यह पूरा प्रकरण इललीगल डायवर्जन का है। इसके माध्यम से होलसेलर (सहारनपुर, गाजियाबाद, लखनऊ, कानपुर, वाराणसी) ने इसे उन देशों व राज्यों में पहुंचाया है, जहां मद्य निषेध है। वहां नशे के आदी लोगों को इसे लेने की आदत है। वहां इसका दुरुपयोग किया गया है। मुख्यमंत्री ने सीएम ने कहा कि बच्चे हों या एडल्ट, बिना चिकित्सीय परामर्श के कोई भी इसका सेवन नहीं कर सकता।

### 24,496.98

उद्देश्य से लाया गया है। वित्त मंत्री ने बताया कि वर्ष 2025-26 के लिए प्रदेश का मूल बजट 808,736.06 करोड़ रुपये का था, जबकि प्रस्तुत अनुपूरक बजट मूल बजट के अनुपात में 3.03 प्रतिशत है। अनुपूरक बजट को मिलाकर वित्तीय वर्ष 2025-26 का कुल बजट अब 833,233.04 करोड़ का हो गया है। उन्होंने कहा कि यह बजट विकासात्मक प्राथमिकताओं को और अधिक सुदृढ़ करने पर केंद्रित है। प्रस्तुत अनुपूरक बजट में राजस्व व्यय के रूप में 18,369.30 करोड़ रुपये, पूंजीगत व्यय के रूप में 6,127.68 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। सरकार का उद्देश्य राजस्व आवश्यकताओं की पूर्ति के साथ-साथ पूंजीगत निवेश को बढ़ाकर आधारभूत ढांचे को मजबूत करना है।

### राष्ट्र प्रेरणा

जाएगा. साथ ही मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य, टीकाकरण, पोषण, संक्रामक रोग नियंत्रण और स्वास्थ्य कर्मियों की सुविधाओं को भी मजबूती मिलेगी। विशेषज्ञ डॉक्टरों और मेडिकल कॉलेज में शिक्षकों की भर्ती के लिए अलग भर्ती बोर्ड बनेगा। सेवानिवृत्त हाईकोर्ट जजों और उनके जीवनसाथी को घरेलू सहायक व टेलीफोन बिल की प्रतिपूर्ति मिलेगी। बिजली कंपनियों के लिए 5200 करोड़ अतिरिक्त लोन की मंजूरी दी गई। खरीफ 2025-26 के लिए धान खरीद के लिए बोरे खरीदने का प्रस्ताव भी पास हुआ।

### बुलंदशहर दुष्कर्म

बाद बदमाश परिवार से लूटपाट कर वहां से फरार हो गए। कौशिक ने बताया कि पुलिस ने इस मामले में छह लोगों के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया था, जिनमें से एक आरोपी सलीम की मुकदमे की प्रक्रिया के दौरान मौत हो गई। उन्होंने बताया कि यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम के विशेष न्यायाधीश ओमप्रकाश वर्मा ने शनिवार को बाकी पांच अभियुक्तों जुबेर उर्फ सुनील, साजिद, धर्मवीर उर्फ राका, सुनील उर्फ सागर और नरेश उर्फ संदीप को दोषी करार दिया। अदालत ने दोषियों को उम्रकैद की सजा सुनाई और प्रत्येक पर 1.81 लाख रुपये का जुर्माना लगाया।

### बांग्लादेश में

गया, तो बहुत अधिक खून बह रहा था। चिकित्सकों ने तत्काल उपचार शुरू किया। यह हमला हादी की हत्या के कुछ दिनों बाद हुआ है। हादी पिछले साल हुए छात्र विरोध प्रदर्शनों के एक प्रमुख नेता थे। इन प्रदर्शनों के बाद ही प्रधानमंत्री शेख हसीना को सत्ता छोड़नी पड़ी थी। हादी को 12 दिसंबर को ढाका के बिजॉयनगर इलाके में एक चुनावी अभियान के दौरान नकाबपोश बंदूकधारियों ने सिर में गोली मार दी थी।

### पूर्व आईपीएस

वित्तीय धोखाधड़ी का शिकार हुए थे। पुलिस महानिदेशक गौरव यादव के नाम लिखे पत्र में चहल ने आरोप लगाया कि जालसाज एफ-777 डीबीएस वेल्थ इक्विटी रिसर्च ग्रुप के नाम से व्हाट्सऐप और टेलीग्राम समूहों के माध्यम से सक्रिय थे और डीबीएस बैंक और उसके सीईओ के साथ संबंधों का झूठा दावा कर रहे थे।

पत्र के अनुसार, समूह ने स्टॉक ट्रेडिंग, आईपीओ आवंटन, ओटीसी ट्रेड और तथाकथित 'क्वांटिटेटिव फंडै के माध्यम से असामान्य रूप से उच्च रिटर्न का वादा करके निवेशकों को लुभाया।

### धामी ने सांसद

गांव-गांव में छिपी प्रतिभाओं को पहचानकर उन्हें राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय मंच तक पहुंचाने का सशक्त अभियान है। ऐसे आयोजन युवाओं में अनुशासन, टीम भावना, आत्मविश्वास और संघर्षशीलता जैसे गुणों का विकास करते हैं। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि 38वें राष्ट्रीय खेलों के सफल आयोजन ने उत्तराखंड को खेलों के मानचित्र पर नई ऊंचाई दी है। इन खेलों में राज्य के खिलाड़ियों द्वारा 103 पदक जीतना ऐतिहासिक उपलब्धि है, जिसने प्रदेश की खेल क्षमता को राष्ट्रीय स्तर पर स्थापित किया है। मुख्यमंत्री ने बताया कि खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के लिए लागू की गई नई खेल नीति के अंतर्गत राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय पदक विजेताओं को आउट ऑफ टर्न सरकारी नौकरी दी जा रही है। साथ ही मुख्यमंत्री खेल विकास निधि, मुख्यमंत्री खिलाड़ी प्रोत्साहन योजना, मुख्यमंत्री उदियमान खिलाड़ी योजना और खेल किट योजना जैसी योजनाओं के माध्यम से उभरते खिलाड़ियों को हर स्तर पर सहयोग प्रदान किया जा रहा है। कार्यक्रम में सांसद एवं केंद्रीय राज्य मंत्री अजय टम्टा, मेयर नगर निगम अजय वर्मा, जागेश्वर विधायक मोहन सिंह मेहरा, उपाध्यक्ष महिला उद्यमिता परिषद गंगा बिष्ट, जिला पंचायत अध्यक्ष हेमा गैड़ा सहित अनेक जनप्रतिनिधि, खिलाड़ी और खेल प्रेमी उपस्थित रहे।

### राजधानी की

25 दिसंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करेंगे। इस कार्यक्रम में करीब डेढ़ लाख लोग लोकार्पण के साक्षी बनेंगे। आयोजन की तैयारियां जोरों पर चल रही हैं। एलडीए वीसी प्रथमेश कुमार ने तो वहीं डेरा डाल दिया और वहीं पर अस्थायी कार्यालय बना लिया है। पूरा एलडीए महकमा इन दिनों प्रेरणा स्थल पर ही है।

### कोहरे में टकराये

रेवती-सहतवार मुख्य मार्ग पर एक जीप और मोटरसाइकिल की टक्कर में मोटरसाइकिल सवार ओम प्रकाश गोंड (40) की मौत हो गई, जबकि उसकी पत्नी पुष्पा देवी (35) और उनका बेटा आलोक (10) घायल हो गए। एटा जिले में एक ऑटो रिक्शा के एक खड़े ट्रक से टकराने के बाद एक व्यक्ति की मौत हो गई जबकि दूसरा घायल हो गया। दुर्घटना की वजह संभवतः तेज गति और कोहरे के कारण कम दृश्यता बताई जा रही है। यह दुर्घटना चौथमील के पास जीटी रोड पर हुई।




# एक और बड़ी जीत हासिल करने उतरेगा भारत

## श्रीलंका के खिलाफ मंगलवार को होगा दूसरा महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच

एजेंसी

विशाखापत्तनम। पहले मैच में बड़ी जीत हासिल करने से उत्साहित भारतीय महिला क्रिकेट टीम जब श्रीलंका के खिलाफ मंगलवार को यहां होने वाले दूसरे महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में मैदान पर उतरेगी तो वह फील्डिंग के स्तर को बेहतर करके अपना विजय अभियान जारी रखने की कोशिश करेगी।



भारतीय टीम ने पिछले महीने विश्व कप जीतने के बाद बल्लेबाजी और गेंदबाजी दोनों विभागों में अच्छा प्रदर्शन किया और श्रीलंका को आठ विकेट से हराया। भारतीय टीम ने श्रीलंका को केवल छह विकेट पर 121 रन पर रोक दिया था लेकिन इस बीच उसकी फील्डिंग अपेक्षानुरूप नहीं रही और उसने कुछ कैच छोड़े। कप्तान हरमनप्रीत कौर ने मैच के बाद कहा कि हम अपनी फील्डिंग पर काम कर रहे हैं। पता नहीं क्यों हम बार-बार कैच छोड़ रहे हैं। मैदान गीला था, लेकिन यह कोई बहाना नहीं है। यह एक ऐसी चीज है जिस पर हमें गंभीरता से विचार करने की जरूरत है। अगले मैच में हम बेहतर रणनीति के साथ उतरेंगे। विश्व कप की सफलता के बाद भारतीय टीम को छह सप्ताह का ब्रेक मिला। इसके बाद भारतीय टीम ने बेंगलुरु के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में एक सप्ताह के शिविर में भाग लिया था। फील्डिंग में थोड़ी बहुत कमी आना लगभग अपेक्षित था और कप्तान को लगता है कि टीम बहुत जल्द लय में आ जाएगी। हरमनप्रीत ने कहा कि हम एक महीने बाद खेल रहे हैं। हम खुद को बेवजह चुनौती नहीं देना चाहते। हम बस टीम के लिए अच्छा प्रदर्शन करना चाहते हैं। कागजों पर भी भारतीय टीम मजबूत नजर आती है। उसकी बल्लेबाजी और गेंदबाजी दोनों काफी मजबूत हैं। सर्वश्रेष्ठ फॉर्म में चल रही जेमिमा रोड्रिग्स ने विश्व कप के अपने शानदार प्रदर्शन को यहां भी जारी रखा। भारत के लिए सबसे बड़ा सकारात्मक पहलू 20 वर्षीय बाएं हाथ की स्पिनर वैष्णवी शर्मा का टीम में शामिल होना रहा, जिन्हें हाल ही में महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) की नीलामी में नजरअंदाज कर दिया गया था। वैष्णवी को भले की कोई विकेट नहीं मिला, लेकिन उन्होंने चार ओवर में केवल 16 रन दिए और एक भी चौका नहीं लगने दिया। शैफाली वर्मा के लिए यह श्रृंखला बेहद महत्वपूर्ण है तथा वह उस प्रारूप में लगातार अच्छा प्रदर्शन करने की कोशिश करेगी जो उनकी बल्लेबाजी शैली के अनुरूप है।

**टीम इस प्रकार हैं:**

**भारत:** हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना (उपकप्तान), दीप्ति शर्मा, स्नेह राणा, जेमिमा रोड्रिग्स, शैफाली वर्मा, हरलीन देयोल, अमनजोत कौर, अरुंधति रेड्डी, क्रांति गौड़, रेणुका सिंह ठाकुर, ऋचा घोष (विकेटकीपर), जी कमलिनी (विकेटकीपर), श्री चरणी, वैष्णवी शर्मा।

**श्रीलंका:** चमारी अटापट्टू (कप्तान), हासिनी परेरा, विशमी गुणरत्ने, हर्षिता समरविक्रमा, नीलाक्षिका डी सिल्वा, कविशा दिलहारी, इमेशा दुलानी, कौशिनी नुथ्यांगना, मालशा शेहानी, इनोका राणावीरा, शशिनी गिम्हानी, निमेश मदुशानी, काव्या कविंदी, रश्मिका सेववंडी, मल्की मदारा।

**मैच भारतीय समयानुसार शाम सात बजे शुरू होगा।**

# आईपीएल में पंजाब किंग्स के लिए किसी भी नंबर पर बल्लेबाजी करने के लिए तैयार हैं कॉनोली



नयी दिल्ली। पंजाब किंग्स की टीम से जुड़ने वाले ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर कूपर कॉनोली ने कहा कि वह अगले साल होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में बल्लेबाजी क्रम में किसी भी नंबर पर खेलने के लिए तैयार हैं। आक्रामक बल्लेबाज, चुस्त फील्डर और बाएं हाथ की स्पिन गेंदबाजी करने वाले कॉनोली को पंजाब किंग्स ने इस महीने की शुरुआत में मिनी नीलामी में तीन करोड़ रुपये में खरीदा था। कॉनोली ने सोमवार को वर्चुअल मीडिया बातचीत में कहा, मैं अपने खेल को इस तरह से ढालना पसंद करता हूं जिससे मैं किसी भी स्थिति में अपनी बहुमुखी प्रतिभा का पूरी तरह से उपयोग कर सकूं।

इसलिए चाहे वह तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करना हो या मध्यक्रम में खेलना हो, मैं किसी भी तरह की भूमिका निभाने के लिए तैयार हूं। यह 22 वर्षीय खिलाड़ी बिग बैश लीग में शानदार फॉर्म में हैं और उन्होंने पर्थ स्कॉर्चर्स के लिए नंबर तीन पर बल्लेबाजी करते हुए दो अर्धशतक बनाए हैं। पंजाब किंग्स हालांकि उनका फिनिशर के रूप में उपयोग कर सकता है। इसके संकेत कप्तान श्रेयस अय्यर ने नीलामी के बाद दिए थे। कॉनोली ने कहा, मुझे लगता है कि मैं अभी (पर्थ) स्कॉर्चर्स के लिए नंबर तीन पर बल्लेबाजी करने की भूमिका के बारे में सीख रहा हूं। यह एक ऐसी भूमिका है जिसका मैं आनंद लेता हूं। लेकिन अगर आईपीएल में मेरी भूमिका अलग होती है तो यह मुझे अच्छी तरह से समझ में आता है क्योंकि यह एक विश्व स्तरीय टीम है। उन्होंने कहा कि मध्यक्रम में बल्लेबाजी करना एक अच्छा अवसर होगा, जिससे मुझे कड़ी मेहनत करने और अपना खेल मध्यक्रम में बल्लेबाजी करने के अनुरूप ढालने का मौका मिलेगा। कॉनोली को ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट की युवा प्रतिभाओं में गिना जाता है। उन्होंने पिछले साल सितंबर में टी20 और वनडे में पदार्पण किया और जनवरी में अपना पहला टेस्ट मैच खेला। कॉनोली ने कहा कि वह ऑस्ट्रेलिया के विश्व कप विजेता कप्तान रिकी पोंटिंग के साथ मिलकर काम करने के लिए उत्सुक हैं, जो पंजाब किंग्स के मुख्य कोच हैं। उन्होंने कहा, मैंने उनके बारे में बहुत अच्छी बातें सुनी हैं। मैंने अभी तक उनके साथ ज्यादा अभ्यास नहीं किया है। इसलिए मैं उनके साथ कुछ समय बिताने और अपनी बल्लेबाजी में आवश्यक बदलाव करने के लिए उत्सुक हूं और यह देखना चाहता हूं कि मेरे खेल के बारे में उनके क्या विचार हैं।

संक्षेप

### डॉ. आनन्देश्वर पाण्डेय एशियन हैंडबॉल फेडरेशन के काउंसिल मेंबर बने

नई दिल्ली। साउथ एशियन हैंडबॉल फेडरेशन के महासचिव एवं हैंडबॉल एसोसिएशन इंडिया के कार्यकारी निदेशक डॉ. आनन्देश्वर पाण्डेय को एशियन हैंडबॉल फेडरेशन (एएचएफ) का काउंसिल मेंबर चुना गया।
कैरो (इजिप्ट) में गत 20 दिसंबर को हुई एशियन हैंडबॉल फेडरेशन की आर्डिनरी कांग्रेस में एशिया महाद्वीप के 36 देशों ने भाग लिया। इस दौरान कौंसिल पांच काउंसिल मेंबर का चुनाव हुआ जिनमें से डॉ. आनन्देश्वर पाण्डेय भी निर्वाचित हुए। हैंडबॉल एसोसिएशन इंडिया के महासचिव डॉ. तेजराज सिंह ने बताया कि एशियन हैंडबॉल फेडरेशन में पद्मश्री डॉ. आरएल आनंद के बाद डॉ. आनन्देश्वर पाण्डेय दूसरे व्यक्ति है जिन्हें यह पद मिला है। इसके चलते एशियन हैंडबॉल फेडरेशन में भारत की स्थिति और मजबूत होगी। डॉ. आनन्देश्वर पाण्डेय ने बताया कि कैरो (इजिप्ट) में अलग अलग समय पर इंटरनेशनल हैंडबॉल फेडरेशन, एशियन हैंडबॉल फेडरेशन, कॉमनवेल्थ हैंडबॉल फेडरेशन एवं साउथ एशियन हैंडबॉल फेडरेशन की बैठकें हुई। इन सभी बैठकों में भारत ने प्रतिनिधित्व किया और अपने सुझाव भी रखे।
इस दौरान साउथ एशियन हैंडबॉल फेडरेशन की सर्वसम्मति से आगामी चार साल की कार्यकारिणी के गठन पर सहमति बनी और इसके लिये साउथ एशियन हैंडबॉल फेडरेशन के महासचिव डॉ. आनन्देश्वर पाण्डेय को अधिकृत किया गया है। वे जल्द ही कार्यकारिणी की घोषणा करेंगे।

### मुक्केबाज फैजान चुनौती पेश करेंगे

बेंगलुरू। भारतीय पेशेवर मुक्केबाज फैजान अनवर रविवार को यहां सनबर्न यूनियन में सुपर फाइटर सीरीज में डब्ल्यूबीए एशिया मिडिलईस्ट के सुपर लाइटवेट वर्ग के खिताब के लिए घाना के कपकपो अलोटे से भिड़ेंगे। इस फाइट नाइट (प्रतियोगिता की शाम) में 10 मुकाबले निर्धारित है। इसमें चार अंतरराष्ट्रीय मुकाबले और दो डब्ल्यूबीए एशिया मिडिल ईस्ट खिताबी मुकाबले शामिल हैं। मुख्य स्पर्धाओं में महिला वर्ग में भारत की रानी देवी का मुकाबला बेलारूस की अलेक्सांद्रा सिटनिकोवा जबकि पुरुष वर्ग में यूक्रेन के डेनियलो होन्चारुक का सामना दागिस्तान के रुसलान कामिलेव से होगा। इस प्रतियोगिता में रितेश सिंह बिष्ट, कविंदर सिंह बिष्ट, वनलालवम्पुइया, एफ जोरमछाना जैसे प्रमुख नामों के साथ बेंगलुरु में प्रशिक्षण ले रहे रोहित चौधरी, हर्षा सरोहा और कमला रोका, जैसे उभरते हुए प्रतिभाशाली खिलाड़ी भी शामिल होंगे।

# न्यूजीलैंड ने वेस्टइंडीज पर बड़ी जीत से श्रृंखला अपने नाम की



माउंट माउंगानुई (न्यूजीलैंड)। तेज गेंदबाज जैकब डफी ने 42 रन देकर पांच विकेट लिए जिससे न्यूजीलैंड ने वेस्टइंडीज के खिलाफ तीसरे और अंतिम टेस्ट क्रिकेट मैच के पांचवे और अंतिम दिन सोमवार को यहां 323 रन से बड़ी जीत हासिल करके तीन मैचों की श्रृंखला 2-0 से अपने नाम की।

वेस्टइंडीज के सामने 462 रन का मुश्किल लक्ष्य था। उसने सुबह अपनी दूसरी पारी बिना किसी नुकसान के 43 रन से आगे बढ़ाई लेकिन उसकी पूरी टीम 138 रन बनाकर आउट हो गई। उसके केवल चार बल्लेबाज ही दोहरे अंक में पहुंचे जिनमें ब्रैंडन किंग ने सर्वाधिक 67 रन बनाए। न्यूजीलैंड की तरफ से डफी के अलावा अयाज पटेल ने 23 रन देकर तीन विकेट लिए। ग्लेन फिलिप्स और रचिन रविंद्र ने एक-एक विकेट हासिल किया। न्यूजीलैंड ने अपनी पहली पारी आठ विकेट पर 575 रन बनाकर समाप्त घोषित की थी जिसके जवाब में वेस्टइंडीज ने 420 रन बनाए थे। न्यूजीलैंड ने अपनी दूसरी पारी दो विकेट पर 306 रन बनाकर समाप्त घोषित की थी। उसकी तरफ से कप्तान टॉम लैथम और डेवोन कॉनवे ने दोनों पारियों में शतक लगाने का कारनामा किया। डफी ने एक कैलेंडर वर्ष में 80 विकेट लेने के रिचर्ड हैडली के न्यूजीलैंड के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया। उन्होंने इस श्रृंखला में 15.4 के औसत से 23 विकेट लिए। इस बीच उन्होंने तीन बार पारी में पांच या इससे अधिक विकेट लेने का कारनामा भी किया। डफी ने कहा, मैंने लंच के समय वह सूची देखी और उसमें कई दिग्गज खिलाड़ियों के नाम थे। इन खिलाड़ियों की सूची में शामिल होना बेहद खास है। डफी को श्रृंखला का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया क्योंकि उन्होंने कुछ प्रमुख तेज गेंदबाजों के चोटिल होने के बावजूद अच्छा प्रदर्शन करके न्यूजीलैंड की जीत में अहम भूमिका निभाई। इन दोनों टीम के बीच पहला टेस्ट मैच ड्रॉ रहा था जबकि न्यूजीलैंड ने दूसरा टेस्ट मैच नौ विकेट से जीता था।

# पिंकाथॉन में रिकॉर्ड 115 दृष्टिबाधितों के साथ 5300 महिलाओं ने लिया भाग

मुंबई। पिंकाथॉन के 10वें सत्र के विभिन्न श्रेणियों में रिकॉर्ड 115 दृष्टिबाधित महिलाओं के साथ 5,300 से अधिक महिला प्रतिभागियों ने भाग लिया। यह किसी दौड़ स्पर्धा में दृष्टिबाधित महिलाओं की विश्व रिकॉर्ड संख्या है।



रविवार को संपन्न इस दो दिवसीय आयोजन में सभी आयु वर्ग के धावकों ने भाग लिया। इस आयोजन में तीन किमी, पांच किमी और 10 किमी की दौड़ शामिल थीं। पिंकाथॉन के संस्थापक मिलिंद सोमण ने कहा, प्रतिभागियों की बढ़ती संख्या के साथ जो बात इस दौड़ को सबसे अलग बनाती है वह इसमें भाग लेने वाली महिलाओं की विविधता है। दृष्टिबाधित धावकों से लेकर पहली बार भाग लेने वाली और प्रतिस्पर्धी धाविका की मौजूदगी से पिंकाथॉन लगातार यह दर्शाता है कि भारत में महिलाओं की दौड़ किस प्रकार विकसित हो रही है। पियुषा लोहार ने तीन किमी की दौड़ 12:23 मिनट में जीती, उनके बाद ओवी पाटिल (13:00) और ज्योति पंजाबी (14:16) दूसरे और तीसरे स्थान पर रहीं। पांच किमी वर्ग में यामिनी ठाकरे ने 18:18 मिनट के समय के साथ पहला स्थान प्राप्त किया जबकि कोमल खांडेकर (20:16) और श्रेया ओझा (22:03) क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर रहीं। पद्मा करांडे ने 10 किमी की दौड़ 42:06 मिनट के समय में जीती, जबकि अंचल मारवाह (48:16) और शालिनी सिंह (48:52) ने पोडियम पर अपनी जगह बनाई।

# अवध हास्पिटल रनर्स फॉर विक्ट्री ने एसपीएल नेशनल लेवल 2025 की विजेता ट्रॉफी जीती



लखनऊ। मैन ऑफ द मैच करन आडवाणी (दो विकेट, 20 रन) के आलराउंड खेल व दीपेश वासवानी (31) की उम्दा पारी से अवध हास्पिटल रनर्स फॉर विक्ट्री ने सिंधी प्रीमियर लीग (एसपीएल) नेशनल लेवल 2025 की विजेता ट्रॉफी अपने नाम कर ली।
सिंधी काउंसिल ऑफ इंडिया यूथ विंग उत्तर प्रदेश चैप्टर की लखनऊ इकाई एवं समस्त सिंधी पूज्य पंचायत के संयुक्त तत्वावधान में आशियाना स्थित मल्टी एक्टिविटी सेंटर मैदान पर आयोजित लीग के रविवार देर रात खेले गए फाइनल में अवध हास्पिटल रनर्स फॉर विक्ट्री ने जेबी ग्रुप को पांच विकेट से हराया।
जेबी ग्रुप ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित आठ ओवर में पांच विकेट पर 66 रन का स्कोर बनाया। सतराम ने 18 गेंदों पर एक चौके व पांच छक्के से नाबाद 40 रन बनाए। उनके अलावा अन्य बल्लेबाज दहाई का आंकड़ा पार नहीं कर सके। अवध हास्पिटल से करन आडवाणी व निहाल ने दो-दो झटके। जवाब में अवध हास्पिटल रनर्स फॉर विक्ट्री ने 7.4 ओवर में तीन विकेट के नुकसान पर 67 रन बनाते हुए मैच जीत लिया। सलामी बल्लेबाज करन आडवाणी (20 रन, नौ गेंद, 3 चौके, एक छक्का) ने उम्दा पारी खेलते हुए जीत की नींव रखी। वहीं उनके जोड़ीदार दीपेश वासवानी ने 24 गेंदों पर तीन चौके से नाबाद 31 रन की पारी खेलते हुए टीम को जीत दिलाई। विजेता अवध हास्पिटल रनर्स फॉर विक्ट्री को 75 हजार रुपए व उपविजेता जेबी ग्रुप को 41 हजार रुपए का नगद पुरस्कार प्रदान किया।

# हार के बाद संन्यास लेने पर विचार किया था: रोहित

नयी दिल्ली, 22 दिसंबर (भाषा) भारत के पूर्व कप्तान रोहित शर्मा ने एक चौंकाने वाला खुलासा करते हुए कहा कि 2023 में खेले गए वनडे विश्व के फाइनल में ऑस्ट्रेलिया से मिली दिल तोड़ने वाली हार के बाद उन्होंने संन्यास लेने पर विचार किया था क्योंकि उन्हें लगा कि इस खेल ने उनसे सब कुछ छीन लिया है। भारत ने घरेलू मैदान पर खेले गए इस वनडे विश्व कप में रोहित की कप्तानी में शानदार प्रदर्शन किया था तथा लगातार नौ मैच जीत कर फाइनल में जगह बनाई थी लेकिन इस महत्वपूर्ण मैच में उसे पराजय का सामना करना पड़ा था।

इस मैच में ऑस्ट्रेलिया के सलामी बल्लेबाज ट्रेविस हेड ने शतक लगाया था जो आखिर में निर्णायक साबित हुआ। रोहित ने मास्टर्स यूनियन के एक कार्यक्रम के दौरान कहा, वनडे विश्व कप 2023 के फाइनल के बाद मैं पूरी तरह से निराश हो गया था। मुझे ऐसा लगा कि मैं अब यह खेल नहीं खेलना चाहता क्योंकि इसने मुझसे सब कुछ छीन लिया है और मुझे लगा कि मेरे पास कुछ भी नहीं बचा है। उन्होंने कहा, मुझे इससे उबरने में थोड़ा समय लगा। मैं खुद को बार-बार याद दिलाता रहा कि यही वह चीज है जिससे मुझे वास्तव में प्यार है। यह चीज मेरे पास है और मैं इसे इतनी आसानी से नहीं छोड़ सकता। धीरे-धीरे मैं इससे उबर गया। मैंने अपनी खोई हुई ऊर्जा वापस हासिल की और फिर से मैदान पर सक्रिय हो गया। रोहित ने कहा कि उस हार से हर कोई निराश था और हमें विश्वास नहीं हो रहा था कि क्या हुआ है। मेरे लिए व्यक्तिगत तौर पर यह बहुत मुश्किल समय था क्योंकि मैंने उस विश्व कप के लिए अपना सब कुछ झोंक दिया था। विश्व कप से दो या तीन महीने पहले ही नहीं, बल्कि 2022 में कप्तानी संभालने के बाद से ही मैं उसके लिए तैयारी कर रहा था। रोहित ने टी20 और टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले लिया है और इस साल की शुरुआत में उन्हें वनडे की कप्तानी से हटा दिया गया था। वह अभी 50 ओवर के प्रारूप में खेलते हैं और उनका लक्ष्य 2027 में होने वाले वनडे विश्व कप तक टीम में बने रहना है। मेरा एकमात्र लक्ष्य विश्व कप जीतना था, चाहे वह टी20 विश्व कप हो या 2023 में वनडे विश्व कप। इसलिए जब ऐसा नहीं हो पाया तो मैं पूरी तरह से निराश हो गया था। मेरे शरीर में बिल्कुल भी ऊर्जा नहीं बची थी। मुझे इससे उबरने और खुद को वापस पटरी पर लाने में कुछ महीने लग गए। ऑस्ट्रेलिया से अहमदाबाद में मिली उस हार के एक साल से भी कम समय बाद भारत ने रोहित की कप्तानी में अमेरिका और वेस्टइंडीज में खेले गए 2024 के टी20 विश्व कप में खिताब जीता था, लेकिन नवंबर 2023 में ऑस्ट्रेलिया के हाथों मिली हार की पीड़ा से उबरना आसान नहीं था। मुझे लगता है कि जब आप किसी चीज को हासिल करने के लिए अपना सब कुछ झोंक देते हैं और फिर आपको मनचाहा परिणाम नहीं मिलता है तो यह एक स्वाभाविक प्रतिक्रिया होती है। मेरे साथ भी ठीक यही हुआ। लेकिन मुझे यह भी पता था कि जीवन यहीं खत्म नहीं होता। यह निराशा से उबरने और खुद को नए सिरे से तैयार करने के लिए मेरे लिए बहुत बड़ा सबक था। मुझे पता था कि अमेरिका और वेस्टइंडीज में 2024 में टी20 विश्व कप होना है और अब मुझे अब अपना पूरा ध्यान इस पर केंद्रित करना होगा। अब यह कहना बहुत आसान है, लेकिन उस समय यह बेहद मुश्किल था।



# विकेट नहीं मिलने से निराश नहीं हूं, अपने प्रदर्शन से खुश हूं: वैष्णवी

विशाखापत्तनम। भारत की बाएं हाथ की स्पिनर वैष्णवी शर्मा ने कहा कि महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में अपने पदार्पण मैच में विकेट नहीं मिलने के बावजूद अपनी रणनीति पर अच्छी तरह से अमल करने से उन्हें खुशी हुई। इस 20 वर्षीय खिलाड़ी ने श्रीलंका के खिलाफ रविवार को यहां खेले गए पहले मैच में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण किया तथा चार ओवर में 16 रन दिए लेकिन उन्हें कोई विकेट नहीं मिला। भारत ने इस मैच में आठ विकेट से शानदार जीत हासिल की। वैष्णवी ने मैच के बाद संवाददाताओं से कहा कि विकेट नहीं मिलने से मैं किसी भी तरह से निराश नहीं हूं। मुझे खुशी है कि मैं अपनी रणनीति पर अच्छी तरह से अमल करने में सफल रही। अभी चार मैच खेले जाने बाकी हैं। उन्होंने कहा कि अपना पहला मैच खेलने से पहले वह थोड़ा नर्वस थी लेकिन राष्ट्रगान सुनने से उन्हें आत्मविश्वास हासिल करने में मदद मिली। वैष्णवी ने कहा कि शुरू में मैं थोड़ी नर्वस थी लेकिन राष्ट्रगान के बाद सहज हो गई थी। वैष्णवी ने कहा कि टीम प्रबंधन और सीनियर खिलाड़ियों विशेष रूप से कप्तान हरमनप्रीत कौर ने उनका हौसला बनाए रखा। उन्होंने कहा, वह (हरमनप्रीत) मुझसे कह रही थी कि मैंने अतीत में अच्छा प्रदर्शन किया है। जब भी हम सब मिलकर चर्चा करते हैं, तो वह हमें एक ही बात पर ध्यान केंद्रित करने के लिए कहती हैं कि हम आज क्या अच्छा कर सकते हैं। टीम का माहौल बहुत अच्छा है। मैं आसानी से सबके साथ घुलमिल गई।

# अपने ज्ञान से विश्व की तीसरी अर्थव्यवस्था बनेगा भारत

## देश के विकास और प्रगति में भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान और उसके छात्रों का बहुत बड़ा योगदान



पुणे। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने सोमवार को कहा कि भारत को पांच हजार अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था और विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने के लिए ज्ञान सबसे शक्तिशाली उपकरण है।

भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, मुंबई में आयोजित एक कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि किसी भी देश का भविष्य उसके पास मौजूद भविष्योन्मुखी प्रौद्योगिकी पर आधारित होता है। केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री ने कहा, देश के विकास और प्रगति में भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) और उसके छात्रों का बहुत बड़ा योगदान रहा है। सरकार में काम करते समय अगर हमें कोई चुनौती आती है, तो हम सबसे पहले आईआईटी से सलाह लेते हैं। आईआईटी की विश्वसनीयता इतनी अच्छी है कि हमें जो समाधान मिलता है, वह व्यापक रूप से स्वीकार्य होता है। संक्षेप में कहें तो आप ज्ञान की राजधानी हैं। गडकरी ने कहा कि देश की प्रगति, संसाधन और प्रौद्योगिकी महत्वपूर्ण हैं लेकिन इससे भी अधिक महत्वपूर्ण भविष्य की प्रौद्योगिकी और ज्ञान है। किसी भी देश का भविष्य इस बात पर निर्भर करता है कि उसके पास किस प्रकार की भविष्यान्मुखी प्रौद्योगिकी है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एक मिशन के रूप में लक्ष्य निर्धारित किया है और वह है भारत को पांच हजार अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था और दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाना। अगर हम पांच हजार अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था और तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनना चाहते हैं, तो ज्ञान सबसे शक्तिशाली उपकरण होगा। गडकरी ने कहा कि उद्यमिता, विज्ञान, प्रौद्योगिकी, अनुसंधान, कौशल और सर्वोत्तम प्रथाओं को सामूहिक रूप से ज्ञान कहा जाता है और इस ज्ञान को धन संपदा में परिवर्तित करना ही भविष्य है।

# साल 2013 के झीरम घाटी नक्सली हमले में कांग्रेस के अंदरूनी लोग ही शामिल थे: नड्डा



जांजगीर। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने सोमवार को कांग्रेस पर तीखा हमला करते हुए आरोप लगाया कि पार्टी के अंदरूनी लोग ही 2013 के झीरम घाटी नक्सली हमले को अंजाम देने में शामिल थे, जिसके कारण कांग्रेस नेताओं की हत्या हुई।

नड्डा ने राज्य में विष्णु देव साय के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार के दो साल पूरे होने पर जनादेश परब समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि पिछली कांग्रेस सरकार का नक्सलियों के साथ समझौता था, जबकि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली डबल-इंजन सरकार ने नक्सलवाद को उखाड़ फेंकने काम किया। नड्डा ने कहा कि 2013 में झीरम घाटी में हुए नक्सली हमले के दौरान वह छत्तीसगढ़ में पार्टी के प्रभारी थे। आज मैं बड़ी जिम्मेदारी के साथ कहना चाहता हूं कि झीरम घाटी की घटना की जानकारी और अंदर की खबर कोई और नहीं दे रहा था, बल्कि पार्टी के लोग ही अपने लोगों को मरवाने के लिए लगे हुए थे और नक्सलियों के संपर्क में थे। माओवादियों ने 25 मई, 2013 को राज्य के बस्तर जिले की झीरम घाटी में विधानसभा चुनाव से पहले कांग्रेस पार्टी की परिवर्तन रैली के दौरान नेताओं के काफिले पर हमला किया था, जिसमें तत्कालीन प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष नंद कुमार पटेल, पूर्व नेता प्रतिपक्ष महेंद्र कर्मा और पूर्व केंद्रीय मंत्री विद्याचरण शुक्ल समेत 32 लोग मारे गए थे। नड्डा ने कहा कि केंद्र में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में और छत्तीसगढ़ में साय के नेतृत्व में भाजपा सरकार बनने के बाद माओवाद के खिलाफ जमीनी स्तर पर निर्णायक कार्रवाई की गई। उन्होंने दावा किया कि नक्सलवाद अब राज्य के कुछ गांवों और जिलों तक ही सीमित रह गया है। केंद्रीय मंत्री ने कहा, पिछले दो साल में करीब 2,500 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया है, 1,853 को गिरफ्तार किया गया है तथा हिडमा व बसवराजू जैसे कुख्यात नक्सलियों को मार गिराया गया है। सभा के दौरान मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, मंत्रिमंडल के सदस्य और भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता मौजूद थे।

## संक्षेप

### एसआईआर प्रक्रिया में भारी त्रुटियां कीं

कोलकाता। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने निर्वाचन आयोग पर तीखा हमला करते हुए सोमवार को आरोप लगाया कि राज्य में मतदाता सूचियों की अब तक की गई विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया के बाद प्रकाशित मसौदा सूचियों में भारी त्रुटियां हैं। बनर्जी ने यहां नेताजी इनडोर स्टेडियम में तृणमूल कांग्रेस के बूथ स्तरीय कार्यकर्ताओं की बैठक को संबोधित करते हुए इस कवायद को शुरू से आखिर तक त्रुटियों वाली करार दिया। उन्होंने आरोप लगाया कि निर्वाचन आयोग राज्य सरकार को सूचित किए बिना पर्यवेक्षकों की नियुक्ति कर रहा है और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के हितों को आगे बढ़ाने के लिए काम कर रहा है। उन्होंने दावा किया, निर्वाचन आयोग केवल भाजपा के निर्देशों पर काम कर रहा है। बनर्जी ने कहा कि राज्य में एसआईआर प्रक्रिया के गणना के चरण में मतदाताओं की मैपिंग में भारी त्रुटियां हुई हैं। बनर्जी ने आरोप लगाया कि हजारों सही मतदाताओं के नाम मसौदा सूचियों से हटा दिए गए हैं। हमें नहीं पता कि इतने सारे असली मतदाताओं की समस्याओं को इतने कम समय में कैसे हल किया जा सकता है। पश्चिम बंगाल में गणना के चरण के बाद प्रकाशित मसौदा मतदाता सूचियों में से 58,20,899 नाम हटाए गए हैं और राज्य में मतदाताओं की संख्या घटकर 7.08 करोड़ रह गई है।

# जयशंकर प्रधानमंत्री मोदी के विशेष दूत के रूप में मंगलवार को श्रीलंका पहुंचेंगे

कोलंबो। विदेश मंत्री एस. जयशंकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विशेष दूत के रूप में मंगलवार को श्रीलंका पहुंचेंगे और वहां के नेतृत्व से मुलाकात करेंगे। भारतीय उच्चायोग ने सोमवार को यहां यह जानकारी दी।

उच्चायोग ने कहा कि उनकी यह यात्रा भारत की पड़ोसी प्रथम नीति को रेखांकित करती है और यह सागर बंधु अभियान के संदर्भ में हो रही है, जिसे पिछले महीने चक्रवात दित्वा से हुई तबाही से निपटने के लिए शुरू किया गया था। चक्रवात से हुई तबाही के बाद श्रीलंका द्वारा की गई अंतरराष्ट्रीय सहायता अपील पर प्रतिक्रिया देने वाला पहला देश भारत था। भारत के सागर बंधु अभियान ने व्यापक स्तर पर राहत और पुनर्वास सहायता प्रदान की। सागर बंधु अभियान के 28 नवंबर को शुरू होने के बाद से, भारत ने श्रीलंका को 1,134 टन से अधिक मानवीय सहायता प्रदान की है, जिसमें सूखा राशन, तंबू, तिरपाल, स्वच्छता किट, कपड़े, जल शोधन प्रणाली और 14.5 टन दवाएं और शल्य चिकित्सा उपकरण शामिल हैं।

# नीतीश कुमार, सम्राट चौधरी ने की प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात

नयी दिल्ली। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सोमवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की। यह मुलाकात राज्य के विधानसभा चुनाव में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की शानदार जीत के बाद कुमार के पूर्वी राज्य की कमान फिर संभालने के लगभग एक महीने बाद हुई। प्रधानमंत्री से मुलाकात के दौरान कुमार के साथ बिहार के उपमुख्यमंत्री और भाजपा नेता सम्राट चौधरी और जदयू नेता व केंद्रीय मंत्री राजीव रंजन सिंह भी मौजूद थे। प्रधानमंत्री कार्यालय ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, केंद्रीय मंत्री ललन सिंह ने आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की।

बैठक के बाद चौधरी ने कहा कि बिहार में राजग को मिले भारी जनादेश के बाद, मुख्यमंत्री, उन्होंने और सिंह ने विश्व के सबसे लोकप्रिय नेता प्रधानमंत्री मोदी के साथ शिष्टाचार भेंट की। चौधरी ने एक्स पर लिखा, आदरणीय मोदी जी के निर्देशन और नेतृत्व में देश एवं बिहार निरंतर आगे बढ़ रहा है। इस दौरान विकसित बिहार के लक्ष्यों पर बहुमूल्य मार्गदर्शन भी प्राप्त हुआ। इससे पहले बिहार के मुख्यमंत्री ने गृह मंत्री अमित शाह से भी मुलाकात की थी। कुमार दो दिवसीय दौरे पर रविवार को राष्ट्रीय राजधानी पहुंचे थे। शाह के आवास पर हुई बैठक के दौरान नेताओं ने राज्य के विकास से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। कुमार की राजग नेताओं के साथ होने वाली बातचीत में राज्य मंत्रिमंडल के विस्तार का मुद्दा प्रमुखता से उठने की संभावना है। मकर संक्रांति के बाद राज्य मंत्रिमंडल का विस्तार हो सकता है। बिहार विधानसभा की 243 सीट के लिए नवंबर में चुनाव हुए।

# मनरेगा का खत्म होना सबकी सामूहिक विफलता

नयी दिल्ली। कांग्रेस संसदीय दल की प्रमुख सोनिया गांधी ने सोमवार को मोदी सरकार पर मनरेगा को डेथ बाई थाउजेंड कट्स स्ट्रैटजी (हजार छोटे छोटे घाव देकर खत्म करने की रणनीति) से खत्म करने का आरोप लगाया और कहा कि महात्मा गांधी के सर्वोदय के दृष्टिकोण को साकार करने वाली योजना का अंत होना हम सबकी नैतिक विफलता है तथा इसके भयावह असर होंगे। सोनिया ने अंग्रेजी दैनिक द हिंदू के लिए लिखे एक लेख में यह भी कहा कि अपने अधिकारों की रक्षा करने के लिए मिलकर संघर्ष करना बहुत जरूरी हो गया है।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने रविवार को विकसित भारत-जी राम जी विधेयक को अपनी मंजूरी दे दी। इसके साथ ही यह अब अधिनियम बन गया है और इस संबंध में एक अधिसूचना भारत के राजपत्र में प्रकाशित की गई है। बीते बृहस्पतिवार को यह विधेयक संसद से पारित किया गया था। सोनिया गांधी ने लेख में लिखा, पिछले कुछ दिन में नरेन्द्र मोदी सरकार ने चर्चा, परामर्श या संसदीय प्रक्रियाओं तथा केंद्रराज्य संबंधों के प्रति सम्मान के बिना मनरेगा को खत्म करने की दिशा में कदम बढ़ाने का प्रयास किया है। योजना से महात्मा गांधी का नाम हटाया जाना तो एक बानगी भर है। मनरेगा की वह पूरी संरचना, जो उसके प्रभाव के लिए अत्यंत आवश्यक थी, पूरी तरह से नष्ट कर दी गई है। यह याद रखना चाहिए कि यह दुनिया की सबसे बड़ी सामाजिक सुरक्षा पहल रही है और साथ ही सबसे अधिक अध्ययन एवं मूल्यांकन वाली योजनाओं में से एक भी। इन सभी अध्ययनों ने समाज के सबसे कमजोर वर्गों पर इसके परिवर्तनकारी प्रभावों को रेखांकित किया है।

## एच3 रॉकेट पेलोड को स्थापित करने में रहा विफल

तोक्यो। जापान की अंतरिक्ष एजेंसी ने कहा कि नौवहन उपग्रह ले जाने वाला उसका एच3 रॉकेट पेलोड को नियोजित कक्षा में स्थापित करने में विफल रहा, जो देश के नए प्रमुख रॉकेट और उसके अंतरिक्ष प्रक्षेपण कार्यक्रम के लिए एक झटका है। नेविगेशनल उपग्रह वह कृत्रिम उपग्रह होते हैं, जो पृथ्वी पर किसी स्थान की सटीक स्थिति, दिशा और समय की जानकारी देने में मदद करते हैं।

# अमेरिका के साथ व्यापार समझौते पर बातचीत की उन्नत चरण में: गोयल



नयी दिल्ली। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने सोमवार को कहा कि अमेरिका के साथ द्विपक्षीय व्यापार समझौते को लेकर बातचीत उन्नत चरण में है। अमेरिका के उप व्यापार प्रतिनिधि रिक स्विट्जर हाल में अपने दल के साथ व्यापार वार्ता की समीक्षा के लिए भारत आए थे। दो दिवसीय बातचीत 11 दिसंबर को पूरी हुई।

गोयल ने भारत-न्यूजीलैंड मुक्त व्यापार समझौते पर बातचीत पूरी होने के मौके पर संवाददाताओं से कहा, हम अमेरिका के साथ अपनी वार्ता में पहले ही उन्नत चरण में हैं। उन्होंने यह भी कहा कि भारत अब तक फाइव आइज गठबंधन के तीन सदस्यों - ऑस्ट्रेलिया, ब्रिटेन और न्यूजीलैंड - के साथ मुक्त व्यापार समझौते को अंतिम रूप दे चुका है। खुफिया जानकारी साझा करने वाले इस नेटवर्क के पांच देशों में ऑस्ट्रेलिया, कनाडा, न्यूजीलैंड, ब्रिटेन और अमेरिका शामिल हैं। भारत, कनाडा के साथ भी व्यापार समझौते के लिए वार्ता दोबारा शुरू करने की प्रक्रिया में है। हम जल्द ही कनाडा के साथ टीओआर (संदर्भ की शर्तों) पर चर्चा शुरू करने जा रहे हैं। उन्होंने साथ ही कहा कि इससे विश्व भू-राजनीति में भारत के बढ़ते रणनीतिक महत्व का पता चलता है।

## विधायक हुमायूं कबीर ने नयी पार्टी का गठन किया

बेलडांगा (बंगाल पश्चिम)। मुर्शिदाबाद जिले में बाबरी मस्जिद जैसी मस्जिद की आधारशिला रखने पर तृणमूल कांग्रेस द्वारा निलंबित किए जाने के कुछ दिनों बाद, पश्चिम बंगाल के विधायक हुमायूं कबीर ने सोमवार को जनता उन्नयन पार्टी नामक नई पार्टी का गठन किया। बेलाडांगा में एक जनसभा को संबोधित करते हुए कबीर ने कहा कि उनका लक्ष्य विधानसभा चुनावों में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को सत्ता से बेदखल करना है। राज्य में विधानसभा चुनाव होने में छह महीने से भी कम समय बचा है। उन्होंने दावा किया, ममता बनर्जी 2026 में मुख्यमंत्री के रूप में शपथ नहीं लेंगीअ वह पूर्व मुख्यमंत्री होंगी। वह अब वैसी नहीं रहीं जैसी मैं उन्हें जानता था और अब वह आम आदमी की पहुंच से बाहर हैं। कबीर ने कहा, हमारी पार्टी राज्य के आम आदमी और उनके उत्थान के लिए आवाज उठाएगी।

## रूस के साथ युद्ध खत्म करने पर सार्थक वार्ता हुई: अमेरिका

मियामी। अमेरिकी राष्ट्रपति के आधिकारिक आवास एवं कार्यालय व्हाइट हाउस के एक दूत ने रविवार को कहा कि उन्होंने रूस और यूक्रेन के बीच लगभग चार साल से जारी युद्ध को समाप्त करने के लिए फ्लोरिडा में यूक्रेनी और यूरोपीय प्रतिनिधियों के साथ उपयोगी और सार्थक बातचीत की। व्हाइट हाउस के दूत स्टीव विटकॉफ ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि इन वार्ताओं का उद्देश्य यूक्रेन, अमेरिका और यूरोप के बीच एक साझा रणनीतिक दृष्टिकोण पर सहमति बनाना है।







Viraj
आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी**
(पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com